तान्त्रिक आचार्य कहते हैं कि पौरुष ज्ञान एवं बौद्ध-ज्ञान के भेद से जैसे ज्ञान दो प्रकार का है, वैसे ही अज्ञान भी पौरुष और बौद्ध भेद से दो प्रकार का है। जीव अथवा पशु अनादि काल से पौरुष अज्ञान से आच्छन्न है। यद्यपि अद्वैत मत में यह अज्ञान स्वेच्छागृहीत तिरोधान शक्ति का खेल है, तथापि जब तक स्वेच्छा-मूलक अनुग्रह शक्ति का व्यापार नहीं होगा तब तक उसकी निवृत्ति नहीं हो सकती। सद्गुरु यथाविधि दीक्षा के द्वारा उस अनुग्रह शक्ति का सञ्चार करते हैं। उससे पशु अथवा जीव का पौरुष अज्ञान निवृत्त होता है। जीव की व्यक्तिगत साधना अथवा अन्य किसी प्रकार के उपाय के अवलम्बन द्वारा पौरुष अज्ञान की निवृत्ति की सम्भावना नहीं है। वह एकमात्र गुरुकृपा सापेक्ष है, किन्तु पौरुष अज्ञान की निवृत्ति होने पर भी अर्थात् पशुत्व के स्वरूपतः निवृत्त होने पर भी साधक 'शिवोऽहम्' रूप से अनुभव नहीं कर सकता, अर्थात् जीवन्मुक्ति प्राप्त नहीं कर सकता। कारण कि पशुत्व के निवृत्त होने पर भी पशुत्व निवृत्ति की अनुभूति तब तक नहीं हो सकती जब तक चित्त अथवा बुद्धिनिर्मल न हो उसके लिए विधिपूर्वक साधना की आवश्यकता है। साधना से चित्त प्रसन्न होता है और बौद्ध ज्ञान का उदय होता है। बौद्ध ज्ञान का उदय होने पर बौद्ध अज्ञान निवृत्त हो जाता है। तब जीव, जो वास्तव में शिव रूपी ही हैं, उसका प्रत्यक्ष रूप में अनुभव कर सकता है, यही जीवन्मुक्ति है। उस समय भी प्रारब्ध कर्म रहता है एवं उसका फलस्वरूप भोगाभास भी रहता है। भोग की निवृत्ति तथा प्रारब्ध की निवृत्ति हो जाने पर पौरुष ज्ञान का उदय होता है एवं साधक शिवभाव से स्वरूप स्थिति प्राप्त करता है।

वेदान्त मत तथा तान्त्रिक मत दोनों ही मतों में जीवन्मुक्ति की विशिष्टता देखी जाती है। वेदान्त में तत्त्व-ज्ञान के अनन्तर चित्त के परिकर्म और वासना की निवृत्ति जब तक नहीं होती तब तक जीवन्मुक्ति नहीं होती; किन्तु विदेहमुक्ति में कोई बाधा नहीं पड़ती, कारण कि जीवन्मुक्ति न होने पर भी देहान्त में कैवल्य अवश्यंभावी है। तान्त्रिक मत में दीक्षा के द्वारा पौरुष अज्ञान की निवृत्ति अर्थात् पशुभाव (पशुत्व) के हट जानेपर भी जीवन्मुक्ति का उदय नहीं होता। क्योंकि पशुभाव की निवृत्ति का अनुभव देहस्थिति काल में बुद्धिक्षेत्र में ही हो सकता है। जब तक बुद्धि परिमार्जित नहीं होती तब तक उक्त अनुभव का उदय नहीं हो सकता। इस कारण दीक्षा का महत्त्व होने पर भी जीवन्मुक्ति के लिए साधन की आवश्यकता होती है।

## १--पूर्ण सत्य में द्वैताद्वैत का विभाग नहीं है।

पूर्ण सत्य में कल्पना का स्थान नहीं है। जब तक देह-दृष्टि है तब तक सीमाबद्ध भाव रहता है, इसलिए मन कार्य करता है एवं कल्पना का उदय होता है। इस पूर्ण सत्यका मां ने अपनी अनुपम भाषा में 'चरम परम' के नाम से उल्लेख किया है। जो बाहर से इस सम्बन्ध में आलोचना करता है वह द्वैतभूमि में रहकर अद्वैत तत्त्व को समझने की चेष्टा करता है। अद्वैत की चर्चा करने पर भी उसका लक्ष्य द्वैत में ही रहता है। देहात्म बोध से जब तक छुटकारा नहीं मिलता तब तक यही स्वाभाविक है। किन्तु जो अद्वैत का साधक है उसका लक्ष्य एक में ही बँधा रहता है। वह बहुत में एक को ही देखने की चेष्टा करता है— बहुत में जो एक अनुस्यूत है उस एक में ही उसका लक्ष्य रहता है। वह देखता है कि एक ने ही अनन्त रूपों में, अनन्त भावों में आत्मप्रकाश किया है। उसकी दृष्टि में

उसकी अनन्त या नाना विचित्रताओं के रहते भी वस्तुतः वह एक ही है। क्योंकि उसकी दृष्टि में भङ्गि भेद नहीं है। इसीलिए वहाँ द्वैताद्वैत का प्रश्न नहीं उठता। किन्तु जगत् के जीव साधारणतः द्वैत भूमि में रहते हैं, इस कारण उनकी दृष्टि में भङ्गिभेद है। इसलिए उन लोगों की जब जहां जिस प्रकार की दृष्टि रहती है तब वहाँ उस प्रकार के दृश्य का उन्हें दर्शन होता है। सर्वव्यापक शाश्वत एक का दर्शन लाभ नहीं होता—अर्थात् ब्रह्म साक्षात्कार नहीं होता।

सर्वत्र 'तत्' को देखना—यही ब्रह्मदृष्टि है। यदि किसी दृष्टि में 'तत्' के सिवा और कुछ भासता है या प्रतीत होता है, तो जानना होगा कि वहाँ अविद्या या अज्ञान का खेल रह गया है। नाम, रूप, गुण—सभी उसी एक के हैं, केवल यही नहीं, सब कुछ ही वह एक ही है। वस्तुतः एकमात्र वह एक ही है—वही स्वयं प्रकाश रूप में अपने में आप प्रकाशमान है, दूसरे का भान नहीं है। यही ब्रह्मज्ञान है। दूसरे का भान रहने पर ही समझना होगा कि अज्ञान है और वह अपना कार्य कर रहा है।

यह जो एक है उसको जैसे स्वप्रकाश कहा जाता है वैसे ही उसे अव्यक्त या अप्रकाश भी कहा जाता है। क्योंकि दूसरा न होने के कारण वह किसके निकट प्रकाशित होगा। इसी लिए वह सदा अव्यक्त, सदा 'निहितं गुहायाम्' है।

## ३--नित्य लीला क्या है ?

भगवान् निरन्तर स्वयं अपने साथ क्रीड़ा कर रहे हैं। वे नित्य हैं, इसलिए उनकी लीला भी नित्य है। अज्ञान की क्रिया के रहने पर इस नित्य लीला की कल्पना नहीं की जा सकती। पहले अद्वैत बोधमें स्थिति प्राप्त करना आवश्यक है। तब दिखाई देता है कि एक ही नाना रूपोंमें सजकर अपनेसाथ आप ही सर्वदा क्रीड़ा कर रहे हैं। अनन्त प्रकारों में वह एक ही द्वितीय बनते हैं एवं अनुरूप रस का आस्वादन करते हैं। भोक्ता वे हैं, भोग्य वे हैं और भोग भी वे ही हैं—द्वितीय के लिए स्थान नहीं है, फिर भी अनन्त प्रकारों से द्वितीय का स्वांग उन्होंने रच रखा है। यह कृत्रिम द्वितीय वस्तुतः 'एकमेवाद्वितीयम्' है। अद्वैत की एक दिशा है, वह लीलातीत, निरञ्जन, निष्क्रिय है। वहां किसी शक्ति की क्रिया नहीं है। पृथक् रूप से शक्ति की सत्ता भी वहाँ नहीं है, सब शक्तियां वहां तिरोहित हैं। उस समय वे अपने में आप ही मगन हैं, सुषुप्त हैं। वह स्वयं-प्रकाश अथवा अप्रकाश हैं। उसकी दूसरी एक दिशा है वह निरन्तर लीलामय और सक्रिय है। दोनों ही नित्य और दोनों ही सत्य हैं। वस्तुतः दोनों ही एक और अभिन्न हैं—क्योंकि अखण्ड में खण्ड अथवा विभाग की कल्पना का कोई अवकाश नहीं है। भगवान् अनन्तशक्तिसम्पन्न हैं, इसी कारण उनकी अनन्त लीलाएँ हैं। उनकी सभी लीलाएँ स्वरूपतः चिन्मय, आनन्दमय और अप्राकृत हैं। अविद्यातीत होने के कारण लीला अप्राकृत कही जाती हैं। वे एक होकर भी अनन्त हैं, इसी लिए उनकी क्रीडाओं की इयत्ता नहीं है। रसरूप से एक होने पर भी वे अनन्त हैं। इसीलिए उनके रसास्वादन के वैचित्र्य का भी अन्त नहीं है। स्मरण रखना होगा कि भगवान् की इस नित्य लीला में संकोच नहीं है, विभाग नहीं है, द्वन्द्व नहीं है और अज्ञान नहीं है—जिसका अस्तित्व प्रतीत होता है वह भी लीला का ही अंग है। इस कारण वह भी चिन्मय, अप्राकृत और आनन्दमय है। लीला केवल अभिनयमात्र है। रसास्वादन के बहाने से रंगमञ्च में उसका आयोजन होता है। माँ कहती हैं, "वे स्वयं हैं—वही जो स्वयं अपने साथ आप क्रीडा कर रहे हैं। यह नित्य लीला है। उसी स्थान में, जिस में प्रकाश है, सब चिन्मय राज्य का व्यापार है न। वहां का आभास विभाग भी चिन्मय है, क्योंकि अप्राकृत है।"

शक्तिसूत्रकार ने कहा है "स्वेच्छया स्वभित्तौ विश्वमुन्मीलयति" अर्थात् वे स्वयं अपने को भित्ति बनाकर उसमें अपने से अभिन्न रूप में नित्य स्थित विश्व को भिन्न की तरह प्रकट करते हैं। उसमें उनकी अपनी इच्छा या स्वातन्त्र्य ही एकमात्र कारण है। यह उनका स्वभाव या लीलामात्र है। यहाँ दूसरे के लिए कोई स्थान नहीं है। निमित्त वे ही हैं, उपादान भी वे हैं—कर्ता वे हैं, कर्म वे हैं, करण वे है, यहाँ तक कि देश, काल आदि आधार भी वे हैं, केवल ये ही नहीं, क्रिया भी वे हैं। एक चैतन्य-रूपी वे विविध स्वांग बनाकर नाना प्रकारों से क्रीड़ा करते हैं, अपने साथ आप ही। और सब क्रीड़ाओं के मध्य में भी वे लीलातीत रूप से अपनी क्रीड़ा को स्वयं ही देखते हैं। लीला करते भी वे हैं, देखते भी वे हैं, अपनी क्रीड़ा के अतीत भी वे हैं। दूसरे किसी स्थल में कहा गया है—
"तस्य पुनर्विश्वोत्तीर्ण-विश्वात्मक-परमानन्दमय-प्रकाशैकघनस्य एवंविधमेवाखिलम् अभेदेनैव स्फुरति, न तु वस्तुतः अन्यत् किञ्चिद् ग्राह्यं ग्राहकं वा, अपि तु स एव इत्थं नानावैचित्र्यसहस्रैः स्फुरति।"

अर्थात् वे विश्वातीत हैं, वे विश्वमय हैं, वे परमानन्दमय घनीभूत प्रकाशस्वरूप है, सब कुछ उनमें अभिन्न रूप से स्फुरित हो रहा है, उनसे पृथक् कोई ज्ञाता नहीं है, ज्ञान नहीं है—सब ज्ञाता वे हैं, सम्पूर्ण ज्ञेय भी वे हैं। एकमात्र वे ही अनन्त विचित्रताओं के साथ सर्वदा और सर्वत्र प्रतिभासमान हो रहे हैं।

यही उनकी नित्य लीला है।

## ४--सब कुछ ठीक है

माँ कहती हैं, "किन्तु जहाँ से जो जो कुछ कहो उसका सब कुछ ठीक है कुछ भी न फबे ऐसी बात नहीं है।" वास्तविक बात है, जहाँ अनन्त विरोधों का समन्वय होता है वहाँ द्विधा नहीं रहती है। जहाँ मिथ्या भी मिथ्या हो जाता है वहाँ भ्रम या विपर्यय नाम की वस्तु रह ही नहीं सकती है। जो कुछ है, जो कुछ भासता है, वह उनका आश्रयण करके विद्यमान है एवं उनके आभास से ही भासमान है। जो जिस दृष्टि से उस ओर देखेगा वह वही देखेगा, एवं प्रत्यक्ष दृष्टिकोण से विचार करने पर वही सत्य ठहरता है। जो कहते हैं, अद्वैत में जीव जगत् सभी कुछ हैं, कुछ भी हटता नहीं—द्वैत रह कर भी अद्वैत है, वे भी ठीक ही कहते हैं। और यह भी सत्य है कि जहाँ पर विशुद्ध अद्वैत है, वहाँ पर द्वैत का कोई स्थान नहीं है। जीव और जगत् वहाँ कुछ भी नहीं भासते। एक ही समय में दोनों बातें सत्य हैं, मगर दृष्टि के अनुसार। यदि दृष्टि का त्याग कर दिया जाय तो फिर कुछ भी कहना नहीं बनता। वह भी सत्य है। इसीलिए कहा जाता है "प्रभिन्ने प्रस्थाने परमिदमदः पथ्यमिति च।" अर्थात् ज्ञान के प्रस्थान विभिन्न प्रकार के हैं। इनमें से प्रत्येक प्रस्थान अधिकार के अनुसार किसी न किसी के लिए श्रेष्ठ और हितावह है। अधिकार, रुचि और सामर्थ्य की विचित्रता के कारण उपदेश का भेद प्रतीत होता है।

## ५--भगवान् का अवतार होता है क्या ?

हमारे देश में अति प्राचीन काल से ही किसी न किसी आकार में अवतारवाद प्रचलित है। ख्रिष्टीय धर्म-समाज में भी Descent of God as man अर्थात् नर के रूप में भगवत्सत्ता का अवतरण होता है, यह सिद्धान्त प्रचलित है। इसलाम-धर्म में भी प्रकारान्तर से अवतारवाद नहीं है सो बात नहीं है। व्याख्या की निपुणता से समझाने की कोशिश करने पर भी किसी न किसी प्रकार से भगवत्-शक्ति का अवतरण माना ही जाता है। बौद्धों में, विशेषतः त्रिकायवादी महायान बौद्धों में, निर्माणकाय के रूप में अवतारवाद ने स्थान ग्रहण किया है। इससे सिद्ध होता है कि एक प्रकार से प्रत्येक धर्म में अवतार तत्त्व स्वीकृत हुआ है। साथ ही साथ उत्क्रमण

सम्बन्धी सिद्धान्त का भी अधिकांश धर्मों में ग्रहण हुआ है। हमारे देश में प्राचीन काल में स्पष्ट-रूप से ही ज्ञानी भक्तों के उत्क्रमण का विषय वर्णित है। देवयान गति के प्रसङ्ग में भी प्रकारान्तर से उत्क्रमण का ही समर्थन है। अर्थात् ज्ञानी भक्त प्रारब्ध कर्म के अन्त में देह त्याग के समय सुषुम्ना नाड़ी का सहारा लेकर ब्रह्मरन्ध्र का भेद कर सूर्यकिरणों के सहारे सूर्यमण्डल में प्रवेश करते हैं एवं उसके अनन्तर सूर्यमण्डल का भेद कर ऊपर विरजा-जल तक जाते हैं। इस प्रकार क्रम से प्राकृत अथवा जड़ सत्ता से उनकी स्वरूप की चित् सत्ता मुक्ति प्राप्त करती है। तब वे परमव्योम में अथवा महावैकुण्ठ में अपने भाव के अनुसार भगवद्धाम में प्रवेश करते हैं। अवतार वाद और उत्क्रमणवाद—उतरने और चढ़ने की बात है। अतएव जानना होगा कि ऐसी एक स्थिति है जहाँ देहगत और अवस्थागत भेद या विचित्रता के माने जाने के कारण उतरने और चढ़ने की सम्भावना होती है। कारण जगत् अथवा महाकारण जगत् से कार्य जगत् में शक्ति का अवतरण होता है। द्वितीय पक्ष में कार्यक्षेत्र से शक्ति अपना व्यापार सम्पन्न कर कारण अथवा महाकारण सत्ता में आरूढ़ होती है।

इस अवतरण और आरोहण व्यापार का अन्यान्य सकल सिद्धान्तवादियों के समान माँ भी स्वीकार करती हैं। किन्तु माँ कहती हैं यद्यपि विशेष स्थिति में उतरना और चढ़ना ये दोनों ही सत्य हैं, फिर भी यह ध्यान रखना चाहिये कि ऐसी भी स्थिति है जहाँ उतरने चढ़ने का प्रश्न ही नहीं रहता। वही परिपूर्ण स्थिति या परमस्थिति है, जिसका 'चरम परम' नाम से कभी-कभी वे निर्देश करती हैं। देह-सत्ता का ज्ञान रहने पर देह की गति का प्रश्न सार्थक होता है। किन्तु जिस स्थिति में देह है या नहीं यह प्रश्न ही नहीं उठता वहाँ उत्क्रमण अथवा अवतरण इन दोनों का कोई अर्थ नहीं निकलता। जहाँ पर एक और अखण्ड है वहाँ देश अथवा काल की या आकार की किसी तरह की सीमा या इयत्ता रह नहीं सकती। वह सत्ता, जो वास्तव में निरवच्छिन्न हैं, किसी विशिष्ट देश, काल अथवा आकृति के साथ सीमाबद्ध रूप से सम्बद्ध न होकर भी असङ्गरूप से प्रत्येक के अन्दर विद्यमान रहती है। इस दृष्टि से देखने पर समझा जा सकता है कि अवतरण-आरोहण है यह भी जैसे सत्य है, वैसे ही अवतरण भी नहीं आरोहण भी नहीं, यह भी सत्य है। मूल में यदि एक ही सत्ता है तो ऐसी परिस्थिति में जो उतरती है वही चढ़ती है, यह कहना ही पड़ेगा एवं जिस स्थान में अवतरण और आरोहण होता है वह भी उस सत्ता से भिन्न और कुछ नहीं है। केवल यही नहीं, उतरना चढ़ना क्रिया भी स्थूल दृष्टि से परस्पर विरुद्ध प्रतीत होने पर भी वस्तुतः वह मूल में परम सत्ता का ही केवल प्रकाश भेद है। इसीलिए माँ ने कहा है—जो उतरते हैं, जहाँ से उतरते हैं और जहाँ उतरते हैं सभी एक है—उसके सिवा और कुछ नहीं है।

## ६--उनमें सब कुछ संभव है

शास्त्र के अनुसार अघटनघटनपटीयसी महाशक्ति का नाम माया है। अर्थात् जो शक्ति जो घटने वाली बात न हो उसे भी घटित कर सकती है अर्थात् असम्भव को सम्भव कर सकती है उसी का नाम माया शक्ति है। वास्तव में वह भगवान् की ही स्वातन्त्र्य शक्ति का नामान्तर है। जीव और जगत् की दृष्टि में कार्य कारण शृङ्खला के नियम के अनुसार नियति का अमोघ शासन के रूप में जो प्रतीत होता है वह उनके लिए असम्भव तो नहीं ही है, बल्कि अति साधारण व्यापार के रूप में परिगणित होता है। उनकी इच्छा ही प्रकृति के नियम का मूल है। जगत् उक्त नियम के अधीन है। इसलिए जगत् और जीव उक्त नियम का उल्लंघन नहीं कर सकते हैं। इसी कारण बद्धावस्था में यह नियम नियति के रूप में ही

प्रतीत होता है। किन्तु जो इच्छा जागतिक नियम की मूल है उस इच्छा के समीप इस नियम का बन्धन नहीं रहता। इच्छा तीनों कालों में नियम के रूप से अपना स्वरूप प्रकट करती है। कारण से कार्य का आविर्भाव इसीलिए सम्भव होता है। किन्तु जहाँ पर चैतन्यमय स्वातन्त्र्य विराजमान रहता है, वहाँ अतीत, अनागत का बन्धन नहीं है एवं कार्यकारणभाव भी नहीं रहता है। वहाँ नित्य वर्तमान काल रहता है, इसलिए वहाँ वह इच्छा ही अप्रतिहत स्वातन्त्र्य के रूप में अपना प्रकाश करती है। इस कारण सब जीव और जगत् माया के अधीन हैं। किन्तु भगवान् स्वयं माया के अधीश्वर हैं। सम्भव और असम्भव की सीमा रेखा अल्पज्ञ और अल्पशक्ति जीव को प्रतीत होती है। किन्तु भगवान् की दृष्टि में असम्भव कोई बात ही नहीं है। एक भक्त ने विश्वजननी को लक्ष्य कर कहा था—"क वा वैधी सृष्टिः पतति यदि दृष्टिस्तव शिवे!" अर्थात् उसकी कृपा प्राप्त होने पर अघटित भी घट जाता है। इसी कारण अनेक जगह बहुत से प्रसङ्गों में माँ ने भगवत्कृपा के ऊपर निर्भर रहने को कहा है। क्योंकि उससे सब कुछ सम्भव है।

## ७--बुद्धि से तो धारण नहीं किया जाता

माँ ज्ञान बुद्धि द्वारा तत्त्व समझने का बोझा शब्द से बहुधा श्लेषपूर्वक वर्णन करती हैं। बोझा शब्दसे भार का भी बोध होता है। मनुष्य जब तक भाराक्रान्त रहता है तब तक उसे जीवन की सहज और सरल गति प्राप्त नहीं हो सकती। भार के निवृत्त होने पर जब स्वयं अपने को हल्का जानता है एवं आगन्तुक मल से आच्छन्न नहीं रहता तब अत्यन्त गम्भीर तत्त्व भी अनायास ही उसमें स्फुरित हो उठता है। पूर्व संस्कारों को अवलंबन से मन, बुद्धि और चित्त का जो व्यापार है उसी का नाम समझना है। व्यक्तिगत संस्कार, रुचि के भेद, अनन्त वासनाएँ, विविध प्रकार की दृष्टिभङ्गियाँ, अधिकार-भेद, आशा और आकांक्षा के आकर्षण, राग द्वेष—इन सब भावों से अपने अन्तःकरण को पूर्णरूप से यदि निर्मुक्त न किया जा सके तो सत्य का दर्शन होना असम्भव है। सारांश यह कि पूर्वसंस्कार अथवा वासनाओं के साथ उत्पन्न दृष्टिभङ्गी ( prejudice और preconceived notion ) से अपने को मुक्त न कर-सकने पर अर्थात् रञ्जित दृष्टि से छुटकारा पाकर स्वच्छ सरल दृष्टि प्राप्त न कर सकने पर सत्य का स्वाभाविक रूप दृष्टिगोचर नहीं होता। योगी और ज्ञानी पुरुष निर्विकल्प ज्ञान की जो प्रशंसा करते हैं उसका एकमात्र उद्देश्य यही है कि विकल्प से अपने को निर्मुक्त न कर सकने पर अविकृत सत्य रूप के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त नहीं होता। इसीलिये अहंकार और ज्ञान गर्व को हटाकर सरल बच्चे के समान स्वच्छ और संस्कार हीन चित्त से गुरु के समीप विद्याग्रहण के लिए जाना पड़ता है। अर्थात् ज्ञान से ( conceptual element ) अर्थात् विकल्प का अंश यदि न हटाया जा सके तो वह ज्ञान बोध रूप सहज ज्ञान अथवा ( Pure Intuition ) अवस्था में नहीं जाया जा सकता। विकल्प ही ज्ञान का बोझा है। इस बोझे के धारण के साथ ही साथ जो ज्ञानहीन सरल शिशु के भाव का उदय होता है वही परमहंसों के उपयोगी महाज्ञान के त्याग का योग्य आधार है।

## ८ चाहना ही स्वभाव है

माँ ने कहा है, "यह चाहना ही स्वभाव है। वास्तव में जो स्वरूपज्ञान "आनन्द" है उसे चाहना।" उपनिषदों में कहा है—"भूमा ही सुख है, अल्प में सुख नहीं है।" भूमा अनन्त अपरिच्छिन्न जो किसी प्रकार की परिधि में बाँधा नहीं जाता। वस्तुतः यही आत्मस्वरूप है, यही आनन्द है, जहाँ परिच्छिन्नता या खण्डता अथवा सीमाबन्ध का भाव

है वहाँ कोई न कोई आवरण रह गया ऐसा समझना चाहिये। मनुष्यमात्र में ही, केवल मनुष्य में ही क्यों, जीवमात्र में ही अनादिकाल से ही यह चाहने की प्रवृत्ति दिखाई देती है। जान-बूझकर हो, चाहे अनजान में हो, जिस तरह भी हो सभी उस एकमात्र वस्तु को ही चाहते हैं। जीवमात्र ही अभाव से ग्रस्त है। यह अभाव का ज्ञान स्पष्ट रूप से हो, चाहे अस्पष्ट रूप से हो, सभी जीवों में विद्यमान है, एवं यही उसकी कर्म में प्रवृत्ति को उद्दीप्त करता है। वस्तुतः आनन्द ही एकमात्र प्राप्यवस्तु है एवं वह आनन्द से च्युत हुआ है अथवा च्युत न होते हुए भी च्युत हुआ है ऐसा वह बोध करता है। इसीलिए उसे प्राप्त करने के लिए सब प्रकार की चेष्टा करता है। अन्य वस्तु आनन्द के साधन के रूप से ग्राह्य होती हैं, किन्तु आनन्द किसी का साधन नहीं है। आनन्द ही एकमात्र साध्य है। जब तक आनन्द की प्राप्ति नहीं होती तब तक चाह नहीं मिटती एवं मनकी चञ्चलता की भी निवृत्ति नहीं होती। वास्तव में मनुष्य का मन इस आनन्द के रूप से अखण्ड के रूप से आत्मसत्ता को प्राप्त करने के लिए भ्रमवश इधर उधर भटकता है। बच्चा जैसे भूख के समय चञ्चल हो उठता है, मन की चञ्चलता भी वैसी ही है। बच्चे की भूख हट जाने पर उसमें फिर चञ्चलता नहीं रहती वैसे ही मन अपनी भोग्यवस्तु अर्थात् स्वरूप आनन्द के प्राप्त होने पर फिर चञ्चल नहीं रहता। चाह चञ्चलता का ही लक्षण है एवं एक प्रकार से दुःख का हेतु है, ऐसा प्रतीत होने पर भी उसका उद्देश्य मङ्गलमय है। क्योंकि उसीसे कर्म में प्रवृत्ति होती है एवं चरम अवस्था में आनन्द प्राप्ति का अधिकार होता है। खोई हुई मणि की खोज में अनादि काल से मन व्यर्थ ही भटक रहा है, ठीक वैसे ही जैसे कि जिसकी मणि खो गई हो वह सर्प। गुरुजी की कृपा से एवं अपने पुरुषार्थ के बल से जब उस मणि का पता लग जावेगा तब वह कृतकृत्य हो जायगा एवं उसकी सब प्रकार की चाह एक प्राप्ति से ही मिट जायगी। माँ कहती हैं, 'अभाव न रहे—यह चाह ही स्वभाव है।' इसलिए चाह उस परम मङ्गलमयी महाशक्ति का मङ्गलमय व्यापार है, इसमें कुछ भी सन्देह नहीं है। आपाततः उसके विरुद्ध रूप से प्रतीत होने पर भी कभी न कभी वह चाह ही मञ्जिल तक अर्थात् प्राप्ति तक पहुँचा देगी। वास्तव में जिसके अन्दर स्पष्ट रूप से चाह जागी नहीं है उसे अभी भी बहुत काल यापन करना होगा। क्योंकि चाह हुए बिना चाह मिटती नहीं।

# श्री श्री माँ आनन्दमयी और संयम की काशी

### श्रीविभुपद कीर्ति

वर्तमान युग की आनन्दमयी की कथा को पौराणिक कथा के रूप में प्रचारित करने में एकमात्र इतिहास की साक्षी के अतिरिक्त और कोई भी प्रतिबन्धक नहीं है। ठीक इसी प्रकार की और कोई घटना पुराणों में है या नहीं इसका मुझे पता नहीं है; किन्तु जिस समय स्वर्ग के देवी-देवता अनायास और प्रत्यक्षरूप से भूलोक में विचरण करते थे उस समय भी सुना जाता है कि एक बार महाशक्तिरूपिणी महामाया को लेकर इन्द्र—चन्द्र—वरुण—समाज में जटिल समस्या का आन्दोलन शुरू हुआ था—ये कौन हैं? ये अघटितघटनापटीयसी महामाया कौन हैं? ये पूर्णताकी पराकाष्ठा, उत्कर्ष की अन्तिम सीमा, नन्दिता वन्दिता रहस्यमयी कौन हैं? अन्तिम सिद्धान्त क्या हुआ यह किसी मनुष्य के जानने का विषय नहीं है, क्योंकि जहां सिद्धान्त की समाप्ति होती है वहां प्रश्न की भी इति हो जाती है।

इस युग में हमारी इन आश्चर्यमयी माँ के विषय में देवसमाज में किस प्रकार के आलाप और आलोचनाएँ होती होंगी इस वृत्तान्त को, संभव है, कोई समसामयिक पुराणकार भविष्य युग के कौतूहल की निवृत्ति के लिए हमारी दृष्टि के ओझल में बैठ कर चुपचाप लिख रहा हो। सुदूर भविष्य के भाग्यवान् नर-नारियों को संभवतः यह आश्चर्य में डालने वाली कहानी एक सहज लभ्य पौराणिक कथा का रूप धारण की हुई दिखाई देगी। उस युग में हम लोग कहां रहेंगे, किस रूप में रहेंगे? इस का कुछ भी पता नहीं। अतएव देवलोक के संवाद-साहित्य की प्राप्ति की आशा छोड़ अपनी इस मिट्टी की धरती पर जो परम अभ्युदय दृश्यमान होकर ऐन्द्रजालिक दीप्ति फैला रहा है मैं उसी की एक झलक यहां पर देना चाहता हूँ।

श्री श्री मां आनन्दमयी का प्रथम आविर्भाव घूंघट में छिपी कुलवधू के रूप में हुआ यह किसी से भी तिरोहित नहीं है। ढाका के एक संभ्रान्त ब्राह्मणकुल की यह निरक्षर महिला लौकिक संस्कार के कठोर बन्धन को तोड़कर विशाल भारतवर्ष के तथा अखण्ड मानवता के गुप्ततम दुष्प्रवेश्य अन्तःकरण में किस मार्ग तथा किस मन्त्र से विश्वजननी के रूप में अधिष्ठित हुई यह एक असंभव पौराणिक कथा के तुल्य ही अचम्भे में डालनेवाली कथा है। पर जिन सौभाग्यशाली नर-नारियों की दृष्टि के सामने यह कल्पनातीत रूपान्तर घट गया वे इस परम आश्चर्य की ओर ध्यान देना न मालूम कैसे भूल गये। देश देशान्तर के लोग अपने विविध प्रकार के संस्कारों की विघ्नबाधाओं को हटा कर एकमात्र 'माँ' नाम की रट लगा उनके चारों ओर विशाल भीड़ के रूप में आ खड़े हुए। ऐसी भीड़ कि माँ के साथ वार्तालाप करना तो दूर रहा अधिकांश लोगों को निकट जाकर खड़े होने तक का अवसर नहीं मिलता। माँ किसी को दीक्षा नहीं देती हैं, किसी प्रकार के बन्धन में बाँध कर अपने समीप

खींच लेने का बिन्दुमात्र प्रयत्न भी वहाँ कहीं नहीं है। प्रतिदिन नेत्रों के सामने रहने पर भी नेत्रों के दर्शन तक के परिचय को साधारण से साधारण अन्तरङ्गता में परिणत होने देना भी वे नहीं चाहती हैं। चकित की तरह आती हैं और चकित के समान ही फिर एकमात्र अपनी मन की मौज से किसी सुदूर प्रवास के लिए चल पड़ती हैं। लोगों की भीड़ भाड़ में नहीं रहती हैं, किसी गृहस्थ के घर में क्षण भर भी नहीं टिकती हैं। भारतवर्ष के एक अंचल से दूसरे अंचल तक अथक परिश्रम से फेरी पर फेरी लगाती हुईं तीर्थमार्ग से अरण्यमार्ग से—कभी वनवास से कभी अज्ञातवास से—निराहार और अर्द्ध आहार से—एक दुर्बोध्य आकर्षण द्वारा तीव्रगति से दौड़-धूप के साथ भ्रमण करती हैं। सभी रोते हैं, क्यों रोते हैं यह कोई नहीं जानता, माँ हँसती है, क्यों हँसती हैं यह भी कोई नहीं जानता। माँ किसी को अपने संपर्क में नहीं आने देतीं, माँ किसी के सम्पर्क में आना चाहती हों ऐसा मन में विचार तक नहीं उठता। माँ इस समय साधारणतः भविष्य नहीं भाखती हैं, कोई अलौकिक करामात भी नहीं दिखातीं, रोग की निवृत्ति नहीं करतीं, ऐसा आकर्षक कुछ नहीं करतीं हैं, जिसे देख कर अविश्वासी को विश्वास हो सके अथवा पराया अपना हो सके। और तो और पैर छू कर साधारणतः प्रणाम तक किसी के करने का उपाय नहीं। सामान्य रूप से नेत्रों द्वारा दर्शन करना भी अधिक देर तक किसी के लिए संभव नहीं है। माँ के पास अपना कहने को भी जैसे कोई नहीं है वैसे ही पराया कहने को भी संसार में कोई कहीं नहीं है। माँ के हाथ की अँगुलियों के छेदों से मानो सब कुछ गिर पड़ता है। एक व्यक्ति के श्रद्धा प्रीति के दान को उसी के आँखों के सामने निर्मम भाव से किसी दूसरे व्यक्ति के हाथ में उठाकर देने के साथ ही साथ माँ न्यस्तभार हो जाती हैं, दाता के उदास मुख की ओर मीठी एक हँसी हँसती हैं। क्षुब्ध हृदय का अभिमान या छोटी से छोटी शिकायतरूपी बादल की रेखा कहीं पर जमते न जमते ही भाप बन कर बिलीन हो जाती है अथवा माँ की विचित्र हँसी की रश्मि-रेखा से रँग कर एक अलौकिक भावना में परिणत हो जाती है। माँ भी हँसती हैं और वह भी हँसता है।

माँ की इस संक्रामक हंसी के सन्मुख खड़ा हो कर माँ का शायद ही कोई ऐसा भक्त हो जो क्षणभर के लिए आत्मविस्मृत न हो उठे—तत्काल के लिए इस सुदूर तक फैलनेवाली भ्रान्ति से आक्रान्त न हो जाय कि बहुत दूर की अधरा माँ को माया के बन्धन में मैंने बांध लिया, अनादि काल से अज्ञात मां को क्षण भर के लिए जान लिया। पर दूसरे क्षण में ही जब भूल का बुल्ला फूट जाता है तब वह देखता है कि जितने दूर तक दृष्टि पहुँचती है सब को शून्य कर मायातीत जननी अपनी प्रसन्नता की दुर्निरीक्ष्य ड्योढ़ी के मार्ग में कहां चली गई हैं वह तिरुन्ना मलाई भी हो सकता है और टेहरी गढ़वाल भी हो सकता है, मां के लौट आने में सात दिन भी लग सकते हैं और सात वर्ष भी। उस समय के उस व्याकुल मुहूर्त में दिशाज्ञानशून्य अन्धकार की ओर यदि वह अपने मन से बच्चे की नाईं आर्त्त स्वर से रो उठता है, "मैं खो गया हूँ।" अथवा यदि बुद्धिमान की तरह अपने साथ और एक बार समझने बूझने को उद्यत हो कर अपने मन से जिज्ञासा

करता है कि ये माँ कौन हैं ? ये ममताहीना बन्धनहीना शाश्वत आकर्षणमयी कौन हैं ? ये अज्ञाता, अस्पृष्टा, अनिकेता, अनधिगम्या, अनासक्ता, अनिन्द्यनयना कौन हैं ?

एवं यदि फिर एक बार नये सिरे से श्री श्री मां की जीवन-कथा के प्रत्येक पन्ने पर जिज्ञासु की दृष्टि डाल कर अत्यन्त अस्पष्ट परिचय के सूत्रों का अनुसन्धान करने के लिए सचेष्ट हो उठे तो उससे क्या फलाफल का कुछ तारतम्य होगा ? कहानियों से भरी हुई माँ की जीवनी में प्रचुर कहानियाँ हैं, यह ठीक है। परन्तु वे सब किसके जीवन की कहानियां हैं ? माँ नामक जिस व्यक्ति को हम क्षण में देखते हैं, और क्षण में खो डालते हैं। जिन्हें अगणित जनता की भीड़ के बीच में दूर से उत्कण्ठा के साथ चकित की तरह हम लोग बड़े भाग से कभी कभी देख पाते हैं, जिनके बोल, जिनकी हँसी अपने कान लगा कर ध्यान से सुनते हैं, साधारण मनुष्य के समान ही उनकी आकृति है। सरसरी दृष्टि से वे अपने ही वर्ग की सी प्रतीत होती हैं सही, किन्तु कहानियों में छिपी हुई उनकी ओर जब हम दृष्टि डालते हैं तो यह प्रतीत नहीं होता है कि रुधिर मांस के किसी जीव के साथ उनका कोई सम्बन्ध है। बल्कि ऐसा लगता है कि मानो ये किसी दूसरे जगत् की और किसी दूसरे जीवन की आश्चर्य में डालने वाली प्रतिध्वनियाँ हैं—मानवीय शरीर के माध्यम से अपने को प्रकट कर रही हैं। नेत्रों के सामने जिन्हें देखते हैं उनका अतिक्रम कर के नेत्रों के अगोचर शाश्वत सत्ता इस प्रकार लीलामय रूप धारण कर लेती है कि नेत्रों का देखना मानो न देखने के बराबर हो उठता है। जिनका जन्म नहीं, सत्ता नहीं, अस्तित्व नहीं अथवा जिनके जन्म जीवन, सत्ता, अस्तित्व—सब कुछ लोकदृष्टि के अगोचर हैं, उन्हीं की तथाकथित काल्पनिक जीवन कहानी पढ़ते पढ़ते यह प्रतीत होना अत्यन्त स्वाभाविक है कि इन सब के माध्यम से चाहे और जो कुछ भी किया जाय पर मां को जाननां संभव नहीं है।

छोटी छोटी विचित्र रसों की खण्ड कथाओं में इस प्रकार के भावों की बहुत सी प्रतिध्वनियां माँ की जीवनवाणी के पद पद पर बिखरी हैं। माँ कहती हैं, कौन कहता है मैं नहीं जानता, जो भी कहें बातें इस प्रकार हैं—"शरीर की साधना की अवस्था जो है, हँसी खेल भी वही है। पहले भी जो है पीछे भी वह है, ठीक वैसा ही हूबहू।"

"मैं तो भ्रमण नहीं करती हूँ, मैं एक ही जगह स्थिर रहती हूँ। यदि तुम पर्यटन की दृष्टि से भी कहो तो अपने एक कमरे के भीतर ही घूमती हूँ, बैठती हूँ, सोती हूँ।"

"जो कुछ है सब इसी से है—सृष्टि, स्थिति और लय।"

"यह जो जाना आना हो रहा है कैसा है—जानते हो ? इच्छा के प्रकाश को यदि देखते हो तो वह भी स्वभावतः हो जाता है जैसे कि हवा कागज के टुकड़ों को उड़ा ले जाती है। जब जिसकी आवश्यकता होती है, हो जाता है। यहां तो चेष्टा वेष्टा कुछ नहीं है—जो हो जाय। किससे कहूँ हट जा और किसे हटाऊँ ? एक के सिवा दूसरा कुछ है ही नहीं।"

इस प्रकार के और एक ही भाव के वचन माँ

की प्रतिदिन की उक्तियों से प्रचुरमात्रा में संगृहीत हो सकते हैं। अनेक बार अनेक तरह से सुनते सुनते सुनने के अभ्यास ने हम लोगों के मन को इस प्रकार जकड़ लिया है कि केवल सुनने के नशे में इशारों के वास्तविक अर्थ की ओर लक्ष्य देना हम भूल जाते हैं। इसीलिए कोई मां को कहते हैं ज्ञानी, महाज्ञानी, तत्त्वज्ञानी, आत्मज्ञानी। कोई मां को कहते हैं भक्तिमयी, भक्तिसिद्धा। अपनी बुद्धि में आरूढ़ होनेवाली धारणा की सिर्फ अपनी अपनी प्रवृत्ति और प्रयोजन के अनुसार पृथक् पथक् मूर्तियों की कल्पना कर हम लोग उन्हीं को माँ कह कर पुकारते हैं तथा उन्हीं की पुण्य सन्निधि में अपनी दीनता-हीनता की पूजा भक्ति निवेदित करते हैं, यह सत्य सर्वदर्शी माँ की दृष्टि के सन्मुख छिपा नहीं है। श्रद्धेय महामहोपाध्याय श्री गोपीनाथ कविराज जी भी कहते हैं—"जो उनको जिस भाव से देखना चाहेगा उसकी दृष्टि में वे उसी भाव से प्रतिभासित होंगी।"

किन्तु माँ क्या जानती हैं अथवा माँ के एकान्त ज्ञानी भक्त माँ के सम्बन्ध में क्या जानते हैं इस विषय को लेकर हमारी समस्या नहीं है, हम माँ के सम्बन्ध में क्या जानते हैं इस विषय में ही हमारा प्रश्न है। हमारे जानने की गड़बड़ी भी ठीक इसी जगह है, क्योंकि प्रचलित रीति से ज्ञानी कहने या भक्त कहने से हमें जो प्रतीति होती है उसका किञ्चिन्मात्र भी सादृश्य इस अनुपम मातृरूपिणी में नहीं है। ज्ञेय और ज्ञाता के सहयोग से जो ज्ञान होता है वह यदि किसी जगह ओत प्रोत रहे तो ऐसी स्थिति में कौन किसे जानेगा ? भक्ति के अन्तर में निहित द्वैतांश यदि निश्शेष विलुप्त हो जाय तो ऐसी अवस्था में कौन किस की भक्ति करेगा ? औ माँ के मुँह से जब ज्ञान की कथा जाह्नवी की धार के समान धारावाहिक रूप से प्रवाहित होती रहत है तब ज्ञानी ही उन्हें ज्ञानियों में श्रेष्ठ के रूप में क्यों न ग्रहण करेंगे ? कीर्तन के समय मां की भावोन्मत अवस्था का साक्षात्कार कर माँ को महाभक्त रूप में कौन स्वीकार न करेगा ?

जीवन के प्रभात से ही मां का यह अद्भु प्रच्छन्न वेश चला आ रहा है। संसारानभिज्ञ सरला, शिशु बालिका और 'खुशी की माँ' के रूप मिट्टी की इस धरती पर जिन्होंने लीला के बहा आकर पदार्पण किया, परवर्ती काल में उन्हीं हमने भोलानाथ जी की अर्द्धांगिनी गृहिणी के रू में देखा। एक अभिनय की भूमिका के पूर्ण होते होते ही फिर एक निःशब्द लीला इस प्रकार आरंभ हो गई कि लोग आश्चर्यान्वित होना भी भूल गये कहां से कैसे दीक्षा हो गई, कैसे आसन प्राणायाम ध्यान, धारणा, प्रत्याहार तथा पुरश्चरण का पूर्णत प्रकाश हुआ ? इतने उपवास, इतना वनवास, इत व्रत-संयम और तीर्थभ्रमण, इतनी तितिक्षा तप श्चर्या का खेल किसके कल्याण के लिए किस किया ? किसी भी अनुष्ठान में रत्ती भर भी त्रुटि नहीं। होम, यज्ञ, दान और कीर्तन से लेकर माँ सभी प्रकार के आयोजनों में परिपूर्ण पूर्णता रह है और सब के बीच में मां स्वयं कहीं भी नह रहतीं हैं। उनको न है कोई गरज और न है को आवश्यकता, न है कोई इच्छा और न है को चेष्टा। मां के साथ किसी यन्त्र की तुलना कर शोभन नहीं है और उचित भी नहीं है, किन्तु सम्पू सृष्टि के मूल के मर्म में जो महाशक्ति का झूला चल र

है—यन्त्रारूढ़ घटी शब्द से एकमात्र उन्हीं का तो ज्ञान होता है। अतएव श्रुति कठोर अन्त्यज शब्द को भी सर्वाणी के असीम विस्तृत कक्षस्थल से निर्वासित करने का कोई उपाय नहीं है।

पर मठ में, मन्दिर में, देवालय में माँ के नित्य यातायात का प्रयोजन क्या है? माँ के अन्तरङ्ग भक्तों के मुँह से हम सुनते हैं कि देवप्रतिमा के सम्मुख जाने पर माँ के मुख और नेत्रों में आनन्द की लहर दौड़ पड़ती है वह मानो ठीक पुजारिणी के अनुरूप नहीं है। तो क्या इस एक स्थान में आकर कहीं इस मानवी माँ के मानवीय प्रच्छन्नवेश का और जतन के साथ सुरक्षित घूँघुट का कोना बीच बीच में जरा हट जाता है? इस दुर्लभ अचिन्तनीय दृश्य देखने के जो अधिकारी हैं वे क्या देखते हैं यह मैं नहीं जानता हूं। कल्पना की दृष्टि से जितनी मैं धारणा कर सकता हूं मेरे इस अल्प आधार में उससे अतिरिक्त धारणा का स्थान कहाँ?

"संयम सप्ताह का उद्देश्य है अपने को जानना, अपने को पाना—सब प्रकार से सत्य, ब्रह्मचर्य, अहिंसा आदि के पालन द्वारा अपने अपने आध्यात्मिक जीवन की उन्नति करने की चेष्टा करना एवं संघ के सदस्य तथा अन्यान्य सबकी आत्मोन्नति की अनुकूलता सम्पादन के हेतु सेवा करना।"

संयम सप्ताह महाव्रत के अनुष्ठान-पत्र में पहले पहल जो वाक्यावली दी गई है वह ऊपर ज्यों की त्यों उद्धृत की गई है। इस विषय में माँ के स्वमुख विनिःसृत कतिपय वाक्यों का यदि उद्धरण किया जाय तो संभव है माँ के असंख्य भक्तों के निकट कठिन संयम का कष्टमय स्वरूप आनन्दम हो उठे।

"संयत होकर जिस समय नाम जप करने बैठो उस समय को ऐसा समझो कि इसे मैंने भगवान् के अर्पित किया है। पशुपक्षी जैसे निर्दिष्ट समय पर भगवान् को पुकार उठते हैं, किसी भी विघ्न बाधा को कुछ नहीं गिनते, तुम लोग भी वैसे ही एक निर्दिष्ट समय उन्हें देने की चेष्टा करो। यह समय मैंने भगवान् को अर्पण कर रखा है, ऐसा ध्यान रखो।"

खण्ड भाव से चिन्तन करते करते ही क्रम से चिन्तन में अखण्ड भाव प्राप्त हो जाता है। इच्छा न होने पर भी तुम लोग नित्य नियमित रूप से कुछ समय उनको अर्पण करो। उनकी ओर आकर्षण बढ़ते बढ़ते अन्त में ऐसा समय आवेगा कि फिर उन्हें छोड़ कर उठने की इच्छा नहीं होगी। ज्ञान और अज्ञान के मध्य में रहने पर भी नित्य नियमित चेष्टा द्वारा अखण्डभाव से चिन्तन कर अखण्ड को प्राप्त होओगे।"

जितनी शक्ति से तुम लोग सब काम-काज करते हो—उस स्वल्प शक्ति से ही संयत अवस्था में उनका नाम-जप करने का प्रयत्न करो। बुद्धि मानो माँ है और अहङ्कार पिता है, इन माता पिता की सहायता से तुम लोग सब काम काज करते हो। जब तक इन दो का खेल तुम्हारे अन्दर चल रहा है तब तक इन दो की सहायता द्वारा तुम्हें उनका नाम-जप भी करना चाहिये। इस ताप को सहने का नाम ही तपस्या है।"

जिसके लिए हो एवं वह चाहे जिस किसी सम्प्रदाय का साधक हो, उस साधक के मार्ग में जितना आवश्यक हैं, इस शरीर से वह हो जा रहा है। सहायक कर्म अर्थात् उनकी सेवा और क्या? दया करके करा ले रहे हैं।

“मौन रहने का क्या फल हुआ ? मौन रहकर मन ही मन नाम-जप न चलने पर पेड़ पर फल फूल नहीं लगते। हम लोग तो फूल फल सब कुछ चाहते हैं। बीज को केवल जमीन पर बो देने पर ही क्या उत्तम वृक्ष हो जाता है ? उसके लिये जतन चाहिये।”

“सेवा बुद्धि से अर्थात् यह सब उन्ही की सेवा कर रहा हूँ इस प्रकार संसार के सब काम करने चाहिये। जितने दिनों तक संयम व्रत लिया है—महीने में दो चार दिन या जिन्हें शक्ति है पूरे महीने भर—उतने दिनों तक शुद्ध भाव से रहूँगा ऐसा संकल्प करना अच्छा है। खाना उतना ही ठीक है जितने के बिना शरीर रक्षा न हो, भोग के लिए खाना ठीक नहीं; तथा सोना जितनी देर तक नींद न आवे सोवे नहीं। सद् ग्रन्थ आदि का पाठ, नाम-जप एवं अन्य किसी सद् विचार से समय व्यतीत करने की चेष्टा करनी चाहिये। एक दिन संभव है ठीक ठीक न हो। किन्तु अभ्यास करते करते फिर कठिनाई प्रतीत नहीं होगी। अभ्यास हो जाने पर उसी में आनन्द मिलने लगेगा। इसी लिए कहा जाता है—ताप सहना अर्थात् तपस्या।”

“महीने में जितने दिन व्रत कर सको संकल्प कर लो, उस दिन पति को परम पति के रूप में, स्त्री को देवी के रूप में, बालबच्चों को बाल गोपाल के रूप में, लड़कियों को कुमारी के रूप में देखो। उस दिन यदि कोई अनुचित व्यवहार भी कर दे तो तुम्हें क्रोध नहीं करना चाहिये। सोचना चाहिये कि भगवान् हमारी इसी रूप से धैर्य-परीक्षा ले रहे हैं। खाना, सोना आदि सब विषयों में संयम करना चाहिये। तुम लोग यदि इस प्रकार से रहोगे तो बालबच्चों में भी सद्भावना की वृद्धि होगी। आहार उतना ही करो जितने बिना शरीर न चले, बोलो उतना ही जितने विना काम न सरे। सब कुछ इसी तरह। मन को स्थिर करने के उपाय के सम्बन्ध में देखो न, दूध में यदि मलाई जमाना हो तो कितने जतन के साथ दूध को स्थिर रखना पड़ता है, हवा लगते ही मलाई अच्छी नहीं लगती छितरा जाती है वैसे ही स्थिर भाव से बैठ कर नाम-जप करते करते मन स्थिर हो जाता है। फिर देखो, एक प्रकार का भोजन करते करते हम लोगों को अरुचि हो जाती है; इसीलिए विविध प्रकार के पदार्थों द्वारा भोजन की व्यवस्था करनी पड़ती है। उसी तरह नाना प्रकारों से मन को उसी ओर लगा रखने की आवश्यकता है। उससे मन पुष्ट होता है; जैसे बाहर के भोजन से शरीर पुष्ट होता है और वैसे ही इस भोजन से मन पुष्ट होता है।”

“मन बैठे चाहे न बैठे कुछ क्षण मन को पकड़ कर बैठना चाहिये। मन का जैसा घूमने का स्वभाव है वैसे ही उसका बैठने का भी स्वभाव है। मन के पीछे लगे रहने से ही पूर्णमात्रा में व्याकुलता प्राप्त होगी। तभी मन स्थिर होगा। काम काज से फुरसत पाते ही भगवान का अवलम्बन कर बैठ जाओ। इस तरह निरन्तर करते करते मन स्थिर हो जायगा।”

# भक्तों से एक निवेदन

जहां तक मैं समझती हूँ, इसका अनुमान लगाना कठिन ही नहीं अपितु असम्भव है कि कितने मनुष्यों ने माँ आनन्दमयी का नाम सुना है, कितनों ने उन्हें देखा है और कितनों ने उनके चरणों में प्रणाम किया है। कुछ वर्ष पहले मैं भी उन्हीं लोगों में से एक थी, जिन्होंने उनका नाम भर सुना है। इसी बीच में मेरे पति को, उनके एक मित्र ने, "श्री श्री माँ आनन्दमयी" नाम की एक किताब भेंट की। मैंने वह किताब उठाई और सामने का पन्ना उलटते ही माँ का मुस्कुराता हुआ चेहरा सामने आया। मुझे माँ का वह चित्र पसन्द आया और मैंने अपने शयन कक्ष के एकान्त में, सोने के पहले, जब किसी बाधा का भय नहीं रहता, उस पुस्तक को पढ़ना आरम्भ किया। मैं उसे इस भय से थोड़ा थोड़ा करके पढ़ती थी कि कहीं वह पुस्तक शीघ्र ही पूरी न हो जाय। उसे पढ़ कर मैं सो जाया करती थी। उससे मेरे मन और शरीर को जो विश्राम मिलता था, वह किसी शान्त करने वाली औषधि की मात्रा से कम न था। एक औषधि की ही तरह मुझे उसकी आदत सी पड़ गई। सोने से पहले, लेटे लेटे ही, दो चार पंक्तियां ही पढ़ लेती, पुस्तक पूरी होने पर भी अभ्यास वश, उसके पन्ने उलट कर जहीं पर नजर पड़ती वहीं से पढ़ लेती। जो पढ़ती उसका नवीन सा अर्थ निकलता जिससे पुस्तक की रोचकता घटने के बदले बढ़ जाती। सांसारिक व्यवहार की कई और पुस्तकें तथा समाचार पत्रों का ढेर लगा रहता। उन्हें जहां तक हो सकता, दिन में पढ़ लेती। परन्तु जो लगाव उस पुस्तक के साथ था, वह उनमें कहां? अस्तु, सोने के पहले, पलंग के पास मेज पर और पुस्तकें होने पर भी, मेरा हाथ उसी पर पहुँचता था। बहुधा, हम लोग जप, पाठ, पूजा इत्यादि कर्तव्यदृष्टि से करते हैं, परन्तु यह तो एक पसंद की वस्तु होने के कारण कर्तव्य से परे थी। मनुष्य उसी कार्य को उत्तम रूप से कर सकता है और उसी से उसे अधिकाधिक प्रसन्नता मिलती है, जिसे वह प्रबल इच्छा से करे। इसी तरह दिनभर के दुनियाके धंधोंसे निवृत्त होकर तथा उनसे थक कर, आराम की आशा से मैं उसी पुस्तक की राह देखती रहती जिसको पढ़ कर सच्चा विश्राम मिलता। इस जगत् में हर एक जीव, हर वस्तु की परख कर, शान्ति और सुख की खोज इस तरह से करता है, जैसे कोई कंकड़ों में हीरे को खोज रहा हो। संभव है एक दिन उसे वह हीरा मिल ही जाय।

ऊपर कथित बातें सर्दियों के दिनों की थीं। गर्मियां आने पर हम लोग शिमला चले गये। वहां से मैं किस हेतु सोलन आई, कैसे मां से मिली, मुझे वे कैसी लगीं, इसका विस्तृत विवरण अंग्रेजी में पहले ही दे चुकी हूँ। यहाँ तो मुझे अपने पाठकों के सामने कुछ और ही रखना है।

मैं अच्छी तरह समझ सकती हूं कि मां को जो जानते हैं, जिन्होंने मां से स्नेह करना सीखा है, उनका मन कैसा हो जाया करता है। वे सम्भव हो तो,

सदैव मां के साथ ही रहना चाहते हैं। वे सदैव यही विचार और विश्वास करना चाहते हैं कि उनका और सब कुछ लुट जाने पर भी मां रूपी धन तो है ही। मां उनसे जो स्नेह करती हैं वह स्नेह अटूट है। जिन वस्तुओं को दृढ़ समझ कर अपनाया था, उनके नष्ट-भ्रष्ट हो जाने पर, मां ही जीवन का केवल एक सहारा बन जाती हैं, यह आश्चर्य है। दूसरी आश्चर्य की बात यह है कि मां के भक्त एक दूसरे के प्रति एक सम्बन्ध का अनुभव करने लगते हैं। अभी जो नया देखा था, वह कुछ क्षणों के बाद चिर-परिचित-सा लगता है। इस सम्बन्ध का आभास, "वसुधैव कुटुम्बकम्" वचनों से चरितार्थ होता है। माँ केन्द्र हैं और हम सभी उस केन्द्र से जीवन शक्ति पा रहे हैं। मां के निकट सभी शान्त और सुखी हैं। क्या हम सच्चे दिल से कह सकते हैं कि जो सुख मां के पास मिलता है उसे हम बड़े से बड़े वैभव के बीच पा सकने में समर्थ है? संसार का कितना ही योग्य, सामर्थ्यवान तथा मान्य पुरुष, मां को संसार की केवल एक साधारण व्यक्ति मानते हुए भी, इस बात को अस्वीकार नहीं कर सकता कि मां की बिनीत, सरल और मोहक मूर्ति, जो शान्ति, प्रसन्नता और सुख का एक ही क्षण में अनुभव करा सकती है, वह शान्ति, प्रसन्नता और सुख अन्यत्र नहीं मिल सकते।

पाठकगण, मुझे भरोसा है कि मां के प्रति, अपने जिन भावों को मैंने आपके सामने रखा है, उनसे आप सहमत होंगे, तथापि मैं अपनी क्षुद्रबुद्धि से इसका पूरा-पूरा वर्णन करने में असमर्थ हूं कि हमारे मन में माँ ऐसी अपूर्व शक्ति के प्रति किन किन भावों का उदय होता है। और यह समझते हुए कि हम लोग माँ से कितना स्नेह कर सकते हैं। मैं आज आप लोगों से एक प्रार्थना करने जा रही हूं और मुझे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि यदि आप लोग ध्यान से देखेंगे तो आपको मेरी प्रार्थना उचित जँचेगी। मैं आपसे कुछ असम्भव बात करने का अनुरोध नहीं कर रही हूँ। मेरा अनुरोध तो केवल यही है कि हमें माँ की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए चलना चाहिये।

हम सब माँ के पास शान्ति तथा सुख पाने के लोभ से एकत्र होते हैं। इस बात में मुझ से, जो मां के पास रह चुके हैं, सभी सहमत होंगे। माँ के पास आकर उस उच्च कोटि के सुख को भोगने के हेतु, हमें कुछ नियम संयम पालन करने का अभ्यास करना भी अनिवार्य है। यह अभ्यास ए छोटी सी बात को लेकर आरम्भ किया जा सक है। वह छोटी सी बात अपनी इच्छाओं तथा कार्यों पर शासन करना है। मैं भली भांति जानती हूँ कि माँ के पास जाने के विचारमात्र से हमारा म कितनी उछल कूद मचाता है, परन्तु हमें ऐसे सम में विचार से काम लेना है। हमें याद रखना है कि दूसरों के मन में भी माँ से मिलने की उमंगें हमा तरह ही लहरा रही हैं। ऐसे समय में यदि हम अन सबको पीछे ढकेल कर माँ के पास पहुँचने क प्रयत्न करेंगे तो वह हमारे स्वार्थ और नासमझी क प्रतीक होगा। उससे हमें व्यक्तिगत लाभ तो कुछ भ न होगा अपितु हम अन्य सब की असुविधा क कारण बनेंगे। हम जब एक जनसमूह को ढके कर आगे बढ़ने का प्रयत्न करेंगे तो हम को दे कर सब यही सोचेंगे कि शांति भंग करके यह क चला आ रही है,। फिर हम उसी भीड़ में सा

प्रणाम करके माँ के पैर छूने का प्रयत्न करेंगे तो अन्य सब लोग भी सोचेंगे कि हमें भी यही करना चाहिये। नहीं तो हम थोड़ी भक्ति वाले कहलायेंगे। अब आप ही सोचिये कि इस से भीड़ में जो धक्का मुक्की और गड़बड़ी फैलेगी और उसका जो दृश्य होगा वह एक सभ्य गोष्ठी को शोभा नहीं दे सकता। मेरा किसी को दोषी ठहराने का आशय नहीं है। मैं यह सब देख चुकने पर, एक चेतावनी के रूप में पाठकों के सामने इस विचार से रख रही हूं कि भविष्य के लिए हम सम्हल कर इस अव्यवस्था से बच जायँ। मैं इस सम्बन्ध में नीचे एक दो घटनाएँ प्रमाण रूप में उपस्थित कर रही हूँ।

यह घटना माँ ने स्वयं मुझे बतलायी। एक बार वे एक आश्रम में गईं। वहां बहुत से भक्तगण बड़े बड़े थालों में फल फूल, मेवे मिठाइयाँ इत्यादि लेकर मां की राह देख रहे थे। माँ के पहुँचते ही भक्तों ने माँ के पास पहुँच कर पैर छूने का प्रयत्न किया। परिणाम यह हुआ कि वहाँ कीर्तनके जो वाद्य यन्त्र थे वे चकनाचूर हो गये। जो फल-फूल, मेवे-मिठाइयों से भरे थाल थे वे सब उलट गये। सब चीजें जमीन पर बिखर गईं। सारा स्थान एक अव्यवस्था का चित्र बन गया। जब माँ ने देखा कि इस कोलाहल में न कोई सुनेगा न सम्हलेगा, तो माँ वहाँ से फुर्ती से सरक गईं। सब माँ से मिलने आये थे, परन्तु नासमझी से सब मिट्टी में मिल गया। माँ तो ऐसे समय में चुपके सरक जाने में बड़ी चतुर हैं। इतनी फुर्तीली हैं कि आश्चर्य होता है। ऐसी ही एक और घटना देहली में मेरे ही सामने घटी। वहाँ माँ के एक भक्त ने नामकीर्तन सप्ताह मनाने का काली वाड़ी में आयोजन किया था। इस उत्सव में उस भक्त को माँ के दर्शनों की प्रबल इच्छा हुई। परन्तु वह यह भूल कर बैठा था कि बिना माँ की आज्ञा लिये उसने माँ का नाम क्रमावली में छपवा दिया था। मां को तो मालूम भी तब हुआ जब माँ के पास उस क्रमावली की एक प्रति पहुँची। माँ उन दिनों होली के उत्सव में वृन्दावन में थीं और देहली आने के लिये समय नहीं था। फिर भी हम लोगों के प्रार्थना करने पर कि उस भक्त ने त्रुटि अवश्य की है, परन्तु उसके अन्तर्गत मुख्य भावना माँ के दर्शनो की ही थी, माँ ने कहा जो हो जाय। हम लोगों ने सोचा कि अमुक दिन बनारस जाते समय रेलगाड़ी में बैठने से पहले कुछ समय के लिये उत्सव के स्थान पर माँ को ले जायेंगे। माँ समय पर आईं और काली बाड़ी जाने से पहले, हाथ मुह धोने के लिये उस स्थान में रुक गईं जहां वे देहली में प्रायः ठहरा करती हैं। वहाँ क्या देखती हैं कि कालीवाड़ी के बदले, सारी भीड़ तो वहीं एकत्रित है। माँ के पहुँचते ही जो प्रणाम का ताँता लगा, माँ तो उसी में खो गईं और मैं चारों तर्फ से धक्के खाने लगी। इतने में एक भक्त ने मेरा हाथ पकड़कर मुझे सुरक्षित स्थानमें पहुँचा दिया। माँ ने जब देखा कि सुव्यवस्था स्थापित करने की कोई राह नहीं है, तब वे उस भीड़ में से फुर्ती से निकल कर सीधे स्टेशन की ओर चली गईं। क्यों कि गाड़ी छूट जाने का भय था। इस गड़बड़ में काफी समय लग जाने के कारण तथा कालीवाड़ी की सड़क भीड़ से भरी होने के कारण कालीबाड़ी जाने का समय नहीं रह गया था। अब दिल्ली निवासी जन मुझे तथा एक दो और मां के भक्तों को व्यंग से पूछा करते हैं कि तुम्हारी माँ कैसी हैं जो इतनी राह देखने पर

भी भक्तों को दर्शन देने न आ सकीं। पाठको, हमें लज्जित होना चाहिये कि भक्त होकर हम लोगों में से कुछ, नासमझी से, माँ को तथा अन्य भक्तसमूह को प्रायः ऐसी असुविधा में डाल दिया करते हैं। इन बातों से हमें शिक्षा ग्रहण करनी चाहिये कि जहाँ बाह्य प्रणाम इत्यादि न हो सके वहाँ मन में ही भक्ति से प्रणाम इत्यादि कर लेना चाहिये। अब मैं आप लोगों के सामने कुछ सुझाव रखना चाहती हूं कि ऐसे समय तथा स्थानों में हमें क्या करना चाहिये जिससे हम मां को ऐसी कटु आलोचनाओं से तथा अपने को धक्का मुक्की से बचा सकें।

१. पहली बात हमें सदैव यह याद रखनी चाहिये कि मां के चरण छूने का निषेध है और जिस का निषेध है उसे करने से लाभ के स्थान में हानि ही होती है।

२. जन-समूह में हमें अपने स्थान से ही मां को प्रणाम कर लेना चाहिये। उनके निकट पहुँच कर उनके चरण छूने का प्रयास नहीं करना चाहिये, क्यों कि भीड़ में सारी अव्यवस्था का यही एक मूल कारण है।

३. बड़े जन-समूह में हमें दोनों ओर कतार बाँध कर खड़े हो जाना चाहिये जिससे मां के आने के लिए बीच का स्थान खाली रह सके। इससे यह लाभ होगा कि माँ को बीच से जाते हुए सब कोई निकट से देख सकेंगे और माँ आसानी से अपना आसन ग्रहण कर सकेंगी। इस समय यदि हजारों की संख्या में माँ को साष्टाङ्ग प्रणाम करने लगेंगे तो माँ खड़ी ही रह जायँगी। हमें तो सब से पहले उनके आराम तथा सुव्यवस्था का ध्यान रखना है। हम चाहे मानसिक, शारीरिक, जैसा भी प्रणाम करें उनके लिए तो सब बराबर है। उन्होंने तो सबसे स्नेह ही करना है और हमें वही देना है जिसके योग्य हम हों या अपनेको बना सकें। वे मांग कर हमें कुछ अधिक देंगी और बिना मांगे कुछ नहीं देंगी, यह बात तो है ही नहीं। इसलिये सब से पहली बात हमें ध्यान में यही रखनी है कि हम जो करें सोच समझ कर, शान्ति और स्थिरता से करें।

४. मेरे सुनने में आया है कि कुछ लोग कहते हैं कि मां तो देवी हैं। उन्हें भोजन तथा विश्राम की आवश्यकता ही नहीं है। अपार श्रद्धा की द्योतक होती हुई भी यह धारणा सही नहीं है। माँ क्या हैं माँ ही जानें, परन्तु मानव-शरीर धारण करने पर मानवों की ही तरह उनके शरीर की रक्षा तथा आत्मवत् सेवा भी अनिवार्य हो जाती है। हमें यह विशेष ध्यान रखना है कि किन उपायों द्वारा स्वस्थ शरीर से वे हमारे बीच में हमें स्नेह और शक्ति देने के लिए अधिक से अधिक समय तक साकार रूप में रह सकें। उन्हें तो किसी भी वस्तु की इच्छा या अपेक्षा नहीं है। उनकी सम्हाल का उत्तरदायित्व तो हम लोगों पर ही है।

५. उनके व्यक्तिगत रूप से दर्शन करने की इच्छा रखने वालों को, दर्शन के लिए, समय मांगने पर बराबर समय मिल जाया करता है। मैंने तो प्रायः देखा है कि दर्शनाभिलाषी दो चार के समूह में आते ही रहते हैं। मैं मानती हूं कि माँ के पास बैठ जाने पर उठने की इच्छा ही नहीं होती। कई बार तो मध्य रात्रि बीत जाने पर भी लोग उठने का नाम तक नहीं लेते। यदि हमारे शरीर को स्वयं विश्राम की आवश्यकता न होती तो हम

लोग रात भर भी माँ को न छोड़ते, परन्तु यह नहीं होना चाहिये। हमें उनके भोजन और विश्राम के समय का अवश्य ही ध्यान रखना चाहिये।

अन्त में मुझे आप लोगों से यह आशा ही नही विश्वास है कि मेरी इस प्रार्थना पर विचार करने पर इसे उचित पायेंगे और भविष्य में इन बातों का सदैव ध्यान रखेंगे। आप ही सोचिये कि व्यक्तिगत तथा सामूहिक रूप से सुव्यवस्था का उत्तरदायित्व हमी लोगों पर तो है।

"आनंद प्रिया"

"Spoken word, verily, must be of Thee alone
All else is but futility and pain."

# MOTHER'S WORDS

( *Replies to letters from different people at different times.* )

## Satsang.

### 1.

To frequent the company of saints, sages and seekers after Truth is the bounden duty of man.

Association of this kind will help to awaken his interest in that which is Real. (*Sadbuddhi*).

The more consistently one seeks the fellowship of the spiritually minded the greater will be the Good.

### 2.

Whenever no opportunity can be found for coming into the physical presence of the holy and wise, it behoves one to contemplate *Vasudeva,* the divine Dweller in every human heart. By cultivating His Presence one has to prepare oneself. One should choose activities and surroundings that are apt to induce Godly thoughts and aspirations. (*Sadbhava).*

## The Importance of the Guru.

### 1.

Just as without the help of teachers and experts one cannot become proficient in the worldly knowledge taught at universities, even so the sublime Knowledge of the Absolute does not come without the guidance of a competent Guru. To find him is the problem, be it for spiritual progress, liberation or anything down to the smallest detail.

2.

In one form or another the grace of the Guru must be obtained. Until the Guru has been found it is man's duty to invoke and to try and realize God by looking upon all forms as His Form, all names as His Name and all modes of being as His.

### How to Meet Adversity and Danger.

1.

Write to him, for the present this is His way of manifesting Himself. Tell everyone to abide in fortitude, and in total surrender to lay all matters at His Feet.

2.

Verily, He is in all shapes and in all states of being. Whatever comes to pass at any time, it is He who either causes it to happen or does it Himself or knows about it.

In all things rely wholly on Him.

3.

Adversity will of a surety befall man. Bear it like a hero, armoured in patience and fortitude. Accepting what comes as His dispensation, endeavour to seek refuge in Him alone.

4.

It is desire that causes sorrow, but the will to God-realization is itself felicity. Be certain that He will cleanse and comfort you and take you into His arms.

This trouble has come to lead you to happiness. At all times hold Him in remembrance.

5.

Nothing should be done in a hurry. One has to be anchored in patience. Whatever He may assign to you, try to take it upon yourself as His gift, joyfully.

6.

More often than not God destroys disaster by adversity. Complete trust in Him through foul and fair is what is wanted.

7.

No evil can ever betide him who cleaves to God's name. What one suffers is in exact keeping with the nature of one's actions. If the flow of God's name is sustained all work will beget the good.

8.

Wherever God may place you at any time and under whatever circumstances, recollect that it is all for the best. Endeavour to go through life leaving your burdens in His hands. He is the preserver, He is the guide, He is all in all.

9.

In times of affliction one must persevere in patience. Although distress and danger certainly are part of man's lot, yet will they be conquered by one who can meet them with courage and calm.

Conditions vary. During spells of misfortune it is necessary to rely on Him with even greater fervour. There is no knowing through what mishap he may wipe out peril. Sometimes He actually removes danger by adversity This is why He is called Dispeller of Danger — Saviour.

# MOTHER'S AMARA VANI

## ( 3 )*

*Mataji :* Father**, what do you call action that is free from desire ( *Nishkāma Karma* ) ?

*A devotee :* Well, it does not seem possible to me to perform action without desire, that is to say devoid of attachment for either the work or its fruits, but solely from a sense of duty. According to the scriptures ( *Shastras* ) only the man who has achieved perfect fulfilment is capable of such action. As long as one is linked to the objects of the senses it is impossible. Yet, what is taken up in a spirit of dedication to God may well develop into work done without any desire.

*Mataji :* Whether with or without desire — it is still action. One cannot possibly remain without action until the state of Pure Being comes about. Therefore let this aspect of the matter also be understood.

When you surrender yourself to the Guru you have to carry out his orders unconditionally. In this your motive is exclusively to execute the Guru's will. Consequently, when, going about the task you grow eager to do your utmost, can you call this also a desire in the ordinary sense ? T set one's heart on being efficient wit the sole object of fulfilling the Guru' will is certainly a good desire.

If for any reason there should b even the least resentment the actio can no longer be described as withou attachment. Suppose after havin accomplished by far the greate portion of some work, you have t abandon it, and towards the en someone else takes it up and comp letes it and he gets the credit fo achieving the whole of the task. I you mind this even in the slighte degree, how can the work have bee really disinterested ? Obviously i was not quite free from a desire fo recognition.

When you have given yourself u to the Guru, no matter what he ma do, to what trials he may have subject you, you regard yourself a a tool in his hands : you have no reached a stage where in spite of a difficulty you persist with the work, knowing it to be the Guru's order. Remember that by this attitude you grow steadfast in endurance. patience and perseverance and your energy and capacity are enhanced.

---

* The Bengali original appeared in "Ananda Varta", Vol. 1, No. 5.

** Mataji addresses every man as 'father'.

In action there is bound to be conflict. When can there be freedom from conflict? When there is no question of feeling hurt or not. In the midst of work one must be prepared to obey any kind of order at any time and under all circumstances. Imagine you are hungry and just as you are raising your hand to put food into your mouth, you are asked to go elsewhere. At that very instant you should gladly let fall the food you were about to eat and obey the call. Such a spirit is an indication of one's becoming established in a happiness which is not of this world. When one is nearing effortless being,* whether one is blamed or not for some shortcoming in one's work, leaves one quite indifferent. Then only does one become an instrument in His hands. The body moves like a tool and one watches it as a kind of spectator. There one observes what a great variety of work gets done by such a body and in what a very smooth and efficient manner. Egoless work is full of beauty, for it is not prompted by a desire for self-gratification. So long rs the knots (*granthi*) that constitute the ego are not dissolved, even though you intend to act impersonally, you will get hurt and this will produce a change in the expression of your eyes and face and be apparent in your whole behaviour. To long: "Let my heart be free from craving for results," is still a desire for a result. Nevertheless by thus aspiring after selfless action there is hope of its coming to pass. In the process of this a great inner transformation takes place. A "knot" means resistance and hence, so long as the ego persists, there will at times be clashes, even when impersonal work is attempted, because one is bound and therefore pulled in a certain direction.

*A devotee :* So until one has attained to perfect fulfilment acting without a motive is an impossibility?

স্থলেও ব্যবহার উপপত্তি বুঝাইতে পারা যায়। অবশ্য ইহা সত্য যে স্বপ্নে দৃষ্ট পুরুষসকল পৃথক্‌ভাবে জাগে না, আশ্রয় পুরুষ বা স্বপ্ন-দ্রষ্টা পুরুষ জাগিলেই তাহারা একসঙ্গে অন্তর্হিত হয়। কিন্তু বর্ত্তমান স্থলে ব্রহ্ম-সাক্ষাৎকার হইতে প্রতিপন্ন হয় যে জীবসকল আপন আশ্রয়ের সমান সমান। তাই জীব সত্য। অতএব এই সত্য জীব স্বপ্ন-দৃষ্ট পুরুষের ন্যায় ঈশ্বরের কল্পিত প্রতিবিম্ব হইতে পারে না। বস্তুতঃ পরমাত্মা সত্যসঙ্কল্প বলিয়া তাঁহার কল্পিত প্রতিবিম্বও তাঁহার ন্যায় সত্য। জীবের সত্যতাও তাঁহার সমান সমান। এই সমান সত্যতা বশতঃ ঈশ্বর ও জীব এই উভয়ের মধ্যে পরস্পর ব্যবহার চলিতে পারে। এই প্রকারে ব্রহ্ম-সাক্ষাৎকার যে প্রকার সত্য, বন্ধ-মোক্ষও সেই প্রকার সত্য। কেহ কেহ মনে করিতে পারেন যে জীব যদি সত্য হয় তাহা হইলে তাহার নাশ কি প্রকারে হইবে? ব্রহ্ম-সাক্ষাৎকারের ফলে জীবের অবিদ্যা নিবৃত্তি ও জীবত্ব ক্ষয় কি প্রকারে সম্ভবপর হয়? অবধূতগণ বলেন যে ঈশ্বরের সত্যতাও মায়া মাত্র—তাঁহার সঙ্কল্পের সত্যতা, জীবের সত্যতা এবং অবিদ্যা-সত্যতাও তদ্রূপ মায়া মাত্র। মায়ার তিরোভাবের সঙ্গে সঙ্গে ঈশ্বরত্ব তিরোহিত হয় এবং অবিদ্যার তিরোভাবের সঙ্গে সঙ্গে জীবত্ব নিবৃত্ত হয়। পরমসত্য একমাত্র ব্রহ্মই তখন থাকেন।

শুধু একটি পাঞ্চভৌতিক শরীরই আছে। ইহার নাম বিরাট্‌। অসংখ্য স্থূল জীব-শরীর ইহারই অসংখ্য অংশ। এইভাবে একই হিরণ্যগর্ভ দেহ হইতে জীবের অসংখ্য লিঙ্গদেহ নির্গত হয়। অনন্ত করণই বিষ্ণু। বিষয়ে কোন বিভাগ নাই, সবই পঞ্চভূতাত্মক। ঈশ্বরের নিজের স্বরূপের অনবধানরূপ অব্যক্ত বা মায়া খণ্ড খণ্ড হইয়া অনন্ত হয়। এইগুলি জীবসমূহের আত্মাজ্ঞানরূপে পরিণত হয় ও কারণদেহ নামে প্রসিদ্ধি লাভ করে। তখন ঈশ্বরের বিজ্ঞানরূপী মহাকারণ শরীর জীবের মহাকারণশরীররূপ ধারণ করে।

### ( ৫ )

দত্তাত্রেয় মতে প্রলয় পাঁচ প্রকার। যথা—

(অ) নিদ্রা—পিণ্ডের।

(আ) নিদ্রা—ব্রহ্মাণ্ডের। ইহাকে দৈনন্দিন প্রলয় বলে।

(ই) মরণ—পিণ্ডের।

(ঈ) মরণ—ব্রহ্মাণ্ডের। ইহাকে মহাপ্রলয় বলে।

(উ) আত্যন্তিক প্রলয়।

নিদ্রা—যে সময় ক্রমশঃ জ্ঞানের করণবৃত্তি, কর্ম্মের করণবৃত্তি ও বাসনাময় বিষয়সমূহ পূর্ব্ববর্ণিত কর্ত্তার পঞ্চবৃত্তিতে প্রকৃষ্টরূপে লীন হয় তাহাকে নিদ্রা বলে। ঐ সময়ে কর্ত্তা পাঁচটি বৃত্তির সহিত আত্মাজ্ঞানরূপ কারণ-শরীরে প্রলীন হয়। ইহার মধ্যে যখন শুধু বাহ্য করণের উপসংহার হয় তখন নিদ্রাপ্রধান স্বপ্নাবস্থা জানিতে হইবে। তখন অঙ্গীভূত সত্ত্ব অংশ মাত্রের প্রভাবে কর্ত্তার বৃত্তির দ্বারা বাসনাময় বিষয়ের প্রকাশ হয়। আর যখন কর্ত্তা, করণ ও কার্য্য তিনেরই উপসংহার হয় তখন স্বপ্ন থাকে না। উহাই প্রকৃত সুষুপ্তি অবস্থা। ঐ সময় জীবের স্থূল শরীর পঞ্চপ্রাণের সহিত কাষ্ঠবৎ জড়ভাবে পড়িয়া থাকে। প্রাণের সংযোগ থাকে বলিয়া মৃত্যু ঘটে না। রজোগুণের অধ্যাস তীব্রভাবে থাকে বলিয়া সুষুপ্তি হইতে পুনরুত্থান ঘটিয়া থাকে।

দৈনন্দিন প্রলয়—চারি হাজার মহাযুগে ব্রহ্মার একদিন। তাঁহার রাত্রি ও দিনের পরিমাণ সমান।

দিনের বেলা তিনি জাগিয়া থাকেন, ইহাকে সৃষ্টিকাল বলে। রাত্রিতে তিনি নিদ্রিত হন, ইহার নামান্তর প্রলয়। সন্ধ্যাবেলা যখন ব্রহ্মার নিদ্রা আরম্ভ হয় তখন যাবতীয় বিষয়-বাসনা জ্ঞানের করণবর্গে উপসংহৃত হয়, ক্রিয়াবুদ্ধি কর্ম্মের করণবর্গে লীন হয়। ইহার পর এই ১০টি করণ কর্ত্তাতে লীন হয় এবং কর্ত্তা সূক্ষ্ম অব্যক্তে নিদ্রিত হয়। ইহারই নামান্তর যোগনিদ্রা। তখন অনাবৃষ্টি, অতিবৃষ্টি, ভূতনাশ ও দেবলোক পর্য্যন্ত জলপ্লাবন হইয়া থাকে। দেবগণ অব্যক্ত মায়াতত্ত্বে আশ্রয় গ্রহণ করেন। ব্রহ্মা, বিষ্ণু ও রুদ্র এই তিনটি ঈশ্বর কোটি দেবতা আত্মারাম অবস্থা প্রাপ্ত হন। জীব সকল অব্যক্তে সুপ্ত হয়। তখন তাহাদের সকল বৃত্তিই প্রত্যাহৃত হয়। ইহাকে পরমাত্মার নিমেষ-অবস্থা বলে, কারণ পরমাত্মার নিদ্রা নাই। তখন পাঞ্চভৌতিক দেহের উপসংহার হয় না।

প্রলয়কালের অবসানে, উষাকালে, ব্রহ্মা জাগেন। এতদিন যে-বিষ্ণু জলের উপর বটপত্রে শয়ান ছিলেন তিনিও জাগেন, আত্মপদ ত্যাগ করিয়া খেলিতে আরম্ভ করেন। প্রশ্ন হইতে পারে, বিষ্ণু জাগেন কেন? ইহার উত্তর এই, দৈনন্দিন প্রলয় স্থিতির অন্তর্গত এবং স্থিতির কর্ত্তা বিষ্ণু। সুতরাং বিষ্ণুর সর্ব্বদাই স্বকার্য্যে লক্ষ্য থাকে বলিয়া তাঁহার নিদ্রা বা বিস্মৃতি ঘটে না। অতএব সমস্ত জগৎ ধ্বংস হইয়া গেলে পুরুষ যোগনিদ্রা ত্যাগ করিয়া নিজের কার্য্যে অবধান করেন। এতদিন তিনি শুইয়াছিলেন, কিন্তু নিদ্রিত ছিলেন না। এখন তিনি সকলের পূর্ব্বে উত্থিত হইলেন। তাহার পর যথাসময়ে ব্রহ্মা জাগিয়া দেখেন যে চারিদিক একার্ণব এবং তাঁহার সকল কার্য্য নষ্ট হইয়া গিয়াছে। তখন তিনি ঐ অবস্থা ত্যাগ করিয়া বিষ্ণুর নাভিকমল হইতে উদ্ভূ হন। এই প্রকারে রুদ্র আপন যোগনিদ্রা ত্যা করিয়া ব্রহ্মার চক্ষু হইতে অভিব্যক্ত হন। ঐ প্র হইতে ধাতা যথাপূর্ব্ব জগৎ সৃষ্টি করেন।

**মৃত্যু**—প্রারব্ধের ক্ষয় হইলে প্রাণ স্থূল শরী হইতে পৃথক্ হয়। তখন পঞ্চপ্রাণ তাহাদের সূ পবনে লীন হয়, পাঁচটি বাসনাময় বিষয়, পাঁচটি সূ অব্যক্ত জ্ঞানকরণে ফিরিয়া যায়, ক্রিয়া বিকারসক কর্ম্মকরণে উপসংহৃত হয়। তারপর জ্ঞানের ও কর্ম্মের ঐ দশটি করণ চেষ্টাশূন্য হইয়া কর্ত্তাতে লী হয়। কর্ত্তা মন, বুদ্ধি, চিত্ত ও অহংকার এই চারি বৃত্তির লয়ে আত্মাজ্ঞানে লীন হয়। এই অন্ত হইতে একটি বাসনা-শরীর নির্ম্মিত হয়। সূক্ষ্মদেহে ন্যায় এই দেহ আশ্রয় করিয়া জীব পুরাতন—জীর্ণ ও রুগ্ন স্থূল দেহ ত্যাগ করে। ইহারই নাম মৃত্যু।

**মহাপ্রলয়**—ব্রহ্মার শতবর্ষ-পরিমিত আয়ু অবসানে পরমাত্মা সুপ্ত হন, তখন ব্রহ্মার মৃত্যু হয়। তখন শতবর্ষব্যাপী অনাবৃষ্টি, ভূতলয় এবং দ্বাদ আদিত্যের উদয় হইয়া থাকে। পৃথিবী অত্যন্ত ত হয়, অগ্নিময় হয়, দগ্ধ হয়। তারপর সংবর্ত্তক মে অর্থাৎ প্রলয়কালীন মেঘ জল বর্ষণ করে। সপ্ত সমু মিলিয়া এক মহার্ণবে পরিণত হয়। পৃথিবী এই জলে মগ্ন হয়, জল তেজে শুষ্ক হয়। তেজ দশগু ব্যাপক বাহ্য বায়ুতে শান্ত হয় এবং বায়ু আকাশে লীন হয়। আকাশ তামস অহংকারে, তাম অহংকার রাজসে ও রাজস সাত্ত্বিকে লীন হয়। কার্য্য করণে, করণ কর্ত্তায়, কর্ত্তা মহতে লয় প্রা হয়। অন্তে সবই মহামায়াতে উপসংহৃত হয়। মহামায়া পরমাত্মাতে লীন হন।

ক্রমশঃ

# मातृ-वाणी

[ विभिन्न समयों में विभिन्न लोगों के पत्रों के उत्तरों में श्री श्री माँ ने जो सब उपदेश वचन दिये हैं उनके संक्षिप्त अंश ]

## विपत्ति में कर्त्तव्य

( ३४ )

सब दिन तो एक से नहीं बीतते। निराश हो मन मार कर पड़े रहना ठीक नहीं है। तब भी उन्हीं के ( भगवान् के ) ऊपर भरोसा रखना चाहिये। सुख दुःख में उन्हीं को पुकारना करनी चाहिये। भूमि पर ठोकर खाकर फिर भूमि का ही आसरा लेकर उठता है। इसलिए सब विषयों में चेष्टा ही करनी चाहिये।

( ३५ )

विपत्ति को विपत्ति मानना ही नहीं चाहिये। विपत्ति मानना ही पाप है। कैसी विपत्ति? वे जो कुछ करते हैं वह सब मङ्गल ही है। किसी भी अवस्था में मनुष्य को मन मार कर पड़ना नहीं चाहिये। सदा मन में यही भाव रखना चाहिये कि हे गुरुदेव, आप मेरे लिए जो भला है, वही करते हैं। यह सब तो जगत् में होता रहता है। धन और संमान चले जायँ तो जायँ, प्राण ठीक रहें यही भगवान् के प्रति प्रार्थना करनी चाहिये।

( ३६ )

सदा धैर्य रखना चाहिये। हे भगवान्, आप जो कुछ करते हैं सब मङ्गल है। मुझे सहन करने की शक्ति दें, यों भगवान् से प्रार्थना करनी चाहिये। भगवान् की कृपा के बिना कुछ भी नहीं होता है। सब कुछ भगवत्कृपा ही है। धैर्य के अवलम्बन से सब सहन कर उनका नाम ले आनन्द से रहना चाहिये।

( ३७ )

जगत् में तो गति ही स्वाभाविक है। एक-सा समय कभी नहीं बीतता। जहाँ समय की बात है वहीं पर तो काल से बँधा रहता है। कालातीत हुए बिना क्या काल के हाथ से छुटकारा मिल सकता है? जिस क्षण में दुःख पीड़ा का उदय होता है उस मुहूर्त को यदि काल न निगलता तो ऐसी स्थिति में फिर शरीर धारण करने का उपाय क्या था? संसार इसी तरह का है। घर घर में किसी न किसी रूप

में यह घटना नित्य घट रही है। स्वयं ही अपने को सान्त्वना देनी चाहिये कि इस जगह का ऐसा ही रूप है। विदेश में निवास हो और विदेश का कष्ट मालूम न पड़े यह कैसे संभव है? अपना वही स्वदेश है, जहाँ शोक, दुःख, हिंसा, द्वेष और विपत्ति का प्रश्न नहीं है तथा प्रकाश और अन्धकार का प्रश्न नहीं है। उस स्वदेश में, स्वभाव में अपने को पहुँचाने के लिए प्रयत्न करना ही मनुष्य का एकमात्र कर्त्तव्य है। वीर धीर होना चाहिये।

## मृत्यु पर सान्त्वना

### ( ३८ )

इच्छामय की इच्छा ही तो सदा पूर्ण होती है। सृष्टि का विधान ही ऐसा है। जगत् के माने ही हैं—गति, दुःख, क्षणिक सुख और शोक। इस शरीर की सृष्टि ही भोग के लिए है। नाना प्रकार से जगत् को देखते तो हो? माँ का नाम लेकर यात्रा करने में जो समर्थ हुए हैं, उनके लिए शोक करना और आँसू गिराना ठीक नहीं है; उन्हें रोकने के लिए विशेष यत्न करना चाहिये। रोना हो तो भगवान् को पुकारते हुए रोना चाहिये। यह बड़े भाग्य की बात है जो अन्तिम क्षण में भगवान् का नाम लिया गया है। उनके चरणों में सदा मन को लगाये रखने की चेष्टा करनी चाहिये। गुरु-कृपा के लिए प्रार्थना करनी चाहिये। केवल हर समय श्रीगुरु चरणों का स्मरण रखना चाहिये।

### ( ३९ )

संसार का स्वरूप ही जो इस प्रकार का है। वीर के समान धैर्य धारण कर स्वयं शान्त होने की चेष्टा करनी ही होगी। एकमात्र भगवच्चिन्तन के आश्रयण के सिवा और किसी से भी शान्ति की आशा नहीं है, नहीं है। इस भाव को दृढ़ता के साथ धारण करना चाहिये। जिनके विधान से सब कुछ होता है उनका आश्रय मनुष्यमात्र को ही सब अवस्थाओं में लेना उचित है।

उसके शरीर के लिए रोना—अनुताप न हो—केवल चेष्टा करनी चाहिये। यह यात्रा सभी के लिए है। अपने अपने मार्ग के पाथेय की आवश्यकता है। जो उनके आश्रित हैं, उन्हें उन्हीं के चरणों में फेंके रखना ठीक है। उनके बोध से ( भगवान् ही हैं इस बुद्धि से ) सेवा करनी चाहिये। केवल उन्हीं पर निर्भर रहना चाहिये।

## भूतप्रेत का भय

### ( ४० )

भगवान् का नाम लेने से कोई भूतप्रेत नहीं रह सकता है। भगवान् का नाम तो सब दुःखों तथा दोषों का विनाशक है। वही नाम लेना चाहिये। सन्ध्या सवेरे तो नाम लेना ही चाहिये फिर अन्य समय भी मन ही मन नाम लेता रहे। विशेष करके यह समझने की चेष्टा करे और विश्वास रखे कि नाम लेने से कोई आपत्ति विपत्ति नहीं रहती है।

( ४१ )

मूलसम्बन्धी जो व्यापार मन में होते हैं, उनकी ओर मन को न लगा कर केवल भगवान् के नाम और उनके ध्यान की ओर लगाना चाहिये। भगवान् के नाम के निकट कोई दूसरी शक्ति काम नहीं कर सकती, यह सत्य है, और उसे दृढ़ता के साथ मन में रखना चाहिये। जिस समय भगवान् का नाम-जप या कीर्तन करोगे उस समय यह स्मरण रखना चाहिये कि अन्य बाहरी शक्तियाँ हमें छू नहीं सकती हैं। उस समय यदि शारीरिक उद्वेग प्रतीत हो तो निश्चय मन ही मन सोचो कि यह शारीरिक क्रियामात्र है (भौतिक नहीं)।

( ४२ )

रात्रि में सोते समय भगवान् का नाम-जप करके सोवे। तिस पर भी यदि भय हो तो जिस समय सोवे गीता, दुर्गासप्तशती, रामायण को सिरहाने रख कर नींद ले। सदा भगवान् का नाम-जप करे और ध्यान रक्खे कि जहाँ धर्मग्रन्थ हैं वहाँ स्वयं भगवान् रहते हैं। वहाँ पर किसी प्रकार का भय उपस्थित नहीं हो सकता।

## ब्रह्मचारी का कर्त्तव्य

( ४३ )

जो ब्रह्मचारी साधु होने का प्रयत्न करते हैं उन्हें त्याग का भाव रखना ही चाहिये। आलस्य, लालसा, प्रतिष्ठा, प्रशंसा, अधैर्य—उनके मार्ग में विशेष रूप से विघ्न हैं। उनकी ओर लक्ष्य रख कर सब काम सेवा-बुद्धि से उन्हें करने चाहिये। ब्रह्मचारी साधु के जो नियम हैं उन्हीं की ओर विशेष रूप से ध्यान रखना चाहिये। लोकदृष्टि में जो दृष्टिकटु हो सकता है एवं जिससे अपना तनिक भी अमङ्गल हो उस ओर भी जाना नहीं चाहिये।

# श्री श्री माँ की अमरवाणी

( महामहोपाध्याय श्रीयुक्त गोपीनाथ कविराज, एम्० ए०, डी० लिट्, कृत व्याख्या सहित )

## पाँच

प्रश्न—शास्त्रों में दो प्रकार की बातें पाई जाती हैं। तत्त्व ज्ञान होने के बाद घर गृहस्थी करना और तत्त्वज्ञान होने के बाद साक्षिरूप से स्थित रहना—इनमें से कौन ग्राह्य है ?

माँ—चूड़ाला शिखिध्वज के उपाख्यान का वर्णन करो मैं सुनूँ। ज्ञान के बाद घर गृहस्थी करने की बात कहते हो क्या ?

एक व्यक्ति—नहीं। यहाँ पर भी अज्ञानाभास है। यह एक अवस्थामात्र है, अभी तक चूड़ाला ज्ञानी नहीं हुई।

माँ—ज्ञान होने पर फिर सन्देह संसार नहीं रहता, शरीर भी नहीं रहता। जहाँ संसार नहीं रहता वहाँ पर शरीर भी नहीं रहता।

प्रश्न—शरीर तो रहता है ?

माँ—कौन कहता है कि शरीर रहता है ? नामरूप का ही कोई प्रश्न नहीं उठता। उनकी दृष्टि है या नहीं इसका भी प्रश्न नहीं है। 'दो, दो' उसकी रट फिर किसके निकट है ? 'दो, दो' यह अभाव ही तो देह है। चूँकि संसार नहीं है, देह नहीं है, इसलिए वह कर्म भी नहीं है। अर्थात् देह, संसार और कर्म का प्रश्न ही नहीं है—एकदम धोया पोछा—'नहीं है' यह भी नहीं है। बोलना जो है न बोलना भी वही है, चुप रहकर जहाँ स्थिति है, चुप न रहने पर भी वहीं स्थिति है, जो है, वही है। बोलने न बोलने का प्रश्न ही नहीं है। अब समझ लो। घर गृहस्थी करने के अनुक जो देखते हो वह है क्या ? हाँ गीता में तो स सच्ची बात है। यहाँ पर तो ऐसी ही बात है इस शरीर से जहाँ से जिस धारा में बात पूछोगे वहाँ पर वह उसी भाव में है। इसलिए इ शरीर की क्या बात है और क्या बात नहीं है। किसी धारा (पद्धति) के रहने पर धरा (गम्य स्थान अर्थात् जहाँ तक उस मार्ग से पहुँचा जाय या जहाँ पर उस मार्ग की समाप्ति है ) भी रहता है। जहाँ धरा (गम्य स्थान) है वहाँ उसके अतीत अधरा (अगम्य स्थान) भी है। यहाँ पर धरा और अध का प्रश्न नहीं है, वही। जहाँ से जो बजा लो वही सुन पड़ेगा। इस शरीर के निकट यह मत, व मत—इसका प्रश्न ही नहीं है।

प्रश्न—तब माँ भी बजती है क्या ? (हँसी)

माँ—जहाँ कान हैं ; व्यर्थ काम में बजती है ठीक काम में बजती यह तुम जानो। यहाँ बजने न बजने का कोई प्रश्न ही नहीं है। तुम्हारी माँ व्यर्थ नहीं है या कार्ययोग्य है यह तुम जानो। क्योंकि माँ तुम्हारी है, पुत्री भी तुम्हारी है। व्यर्थ है या काम की है यह बाप जानता है। (हँसी)

प्रश्न—यदि पिता जान जाय तो क्या फिर रहा रहेगी!

माँ—यह बात की बात है अर्थात् आनुषङ्गिक बात है—यह भी बात ठीक नहीं है। 'नहीं भी नहीं है—अब कहाँ जाओगे ? कहाँ भी कहाँ है ?

# व्याख्या

## १ —चूड़ाला और शिखिध्वज का उपाख्यान —

यह उपाख्यान योगवासिष्ठ रामायण के निर्वाण-प्रकरण के पूर्वार्द्ध में विस्तारपूर्वक वर्णित है। इस प्रसंग में यदि उसका सारांश संकलित कर दिया जाय तो साधारण पाठकों को समझने में सुविधा होगी।

कहा गया है कि सप्तम मन्वन्तर के अन्तर्गत चौथे महायुग के द्वापर में राजा शिखिध्वज ने मालव देश के शासक के रूप में कुरुवंश में जन्म लिया था। युवावस्था के प्रारम्भ में सौराष्ट्र के राजा की कन्या परम सुन्दरी बालिका चूड़ाला के साथ उनका विवाह सम्पन्न हुआ। वे बुद्धिमान्, वीर तथा राजकार्य में निपुण थे एवं प्रजा को प्रसन्न रखना ही उनके जीवन का मुख्य व्रत था। नवविवाहिता पत्नी के साथ विविध स्थानों में पर्यटन और आनन्द-विहार में उन्होंने बहुत दिन व्यतीत किये। शिखिध्वज और चूड़ाला एक दूसरे के प्रति इतने अनुरक्त थे कि लोकसमाज में बात चीत के सिलसिले में वे बहुधा अर्धनारीश्वर कहे जाते थे। उस अवसर पर सत्सङ्ग और भगवत्कृपा वश राजा और रानी दोनों का चित्त आध्यात्मिक विचार में विशेष रूप से उलझा रहता था। उनमें से चूड़ाला के हृदय में पहले वैराग्य का उदय हुआ था एवं आत्मविचार की प्रधानता ने पूर्ण रूप से आसन जमाया था। एकमात्र अखण्ड महासत्ता या सर्वव्यापिनी चित्-शक्ति ही समग्र विश्वलीला की मूल भित्ति है—इस विषय में चूड़ाला को अटल ज्ञान प्राप्त हुआ था। क्रमशः वह ज्ञान परोक्ष अवस्था से अपरोक्ष आत्मानुभूति में परिणत हुआ। इस कारण वह सुदीर्घ संसारस्वप्न से प्रबुद्ध होकर चिर शान्तिमय आत्मस्वरूप में विश्राम प्राप्त करने में समर्थ हुईं। किन्तु राजा शिखिध्वज उक्त सौभाग्य से वञ्चित रहे।

आत्मसाक्षात्कार के कारण चूड़ाला में जिस नित्यतृप्त और आत्माराम अवस्था का उदय हुआ था उसके प्रभाव से उनकी अन्तःप्रकृति की तो क्या कहें बाह्य शरीर तक अलौकिक शोभा और दीप्ति से समुज्ज्वल हो उठा था। अन्तःकरण में प्रशान्त प्रेम और रागद्वेष के अभाव के सक्रिय रहने से चूड़ाला की मुखशोभा से ऐसी एक सर्वाङ्ग-सुन्दर सुषमा का आविर्भाव हुआ था कि जिसे देखकर राजा शिखिध्वज तक विस्मित हो उठे थे। एक दिन उन्होंने चूड़ाला को एकान्त में बुलाकर उनकी इस अभिनव अनुपम शोभा का कारण पूछा। चूड़ाला ने स्पष्ट रूप से राजा को समझा दिया कि बाहरी किसी कारण से इस अपूर्व सौन्दर्य का आविर्भाव न हुआ है और न हो सकता है। जीवन के खण्ड भावों का परित्याग होने पर जो अखण्ड सत्ता भीतर और बाहर सर्वत्र समानरूप से असर करती है उसी से यह अपूर्व शोभा उत्पन्न हुई है। शिखिध्वज कुछ बहिर्मुख और तर्क प्रधान थे, इसलिए वे चूड़ाला के सिद्धान्त को पूर्णरूप से विश्वास के साथ समझ नहीं सके। क्योंकि उन्होंने सोचा कि निराकार आत्मा का साक्षात्कार होने पर स्थूल और साकार शरीर में शोभावृद्धि किस प्रकार होगी। उन्हें विश्वास तो हुआ नहीं, उल्टे उन्होंने चूड़ाला के प्रति उपहासपूर्ण वाक्यों का प्रयोग किया। उनकी धारणा हुई कि चूड़ाला भाव में उन्मत्त तथा युक्तायुक्त ज्ञानविहीन है। इसलिए उनका वाक्य उन्मत्त-प्रलाप के सिवा और कुछ नहीं है। चूड़ाला को जब यह ज्ञात हुआ कि मेरे जीवन का वैशिष्ट्य अत्यन्त

गम्भीर है एवं उसके रहस्य को स्थूलदृष्टि राजा समझ नहीं सक रहे हैं, तब उन्होंने स्वामी के साथ साधारणतः उस विषय में अर्थात् आत्म-साक्षात्कार के सम्बन्ध में विचार करना छोड़ दिया।

उस समय ज्ञान के उदय से चूड़ाला को एक ऐसी सुशान्त और सुसमाहित अवस्था प्राप्त हुई थी, जिस अवस्था में साधारणतः अभावमूलक इच्छा उदित नहीं होती है। किन्तु स्वभाव की लीला से नित्यतृप्त अवस्था में भी मन की मौज के अनुसार इच्छा का उदय हो सकता है। चूड़ाला का भी वही हुआ था। आकाश गमन की अकारण इच्छा उस समय उनके हृदय में अधिकार जमा बैठी। तब उन्होंने ऐश्वर्यभोग का परित्याग कर कुछ समय के लिए एकान्त स्थान में गमन किया और आसन बाँध कर विधिपूर्वक प्राणायाम किया। उक्त विधिपूर्वक प्राणायाम के अभ्यास से उन्हें सिद्धि प्राप्त हो गई। अनन्त योग-सिद्धियाँ अल्प काल में उन्हें प्राप्त हो गईं। साधारणतः खण्ड सिद्धि की तह में देश, काल, क्रिया, द्रव्य आदि की प्रधानता रहती है; किन्तु चूड़ाला को आत्मतत्त्व ज्ञात था, इसलिए उनको सिद्धिलाभ औरों की अपेक्षा सहजसाध्य हुआ था। अणिमादि अष्टैश्वर्य, एक साथ बहुत से शरीरों की रचना एवं उनमें अनुप्रवेश अर्थात् कायव्यूह, परकाया-प्रवेश आदि योगविभूतियाँ सभी उनको प्राप्त हुईं थीं।

चूड़ाला के महाज्ञान की प्राप्ति तथा इस प्रकार के योगैश्वर्य के लाभ का राजा शिखिध्वज को कुछ पता न था। चूड़ाला ज्ञान के उपदेशों के द्वारा सदैव स्वामी को प्रबुद्ध करने की चेष्टा करती थीं। किन्तु उस समय भी शिखिध्वज के जागने का समय आया न था। इसलिए वे सब उपदेश अरण्यरोदन के समान उनके निकट व्यर्थ हो जाते थे। वे अपने को बुद्धिमान् समझते थे एवं अपनी पत्नी चूड़ाला को मूर्ख समझते थे।

दीर्घ काल तक मोह में मग्न रहने के अनन्तर वासना और अन्तःकरण में स्थित कषायों के परिपक्व कारण अपने आप ही शिखिध्वज के मन में वैराग्य का हुआ। उस समय इतना अधिक वैराग्य हुआ गृहत्याग के लिए अत्यन्त व्याकुल हो उठे। उन्हें सम्बन्ध में विलम्ब सहन न हो सका। चूड़ाला से पर इस विषय में चूड़ाला ने उनसे युवावस्था के कर्त्तव्यों तथा राजधर्म के पालन का परित्याग कर चले का निषेध किया। किन्तु शिखिध्वज चूड़ाला के वाक्य पर दृष्टिपात न कर एक दिन अर्धरात्रि में में अङ्कशायिनी चूड़ाला को छोड़कर पारिवारिक सम्पत्ति के साथ राज्य का त्याग कर घर से निकल नाना देशों में भ्रमण करने के अनन्तर उन्होंने देश में मन्दर पर्वत की तटभूमि पर गहन जंगल के एक छोटी सी पर्णकुटी बनाकर तपस्वी वेष में रहना किया।

उस समय उनका सम्पूर्ण समय कठोर तपस्या व्यतीत होता था। सन्ध्यावन्दन, जप-अनुष्ठान, पुष्प स्नान, देवपूजन, कन्दमूल भोजन और दूसरी बार का अनुष्ठान, इस प्रकार उनकी दिनचर्या होने लगी।

इधर चूड़ाला ने निद्रा से जागकर जब देखा कि ध्वज उनका त्याग कर चले गये हैं तब वे उदास होकर खोज में बाहर निकल पड़ीं। वे योगसिद्धा थीं, एक छोटी सी खिड़की से निकलकर आकाश मार्ग से करने लगीं। आकाश में भ्रमण करते समय आकाश ही उन्होंने देखा कि मेरे स्वामी गहन जङ्गल में

एक खड्ग लेकर उन्मत्त के समान इधर उधर घूम रहे हैं। उस समय उनकी इच्छा हुई थी कि मैं आकाशमण्डल से उतर कर उनके निकट उपस्थित होऊँ एवं उन्हें अपना परिचय दूँ। किन्तु उन्हें नियति का खेल दूसरे ही प्रकार का दिखाई दिया। उन्हें भविष्य का चित्र स्पष्ट रूप से अङ्कित दिखाई दे रहा था, उन्होंने सोचा कि अभी राजा के साथ मेरे मिलने का समय नहीं आया है। अभी भी उस समय के आने में कुछ विलम्ब है। नियति के विरुद्ध चलना उचित नहीं, यह सोचकर उस समय वे राजधानी में लौट आईं एवं पति के प्रतिनिधि के रूप में राजकर्मचारियों की सहायता से राज्यकार्य निर्वाह करने लगीं।

इस तरह सुदीर्घ काल—अठारह वर्ष—बीत गया। उस समय शिखिध्वज जरा-जर्जर हो गये थे और उनके वासनादि परिपक्व हो गये थे। चूड़ाला समझ गईं कि मेरे कार्य का यही शुभ अवसर है। पति को आत्मज्ञान प्रदान करना ही था उनके जीवन का प्रधान लक्ष्य। इतने दिनों तक उसका अवसर उपस्थित नहीं हुआ था। इसलिए बहुत प्रयत्न करने पर भी उन्हें सफलता प्राप्त नहीं हो सकी थी। किन्तु अब अवसर उपस्थित था। तदुपरान्त योगसिद्धि के प्रभाव से चूड़ाला पुनः आकाश मार्ग से भ्रमण करते करते मन्दराचल गईं एवं शिखिध्वज के समीप उपस्थित होने के लिए मन ही मन उन्होंने संकल्प किया। किन्तु उन्हें प्रतीत हुआ कि पत्नी के रूप में इस समय उनके निकट उपस्थित होने पर कार्यसिद्धि नहीं होगी। क्योंकि मेरे ज्ञानपूर्ण वाक्य कहने पर भी पति के निकट वे पत्नी के साधारण वाक्य के रूप में उपस्थित हों ऐसी संभावना है। इस कारण उन्होंने योगबल से ब्रह्मतेजःसम्पन्न, अखण्ड ब्रह्मचर्य के मूर्तिमान् विग्रहरूप, एक तपस्वी ब्राह्मण-बालक का रूप धारण किया एवं उक्त तेजोमय दीप्त स्वरूप लेकर वे तपस्वी शिखिध्वज राजा के समीप उपस्थित हुईं।

शिखिध्वज चूड़ाला को देखकर यह मेरी पत्नी है यों पहिचान न सके, उन्होंने उन्हें एक बाल-ब्रह्मचारी समझा एवं समुचित आदर सत्कार कर उनको बैठने के लिए आसन दिया, तब चूड़ाला ने वहाँ बैठकर पूछा, "आप का जपतप किस प्रकार चल रहा है।" शिखिध्वज ने बाल ब्रह्मचारी के रूप और तेज से मुग्ध होकर उनका वास्तविक परिचय जानने की इच्छा प्रगट की।

ब्रह्मचारी ने कहा—"एक समय ब्रह्मपुत्र नारदमुनि सुमेरु पर्वत की गुफा में ध्यानमग्न थे। ध्यान टूटने के अनन्तर उन्होंने समीपस्थ गङ्गा की धारा में जलक्रीड़ा कर रहीं बहुत सी नग्न सुन्दरी अप्सराओं को देखा। देखते ही उनके प्रति उनको आसक्ति हो गई तथा उसके कारण चित्त विकृत और प्राण क्षुब्ध होने से बिन्दु स्खलित हुआ। इसमें सन्देह नहीं कि नारद वीतराग और निष्काम जीवन्मुक्त पुरुष थे। तथापि प्रबलतम प्रारब्ध के प्रभाव से उनका विवेक नष्ट हो गया था।" इस प्रकार की घटनाएँ किस तरह सम्भव हो सकती हैं यह चूड़ाला ने राजा को भली भाँति समझा दिया। इस प्रसंग में उन्होंने राजा से मानवशरीर से सम्बद्ध नाड़ीचक्र के विज्ञान का विचार और स्वभाव तत्त्व का विश्लेषण किया। उन्होंने आगे कहा—"नारद मुनि ने उस वीर्य को निकटवर्ती एक स्फटिक कुम्भ में रख दिया। समय पर वह गर्भरूप में परिवर्तित हुआ और सर्वाङ्ग पूर्ण होकर पुत्र के रूप में वह घड़े से निकला। कुम्भ से निकलने के कारण पितामह ब्रह्माजी ने बालक का नाम रक्खा "कुम्भ"। "ब्रह्मचारी ने आगे कहा—"मैं ही वह कुम्भ हूँ। मैं पिताजी के साथ ब्रह्म-लोक में निवास करता हूँ। चार

वेद मेरे मित्र हैं, सरस्वती मेरी माता है और गायत्री मेरी मौसी है। मैं स्वेच्छानुसार बे रोक टोक समस्त विश्व में विचरण करता हूँ। यह लीलामात्र है, क्योंकि मैं किसी प्रयोजन के वश में नहीं हूँ। मेरे चरण भूमि का स्पर्श नहीं करते और पृथिवी की धूलि से मैले नहीं होते हैं। मेरा शरीर सदैव ग्लानिरहित रहता है।"

शिखिध्वज ने भी उनको अपना सारा वृत्तान्त बतलाया तथा अपनी अवस्था के उपयोगी कर्मोपदेश की उनसे प्रार्थना की। इसपर कुम्भ ने क्रिया की अपेक्षा ज्ञान की उत्कृष्टता के सम्बन्ध में राजा को एक वक्तव्य दिया। उन्होंने बतलाया, ज्ञान ही सर्वश्रेष्ठ है। ज्ञान के अभाव में क्रिया की उपादेयता स्वीकारयोग्य होती है। तदनन्तर वासना तत्त्व को समझाया। शिखिध्वज के व्याकुल होकर ब्रह्मज्ञान की प्रार्थना करने पर कुम्भ ने उन्हें ब्रह्मविद्या का उपदेश दिया। राजा की समझ में आ गया कि ब्रह्म ज्ञान के लिए सबका त्याग करना आवश्यक है, यहाँ तक की तपस्या का भी त्याग करना चाहिये। पहले वे राज्य, घर, देश, स्त्री—सबका त्याग कर चुके थे। उस समय राज्य के बदले वन में निवास कर रहे थे। इस बार वन का भी त्याग किया। उन्होंने तपस्या के सभी उपकरणों की आहुति दी। कुम्भ ने समझाया, वस्तु का त्याग वास्तविक त्याग नहीं है, क्योंकि वस्तु तो किसी की भी अपनी नहीं है। वस्तु की वासना का त्याग ही वास्तविक त्याग है। इस बार शिखिध्वज को यथार्थ रूप से वासना का त्याग करने के लिए प्रस्तुत होना पड़ा। कुम्भ राजा के मुख की ओर चुपचाप ताकते रहे। राजा ने अपनी सारी सामग्री जला डाली। सामग्री में थे जप की माला, बैठने का आसन अर्थात् मृगचर्म और कमण्डलु। जप-माला और मृगचर्म अग्नि में डाल दिये और कमण्डलु एक श्रोत्रिय ब्राह्मण को दे दिया। भोजन के पात्र आदि भी त्याग दिये। निष्क्रिय होने के क्रियायोग्य सभी पदार्थों का विसर्जन कर दिया। तब त्याग की इच्छा प्रबल हुई—उन्होंने सोचा कि मृत्यु द्वारा देह का भी विसर्जन कर दूँ।

कुम्भ ने उसमें बाधक होकर कहा—'नहीं, देह नहीं करना चाहिये। चित्त का त्याग करो। चित्त ही सर्वत्याग है, देह-त्याग सर्वत्याग नहीं है। मन सबका बीज है—देह का भी बीज वही है। मन का करो। मन का त्याग करने पर ही सर्वत्याग होगा। त्याग होने पर सर्वप्राप्ति अवश्यंभाविनी है। क्योंकि त्याग से आत्मप्रसाद और उससे उत्पन्न होने वाले का उदय होता है। जो कुछ चाहता नहीं और लेता नहीं उसी को सब कुछ दिया जाता है। यदि त्याग निष्पन्न करना हो तो त्याग के अभिमान का त्याग करो। वासना ही चित्त का स्वरूप इसलिए वासना का त्याग ही चित्तत्याग या सर्वत्याग है। चित्त का बीज अहङ्कार है, 'मैं कौन हूँ' इस आत्मवि द्वारा वह नष्ट होता है। क्योंकि विचार से यह ज्ञात होता कि अहंकारकार्य कोई भी दृश्य पदार्थ मैं नहीं आत्मा स्वच्छ चिन्मात्र है। अहङ्कार उसका मल है अहङ्कार से ही ममता होती है। उसका त्याग कर चाहिये। चित् चैत्योन्मुख होने पर ही दुःख का हेतु है। चैत्य का उपशम ही शान्ति है। चैत्यभाव कारण पदार्थसत्ता का बोध है। किन्तु वह बोध भ्रान्ति है। क्योंकि एकमात्र चिदात्मा ब्रह्म ही हैं अन्य नहीं है। ब्रह्म वस्तुतः कारण नहीं है, कार्य नहीं कर्त्ता भी नहीं है। आत्मा शुद्ध और मुक्त है; बन्ध मोक्ष काल्पनिक है।"

शिखिध्वज धीरे धीरे सब समझ सके—उन्हें हुआ कि ब्रह्म कर्त्ता नहीं है, इसलिए कार्यरूप जगत्

वस्तुतः नहीं है—अहन्तादि भी नहीं हैं। तब उन्होंने 'नमो मह्यम्' कह कर अपने को स्वयं प्रणाम किया। 'चैत्य नहीं है' इस बोध के साथ एक मुहूर्त के लिए उन्हें विश्रान्ति प्राप्त हुई। यह निर्विकल्पक अवस्था का उन्मेष है। कुम्भ ने उन्हें जगाया। उस समय स्वभावतः शिखिध्वज के मन में प्रश्न उठा कि इस परम शान्त पद में द्रष्टा-दृश्य-दर्शनरूप त्रिपुटी का कैसे उदय हुआ। विश्व का स्फुरण कैसे हुआ? कुम्भ ने उन्हें समझाया—अहन्ता और इदन्ता स्वभाव से उद्भूत होती हैं। वास्तव में एकमात्र ब्रह्म ही है।" इस तरह धीरे धीरे दृढ़ता के साथ राजा को कृतकृत्यता प्राप्त हुई। तब राजा के मन में प्रश्न उठा कि इस अमररूप आत्मपद को मैं पहले प्राप्त क्यों नहीं हुआ? कुम्भ ने उन्हें समझाया कि भोगेच्छा न रहने से मन के शान्त होने पर और सब इन्द्रियों के दोषों के परिपक्व होने पर निर्मल गुरुवाक्य चित्त में स्थान प्राप्त करता है। दोषों के परिपक्व होने के अनन्तर ही गुरुवाक्य ने आपको प्रबुद्ध किया है, आपके अज्ञान का विनाश किया है और आपके चित्त को विनष्ट किया है। हृदय में जब तक मन की सत्ता रहती है तब तक अज्ञान निवृत्त नहीं होता है। इसके बाद कुम्भ ने राजा को समझाया कि जीवन्मुक्त पुरुष चित्तशून्य होने पर भी सत्त्वहीन नहीं होते हैं, इसलिए वे स्वेच्छा विहार कर सकते हैं। क्योंकि वासना दो ही प्रकार की हैं—घन वासना और तरल वासना। घन वासना ही मलिन होने के कारण पुनर्जन्म की हेतु है। यही वासना चित्त है। जीवन्मुक्त में यह वासना नहीं रहती है, किन्तु तरल या शुद्ध वासना रहती है। उसका नाम सत्त्व है। उससे विहार किया जा सकता है। मूढ़ चित्त ही चित्त है, प्रबुद्ध चित्त सत्त्व कहलाता है।

तदुपरान्त कुम्भ अन्तर्हित हुए और चूड़ाला का रूप धारण कर राजधानी में पहुँच कर पहले की तरह राजकार्य चलाने लगे। कुछ समय के अनन्तर चूड़ाला फिर योग बल से कुम्भ-शरीर धारण कर शिखिध्वज के निकट लौट आईं। आकर उन्हों ने देखा कि राजा निर्विकल्प समाधि में मग्न हुए हैं। तब उन्हों ने परकाय प्रवेश की प्रणाली से उनके शरीर में प्रवेश कर उन्हें जगाकर उठाया। स्वयं भी पुनः कुम्भ रूप धारण कर निकटस्थ में ही एक जगह सामगान करने लगीं। इधर उस गान का स्वर सुनकर राजा शिखिध्वज के मन में अहंकार और पूर्व स्मृति का उदय हुआ। उन्होंने नेत्र खोलकर कुम्भ को देखा। उस समय दोनों में विविध प्रकार के वार्तालाप हुए।

यहाँ तक राजा के जीवन की कृतकृत्यता का इतिहास है। इसके बाद कुम्भ और राजा ने कुछ दिन एक साथ व्यतीत किये तथा नाना स्थानों में भ्रमण किया। इस बीच में कुम्भ ने कुशलता के साथ राजा की परीक्षा ली। उन्होंने कहा कि किसी कारण वश दुर्वासा के शाप से मैं रात्रि के समय स्त्री मूर्ति बन जाता हूँ और दिन में बाल ब्रह्मचारी कुम्भ के रूप में ही रहता हूँ। इसके अनन्तर कुम्भ की प्रेरणा से महेन्द्र पर्वत पर दोनों का विवाह हुआ और पति पत्नी के रूप में दोनों कुछ दिन रहे। इस प्रकार राजा की अनासक्ति की दृढ़ता की परीक्षा हुई। कुम्भ ने मदनिका के रूप में स्वयं प्रकाशित होकर योगसंकल्प से विनिर्मित किसी पर पुरुष के साथ घनिष्ठता बढ़ाने का अभिनय शिखिध्वज को दर्शाया। शिखिध्वज के मन में किसी विरोधी भाव का उदय होता है या नहीं यह परीक्षा लेना ही उक्त अभिनय का उद्देश्य था। देखने में आया कि शिखिध्वज के चित्त में किसी प्रकार का विकार उत्पन्न नहीं हुआ।

इस प्रकार राग और क्रोध की परीक्षा समाप्त कर चूड़ाला जान सकीं—

नैनं हरन्ति ते भोगा न महत्योऽपि सिद्धयः ।
न सुखानि न दुःखानि नापदो न च सम्पदः ॥

तब उन्होंने राजा शिखिध्वज को अपना असली परिचय दिया। उन्होंने बतलाया कि मैंने ही योगबल से कुम्भ आदि शरीरों का निर्माण कर आपको समय पर ब्रह्मज्ञान प्रदान किया है और आपकी दृढ़ता की परीक्षा ली है। ध्यानयोग से शिखिध्वज ने स्वयं भी सब अतीत वृत्तान्त देख लिये। उन्होंने चूड़ाला को गुरु के रूप में पहचान कर "गुरुर्मे नमोऽस्तु ते" कह कर उनको प्रणाम किया। सत्य प्राप्ति के अनन्तर शिखिध्वज की अवस्था का इस प्रकार वर्णन हुआ है—

न तुष्टोऽस्मि न खिन्नोऽस्मि नायमस्मि न चेतरत् ।
न स्थूलोऽस्मि न सूक्ष्मोऽस्मि सत्यमस्मि च सुन्दरि ॥

यह राजा की अपनी उक्ति है। चूड़ाला ने राजा से पूछा—"राजन्, इस समय आपको क्या अच्छा लगता है ? आपको क्या आकांक्षा है ?" राजा ने कहा,—"मैं अच्छा बुरा नहीं पहचानता, जो आज्ञा दोगी वही करूँगा। चित्त से इष्ट अनिष्ट भाव हट गया है। जिस समय जो उपस्थित हो जाता है वही इच्छा प्रतीत होता है। स्तुति नहीं निन्दा भी नहीं। तुम्हें जो इच्छा है वही करो।"

तदनन्तर उठकर चूड़ाला ने सात समुद्र के जल से भरे हुए रत्नकलस से राज्याभिषेक का संकल्प कर उस मङ्गल कलस से पूर्वाभिमुख राजा का स्वराज्य में अभिषेक किया। स्वर्णसिंहासन पर विराजमान राजा से उन्होंने कहा, "अब आपको मुनियों के योग्य शान्त कर्म का त्याग कर अष्ट लोकपालों का तेज धारण करना होगा।" राजा ने वह स्वीकार किया। महाराज ने तब चूड़ाला को स्नान कराकर महारानी के पद पर अभिषिक्त कर पटरानी बनाया। राजा के आदेश से चूड़ाला ने इच्छा शक्ति प्रभाव से क्षणभर में विराट् और विशाल सेना रचना की। तदनन्तर दोनों आडम्बर के साथ महे पर्वत से अपनी राजधानी को गये। सात दिन नगरोत्स करके शिखिध्वज ने सुदीर्घ काल तक राज्यकार्य सम्पाद कर अन्तिम अवस्था में मोक्षलाभ किया।

## २—देह का रहना क्या है

माँ कहती हैं, ज्ञान होने पर फिर संशय-संसार नहीं रहता है, शरीर भी नहीं रहता है। संसार न रहने प शरीर रहा, यह बात नहीं कही जा सकती। संशय ह ससार है। जब तक हृदय-ग्रन्थिभेद नहीं होता तब त संशय नहीं टूटता है। संशय निवृत्त हुए बिना कर्मक्ष हो गया है यह नहीं कहा जा सकता। वस्तुतः ग्रन्थिभे संशय-निवृत्ति और सर्वकर्मक्षय एक ही अवस्था की केवल विभिन्न दिशाएँ हैं। परमतत्त्व का साक्षात्कार होने पर ह इस अवस्था का उदय होता है। तब संसार नहीं रहता है, शरीर भी नहीं रहता है, यहाँ तक कि 'नहीं रहता है' यह जो बोध है वह भी नहीं रहता है। अज्ञानी की दृष्टि से शरीर में शरीर के रहने न रहने का प्रश्न उठता है, किन्तु ज्ञानी की स्वरूप दृष्टि में इस प्रश्न की कोई सार्थकता नहीं है। माँ ने अपनी अनुपम भाषा में समझाया है, "दो, दो—यह अभाव ही तो देह है" इससे देह के रहने का अर्थ है अभाव-ज्ञान का रहना। अभाव-ज्ञान के रहने पर उसकी निवृत्ति भी आवश्यक है। जहाँ पर वह नहीं है, वहाँ अभाव की निवृत्ति के लिए कर्म भी नहीं है। वह संसार की अतीत अवस्था है। वह संशयहीन परम स्थिति है—वही स्वभाव या स्वरूप में स्थिति है। यहाँ का द्वन्द्व कोलाहल वहाँ पहुँच नहीं सकता है, वह नित्य निरञ्जन अवस्था है। इसलिए मैं

कहती हैं, "एकदम धोया पोछा—'नहीं भी' नहीं है।" प्रपञ्च-निवृत्ति निवृत्ति मात्र है प्रपञ्चमिथ्या मिथ्या मात्र है। किन्तु जहाँ पर निवृत्ति भी निवृत्ति हो जाती है एवं मिथ्या भी मिथ्या हो जाता है, वहाँ कुछ कथनीय रहता ही नहीं—उसीका नाम 'धोई पोछी' अवस्था है, वहाँ 'नहीं' भी रहता नहीं, नहीं नहीं हो जाता है। पहले negation, उसके अनन्तर negation का negation, मनुष्यों की भाषा में इससे अधिक स्पष्टरूप से चरम तत्त्व का वर्णन नहीं हो सकता। अतएव शिखिध्वज ने जो चूड़ाला के उपदेश से ज्ञान होने के अनन्तर राज पाट किया था यह कहा जाता है वह सांसारिक दृष्टि से है, स्वरूप दृष्टि में तो इस तरह की बात उठ ही नहीं सकती।

## ३—धारा, धरा और अधरा—

माँ कहती हैं—"धारा ( मार्ग ) के रहने पर ही धरा ( गम्य स्थान ) है, और धरा ( गम्य स्थान के रहने पर ही अधरा ( उसके अतीत अगम्य स्थान ) भी है।' यदि धरा प्राप्त करना हो तो किसी न किसी पद्धति या उपाय का अवलम्बन करना होगा।

यद्यपि अनुपाय मार्ग का भी शास्त्रों में वर्णन आया है, यह सत्य है, तथापि यह स्मरण रखना होगा कि इस जगह भी अनुपाय का भी उपाय के रूप में अवलम्बन हुआ है। अनुपाय शब्द से 'उपाय का अभाव' यह अर्थ प्रतीत नहीं होता। 'अत्यन्त क्षुद्र उपाय' यही अनुपाय शब्द का तात्पर्य है। इसी कारण अनुपाय का भी उपाय के रूप में प्रतिपादन किया गया है। पद्धति अथवा मार्ग का अनुसरण कर चलते रहने पर कभी न कभी उनकी ( भगवान् की ) कृपा का उदय होता है। उस समय वे सहसा अपने को धरा देते हैं। धारा ( पद्धति ) का अनुसरण कर कितने समय तक एवं किस प्रकार चलना होगा, यह बतलाना कठिन है, क्योंकि सबके अधिकार एक से नहीं होते हैं। फिर भी यह सच है कि यदि गम्य स्थान पर पहुँचना हो तो मनुष्य के दृष्टि कोण से धारा ( पद्धति ) का अवलम्बन अवश्य करना चाहिये। हाँ, उनकी अहेतुकी कृपा के कारण धारा (पद्धति या मार्ग) का अवलम्बन न करने पर भी धारा-अवलम्बन करने के फल की प्राप्ति नहीं हो सकती हो, ऐसी बात नहीं है। किन्तु यहाँ पर उसकी आलोचना की आवश्यकता नहीं है। जीव का कर्तव्य है, किसी न किसी मार्ग का अवलम्बन कर उनको ( भगवान् को ) लक्ष्य में रख कर चलना। लक्ष्य-भ्रष्ट न हो, यही उसका प्रथम ध्येय विषय है। लक्ष्य स्थिर रहने पर धरा ( गम्य स्थान प्राप्ति ) अवश्यम्भावी है। वस्तुतः 'धरा' ना की पृथक् कोई वस्तु नहीं है—एकमात्र अधरा ही सर्वातीत भाव से विराजमान रहते हैं। किन्तु जब साधक धारा का अवलम्बन कर चलता है उस समय वह विश्वातीत अधरा ही कृपा परवश होकर उतर आते हैं एवं दुर्बल साधक के हाथ अपने को पकड़ा देते हैं। साधक जब कोई प्रश्न करता है तब किसी न किसी धारा का अवलम्बन करके ही करता है। क्योंकि हरएक मनुष्य का अपना एक दृष्टिकोण रहता है। जहाँ से जो प्रश्न करता है वहीं से उसके प्रश्न का समाधान होता है। इसी कारण जगत् में विविध मतों का उदय हुआ है—"नासौ मुनिर्यस्य मतं न भिन्नम्।" वास्तव में किसी को गलत नहीं कहा जा सकता। क्योंकि प्रत्येक मत किसी न किसी धारा से उत्पन्न हुआ है। इसलिए सभी धाराएँ अपेक्षाकृत सत्य हैं। एक धारा जिस प्रकार सत्य है, दूसरी धारा भी ठीक उसी प्रकार सत्य है, एवं साथ ही साथ यह भी सत्य है कि सब धरा के मूल में वही एक अधरा निहित हैं। वास्तव में अधरा ही अपने को धरा देते हैं,—धरा होकर—इष्ट होकर विभिन्न साधकों के निकट विभिन्न भावों में

प्रकाशित होते हैं। धरा और अधरा एक महासत्ता की दो दिशाएँ हैं। एक दिशा में परिधि का घेरा है, भाव की सीमा रेखा है और वर्ण की सजावट है। दूसरी दिशा में परिधि नहीं है, इसलिए वह नित्य मुक्त है, भावातीत है, इसलिए असीम है; वर्ण नहीं है, इसलिए सदा स्वच्छ है। ये दोनों परस्पर विरुद्ध प्रतीत होने पर भी दोनों ही एक (अभिन्न) हैं। फिर ऐसी स्थिति भी है, माँ कहती हैं, "जहाँ पर धरा और अधरा का प्रश्न नहीं है, एकमात्र 'वही", अर्थात् जहाँ धारा है धरा है, इसीलिए साथ ही साथ अथ च असंगरूप अधरा भी है; एवं जहाँ धारा का प्रश्न नहीं है वहाँ कहाँ है? अधरा भी कहाँ है? और वह प्रश्न ही कहाँ कुछ भी नहीं है अथ च सभी कुछ है। रहने न रहने विरोध जहाँ पर नहीं है वही 'तत्' है वही 'वही' वहाँ मत मतान्तर के लिए अवकाश नहीं है।

# अमरवाणी

## (छः)

*प्रश्न*—एकांश ध्यान से सर्वांश ध्यान कैसे होगा? ध्यान तो केवल एकांश में ही हो सकता है। कहा जाता है कि ध्यान से मन क्रमशः वृहत्तर वस्तु को धारण करता है, बाद में जब अधिक धारण करना मन की शक्ति के बाहर हो जाता है तब मन का अपने आप ही लय हो जाता है। तब फिर ध्यान नहीं रहता है, तब वह ज्ञान है। ऐसा किसी किसी का मत है। किस प्रकार मन का यह सर्वव्यापित्व हो सकता है इसे समझने में मैं समर्थ नहीं हो रहा हूँ।

*माँ*—**जब चित्त अपने आप ही ध्यान के उन्मुख होता है तब ध्यान होता है। ध्यान तो होना चाहिये। अच्छा, मन का जो लय हो जाता है कहते हो, मन उत्पन्न कहाँ से होता है?**

*प्रश्नकर्ता*—आत्मा से। श्रुति में कहा है, छाया के तुल्य आत्मा से उत्पन्न हुआ है।

*माँ*—**जहाँ उत्पन्न होता है वहाँ नष्ट भी— यह कैसी बात है? तब तो पुनः उत्पन्न होगा? यह जो कहते हो कि मन सर्वव्या है, यह बात मैं समझ नहीं सक रहा हूँ समझने की वस्तु ही नहीं है, इसीलिए सम नहीं सक रहे हो। वह समझने योग्य है, वस्तु भी नहीं है। संसार के विषय भो का अनुभव करते हो, और जब इस ध्यान क्षणिक एक सुख या आनन्द का अनु करते हो, वह भी तो अनुभव ही किन्तु पूर्वोक्त अनुभव से उसमें अन्तर है।**

**यह जो तुमने कहा—समाधि से उतर कहना, यहाँ उतरना चढ़ना रहता है, यदि**

रहता तो कहते क्यों ? फिर जहाँ उतरने चढ़ने का प्रश्न नहीं है, ऐसी भी तो एक स्थिति है। यदि कहो कि समाधि में मन रहता है, यदि न रहे तो व्युत्थान दशा में समाधि के अनुभवों को, थोड़े बहुत जितने भी हों, साधक कह सकता है, कहेगा कैसे ? वह चाहे जो भी मन हो, जैसे शुद्ध मन। मैं तुम्हारी जगह से ही कह रही हूँ। अनुभव तो रास्ते की बात है। यद्यपि पूर्वोक्त दो प्रकार के अनुभवों में तारतम्य है, फिर भी मन के विभिन्न स्थानों की बात ही तो है। समाधि भी तो कहते हो। अच्छा एक ऐसे दूसरे स्थान की भी बात है जहाँ उतरने चढ़ने का प्रश्न ही नहीं है। इसी कारण उस स्थान पर शरीर का भी प्रश्न नहीं है। शरीर, कर्म और प्रश्न का उत्थापन यदि हो तो वह स्थिति नहीं है। मन का जो लय होता है कहते हो, तब लय कहाँ होता है ?

**प्रश्नकर्ता**—आत्मा में ही लय होता है।

**माँ**—जैसे नमक का गल कर लय होता है वैसे ही मन का आत्मा में लय होता है यही न। कहते हैं किसी दृष्टि में ऐसा भी तो है। जहाँ पर लय की बात है, वैसे यदि कोई सिद्ध योगी हों तो वे अलग कर, निकाल कर ला सकते हैं।

**प्रश्नकर्ता**—आत्यन्तिक नाश की बात हो रही है।

**माँ**—क्या नाश लय है ? ना—स, अर्थात् वह नहीं, जहाँ स्व नहीं उसी को तो नाश कहते हो ? जहाँ पर नाश का नाश हो जाता है। मनोनाश को क्या लय कहते हो ?

---

# व्याख्या

## १—ध्यान करना और ध्यान होना—

मां कहती है; "चित्त के अपने आप ध्यानोन्मुख होने पर, ध्यान होता है; ध्यान तो होना चाहिये।" इसी से ज्ञात हो सकता है कि स्वाभाविक रूप से ध्यानस्थ होने की एक अवस्था है उक्त अवस्था का उन्मेष होने पर प्रयत्नपूर्वक ध्यान नहीं करना पड़ता है; चित्त अपने आप ही ध्यान में मग्न हो जाता है। उस अवस्था का मां ने 'ध्यान पाना' नाम दिया है। मनुष्य को जिस समय नींद आती है उस समय जैसे प्रयत्न-पूर्वक सब इन्द्रियों को उनके विषयों से लौटाना नहीं पड़ता है, वे सब स्वभावतः ही अपने आप अन्तर्मुख हो जाती है, वैसे ही अपने आप ध्यान होने की एक अवस्था है। नींद न आने पर भी प्रयत्नपूर्वक नींद नहीं बुलाई जाती है ऐसी बात नहीं है, पर उसमें समय लगता है और वह

कष्टसाध्य है । नींद आने के लिए चेष्टा करने का अभ्यास करते करते चेष्टा के बिना ही नींद आ जाती है । ध्यान के सम्बन्ध में भी ठीक ऐसा ही समझना चाहिये । चित्त के स्वतः ध्यान के उन्मुख होने की यदि अवस्था न हो तो यथार्थ ध्यान नहीं होता, यह सत्य है, किन्तु पहले से ही यह अवस्था प्राप्त नहीं हो सकती, इसलिए अस्वाभाविक होने पर भी कृत्रिम उपाय से ध्यान के लिए चेष्टा करनी पड़ती है ।

योगसूत्र के रचयिता भगवान् पतञ्जलि ने साधारणतः समाधियोग और क्रियायोग के भेद से योग का दो श्रेणियों में विभाग किया है । जिस साधक का चित्त व्युत्थित अर्थात् बहिर्मुख हो उसे क्रियायोग करना चाहिये । किन्तु जिसका चित्त अन्तर्मुख अथवा समाधि की ओर झुकाव रखने वाला हो, केवल उसी के लिए समाधियोग उपयुक्त है । पतञ्जलि ने क्रियायोग के रूप में तपस्या, स्वाध्याय अर्थात् जप और सद्ग्रन्थ-पाठ तथा ईश्वरप्रणिधान अर्थात् भजन, इन तीनों का उल्लेख किया है । इन तीनों का चाहे समान रूप से चाहे गौणमुख्य रूप से अनुष्ठान होने पर क्रियायोग सिद्ध होता है । चित्त की प्रकृति के अनुसार किसी की साधना में तपस्या मुख्य रहती है किन्तु अन्य दो साधन के अङ्ग भी गौण रूप से उसमें रहते हैं । किसी की साधना में स्वाध्याय की प्रधानता रहती है अथवा भजन की प्रधानता रहती है । परन्तु उसमें भी गौणरूप से अन्य दो अङ्गों का सन्निवेश रहता है । मगर किसी विशेष व्यक्ति द्वारा तीनों ही अङ्गों का समभाव से भी अनुष्ठान हो सकता है । दीर्घ काल तक यथाविधि अपने अपने गुरु द्वारा निर्दिष्ट प्रक्रि से क्रियायोग के मार्ग में अग्रसर हो सकने उसके प्रभाव से चित्त क्रमशः व्युत्थित भाव बहिर्मुखता का त्याग कर शान्तभाव धारण करता एवं अन्तर्मुख होता जाता है । उस समय समाधियोग का अभ्यास कर सकता है । समाधियो के अभ्यास में ध्यान की प्रधानता रहती है । चि जब तक चञ्चल रहता है तब तक अन्तर्मुखता नहीं आ सकती । इसलिए वास्तविक ध्यान मार्ग में अग्रसर होना संभव नहीं । किन्तु फि भी साधक को ध्यान की योग्यता प्राप्त करने लिए किसी न किसी प्रकार की क्रिया का अवलम्ब कर साधन पथ पर आगे बढ़ना चाहिये । वह योग है, साक्षात्-रूप से योग न होने पर भी परम्परारूप से योग है ।

क्रियायोग से चित्त एक ओर चञ्चलता परित्याग करता है और अन्तर्मुख होता है, जिससे अनायास प्रज्ञा अथवा ज्ञान का उदय हो सक है । किन्तु क्रियायोग का मुख्य फल है चित्त स्थित अज्ञान आदि सब क्लेशों को तनु ( सूक्ष्म ) करना । साधक के चित्त में अनन्त क्लेश संस्कार-रूप में सञ्चित रहते हैं । क्लेशों के अनन्त हो पर भी समझने तथा समझाने की सुविधा के लि वे प्रधानतः पाँच श्रेणियों में विभक्त किये जाते हैं उनके नाम हैं—अविद्या, अस्मिता, राग, द्वेष और अभिनिवेश । अज्ञानमूलक सभी संस्कार किसी किसी रूप से इन पाँच क्लेशों के अन्तर्भूत हैं ये सब क्लेश कभी कभी अभिव्यक्त अवस्था वृत्तिरूप से कार्य करते हैं, कभी कभी अव्य अवस्था में संस्काररूप से रहते हैं । अव्यक्त क्ले

को हम लोग सहसा क्लेश के रूप में पहिचान नहीं पाते। किन्तु जब तक वे साधनाओं के प्रभाव से क्षीण नहीं होते तब तक उनका बल और अस्तित्व पूर्णरूप से ही विद्यमान रहता है। इसलिए अव्यक्त क्लेश सुप्त अथवा विच्छिन्न माने जा सकते हैं, अथवा साधनों के प्रभाव से क्षीण हो जाने के कारण तनु ( सूक्ष्म ) भी कहे जा सकते हैं।

पूर्व में जो क्रियायोग का वर्णन किया गया है उसका समुचितरूप से अनुष्ठान होने पर क्लेश या संस्कार सब तनु (सूक्ष्म) अवस्था को प्राप्त हो जाते हैं अर्थात् उनकी विक्षेप शक्ति अथवा आवरण शक्ति निर्बल होकर मन्द पड़ जाती है। क्रियायोग के अलावा और किसी भी उपाय से क्लेशों का क्षय होना सम्भव नहीं है। अन्य चाहे जिस किसी उपाय का अवलम्बन किया जाय उससे क्लेशों को दबा कर रक्खा जा सकता है जिसके कारण क्लेश उन्मुख होकर तत्काल अपना काम न कर सकें। किन्तु क्लेशों का अस्तित्व और गुरुत्व पहले की तरह ज्यों का त्यों ही रहता है। किसी प्रकार की उत्तेजना या उद्दीपक कारण के उपस्थित होते ही वे सब सुप्त क्लेश प्रबल वेग से दुर्दान्त रूप धारण करते हैं एवं मनुष्य को बहुधा गलती करने के लिए बाध्य करते हैं। ये सब सुप्त क्लेश अत्यन्त भीषण हैं, क्योंकि उनका अस्तित्व दिखाई नहीं देता एवं उनमें तीव्रता और विरोधी भाव प्रबल रहता है। क्रियायोग में ऐसी शक्ति है, कि वह उनके बल को क्षीण कर सकता है। इनका प्रताप तब मन्दा पड़ जाता है फिर भी निश्शेष नष्ट नहीं होता। क्योंकि क्रिया के प्रभाव से संस्कार नष्ट नहीं होते। संस्कारों के नाश का एकमात्र उपाय ज्ञानरूप अग्नि है। पर क्रिय ज्ञान की उद्बोधक होने के कारण परम्परा से उसका कारण है यह सत्य है।

क्रियायोग चाहे जिस किसी प्रकार का क्यों न हो, उसके द्वारा चित्त क्रमशः ध्यानोन्मुख होता है। जिसका मन पहले से ही अन्तर्मुख रहा उसके लिए क्रियायोग की उतनी आवश्यकता नहीं है यह सही है, किन्तु जो पहले पहल साधन मार्ग में पदार्पण करते हैं उनके लिए, जिस किसी धारा का अवलम्बन करके ही क्यों न हो, क्रियायोग अवश्य ही ग्रहणीय है। चित्त में ध्यान के लिए उन्मुखता जाग्रत् होने पर चित्त बिना प्रयत्न के ही ध्यानस्थ हो जाता है एवं क्रमशः ध्यान की गहरी तह में मग्न होने में समर्थ होता है। चञ्चल चित्त से प्रयत्नपूर्वक ध्यान करने की कोशिश की जाय तो ऐसा नहीं होता है। इसीलिए माँ ने कहा है, "चित्त के अपने आप ध्यानोन्मुख होने पर ध्यान होता है।" वही वास्तविक ध्यान है, वही होना आवश्यक है। प्रथम अभ्यासी के लिए कृत्रिम ध्यान भी सराहनीय है। पर वह प्राथमिक अवस्था है। क्रमशः वह कृत्रिम ध्यान स्वाभाविक ध्यान में परिणत हो जाता है।

इस प्रसंग में किसी के मन में प्रश्न उठ सकता है कि कृत्रिम ध्यान तथा स्वाभाविक ध्यान में क्या अन्तर है? दोनों की प्रक्रिया तथा लक्ष्य में कोई भेद है क्या? इन प्रश्नों का समाधान करने के पहले संक्षिप्त रूप से ध्यान के तत्त्व पर विचार करना आवश्यक प्रतीत होता है।

अति प्राचीन काल में जब कि भारतवर्ष में बौद्ध धर्म का आविर्भाव हुआ था उस

समय वैदिक धर्म के अनुयायी ऋषियों की तरह बहुत बड़ी संख्या में बौद्ध योगियों का आविर्भाव हुआ था। अन्यान्य साधनों की अपेक्षा वे ध्यान की साधना में अधिक मनोयोग देते थे। क्योंकि ध्यान के सब गूढ़ रहस्यों की चित्त के विश्लेषण के साथ उन्होंने जैसी विशद व्याख्या की है वैसी अन्यत्र कहीं दिखाई नहीं देती। इस प्रसङ्ग में हम अति प्राचीन योगि-सम्प्रदाय के मत की आलोचना पूर्वक ध्यान तत्त्व के ऊपर प्रकाश डालने का प्रयत्न करते हैं।

साधन-मार्ग में तीन मूल तत्त्व दृष्टिगोचर होते हैं—प्रथम शील, द्वितीय समाधि एवं तृतीय प्रज्ञा। प्रज्ञा अथवा निर्मल ज्ञान की प्राप्ति ही साधक जीवन का लक्ष्य है। किन्तु जब तक चित्त समाहित न हो और संस्कारविहीन न हो तब तक चित्त प्रज्ञारूप विशुद्ध ज्ञान का अधिकारी नहीं हो सकता। पक्षान्तर में यह भी सत्य है कि जब तक चित्त शील और संयम के अनुशीलन के प्रभाव से भली भाँति परिशोधित नहीं होगा तब तक वह शान्त भी नहीं होगा और समाहित भी नहीं होगा। इसीलिए आचार्यों ने पञ्च शील अथवा दश शीलों की व्यवस्था की है। योगियों के यम, नियम आदि इन्हीं के अन्तर्गत हैं। वर्तमान समय में समाज में जो असंयत और उच्छृङ्खल जीवन की धारा बह चली है उससे संयम का आदर्श दूर से भी दूर होकर प्रायः अस्तंगत हो पड़ा है। संयमव्रत के द्वारा हो चाहे प्रकारान्तर से ही हो जीवन को कतिपय नियमों के द्वारा नियन्त्रित रखना चाहिये। जब तक बन्धन स्वीकार नहीं किया जायगा तब तक बन्धन से मुक्ति नहीं मिल सकेगी। एकान्त में निवास, गुरु द्वारा उपदिष्ट प्रक्रिया के अनुसार विविध प्रकार के संयमों का अनुष्ठान तथा उत्कण्ठा, भय, प्रलोभन आदि भावों से रहित होकर निष्ठा के साथ अविच्छिन्न रूव से दीर्घ काल तक किसी एक साधना का यथाविधि अभ्यास करना अत्यन्त आवश्यक है।

इस अभ्यास में दृष्टान्त के रूप में हम दृष्टि अभ्यास को लेते हैं। क्योंकि दृष्टि के स्थिर होने पर सब इन्द्रियों की वृत्तियाँ स्थिर हो जाती हैं एवं मन में भी स्थिरता प्राप्त होती है। आचार्य दृष्टि को स्थिर करने के लिए अभ्यासी साधकों के लिए किसी एक अवलम्बन को ग्रहण करने का उपदेश देते हैं। दृष्टि के सन्मुख उस अवलम्बन को स्थिररूप से रखकर दृष्टि की स्थिरता का अभ्यास करना आवश्यक है। उक्त अवलम्बन कोई भी वस्तु हो सकती है। क्योंकि 'यथाभिमतध्यानाद् वा' यह योगशास्त्र का सिद्धान्त है। फिर भी व्यक्ति विशेष के अधिकार तथा योग्यता के तारतम्य वश विभिन्न साधकों के लिए उक्त अवलम्बन का तारतम्य रहता है। स्थिर दृष्टि से उस अवलम्बन को देखने के लिये चेष्टा करनी पड़ती है। जो लोग त्राटक का अभ्यास करते हैं, उनकी साधना भी एक प्रकार से इसी के अन्तर्गत है। दृष्टि के पलक गिरते समय चित्त में उस अवलम्बन की अनुरूप छाया को यथार्थ रूप से देखने का अभ्यास करना चाहिये। इस तरह पुनः पुनः अभ्यास करते करते ऐसी एक अवस्था का उदय होता है जिस समय आँखें बन्द करके भी अन्तर्दृष्टि से वह अवलम्बन ठीक चाक्षुष प्रत्यक्ष के समान ही दिखाई

देता है । योगी लोग उस अवलम्बन को 'निमित्त' कहते हैं । जिस समय प्रारम्भिक अवस्था में बाह्य अवलम्बन का दर्शन कर भीतर उसके अनुरूप छाया के चिन्तन का प्रयत्न किया जाता है उस समय इस अवलम्बन का 'परिकर्म निमित्त' नाम पड़ता है । साधारणतः हर एक साधक उससे परिचित हैं । किन्तु जिस समय नेत्र बन्द करके भी पहले की तरह वह अवलम्बन चित्त में विद्यमान दिखाई देता है उस समय उसका पारिभाषिक नाम पड़ता है 'उद्ग्रह निमित्त' । जिस अवस्था में उद्ग्रह निमित्त का आविर्भाव होता है उस अवस्था में बाहरी अवलम्बन की फिर आवश्यकता नहीं रहती है। फोटोग्राफिक कैमरे के द्वारा कोई चित्र लेने पर वह जैसे फोटोग्राफिक प्लेट पर स्थायी रूप से अङ्कित हो जाता है किन्तु साधारण दर्पण में प्रतिबिम्बित चित्र वैसा नहीं होता है, वैसे ही परिकर्म निमित्त और उद्ग्रह निमित्त का अन्तर समझना चाहिये । अर्थात् परिकर्म निमित्त अस्थायी अङ्कन है एवं उद्ग्रह निमित्त स्थायी अङ्कन है । उद्ग्रह निमित्त की प्राप्ति होने के अनन्तर वास्तविक ध्यान का कार्य आरम्भ हुआ यह कथन सगत होता है । किन्तु वह निम्न स्तर का ध्यान है, इसमें सन्देह नहीं है । उद्ग्रह निमित्त ही धारणा है, क्योंकि उस अवस्था में ही चित्र चित्त में ठहरता है, चला नहीं जाता ।

तदनन्तर सुदीर्घ काल तक उद्ग्रह निमित्त रूप अवलम्बन को अन्तर्दृष्टि द्वारा लक्ष्य में रखने पर ऐसा एक समय आता है जिस समय वह हट जाता है । उस समय एक अभूतपूर्व ज्योतिर्मय प्रकाश का आविर्भाव होता है । उसका पारिभाषिक नाम 'प्रतिभाग निमित्त' है । मनोमय क्षेत्र में उस अन्तर्निहित ज्योति के उदय के साथ साथ विज्ञान का पथ प्रशस्त हो जाता है । जो सब दोष और विघ्न चित्त में रह कर चित्त के एकाग्र होने में बाधा डालते हैं, वे सब दोष और विघ्न उक्त प्रकाश के आविर्भाव के साथ ही साथ निर्बल हो जाते हैं । वे सबके सब उसी समय नष्ट नहीं होते किन्तु उनकी उत्थान शक्ति नष्ट हो जाती है । योगियों ने उन सब विघ्न बाधाओं को समझने की सुविधा के लिए पाँच श्रेणियों में विभक्त किया है ।

उक्त प्रकाश का उदय होने के अनन्तर वास्तविक ध्यान की अपेक्षाकृत उच्च अवस्था का उदय होता है । उसका नाम 'उपचार ध्यान' है । वह भी ध्यान की पूर्णावस्था नहीं है । क्योंकि ध्यान की पूर्णावस्था होने पर एकाग्रता का आविर्भाव अवश्यम्भावी है एवं क्षणभर के लिए भी यदि एकाग्रता की प्राप्ति हो जाय तो ऐसी स्थिति में अनन्त काल के लिए चित्त का रूपान्तर हो जता है। अर्थात् लौकिक चित्त दिव्य चित्त में परिवर्तित हो जाता है। चित्त के जिन नैसर्गिक विघ्नों की चर्चा की गई है, उनका यहाँ पर विस्तारपूर्वक उल्लेख करने की आवश्यकता नहीं है । फिर भी यह सत्य है कि ध्यान के प्रत्येक अङ्ग के परिपूर्ण होने के साथ ही साथ उसके विरोधी सब अन्तराय हट जाते हैं। चित्त की पञ्चम अवस्था में एकाग्रता सिद्ध होती है। किन्तु उस अवस्था को प्राप्त करने के लिए वितर्क, विचार, प्रीति और सुख—इन चार अवस्थाओं को क्रमशः प्राप्त कर धीरे धीरे उनका परिहार कर आगे बढ़ना चाहिये । सुख के परिहार के साथ सुख दुःख के अतीत साम्यभावमय उपेक्षा का उदय

होता है। तभी चित्त की यथार्थ एकाग्रता होती है। चित्त में एकाग्रता के जागने पर चित्त की चञ्चलता चली जाती है, कामना, वासना आदि चित्त पर फिर आक्रमण नहीं करते हैं एवं अखण्ड चित्त एकाग्र अवस्था में आलम्बन अथवा निमित्त को पूर्णरूप से आत्मसमर्पण करता है। उस समय ज्ञान और ज्ञेय का कोई भेद नहीं रहता है। उसी का नाम अर्पणा है, उसीको समाधि कहते हैं। उक्त अवस्था का अतिक्रमण न कर सकने पर विशुद्ध ज्ञान के प्रकाश का उदित होना असम्भव है।

ऊपर लिखे गये विवरण से यह जाना जा सकता है कि ध्यान करना और ध्यान होना—इनमें क्या अन्तर है। परिकर्म निमित्त का अवलम्बन करके जो ध्यान किया जाता है वह वास्तव में ध्यान ही नहीं है फिर भी उसे ध्यान कहा जाता है। वह ध्यान करने की अवस्था है। उद्ग्रह रूप निमित्त के अवलम्बन से जो ध्यान होता है वह इसकी अपेक्षा श्रेष्ठ है। किन्तु यह भी ध्यान करना है, स्वाभाविक ध्यान नहीं है। क्योंकि जब तक प्रतिभाग निमित्त का उदय नहीं होता तब तक स्वभाव का विकास नहीं होता है, आवरण नहीं हटता है एवं प्रकाश का उन्मेष नहीं होता है। अतएव प्रतिभाग निमित्त का अवलम्बन करके जो ध्यान होता है, जिसका नामान्तर उपचार ध्यान है, वही वास्तविक ध्यान है, पर वह निम्न स्तर का ध्यान है। वह वास्तविक ध्यान के अन्तर्गत होने पर भी आभासरूप है। उक्त अवस्था में ध्यान के साथ ज्ञान का उन्मेष होता है। एवं थोड़ा थोड़ा करके धीरे धीरे चित्त के मल और विक्षेप का नाश होता है। 'उपचार' ध्यान के बाद 'अर्पणा' का उदय होता है, वही यथार्थ ध्यान है। वह स्वभा का खेल है। उसमें कृत्रिमता भी नहीं रहती है। उस अवस्था में चित्त पूर्णरूप से बदल जाता है। उसके प्राप्त होने पर फिर पूर्व अवस्था की प्राप्ति अर्थात् वास्तव में पतन नहीं हो सकता।

## २—ध्यान और मन का लय

कुछ लोगों का मत है कि ध्यान करते करते मन का लय हो जाता है। क्रमशः ध्यान का अभ्यास बढ़ने एवं शास्त्रोक्त विधि के अनुसार ध्यान करने पर एक ऐसी अवस्था का उदय होता है जिसमें चित्त अवलम्बन का त्याग कर निरालम्ब अवस्था को प्राप्त होता है। चित्त की वृत्ति और संस्कार ये दो ही अवस्थाएँ हैं। जब चित्त ज्ञेय विषय के सम्पर्क में परिणत अवस्था को प्राप्त होता है उस समय वह विषयों से रँग जाता है तथा तदाकाराकारित हो जाता है। वह रँग जाना साधारणतः प्रारम्भिक अवस्था में इन्द्रियप्रणाली द्वारा ही होता है। किन्तु परिणत अवस्था में इन्द्रियों का सहकार उत्प आवश्यक नहीं है। वायु के हिलोरों से जैसे शान्त समुद्र विक्षुब्ध होकर तरङ्गों के रूप में परिण होता है ठीक वैसे ही विषय-सम्पर्क से चित्त भी परिणाम को प्राप्त होकर विषयाकार धारण करता है। उसी का नाम चित्तवृत्ति है। किन्तु चित्त सदा वृत्ति-अवस्था में स्थित नहीं रहता है। वृत्ति की निवृत्ति होने पर वह संस्कार रूप से अथवा वासना के रूप से चित्तक्षेत्र में बीज का आकार धारण करके रहता है। वस्तुतः उस समय वृत्तिरहि

चित्त संस्कार रूप से ही रहता है। उद्दीपक कारण की प्रेरणा से वे सब संस्कार फिर जाग्रत् होकर वृत्ति का रूप धारण करते हैं। वृत्ति और संस्कार का चक्र इस प्रकार निरन्तर चलता रहता है। चित्त चाहे किसी अवस्था में क्यों रहे वह पूर्णतः स्थिरता प्राप्त नहीं कर सकता। क्योंकि वह परिणामशील होने के कारण सदैव चञ्चल रहता है। यहाँ तक की संस्कार-अवस्था में भी चित्त का वह सूक्ष्मस्पन्दन निवृत्त नहीं होता है। एकमात्र आत्मस्वरूप में स्पन्दन नहीं रहता—वह संस्कारातीत अवस्था है। ध्यानावस्था में चित्त क्रमशः सूक्ष्म से भी सूक्ष्मतर अवलम्बन का आश्रयण कर निवृत्ति की ओर अग्रसर होता है। जैसे स्थूल अवलम्बन के प्रभाव से चित्त स्थूल आकार में प्रकाशित होता है वैसे ही सूक्ष्म अवलम्बन के प्रभाव से चित्त सूक्ष्म अवस्था धारण करता है। ये दोनों स्थूल और सूक्ष्म अवलम्बन ध्यान के विषयीभूत ग्राह्य वस्तु के सिवा और कुछ नहीं हैं।

वितर्कानुगत समाधि में अवयवी रूप स्थूल अवलम्बन विद्यमान रहता है। किन्तु उसके अनन्तर सूक्ष्म अवलम्बन का ग्रहण करने पर परमाणु से लेकर सूक्ष्मतर सभी तत्त्व प्रकाशित होते हैं। उस समय प्रकृति के अन्दर की सूक्ष्म ग्राह्य सत्ता साधक के सन्मुख प्रकट होती है। वस्तुतः वह स्थूल और सूक्ष्म सत्ता समाहित योगियों के चित्त का ही स्थूल और सूक्ष्म रूपमात्र है। उसके बाद करणरूपी अवलम्बन का आश्रय कर ध्यान होता है और गाढ़ होते होते वह सानन्द समाधि में पर्यवसित हो जाता है। उस अवस्था में चित्त स्थूल और सूक्ष्म विषयों के आकार का भेदन कर स्वयं ही ज्ञान के करण रूप में प्रकट होता है।

उस समय प्रज्ञा के सन्मुख ज्ञेय रूप में पृथक् कोई सत्ता नहीं रहती है। वह करण रूप में परिणत चित्त सत्त्व में विलीन हो जाता है। उसके बाद भी चित्त अपने स्वरूप में अर्थात् ज्ञाता के रूप में विश्राम लेता है। यही सम्प्रज्ञात समाधि में उच्चतम अवस्था है। उस अवस्था में एकमात्र "मैं हूँ" इस प्रकार से प्रकाशमान सत्ता का केवल बोध होता है। उस समय बाहर में ग्राह्य कुछ भी नहीं रहता एवं करणरूपी ग्रहण भी नहीं रहता है। दोनों ही ग्रहीता चित्तस्वरूप में विलीन हो जाते हैं। एकमात्र चित्त ही उस समय 'अस्मि' रूप में अपने में आप ही विराजमान रहता है। वही विश्व की बीज-अवस्था है। ज्ञान आदि अनन्त विभूतियाँ उस अणुरूप अस्मिता का अवलम्बन कर ही प्रकाशित होती हैं। वह अस्मिता ही अभिव्यक्त सम्पूर्ण सृष्टि का केन्द्र अथवा बिन्दु है। चित्त में एकाग्र वृत्ति का चरम उत्कर्ष होने पर उस बिन्दु में स्थिति होती है। उसके बाद फिर चित्त के पुनः प्राप्त होने की सम्भावना नहीं रहती है। इस अस्मिता रूप ग्रन्थि का हृदयग्रन्थि के रूप में महापुरुषों ने वर्णन किया है। सांसारिक दृष्टि से यह उच्चतम अवस्था होने पर भी वास्तव में अविवेक या अज्ञान की ही अवस्था है। चित् और अचित् की अविवेकरूपा इस मूल ग्रन्थि के उच्छिन्न हुए बिना चित्त वृत्ति की अवस्था से संस्कार अवस्था में नहीं पहुँच सकता है। जिसे सर्वज्ञत्व या सर्वविषयक ज्ञान का उदय कहते हैं उसका परिचय इस अस्मिताक्षेत्र में ही प्राप्त होता है।

अस्मिता का विनाश करने वाला विवेकज्ञान सर्वज्ञत्व के भी अतीत की अवस्था है। क्योंकि उस अवस्था में चित्त क्रमशः निरोध की ओर अग्रसर होता है। विवेकज्ञान का क्रमविकास वास्तव में चित्त निवृत्ति की ही क्रमवृद्धि का इतिहासमात्र है। उसका पर्यवसान एकमात्र विवेकख्याति के अन्तिम क्षण में प्राप्त होता है, जिसके बाद इस महाख्याति का भी निरोध होने से आत्मा गुणमुक्त होकर निज स्वरूप में स्थिति को प्राप्त होता है।

पूर्वोक्त विवेचन से विदित होता है कि ध्यान अथवा समाधि की पूर्णता वश प्रज्ञा अथवा ज्ञान का उदय होता है। चित्त या मन उस समय भी विद्यमान रहता है। उसके बाद असम्प्रज्ञात समाधि की चरम अवस्था में पूर्वोक्त प्रज्ञा का भी निरोध हो जाता है, अर्थात् ज्ञान का उदय होने से अज्ञान की निवृत्ति हो जाने पर ज्ञान का भी निरोध हो जाता है। ज्ञान के निरोध के साथ चित्त का अतिक्रमण होता है और आत्मस्वरूप में स्थिति होती है। इसलिए ध्यान से ज्ञान और ज्ञान से स्वरूपस्थिति यही शास्त्रोक्त स्वाभाविक क्रम है।

जिस का कुछ लोग चित्त के लय के रूप से उल्लेख करते हैं वह इसी प्रणाली के अन्तर्गत केवल एक अवान्तर स्थितिमात्र है। चित्त का लय स्वीकार करने पर व्युत्थान भी अवश्य मानना होगा। किन्तु भगवान् के परमधाम अथवा आत्मस्वरूप में स्थिति प्राप्त होने पर व्युत्थान की कोई आशङ्का नहीं रहती है, यही शास्त्र का सिद्धान्त है— 'यद्गत्वा न निवर्तन्ते तद्धाम परमं मम।' इस दृष्टिकोण से विचार करने पर समझ में आ सकेगा कि चित्त के लय को चाह नहीं होनी चाहिये। ज्ञान के उदय से चित्त के आत्यन्तिक निरोध की ही चाह होनी चाहिये। वस्तुतः लय की अवस्था केवल दबे रहने की अवस्थामात्र है। उसमें अज्ञान और अनर्थ ज्यों के त्यों ही रह जाते हैं, किन्तु ज्ञान के उदय से चित्त जले हुए वस्त्र की सी अवस्था को प्राप्त होता है—उस समय वह रहने पर भी न रहने के समान है।

ज्ञान के सिवा अन्य किसी भी उपाय से उक्त जले हुए वस्त्र की सी अवस्था प्राप्त नहीं हो सकती है। इसलिए एक ज्ञान ही प्रार्थनीय है, जिसके प्रभाव से मन रहने पर भी न रहने के समान हो जाता है। वास्तव में मन उस समय निर्बीज भाव को प्राप्त हो जाता है। केवल मन के लय को साधक अथवा योगी कोई भी नहीं चाहते हैं। क्योंकि मन का लय होने पर पुनः उसका उत्थान होगा ही। भगवान् शङ्कराचार्य के परम गुरु गौडपाद मुनि ने इसीलिए विक्षेप के तुल्य लय का भी अन्तराय के रूप में उल्लेख किया है। उन्होंने कहा है—

लये सम्बोधयेच्चित्तं विक्षिप्तं शमयेत् पुनः।
सकषायं विजानीयात् शमप्राप्तं न चालयेत्॥

अर्थात् चित्त को लीन न होने देकर सदा उसे जगाये रखना चाहिये। उस प्रकार के चित्त को विक्षिप्त न होने देकर उसे शान्त रखना चाहिये एवं चित्त को रागद्वेष और मोह रूप दोष से दूषित न होने देकर विवेकज्ञान के द्वारा चेतन किये रखना चाहिये। उन्होंने और भी कहा है—

यदा न लीयते चित्तं न च विक्षिप्यते पुनः।
अनिङ्गनमनाभासं निष्पन्नं ब्रह्म तत्तदा॥

अर्थात् जब चित्त में लय नहीं रहता है, विक्षेप नहीं रहता है, चञ्चलता नहीं रहती है एवं जब चित्त विषयाकार नहीं होता है, तब वह चित्त नित्य सिद्ध ब्रह्म-स्वरूप में प्रकाशमान होता है। इससे विदित होगा कि चित्त वास्तव में ब्रह्म से अतिरिक्त और कुछ नहीं है। किन्तु जब तक उससे पूर्वोक्त सब दोष हटते नहीं हैं तब तक वह चित्त कहलाता है। चित्तलय और मनोनाश का रहस्य ऊपर लिखे हुए संक्षिप्त विवरण से कुछ कुछ समझ में आ सकेगा।

चित्त रहने पर भी न रहने के तुल्य हो सकता है एवं चित्त के न रहने पर भी चित्त के कार्य चल सकते हैं यह बात ज्ञानी और योगी जन सहज में ही समझ जायँगे। इसी कारण बौद्ध योगी कहते थे कि अर्हत् अथवा जीवन्मुक्तों का चित्त केवल क्रियाचित्तमात्र है। वह अत्यन्त दुर्लभ आध्यात्मिक सम्पत्ति है। अर्हत् अवस्था के पूर्व की अनागामी अवस्था में भी इस प्रकार के क्रिया-चित्त का उदय नहीं होता है। बुद्धगण जिस समय धर्मोपदेश देते हैं उस समय वे लोग उस क्रियाचित्त का अवलम्बन करके ही उपदेश देते हैं। क्रियाचित्त कहने से यही ज्ञात होता है कि चित्त में क्रिया है पर उस क्रिया का कुछ विपाक नहीं होता है। जब तक चित्त में भले अथवा बुरे संस्कार विद्यमान रहते हैं तब तक क्रिया से विपाक पैदा होता है। अर्थात् कर्मबीज अङ्कुरित होकर क्रमशः अभिवृद्धि को प्राप्त होते हैं। साधारणतः चित्त में सुप्त तृष्णा या अनुशय सूक्ष्मरूप से रहता है। उसी से भविष्य में अनुरूप फल का विपाक पैदा होता है। किन्तु जब राग, द्वेष और मोह के हटने के साथ साथ चित्त से अनुशय नष्ट हो जाता है तब उस चित्त में क्रिया के रहने पर भी उससे शुभ अथवा अशुभ फल उत्पन्न नहीं होगा। इस प्रकार का चित्त चित्त होकर भी अचित्त है। उसी को दार्शनिक भाषा में क्रियाचित्त कहा जाता है। मनोनाश का वास्तविक तत्त्व क्या है यह इससे कुछ कुछ समझ में आ जायगा।

# जन्मोत्सव

### योगी भाई

यह बात निर्विवाद है कि महापुरुषों का अवतरण इस संसार में केवल लोककल्याणार्थ ही होता है । उनका सारा जीवन अद्भुत लीलाओं से परिपूर्ण होता है । उनका हर एक कार्य निःस्वार्थ, शिक्षाप्रद तथा लोक-कल्याण के हेतु ही होता है । श्री श्री १००८ परमपूज्य माँ आनन्दमयी का जीवनचरित्र भी ऐसी ही घटनाओं से परिपूर्ण है। इसी ब्रह्मस्वरूपिणी पराशक्तिस्वरूपा माँ का ५९ वाँ जन्मोत्सव इस वर्ष बड़े समारोह के साथ अल्मोड़ा पाताल देवी में मनाया गया है। माँ का जन्मोत्सव अल्मोड़ा में मनाया जायगा इसका कोई निश्चय न था । माँ तो अल्मोड़ा केवल भाईजी की समाधि पर शिवलिंग की स्थापना करने के लिए पधारी थीं और कुछ ही दिनों के बाद माँ के वापिस आने की बात थी।

अल्मोड़ा एक बड़ा ही रमणीय स्थान है। वहाँ का जलवायु और दृश्य बहुत ही सुन्दर है। पाताल देवी एक प्राचीन देवी का स्थान है। वहीं पर माँ का भव्य आश्रम बना हुआ है । आश्रम में ही बालकों के लिए एक विद्यापीठ स्थापित है, जो बच्चों को प्राचीन पद्धति के अनुसार जीवन व्यतीत करने की शिक्षा देता हुआ आधुनिक शिक्षा दे रहा है। जिस समय विद्यापीठ के ब्रह्मचारियों तथा आचार्यों को माँ के दर्शन प्राप्त हुए उस समय उनका मन प्रेम तथा हर्ष से परिपूर्ण हो गया ।

माँ का जन्मोत्सव माँ के आश्रित जनों के लिए एक बड़े ही हर्ष, उत्साह तथा मंगल का समय होता है । जो भी प्रारब्ध वश उस अवसर पर पहुँच सकता है वह अपनेको महासौभाग्यशाली मानता है । माँ १४ अप्रैल को यहाँ पधारीं और १६ अप्रैल को माँ के परम भक्त भाईजी की समाधि पर शिवलिंग की स्थापना हुई । इस शिव-लिंग का नाम योगेश्वर (शिवलिंग) महादेव रखा गया । यह बड़ा ही सुन्दर तथा आकर्षक शिवलिंग है। प्रतिष्ठा होने के अनन्तर इसकी कान्ति बड़ी ही रमणीय हो गई, यह स्पष्टरूप से सबने देखा । इस शुभ अवसर पर श्री १०८ स्वामी स्वतन्त्रानन्दजी महाराज भी अल्मोड़े में ही थे। वे माँ के पहुँचने से पहिले ही इस प्रान्त में आ गये थे और आश्रम में ही निवास कर रहे थे। इस शुभ शिव-स्थापना के बाद ही दीदीजी ने निश्चय किया कि माँ का जन्मोत्सव यहीं होगा। दीदीजी के इस निश्चय से लोगों को बड़ा ही सन्तोष और आनन्द हुआ। इसी कारण माँ का अल्मोड़े में ठहरने का समय लम्बा हो गया । लोग तो चाहते ही थे कि माँ अल्मोड़े ज्यादा दिन ठहरें तो अच्छा हो । एक पंजाबी महिला ने तो बड़े ही नम्र और प्रेमभरे शब्दों में माँ से प्रार्थना की थी कि माँ हम तो पापी हैं ही, स्थानभ्रष्ट भी हो गये हैं । किसी तरह से अपना जीवन यहाँ बिता रहे हैं । हमारे पास दूर जाने की तो सामर्थ्य नहीं है । यदि आप ज्यादा दिन यहाँ रहें तो अच्छा है, आपके दर्शन से हमारा भी कल्याण हो जायगा । वे

पाकिस्तान से आई हुई एक परिवार की महिला के उद्गार थे। इन्हें भगवान् ने पूर्ण किया।

२ तारीख मई से माँ के जन्मोत्सव का कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ। इसी शुभ अवसर पर परमपूज्य श्री १०८ हरिबाबाजी महाराज भी अल्मोड़ा पधारे और श्री १०८ कृष्णानन्द अवधूतजी भी पधारे। हरिबाबाजी महाराज के आने से सत्संग में और भी आनन्द तथा प्रेम का संचार हो गया। आप बड़े ही दयालु, सरल, हरिप्रेमी तथा हरिकीर्तनप्रेमी महापुरुष हैं। आपकी नम्रता तथा सौजन्य अकथनीय हैं। जब माँ की और उनकी वार्ता होती है तो बड़ी ही मनोहर लगती है। बाबा तो कहते हैं, माँ अमुक कार्य कैसे होगा जैसी आप आज्ञा दें वैसे ही किया जाय। माँ कहती हैं, बाबा यह तो छोटी बच्ची है जैसे पिताजी आज्ञा दें तथा उचित समझें वही ठीक है। बच्ची तो पिताजी पर ही सारी बात छोड़ती है। भावार्थ यह है कि माँ पिताजी के अनुकूल ही सारा कार्य हो इस हेतु सारा कार्यक्रम पिताजी ही पर सौंप देती हैं और उधर बाबा महाराज बड़ी सरलता से फिर भी माँ की आज्ञा की इच्छा रखते हैं, अर्थात् परस्पर अभेद भाव से ही सारा कार्यक्रम चलता है।

२ तारीख मई से घटस्थापनादि के पश्चात् शतचण्डी-पाठ आरम्भ हुआ और अखण्ड जप भी भक्त लोगों ने उसी दिन से आरम्भ कर दिया। प्रातः श्रीहरिबाबाजी की कथा तथा श्री १०८ स्वामी स्वतन्त्रानन्दजी का भाषण होता था। सायंकाल को फिर हरिबाबाजी की कथा तथा श्री १०८ अवधूतजी महाराज का भाषण होता था। प्रातःकाल का सत्संग ९—३० से आरम्भ होकर ११ बजे समाप्त होता था। सायंकाल का प्रोग्राम प्रायः ३—३० से आरम्भ होकर ६ बजे समाप्त होता था। रात्रि को ७—३० बजे से बाबाजी के कीर्तन से कार्य-क्रम आरम्भ होता था। ८—४५ पर सब मौन हो जाते थे। मौन के बाद कभी लीला होती थी और कभी स्वतन्त्रानन्दजी का भाषण होता था। यही कार्यक्रम २ मई से २१ मई तक चलता रहा। २१ मई की रात्रि को माँ की पूजा की गई। उस रात्रि को तो भीड़ बहुत ज्यादा थी। आस पास के ग्राम के लोग भी दर्शनार्थ पधारे थे। बहुत ही उत्तम समारोह रहा। प्रायः सारी रात्रि अधिकांश लोगों ने जागरण ही किया, माँ नाम की ध्वनि होती रही। एक दिन सूर्योदय से सूर्यास्त तक माँ नाम का संकीर्तन हुआ। ता० २१ की रात्रि ३ बजे माँ को मण्डप में लाया गया। मण्डप में पूजन के समय सब महात्मा लोग भी पधारे थे। श्रीहरि बाबाजी महाराज, अवधूतजी महाराज, स्वामी स्वतंत्रानन्दजी सभी पधारे थे। माँ तो मण्डप में आते ही समाधिस्थ हो गईं। उसी अवस्था में लिटा दिया गया, जब तक पूजन हुआ माँ तो वैसी ही अवस्था में लेटी रहीं। कोई वस्त्र तक नहीं हिलता था मानो प्राणजय करके माँ लेटी हों ऐसा प्रतीत होता था। यह सब कुछ मैं अपनी भाषा और समझ के अनुसार लिख रहा हूँ। माँ की ठीक अवस्था का वर्णन करना मेरे सदृश व्यक्ति के लिए असम्भव है।

माँ के विषय में श्री १०८ स्वामी स्वतन्त्रानन्दजी महाराज ने २१ की रात्रि को ९ से १० बजे तक बहुत विस्तार-पूर्वक भाषण किया। उसका

उल्लेख करना मेरे लिए सम्भव नहीं है। हाँ, इतना कह सकता हूँ कि ऐसा सुन्दर, मनोहर, युक्तिपूर्ण भाषण मैंने पहिले कभी नहीं सुना था। सब लोगों ने मुक्तकण्ठ से उसकी प्रशंसा की। जन्मदिवस के दूसरे दिन श्री १०८ अवधूतजी महाराज ने भी माँ के सम्बन्ध में अपने विचार प्रकट किये और रात्रि के पूजन के समय का अनुभव भी बताया। वह भी बड़ा ही मनोहर था। माँ के विषय में बहुत सी घटनायें अवधूतजी ने सुनाईं। उन सबका लिखना असम्भव है। हाँ, एक घटना, जिसका अवधूतजी महाराज ने स्वयं अनुभव किया तथा जैसी मुझे याद है, लिख देता हूँ। अवधूतजी महाराज ने कहा कि जब पूजन हो रहा था वे ध्यान में बैठ गये। उन्होंने अनुभव किया कि माँ सिंह पर बैठी हैं और अवधूतजी महाराज प्रेम से सिंह से सट कर बिलकुल अभय होकर माँ के चरणों में प्रणाम कर रहे हैं। एक हाथ सिंह पर भी लगा हुआ है। उसी अवस्था में कुछ प्रेमाश्रु भी उनकी आँखों से गिर पड़े। पूजन के समय मैं भी अवधूतजी महाराज के पास ही बैठा था। वे तो आँख बन्द कर ध्यान में मग्न थे। मैं उनके मुख की ओर देख रहा था। उनके मुखमण्डल पर मुझे भी कुछ विचित्र सा भाव दिख रहा था। चेहरा प्रेम-विह्वल सा प्रतीत हो रहा था। मुझे यह कहने का साहस न होता यदि महाराज स्वयं अपना अनुभव न कहते। अगर इसमें कुछ त्रुटि रह गई हो तो महाराजजी से क्षमा चाहता हूँ। मेरे जैसे अल्पज्ञ के लिए यथार्थ वर्णन करना सम्भव नहीं है। तारीख २२ को प्रसाद वितीर्ण किया गया और सबने प्रेम से ग्रहण किया। अल्मोड़े की सारी जनता ने, क्या ग्राम तथा क्या शहर के सभी ने बड़े प्रेम से श्रद्धा का भाव प्रदर्शित किया। पर्वतीय लोग बड़े ही श्रद्धालु और सरल होते हैं। उनकी श्रद्धा और सरलता उनके व्यवहार से स्पष्ट प्रकट हो रही थी। इस साल अल्मोड़े की जनता का बड़ा ही अच्छा प्रारब्ध है, क्योंकि उनको मातृसंग प्रायः जून के अन्त तक मिलता रहेगा।

इस प्रकार माँ का ५८ वाँ वर्ष समाप्त होकर ५९ वाँ वर्ष आरम्भ हुआ। माँ से यही हार्दिक प्रार्थना है कि वह अपने शरीर को स्वस्थ रखें और अपने अनेक अबोध बालक तथा बालिकाओं पर अपनी कृपादृष्टि करती रहें। इस असार संसार में माँ ही एक आधार हैं। वही इस दुस्तर समुद्र से पार कर सकती हैं। इस दुःखित और पीड़ित संसार को अपने महान् शान्तिमय रूप से शान्ति प्रदान करें तथा कल्याण का मार्ग दिखलावें यही पुकार है। माँ हमारे बीच में चिरकाल तक विचरती रहें और अपने चरण कमलों से दूर न करें।

जैसा और सब आनन्द रहा वहाँ एक खेद का कारण भी बन पड़ा। वह यह कि दीदीजी, जो माँ की परम भक्त हैं और निशिदिन सेवा में तत्पर रहती हैं, इस वर्ष कमर दर्द की व्यथा से कलकत्ते में बीमार हैं। जन्मोत्सव में नहीं आ सकीं इसका दुःख सबके मन में रहा और दीदीजी के बिना कुछ सूना सूना सा मालूम होता था। दीदीजी के बिना आनन्द में कुछ त्रुटि सी प्रतीत होती रही। माँ से ही प्रार्थना है कि दीदीजी को शीघ्र नीरोग कर देवें।

जन्मोत्सव के कारण आश्रम में बिजली भी आ गई, इससे विद्यापीठ के बच्चों को बड़ा ही

आनन्द हुआ। इसकी बड़ी कमी थी, माँ की कृपा से यह भी पूर्ण हो गई। जन्मोत्सव के प्रबन्ध तथा बिजली के लाने में माँ के पुरातन परम भक्त हरिराम जोशी भाईजी ने बहुत परिश्रम किया। उनके ही परिश्रम से बिजली आने मे सुविधा हुई, अतएव वे बहुत धन्यवाद के भाजन हैं। इसी तरह और भी बहुत से स्थानीय भक्तगण, जिन्होंने उत्सव में सब प्रकार से सहयोग किया, बहुत धन्यवाद के पात्र हैं। बिना इन सब लोगों के सहयोग के अल्मोड़े में सुचारुरूप से उत्सव का प्रबन्ध होना सुगम न था। अतः सब भक्त-वृन्दों को पुनः पुनः धन्यवाद है। माँ की कृपा से माँ के सब आश्रित भाई बहनों में इसी प्रकार का प्रेम तथा सद्भाव बना रहे यही प्रार्थना है और माँ के ऐसे असंख्य जन्मोत्सव देखने का हम सबको अवसर मिलता रहे।

# आदिगुरु दत्तात्रेय

## महामहोपाध्याय श्रीगोपीनाथ कविराज

### (१)

भारतीय अद्वैत-साधना के इतिहास में अवधूतप्रवर आदिगुरु परमहंस दत्तात्रेय का नाम चिरप्रसिद्ध है। खण्डनखण्डखाद्य के रचयिता श्रीहर्ष ने स्वरचित नैषधीय-चरित काव्य में (२१/९४) उन्हें 'अद्वयमयेऽध्वनि सन्तम्'—अर्थात् अद्वैतमार्ग में स्थितिशील कह कर भक्तिपूर्वक प्रणाम किया है। शिशुपालवध में कविवर माघ ने 'अविनाशिविग्रह' अथवा सिद्धदेहसम्पन्न कह कर उनका उल्लेख किया है। उन्होंने कहा है कि गुरुपरम्परा का उच्छेद होने के कारण जिस समय सब श्रुतियाँ लुप्तप्राय हो गई थीं, उस समय भगवान् ने वैदिक धर्म की रक्षा के लिए अपनी अप्रतिहत स्मृतिशक्ति द्वारा सब लुप्त श्रुतियों का उद्धार करने के लिए, अत्रिमुनि से देवी अनुसूया के गर्भ में जन्म ग्रहण किया था❀।

क्षीणप्राय वैदिक धर्म में प्राण-शक्ति का सञ्चार करना ही भगवान् विष्णु का दत्तात्रेय के रूप में आंशिकरूप से अवतार लेने का मुख्य कारण है†।

महाभारत, हरिवंश, भागवत आदि विभिन्न पुराणों में तथा पाञ्चरात्रसंहिता आदि प्राचीन शास्त्रग्रन्थों में सर्वत्र ही उनकी महिमा उज्ज्वलरूप में वर्णित है।

भगवान् दत्तात्रेय केवल महायोगी अथवा महाज्ञानी ही नहीं थे, आत्मविद्या के उपदेशकों में वे सबके अग्रणी थे। मदालसा के पुत्र अलर्क को उन्होंने योगिचर्या, योगसिद्धि, निष्काम बुद्धि आदि के उपदेश के साथ परम योग या ब्रह्मविद्या का प्रदान किया था। कयाधु के पुत्र प्रह्लाद को उन्होंने वैराग्य और सन्तोष की महाशिक्षा देकर उनका ज्ञानमार्ग प्रशस्त किया था। ययाति के पुत्र यदु को जीवन की सब प्रकार की शिक्षाएँ श्रीदत्तगुरु से ही प्राप्त हुई थीं❀।

पुराणों की आलोचना करने से ज्ञात होता है कि हैहयवंशी राजा कार्तवीर्य गर्गमुनि के उपदेशानुसार दत्तात्रेय के आश्रम में जाकर विधिपूर्वक उनकी सेवाशुश्रू

---

❀ अनसूया कर्दम ऋषि की कन्या तथा कपिल की बहन थीं। उनके गर्भ से विष्णु के अंश से दत्त, शिव के अंश से दुर्वासा तथा ब्रह्मा के अंश से चन्द्रमा ने जन्म ग्रहण किया था।

† श्रीकृष्णयामलतन्त्र में अन्यान्य विशिष्ट अवतारों की श्रेणी के साथ दत्तात्रेय का नामोल्लेख किया है। अहिर्बुध्न्यसंहिता नामक पाञ्चरात्रतन्त्र में उनका विष्णु के ३६ विभवों में अन्यतम के रूप में वर्णन किया गया है।

❀ एकनाथकृत महाराष्ट्रीय भागवत में यदु-अवधूत-संवाद में दत्तात्रेय से यदु की दीक्षा लेने की कथा कही गई है। यह दीक्षा योगशास्त्र में स्पर्शदीक्षा के नाम से परिचित है। कहा गया है कि सद्गुरु दत्तात्रेय ने आविर्भूत होकर यदु का प्रेमपूर्वक आलिङ्गन किया। उस आलिङ्गन के साथ ही साथ क्षण भर में यदु को प्रपञ्च का विस्मरण और स्वस्वरूपज्ञान हो गया।

उन्होंने स्वयं अवधूत [illegible] कर ? क्यों?
स्थानका नाम "आत्मतिर्थ" होना। [illegible] कहाई कि "शिवं न मानामि कदंचनामि ....
यह ही सुचित करता है" कि वह आत्मोपासनाथी "शिव" माने शिवस्वरूप आत्मा की उपासना।

में निरत हुए थे। उनकी परिचर्या से प्रसन्न होकर दत्तगुरु ने उन्हें कई वरदान और धर्मोपदेश दिये। वरदानों में युद्ध के लिए हजार भुजाएँ, सम्पूर्ण पृथिवी में एकच्छत्र साम्राज्य की प्राप्ति तथा उपयुक्त योद्धा के हाथ से अपनी मृत्यु—ये तीन विशेषरूप से उल्लेखयोग्य हैं। तन्त्रशास्त्र में कार्तवीर्य का नाम बहुत प्रसिद्ध है। उस प्रसिद्धि के मूल में श्रीदत्तगुरु का अनुग्रह निहित है, इसमें सन्देह नहीं है।

दत्तात्रेय ने स्वयं अवतार होने पर भी पृथिवी पर आकर लीला के बहाने साधन-जीवन का अभिनय किया था। उन्होंने अपने पिता अत्रिमुनि के आदेश से गौतमीवन में दीर्घकाल तक तपस्या और योगिचर्या द्वारा भगवान् शङ्कर की आराधना कर उन्हें प्रसन्न किया और उनकी कृपा से वे ज्ञान तथा मुक्ति के अधिकारी हुए। सिद्धि प्राप्त होने के बाद से ही उनका यह तपस्या का स्थान आत्मतीर्थ के नाम से प्रसिद्ध है। भागवत में उनके २४ गुरुओं की कथा का वर्णन है (स्कन्ध ११), किन्तु इस समय इस प्रसंग में उसकी आलोचना अनावश्यक है।

कहीं कहीं दिखाई देता है कि वे कामविलास में मत्त होकर भी विकार विहीन, संसार में रहकर भी संसार से बाहर, मत्त न होकर भी मत्त के तुल्य आचरण करने वाले थे ❀।

वे अव्यक्त लिङ्ग और अव्यक्त आधार परमहंस थे, ऐसा जाबाल उपनिषद् में वर्णित है। संवर्त, आरुणि, श्वेतकेतु, दुर्वासा, रैवतक आदि भी उसी श्रेणी के अवधूत परमहंस थे। ये 'अनुन्मत्ता उन्मत्तवदाचरन्ति' अर्थात् वास्तव में उन्मत्त न होकर भी लोगों के सन्मुख उन्मत्त का सा आचरण करते हैं।

स्वयम्भू मन्वन्तर के पूर्व सत्ययुग में दत्तात्रेय अवतीर्ण हुए थे। संसार के जीवों की आर्ति और ताप का नाश करने के लिए ही वे स्वेच्छा से जगत् में प्रकट हुए थे। इसलिए जब तक जगत् में आर्ति और ताप विद्यमान रहेंगे तब तक वे देहत्याग न कर एक ही भाव और एक ही देह से विद्यमान रहेंगे। इसलिए महाप्रलय तक उनकी स्थिति मानी जाती है। राम, कृष्ण आदि अवतार पृथिवी का भार हरने के लिए आते हैं एवं यथासमय रावण, कंस आदि विरोधी शक्तियों के सब मूर्तिमान् विग्रहों का विनाश कर स्वेच्छामय शरीर का त्याग करते हैं। भागवत में लिखा है (१।१५।३०) जिस शरीर के द्वारा भगवान् ने भू-भार का हरण किया था, उस शरीर का उन्होंने त्याग किया था—'तां तनुं विजहौ'। काँटे से काँटा निकाल कर जैसे काँटा फेंक दिया जाता है भगवान् का वह त्याग भी बहुत कुछ वैसा ही है। श्रीदत्त शरणागत की आर्ति दूर करने के लिए जगत् में आये हैं, इसलिए उन्हें कल्प की समाप्ति होने तक प्रतीक्षा करनी पड़ेगी। वे स्मरण करते ही भक्तों को दर्शन देकर यथासम्भव उनके दुःख की निवृत्ति करते हैं। दत्तात्रेयतापिनी उपनिषत् में लिखा है कि सत्यक्षेत्र में सृष्टिकर्त्ता ब्रह्मा के संशय को दूर करने के लिए भगवान् नारायण ने अपने को दत्त के रूप में प्रसिद्ध कर महासायुज्य और तारकतत्त्व के सम्बन्ध में समुचित उपदेश दिया था।

विष्णुदत्त, राजा आयु, साध्य देवगण, दलादन नाम के मुनि आदि अनेक विशिष्ट पुरुष सद्गुरु श्रीदत्तात्रेय की कृपा प्राप्त कर धन्य हुए हैं। प्रसिद्धि है कि भगवान् दत्तात्रेय ने महर्षि जमदग्नि की पत्नी रेणुका माता के स्नेह के कारण जमदग्नि के और्ध्वदैहिक कर्म में आचार्यपद

---

❀अवधूतगीता में जिस तरह मद्य और स्त्रीसंग की निन्दा की गई है, उससे वे मद्यप्रिय थे, ऐसा अनुमान नहीं किया जा सकता।

ग्रहण किया था। कार्तवीर्यार्जुन के पुत्रों ने जिस समय जमदग्नि की हत्या की उस समय रेणुका देवी की प्रार्थना से उन्होंने उन्हें समयोचित परामर्श प्रदान किया था।

जमदग्नि और रेणुका के पुत्र भगवान् परशुराम ने दत्तात्रेय से भगवती त्रिपुरासुन्दरी का माहात्म्य सुनकर उनकी उपासनाविधि जानने की इच्छा प्रगट की थी। परशुरामजी ने विधिपूर्वक त्रिपुरासुन्दरी की साधना में दत्तात्रेय से दीक्षा प्राप्त की एवं दीक्षा के अनन्तर गुरु के उपदेशानुसार बारह वर्षों तक दक्षिणप्रदेश में महेन्द्र पर्वत के शिखर पर स्थित आश्रम में तपस्या की थी। तपस्या करते करते उनके चित्त में परमतत्त्व का रहस्य जानने के लिए विचार उदित हुआ। उस विषय में सदुपदेश और यथार्थ समाधान के लिए वे गुरु के समीप गये। परशुराम को पहले संवर्त से श्रीमाता के सम्बन्ध में कुछ कुछ उपदेश प्राप्त हुआ था। संवर्त अवधूतों में अग्रगण्य थे। परशुराम श्रीरामचन्द्रजी से पराजित होने के अनन्तर अर्थात् त्रेतायुग में श्रीमाता के रहस्य के सम्बन्ध में साक्षात्रूप से ज्ञान प्राप्त करने के लिए व्याकुल हुए थे एवं समय पर उक्त ज्ञान गुरुकी कृपा से उन्हें प्राप्त हुआ था। दत्तात्रेय ने परशुराम को जो ज्ञान दिया था वह उनकी व्यक्तिगत सम्पत्ति न थी—वह संवर्त के प्राचीन उपदेश का ही संक्षिप्त संस्करणमात्र था। इसलिए कहना पड़ेगा कि भगवती त्रिपुरा का रहस्य-कीर्तन पहले संवर्त ने किया, उसके बाद किया दत्तात्रेय ने एवं दत्तात्रेय के पश्चात् परशुराम ने उसे प्रकाशित किया।

कहा जाता है कि दत्तसंहिता नाम से दत्तात्रेय के उपदेशों से पूर्ण १८००० श्लोकों में रचित एक ग्रन्थ था। परशुराम ने स्वयं उस ग्रन्थ को पढ़ा था और ६००० सूत्रों में उसका सार संकलित किया था। उक्त ग्रन्थ ५० खण्डों में विभक्त था। परशुराम के शिष्य सुमेधा ने दत्तात्रेयपरशुरामसंवाद के रूप में उक्त संहिता और सू के सारांश का संकलन किया था।

मध्ययुग में नाथसम्प्रदाय के नेता गोरखनाथ ने दत्तात्रेय से बहुत शिक्षाएँ प्राप्त की थीं। नाथसम्प्रदा में प्रचलित ज्ञानदीप नामक पोथी में इसका विवरण मिल है। उससे ज्ञात होता है कि दत्तात्रेय और गोरक्षनाथ दो परस्पर एक दूसरेके प्रति श्रद्धा रखते थे। दत्तात्रेय नाराय के रूप थे एवं गोरक्ष थे शिव के रूप, इसलिए दोनों हरिह रूप थे यह कहना पिष्टपेषण के तुल्य है। इस प्रसंग के दत्ता ने सहज समाधि के सम्बन्ध में विशेष व्याख्या की थी ऐस प्रतीत होता है। इसके अतिरिक्त भी दत्तात्रेय-गोरक्ष के संवाद के सम्बन्ध में कुछ कुछ विवरण मिलता है। क पर उसके सम्बन्ध में आलोचना करना अनावश्यक है।

दत्तात्रेय का कार्यक्षेत्र सम्पूर्ण भारत है। साधु-समा में प्रसिद्धि है कि वे सह्याद्रि की तलहटी में रेणुका अथवा मातृपुर नामक स्थान में प्रतिदिन रात्रि को विश्र करते हैं। सह्याद्रि के शिखर पर उनका निवासस्थान है। उक्त स्थान में उनकी पीठ है। काशी अथवा वाराणसी क्षे में वे प्रतिदिन गंगास्नान करने आते हैं। बारहाटक नाम स्थान में वे अर्घ्यदान करते हैं एवं प्रातःसंध्या समाप्त कर हैं। महालक्ष्मी के पीठस्थान कोलापुर अथवा दक्षि काशी में वे भिक्षाग्रहण करते हैं एवं पाञ्चालपुर में मध्य भोजन करते हैं। विट्ठलपुर में अर्थात् भीमानदी के त पर स्थित पाण्डुरङ्गपुर में वे पत्ररचना या तिलकसेवा कर हैं। (७।।२७।।५२) गन्धर्वपुर में सायंकृत्य समाप्त कर विश्राम करते हैं इस प्रकार देखा जाता है कि प्रतिदिन सूर्योदय से पु सूर्योदय पर्यन्त किसी न किसी कर्म के बहाने वे सम्पू भारतवर्ष की परिक्रमा करते हैं। इसमें आश्चर्य करने कोई कारण नहीं है, क्योंकि सिद्धदेह में देश और काल व्यवधान गति का बाधक नहीं होता। (क्रमशः)

"Of Thee alone must be the spoken word,
All else is but futility and pain."

# MATRI VANI*

( *Replies to letters from different people at different times.* )

## How to Meet Adversity and Danger

10.

No two days pass alike. Do not allow yourself to be overpowered by despair. Have complete trust in Him in spite of everything — to Him you should call out, whether surroundings make it easy or not. If you have fallen to the ground, use it as a spring-board to raise yourself up again, for it is man's duty to exert himself, no matter what he undertakes.

11.

Misfortune must not be looked upon as a disaster: it would be a sin to do so, for Who sends the misfortune? What *He* does is all-beneficial. Under no circumstances, however adverse, should man accept defeat.

"Gurudeva, you do only what is for my real well-being," keep this thought ever with you. In this world there are bound to be all sorts of troubles. If you have lost wealth and position, let them be gone. Pray to God only for the lives of your family.

---

*Mother's Words.

## 12.

At all times let patience be your stronghold. Say to yourself: "Lord, everything Thou doest is for the highest good!" Pray for th power of endurance. Nothing happens that is not an expression of God' Grace: verily, all is His Grace.

Anchored in patience, bearing everything, abide by His Name and live joyously.

## 13.

What else can be expected from this world, whose very nature i constant flux; times are never the same. To live in time is to be bound by it — by death.* If you do not rise above time, how can you escap the clutches of death? Had time not swallowed up the moment tha brought you such acute distress and agony, would any life be left i your body? This is the way of the world. What you have experienced continually happens to every family in one form or another. Consol yourself with the thought that this is how the world is fashioned.

When one resides in a country not one's own, how can one possibl evade the hardships that are a foreigner's lot? Your motherland is where there is no question of distress and sorrow, of violence and hatred, o alienism, neither of the opposites of light and darkness.

The endeavour to find Himself in his real home, in his true nature, is the sole duty of man. Courage and steadiness is what i required.

### Consolation in Bereavement.

## 1.

It is the will of the Almighty that prevails at all times, suc verily is the law of creation. 'World' means a ceaseless round of sorrow

---

*Here Mother plays upon words. *Kala* means both 'time' and 'death.'

temporary happiness and affliction: to experience this, man is born. Do you not see that the world is nothing but this in infinite variety?

For him who has set out on this life's last journey with the name *Durga* on his lips, there should be no grief, no tears; at any rate do your utmost. If weep you must, weep for God. Fortunate is he who breathes his last pronouncing God's Name. One must strive to keep one's mind ever concentrated on His Feet. Pray for the Guru's Grace and constantly remember His Lotus Feet.

### 2.

Such is the nature of the world. Girded with fortitude like a hero you must try to calm yourself. There simply is no hope of peace save in the contemplation of God. Let this be your firm conviction. It is man's duty under all circumstances to seek refuge in Him, by virtue of whose Law all things are wrought. Not to wail or pine for the physical presence of the departed should be your sole effort. This is a journey which everyone without exception has to take and it is necessary for each one to provide himself for the way. Those who have been received into His Arms should be abandoned entirely to His care.

Regard as the Supreme Being whomsoever you serve. Rely on Him absolutely.

## The Fear of Ghosts and Evil Spirits.

### 1.

Where God's Name is, no ghost or evil spirit can exist, for His Name is the destroyer of all sorrow and sin. Cherish this Name! Be sure to attend to your *japa* regularly morning and evening and ever let your thinking be pervaded by his Name. Make a special effort to understand and have faith that where His Name is there can be no danger or adversity of any kind.

## 2.

Do not give into your inclination to think about ghosts and apparitions; rather keep your mind solely on God's Name and meditate on Him. In the presence of His Name no other power can function. This is the truth, be firmly convinced of it. The moment you have recourse to God's Name you should feel that no other lesser power can touch you. If at that time you are aware of any physical anxiety, be quite certain that it is merely a bodily reaction.

## 3.

When he retires for the night he should repeat the Lord's Name and fall asleep with it. If he be afraid even then, let him place a sacred book like the ***Bhagavad Gita,*** the ***Chandi*** or the ***Rāmāyana*** near his head. Besides he should unceasingly sustain the flow of God's Name and remember that where scriptures are, there is He Himself and no fear of any kind can exist in His Presence.

### The Duties of a Brahmachari.

Those who attempt to be ***Brahmacharis*** or ***Sadhus*** must live a life of renunciation. Sloth, greed, fame, praise and impatience constitute serious obstacles. Taking great care to avoid them, all work should be done in a spirit of service. Furthermore the rules enjoined on ***Brahmacharis*** and ***Sadhus*** have to be given special attention. What might seem an offence in the eyes of others should not be pursued, nor what is likely to cause even the slightest harm to oneself.

# MATAJI'S AMARA VANI

( 4* )

*Question :* So long as physical existence, which is the result of one's actions in former lives ( *Prarabda* ) ‡ continues, must not at least a trace of ignorance be left over ?

**Mataji :** If everything can be consumed, cannot this trace be burnt up too ? At a certain stage of course a last vestige of ignorance does persist ; however there is a state where there is no question of it.

*Question :* It is said, a Realized Being remains in his body in response to the wishes of others on the basis of their *Prarabda.*

**Mataji :** One's own desire, another's desire and indifference — these terms certainly indicate the various kinds of bondage that desires represent. If, although one seems established in one's True Being (*Swarupa*), one can be touched by desire or its opposite, it is a sign that dependence in one direction or another still continues. Remember that where there is no sense of having a body, he who is under the spell of the physical, sees the body as a concrete fact. If you say after enlightenment the body will not survive, is embodiment then an obstacle to Supreme Wisdom (*Gyan*) ? Where the revelation of the Self is, there the problem of the body simply does not arise, for in that state there is no question of anyone or anything in particular.

*Question :* Since illumination can consume everything, it is only logical that the physical body should be consumed too ; some hold this theory.

**Mataji :** Most certainly the body will be consumed ; 'body' means what is subject to change, and this will be burnt up. It is as you say. When you hold to a theory you thereby commit yourself to a certain position and you will be limited to it. But where the revelation of the Self is, the query whether the body survives or not, cannot possibly occur.

---

* The Bengali original appeared in "Ananda Varta" Vol. 2, No. 1.

‡ *Prarabda Karma* is that portion of one's past actions which is bound to fructify in the present life and cannot be averted.

***Question :*** What is *'Nitya Lila'* (God's Eternal Play) ?

***Mataji :*** What do you understand by 'Nitya' (eternal) ?

***From the audience*** : That which cannot be affected by the states of waking, dreaming or deep sleep is called *'Nitya'* (eternal); this is how I have heard it explained.

***Someone else*** : Duality (*Dwaita*) and non-duality (*Advaita*) are both eternal, it is merely a matter of divergent angles of vision. When one allows for different points of view, then amidst this diversity the non-eternal will find a place.

***Mataji :*** In the Supreme, in the Ultimate, when limited vision has disappeared, how can there be distinctions such as duality and non-duality ? He who inquires, perceives the two and there is likewise duality for him who practises *Sādhana* although he aims at Oneness. You must grasp the truth that He who is duality, is the One who is non-duality — just like water and ice.

***A voice*** : Ice is not mere water, it is necessary to mix something else with the water to obtain ice.*

***Mataji :*** No simile can be complete in every respect. Therefore in this case one's attention is focussed on the water which is melted ice.

A state exists where the distinction between duality and non-duality has no place. He who is bound by a particular angle of vision will speak from the stand-point which happens to be his at the time. But where *Brahman* is, the One-Without-A-Second, nothing else can possibly exist. You separate duality from non-duality because you are identified with the body, which means you are in a condition of constant wanting.†

---

*This question was asked by a dweller of the Indian plains, where the temperature never sinks to freezing-point and he therefore was ignorant of the fact that ice is nothing but water below a certain temperature.

†Here Mataji plays upon words: *deho'*—body, and *'deo'*—the imperative of 'to give.'

Besides it has to be pointed out that, if through sense-perception of any kind or description, anything arises which is not THAT and THAT alone, then, it is *avidya* (illusion). To say 'there is only one Vishnu', when you do not behold Him everywhere, what is the sense of it? Again whether you call it *Shabda Brahman** and therefore *Brahmā*, or whether you call it *Vishnu* or *Shiva*—these are only the various manifestations that are necessary at different states and stages. Thus all names are His Names, all forms His Forms, all qualities His Qualities, and the nameless and the formless are also He alone.

A state of being exists where it is immaterial whether He assumes a form or not — what is, is HE. In this case what is there to express in words? Furthermore at a certain level the Self may reveal Itself to Itself. At the same time He does not reveal Himself at all : to whom is He to reveal Himself? When there is neither form nor quality, what is to be put into language? Where nothing is excluded, how can Oneness be obstructed? In this state of complete poise nothing at all is any longer apart from Him, what is, is the THING ITSELF. So what can be said or left unsaid, since it is entirely beyond words! Obviously each one speaks from the level at which he finds himself, and whatever is uttered are His words, His song, addressed to Him. In the Supreme State nothing whatsoever can possibly be an obstacle : if it is, then ignorance has survived. In reality there is only He — He alone and nothing but He.

Suppose you have modelled a doll in butter; whichever aspect of it you may survey, its shape, peculiarity or appearance, butter it remains and nothing but butter : it is one indivisible substance. If you try to split it up, its integrity will be lost, that is to say, division is out of the question.

What is called *"Nitya Lila"* means God playing with Himself. Where God is — His play can never be transient. He, the Almighty, stages His infinite *Lila*, His endless Play. Within the Infinite lies the finite and in the finite Infinity. He alone, He who is the SELF, He stages a play with Himself : this is called *'Nitya Lila'*. Viewed from this stand-point, whatever is required at any level becomes manifested, for is it not the sphere of Pure Consciousness! Here even division partakes of the nature of Pure Consciousness, since it is transcendental. When you speak of non-duality ( *Advaita* ), is not the idea of duality implied? But in the realm of Pure Consciousness, if you say '*Maya* exists', so it does; and if you say 'there is no such thing as *Maya*', it is equally correct, for nothing can be excluded. Non-duality which cannot be conceived of, is as true as that which one is capable of conceiving, for all is HE, and so discord, doubt, dissension are not there. The false as such must vanish. How can one speak of *Advaita* and include individuals, the world? Since there is non-duality, can there still be individuals, can there still be the world? Where do these find a place? Where exclusively Oneness is, how can there be room left for the two? Furthermore is it not said: 'Wherever a living being is, there is *Shiva* and wherever a woman, there is *Shakti*.' From such a point of view you should now try to ponder over all this.

---

* Shabda Brahman is the eternal sound which is the first manifestation of the Supreme Reality and which lies at the root of all subsequent creation.

Albeit, whatever anyone may say from any standpoint, everything is always right, nothing can be outside of THAT. Whether you say there is or there is not the appearance of *Maya* — actually there is no place for speech. Using words or not, seeing or failing to see is merely a matter of angles of vision. On the other hand where THAT is, there can be no angles of vision. Problems are born through want of knowledge, due to the veil of ignorance. Until one is established in one's own Essential Being (*Swarupa*), it is natural that queries should arise.

In the realm of phenomena there are all kinds of differentiation, such as 'above' and 'below'. But THERE — what is and what is not? Where ascent and descent can still be spoken of, what will you call such a state? Must you not admit that various directions have remained? If you speak of descent and ascent it is implied that there must be a place to descend to: but whither can He descend? To Himself alone of course. Ascending and descending are one and the same thing and He who ascends is He who descends, and the acts of ascending and descending are also He. Although *you* may well speak of Divine Descent, *He* surely does not become divided. You see fire flare up here and there, but this does not affect its unity: fire as fire is eternal. This is how you should understand it. No simile is ever complete. He who descends, whence he descends, and whither — all are one. There is nothing whatsoever outside of THAT.

*Question*: If the Thing Itself remains what it is, what then do ascent and descent mean ?

*Mataji*: What you say represents a particular viewpoint of the world. Where the Ultimate, the Supreme is, the question you ask is impossible. On a certain plane descent and ascent exist. It is *you* who say: 'God descends.' On the other hand there is no such thing as descent: where He is, there He remains and all possibilities are contained in Him. To understand* intellectually, which means to be burdened by mental conceptions, prevents one from grasping the Truth.

Again, to what can you attain ? It is already present here itself ! Anything gained will be lost again. To prepare oneself for the revelation of THAT which eternally IS, there are injunctions, numerous paths. But do you not see, every path must come to an end ; in other words you should concentrate upon that imagination which will sweep away all other imaginations, which means when you have gone beyond all imagination there is the revelation of THAT which you really are.

The beauty of it is that man's very nature is to desire the Real, Supreme Wisdom, Divine Joy ; his nature to return home when the play is over. The field of the play is His, the play His as well, and so are those who take part in it, friends and fellow-beings — all is He alone. Ignorance surely, is not what one seeks. To aspire to Immortality is man's true nature — or is death desirable ? The world is concerned with the knowledge which is ignorance. Although it is true, even here one can observe how man builds a solid house in order that it may last for a long time, because he wants stability. At times one may tell a lie under some uncontrollable impulse, yet one feels uneasy about it.

---

*A play upon words : '*bhoja*' means 'to understand' as well as 'burden.'

To long for the cessation of want is your very nature and t explore and penetrate to the root of whatever you perceive. When yo buy clothes you choose durable material, which will not wear out quickly: even this is an indication of your innate tendency to seek the Everlasting. It is your nature to crave for the revelation of THAT which IS, for the Eternal, for Truth, for limitless Knowledge. This is why you do not feel satisfied with the evanescent, the untrue, with ignorance and limitation.

To yearn for the revelation of WHAT YOU ARE is your true nature.

# BIRTHDAY CELEBRATIONS AT ALMORA

*By*

**Kali Prasad**

The turning-point of every year in the lives of Mataji's Bhaktas is the period, varying between two and four weeks, when Her birthday is celebrated in the month of Vaisakh. This year Mataji stayed in Almora for the whole period and a very large number of Bhaktas from all over India had gathered, besides those of the Almora District, to join in the one-pointed devotion of worship; also coming for Mataji's Darshan were people from Germany, Austria, Switzerland, England, Scotland, America, Canada, Australia and Mauritius. Facilities for residence were made in or near the Ashram for the gradually increasing number of visitors. From May 2nd to 23rd the Ashram was the scene of constant activity, Satsang, discourses by Sanyasis and Pandits, Kirtan, Bhajans and a variety of ceremonies, all for the purpose of maintaining intense dedication to the worship of God throughout the twenty-four hours of every day. A harmony and single-mindedness was forged from the feeling of love and devotion for Mataji in the hearts of all assembled. Here was a friendliness devoid of obstructive attachment, which only those united in a single purpose such as this can create. There was a buoyancy and joy in all, inspired by the constant loving attention bestowed on everyone by Mataji, a detailed attention, utterly selfless, which She alone can give. Many, who for the first time were living close to Her for a prolonged period, were amazed by the endless pains She took, to ensure the comfort and welfare of each person. Thus She created the atmosphere of Love and Service which pervaded the weeks of celebration and transformed all the routine activities and natural *Tapas* of Himalayan Ashram life into a source of profound happiness for everyone. From early morning almost until late at night Mataji was in our midst; hardly was there a time when She was not somewhere in the Ashram supervising every little detail, seven hours of every day remaining with us in Satsang. So many things happened, so many moments of significance and beauty that in this small space it is not possible to record them.

Mataji had been in Almora since April 14th and by May 2nd a number of Bhaktas were already there to prepare for the arrival from Brindaban of Sri Haribabaji Maharaj with his party. The night preceding May 2nd there was all-night *Nam-Kirtan* with Puja at 3 a. m. Next morning with decorations going up and beautiful Pahari floor patterns (*alpanas*) being completed, Mataji was seemingly everywhere at once. In the evening the huge crowd assembled in the Bhajan Hall were fortunate enough to hear Mataji lead the Kirtan with Her own exquisite voice. Throughout the evening and after the arrival of Sri Haribabaji Maharaj there was much rejoicing, and a feeling of elation spread through the vast gathering.

Every day in Satsang Sri Hari Babaji read and discussed Bhaiji's book about Mataji '*Matri Darshan*'. Swami Svatantranandaji of Sri Shankaracharya Math discoursed on Vedanta and Sri Krishnanandaji Avadhuta on the *Bhagavad Gita*. On these occasions anything up to 500 people were present. In the morning and evening Sri Hari Babaji sang Kirtan with his disciples, and whether one was present in the hall or perhaps somewhere out on the slopes of Patal Devi, this was a profoundly stirring sound which imbued all with a sen of exaltation as they came to at the feet of Mataji.

On most evenings after the fiftee minutes of silence at nine o'cloc Mataji would answer questions an give profound discourse on man subjects. The mood in the evening was always one of happiness an laughter. Manohar (now Paramanand Das) and others of Sri Hari Babaji's party performed religious parables with brilliant characterisatio and rich humour. These parables always illustrated some serious spiritual subject, sometimes one of Mataji own stories which She often invent or recounts, and their humour an real devotion kept everyone enthralle As Mataji has said:" Whenever yo have the chance, laugh as much you can. By this all the rigid kno in your body will be loosene But to laugh superficially is no enough: your whole being must b united in laughter, both inwardl and outwardly. Do you know ho this is expressed? You simply sha with merriment from head to foo so that it is impossible to tell whic part of your body is most affecte

"What you usually do is to laug with your mouth, while your em tions are held in check. But I wa you to laugh with your whole co tenance, with your whole heart and with all the breath of your life." *

After the first few days, Didi, who had been ill for some time, had a set-back and therefore unwillingly consented to leave Mataji on the great occasion in order to go to Calcutta for treatment. Her dynamic presence in our midst was sadly missed and we wish her an early recovery to full health. Swami Paramananda was in charge of all the arrangements in the Ashram, no mean task as by the end of the celebrations a few hundred Bhaktas were living in or near the Ashram, and with the many ceremonies, he was constantly busy, yet ever smiling and ready to give assistance and to work at any task.

People began to flock to the Ashram and news travelled from village to village that Anandamayi Ma was in Almora for Her birthday. Some of the hill people travelled long distances on foot to have Her Darshan. One evening a man arrived from a remote village after walking for nine days, remembering Mataji from 1937 when She had visited Kailash. Just as he was saying: 'I do not know whether I shall have the chance of Mataj's Darshan today,' Her door opened. She looked towards him, as if solely to give him what he wished, after he had travelled that tremendous, hard distance. Outstanding faith and devotion always call forth a correspondingly wonderful response from Mataji, and She performs the real miracle of granting exactly one's deepest wish.

As all present became gradually transformed by long periods of japa, meditation, Satsang, by joining in the daily Arati and Puja and by the inspiration of Her Presence, the significance of Her birthday dawned in our hearts. Yet the true inner meaning of Her birthday will perhaps always remain a mystery. This is not just the celebration and rejoicing, the presentation of gifts which are the spontaneous expression of the event. Nor again is it only a celebration of the blessed day on which She came into the world. Living amongst us and directing us solely towards God, the day of Her birth when She assumed this Her body could perhaps be considered of no importance. Yet She has said. "This body is what you think it to be." Here lies the crux of the matter that we, almost unconsciously, for we do not know the full reason, desire to enter some kind of communion with Her on this anniversary of Her birth. If

---

* Quoted from "Sad Vani."

we are really in harmony, then Her birthday is *our* birthday, it is the day on which our hearts were set alight with the Divine fire, whatever the date upon which we first met Her and whether or not we were yet born when She was born into Time. For the Divine fire is eternal, and its kindling also an eternal process as Birth, Life and Death partake of the same eternal stream. So too, whatever may be its significance to Her, for this is beyond our conception, in that lies the mystery, in that which is completely beyond our comprehension we seek to participate, such as we are able, to have communion with Her, each in his own way.

Therefore, since Mataji's Birthday meant something different to each individual present, it is impossible to attempt an objective description of it. It is necessary to employ the personal account, since each seeing it differently would have cause to disagree as to the *quality* of the bald facts. Only through the actuality of the subjective experience as something that really happened, can the so-called objective reality be glimpsed. What we recount can only be in the duality of subject and object, not the real, total experience. What is written of Mataji should be a kind of transparent structure of word-mirrors through which diversity of view.point may be permitted a glimpse of that which is the ultimate actuality of Mata Anandamayi.

### The Night of May 21st.

What magnetic force beyond our ken attracted over two thousand people to the Ashram to keep an all-night vigil? An all-night vigil holds no prospect of feasting, of *Prasad*, as perhaps might attract many to what is conventionally considered an ordeal. Yet this huge crowd of people from widely scattered parts of India came and sat silently for hours, awake, patient, completely absorbed, suffused with happiness, people from all walks of life, Sanyasis, Pandits, children, Rajas, business men, families, artists, beggars, — pilgrims all on the route to the inner Kailash. Kirtan and Bhajans were sung throughout the night and a grotto was created out of pines and banana leaves on a stepped terrace. At three in the morning Mataji came out from Her room; She was radiant in white, a kind of minuscule fineness and perfection, wreathed in garlands. She mounted the steps and after briefly sitting surrounded by devotees, She lay down on a couch and was covered with a beautiful golden and floral coverlet. Only Her forehead gleamed out of this robe of Spring flowers and freshness, and Her black hair fell like a plume on the pillow.

Puja commenced and salvers of sweets laid out in rows on the steps were uncovered. Three Sanyasis, led by Sri Hari Babaji Maharaj, sat near Her like the Three Wise Men in the Adoration. For two hours the ceremony continued in a mood of intense exaltation. Yet there could hardly be anything more simple and supremely undramatic. Almost no outward sign was manifested beyond Her recumbent figure. But here within the black arena of invisible Himalayas Mataji lay in Her birth dream, the mystery of mysteries, Her brow alone marking Her presence like a face, like a mountain peak, inscrutable. This *Murti* seemed like *Vishnu* asleep upon the Ocean of Bliss, dreaming of the universe, or *Queen Maya* dreaming of the birth of *Lord Buddha*, or *Devi* immersed in the imponderable mystery of *Shunya*, beyond creation and dissolution, birth and re-birth. Yet it was none of these things, for it was the very essence of *Anandamayi*. And the assembled crowd filled with *Bhakti*, kept vigil for That. Whether the pandits may have called this *Samadhi*, or *Sushupti*, complete absorption in the causal *Prakriti*, whatever the guess, nothing can either approach the full truth, nor dissolve the reality of that surge of devotion which filled those assembled and made them as *one*. For if, as is supposed, only the perfected Yogi can perceive One *Jiva* where before there was the whole world of many *Jivas*, here was an unvoiced awareness of that reality, lived for those few wondrous moments.

As the Puja ended, everyone, still entirely absorbed by the moment, by the mystery of the Birth Day, processed quietly, unhurriedly to the foot of the couch, there to *Pranam* and re-dedicate themselves. As the last filed past a new mystery was born, reborn, and Mataji awoke ; laying aside the coverlet of flowers She walked forth into the morning in Her simple white robes. But now it seemed that one had never really seen Her before, so different She appeared to us, almost delicate, pale and beautiful as a full-moon in a blue day sky, with eyes utterly remote and serene, remote in that they seemed to embrace all, rather than any single person, to look beyond and to embrace That which abides deep within ; but never in so close a communion with Her Bhaktas as at that unforgettable moment.

* * * * * *

That day there was feasting and singing of hymns and discourse of the learned. In the night as I returned home I saw a single glow-worm ahead of me on the path, as if I had found myself being called to the attention of something within. My eyes then wandered and saw by contrast the distant flashes of a great Himalayan storm and suddenly from the direction of the hidden Nanda Devi came a piercing bright light, and as straight as an arrow, serenely, with awsome, incalculable silent power a comet traversed the sky. It sped in a huge arc across the star-broken blackness, piercing the brain, proceeding to some nameless distance, leaving behind it a long sparkling plume of fire — and vanished. And then a wind came rushing through the night, stirring and weaving through the pine groves, voice of the night, poised between the void of the unknown and the Light of a promise.

# At Mataji's Camp on the Day of the Kumbh Disaster

By

**A Devotee.**

তৃতীয় মতে, সাধকের প্রজ্ঞা ও সাধনশক্তির তারতম্য অনুসারে অজপা তত্ত্ব সম্বন্ধে বিভিন্ন প্রকার দৃষ্টি অঙ্গীকৃত হইয়া থাকে। মন্দপ্রজ্ঞ, মধ্যপ্রজ্ঞ এবং উত্তমপ্রজ্ঞ সাধকের দৃষ্টি যে ভিন্ন তাহা অধোলিখিত বিবরণ হইতে স্পষ্টই বুঝিতে পারা যাইবে। যাহার জ্ঞানশক্তি উজ্জ্বল নহে, যে অতি সূক্ষ্মতত্ত্ব গ্রহণ করিতে পারে না, তাহার নাম মন্দপ্রজ্ঞ। এই প্রকার সাধক 'হ'কার দ্বারা পুরুষ এবং 'স'কার দ্বারা প্রকৃতি এই দুইটি ধারণা করিয়া থাকে। সুতরাং তাহার দৃষ্টিতে হংসযোগ বলিতে পুরুষ ও প্রকৃতির যোগ বুঝায়। কিন্তু যাহার প্রজ্ঞা অপেক্ষাকৃত তীক্ষ্ণ, অর্থাৎ যে মধ্যপ্রজ্ঞ, তাহার দৃষ্টি অনুসারে 'হ'কার অপানের সঞ্চার এবং 'স'কার প্রাণের সঞ্চার বুঝাইয়া থাকে। মুখ্য প্রাণ যখন পরাঙ্মুখভাবে আবর্ত্তিত হয় তখন তাহাকে প্রাণ না বলিয়া অপান বলা হয়। সুতরাং হংস বিদ্যার রহস্য মধ্যম সাধকের দৃষ্টি অনুসারে প্রাণ ও অপানের সংযোগ ভিন্ন অপর কিছু নহে। কিন্তু যে সাধক উত্তম প্রজ্ঞাসম্পন্ন তাহার দৃষ্টি আরও সূক্ষ্ম। সে প্রকৃতি পুরুষের সম্বন্ধ অথবা প্রাণ ও অপানের সম্বন্ধ পরিহার করিয়া আত্ম-স্বরূপের দিকে লক্ষ্য করিয়া থাকে। এই সাধক অজপা মন্ত্রের পূর্ব্বভাগ 'অহং'কে জীবাত্মার বাচক এবং উত্তরভাগ 'সঃ'কে শক্তিবাচক বলিয়া ধারণা করিয়া থাকে।

অধিকার ভিন্ন বলিয়া অজপা জপের বিধানও ভিন্ন। নিম্নাধিকারী তালু, ওষ্ঠ প্রভৃতি দৈহিক উচ্চারণ-যন্ত্রের ব্যাপারের দ্বারা অজপা-জপ সম্পাদন করে। এই সকল সাধকের চিত্ত সম্পূর্ণভাবে সংস্কৃত বা শোধিত নহে। তাই ইহারা দেহগত ক্রিয়াকে আশ্রয় না করিয়া জপ সাধন করিতে পারে না। কিন্তু যাহারা মধ্যম অধিকারী তাহাদের চিত্ত-সংস্কার অধিক। এইজন্য তাঁহাদের পক্ষে অজপা জপ করিবার জন্য তালু প্রভৃতির কোন প্রকার ক্রিয়া আবশ্যক হয় না। তাহাদের অধিকার উচ্চ বলিয়া

তাহাদের বিধানও ভিন্ন। তাহাদের পক্ষে দৈহিক উচ্চারণের প্রয়োজন না থাকিলেও অন্য প্রকার অনুসন্ধানের আবশ্যকতা রহিয়াছে। তাহাদিগকে ভাবনা করিতে হয় যে অজপা মন্ত্রের 'সঃ' অংশ প্রাণরূপে এবং 'হং' অংশ অপান-বৃত্তিরূপে নিজ দেহে সর্ব্বদা অনুস্যূত রহিয়াছে। 'হং' শব্দের সহিত অপান বৃত্তির সাম্যমূলক সম্বন্ধ রহিয়াছে। তাই 'হং'কার অপান বৃত্তির সূচনা করে। তদ্রূপ 'সঃ'কার প্রাণকে বুঝাইয়া থাকে। 'সঃ' এবং 'হং', মন্ত্রের এই দুইটি ভাগ, প্রাণ ও অপান বৃত্তিরূপে নিজের দেহে সর্ব্বদাই ক্রিয়া করিতেছে—এই প্রকার নিরন্তর চিন্তাই অজপা-জপ। প্রাণাপানরূপে বিদ্যমান এই মন্ত্র যে সাধক গুরুমুখ হইতে অধিগত হয় সে 'অজপন্নপি' অর্থাৎ তালু আদির ব্যাপার না করিলেও তাহাতে প্রাণাপানরূপ মন্ত্র অনুস্যূত থাকে। সেইজন্য সর্ব্বদাই তাহার জপ হইয়া থাকে। তাই এই হংসমন্ত্রকে অজপা বিদ্যা বলে। বাচিক জপ অপেক্ষা এই অনুসন্ধানরূপ জপ অধিক প্রবল এবং অধিক ফলপ্রদ। তথাপি এই জপের সঙ্গে আস্তিক্যভাব, গুরুভক্তি, শ্রদ্ধা প্রভৃতি সদ্‌গুণের সমাবেশ থাকিলে বলের আধিক্য হয়। এই হইল মধ্যম অধিকারীর কথা। কিন্তু উত্তম অধিকারীর জন্য অজপার বিধান অন্য প্রকার। বলা বাহুল্য, উচ্চ অধিকারীর চিত্ত শ্রবণ, মনন প্রভৃতির অভ্যাস-বশতঃ অত্যন্ত বিশুদ্ধ। এই জাতীয় সাধক ধারণা করে যে অজপা-মন্ত্রের পূর্ব্বভাগ 'অহং' জীবকে বুঝায়, যে জাগ্রৎ প্রভৃতি বিভিন্ন অবস্থার সাক্ষী। নিজেকে সুখী অথবা দুঃখী অনুভব করা যায়, তাই বুঝা যায় যে, 'অহং' পদার্থ জীবের বাচক। কিন্তু মন্ত্রের উত্তরভাগে যে 'সঃ' পদ আছে তাহা ইহাদিগের মতে শক্তির বাচক। এই শক্তি বাস্তবিক পক্ষে সমগ্র বিশ্বের কারণ পরমেশ্বরের নামান্তর। সুতরাং সংসারিরূপে প্রতীয়মান 'অহং'ই প্রকৃত প্রস্তাবে 'সঃ' অথবা পরমাত্মা। ইহাই অজপা-জপের তাৎপর্য্য।

## ( ৫ )

যোগিসমাজে অজপা-প্রক্রিয়া সম্বন্ধে আরও বহু বিধান দেখিতে পাওয়া যায়। তন্মধ্যে কোন কোনটি শ্রুতি প্রভৃতি শাস্ত্র গ্রন্থে নিবদ্ধ রহিয়াছে। দৃষ্টান্ত স্বরূপ দুই একটির সংক্ষিপ্ত বিবরণ নিম্নে প্রদত্ত হইল—

এই মতে সর্ব্বপ্রথম কেবল-কুম্ভক দ্বারা এমন একটি অবস্থা লাভ করিতে হয় যখন রেচক ও পূরক কিছুই থাকে না। এই সময়ে শ্বাস-প্রশ্বাসের বেগ শান্ত থাকে। এই অবস্থায় নাভিকন্দে প্রাণ ও অপানের সাম্য প্রতিষ্ঠিত হয়। এদিকে সহস্রদল কমল হইতে নিরন্তর যে অমৃতধারা ক্ষরিত হইতেছে উহা ঐ সময়ে পান করিবার অবসর জন্মে। প্রাণের চঞ্চল অবস্থায় ঐ অমৃত পান করিবার সম্ভাবনা নাই। যখন যোগী প্রাণ ও অপানের সমতা লাভ করিয়া শান্তিতে অবস্থিত হয় ও পূর্ব্বোল্লিখিত অমৃত প্রাপ্ত হয় তখন তাহার কর্ত্তব্য ঐ অমৃত স্বয়ং পান না করিয়া উহার দ্বারা নাভিস্থিত জ্বলন্ত মহাদেবের অভিষেক করা ও সঙ্গে সঙ্গে হংস হংস বলিয়া হংস মন্ত্রের আবর্ত্তন করা। এই উপলক্ষ্যে দেহে প্রত্যক্ষ যজ্ঞ করার প্রয়োজন হইয়া থাকে। এইটি আধ্যাত্মিক সূর্য্যগ্রহণ। দেহতত্ত্ববিদ্ যোগী যখন দেহে উত্তরায়ণ ও দক্ষিণায়ন নামক দুইটি অয়ন ও বিষুব দর্শন করেন তখন তিনি দেহে থাকিয়াই সকল ও নিষ্কল বিন্দুর সাক্ষাৎকার লাভ করেন। প্রাণ ইড়া

হইতে পিঙ্গলাতে সঞ্চরণ করে এবং পিঙ্গলা হইতে ইড়াতে প্রত্যাবর্ত্তন করে। এই তুইটি উত্তরায়ণ এবং দক্ষিণায়ণ নামে প্রসিদ্ধ। প্রাণের মূলাধারে প্রবেশ একটি বিষুব এবং উহার মস্তকে প্রবেশ আর একটি বিষুব। বিষুব বলিতে ঠিক সেই অবস্থা বুঝায় যাহাতে দিন ও রাত্রির সাম্য প্রকাশিত হয়। দেহের মধ্যেও এই তুইটি বিন্দুতে সাম্য প্রকাশিত হয়। তাই ইহাদিগকে বিষুব বলা হয়। যোগীর কর্ত্তব্য, সহিত ( মন্ত্রযুক্ত ) অথচ কেবল ( মন্ত্রহীন ) প্রাণায়ামের দ্বারা অর্থানুসন্ধান সহকারে প্রণব ও হংস মন্ত্র উচ্চারণ করা, প্রণবার্থ যে হংস তাহাকে সোহং রূপে অনুসন্ধান করা। এই ঐক্যানুসন্ধানই নমস্কারযোগের রহস্য। অজপার তাৎপর্য্য ইহাতেই নিহিত হইয়াছে। ইহার পর মূদ্রাধারণ আপনিই হইয়া থাকে। এই মুদ্রাটিকে চিন্মুদ্রা বলে। প্রচলিত ভাষায় ইহারই নাম শাম্ভবী বা খেচরী মুদ্রা। এই মুদ্রার তাৎপর্য্য এই যে নিজে হইতে ভিন্ন অপর কিছুই নাই এই বোধে স্থিতি। আত্মার অর্চ্চনের প্রশস্ত পদ্ধতি সর্ব্বদা 'সোঽহমস্মি' রূপে ধ্যানে মগ্ন থাকা। ইহার নাম প্রত্যক্ষ যাগ। এই সময় প্রাণ পিঙ্গলা মার্গে কুণ্ডলিনী স্থানে প্রবেশ করে। ইহাই আধ্যাত্মিক সূর্য্যগ্রহণ। —ক্রমশঃ

# রাঁচীতে সৎসঙ্গ

### শ্রীবীরেশ্বর গাঙ্গুলী, এম-এ

[রাঁচীতে শ্রীশ্রীমায়ের যে নূতন আশ্রম সংস্থাপিত হইয়াছে, সেইখানে এ বৎসর মায়ের সান্নিধ্যে শারদীয় দুর্গোৎসব সমারোহের সহিত সুসম্পন্ন হইয়াছে। ঐ উৎসবের ক'দিন বহু ভক্ত শ্রীশ্রীমাকে দর্শন করিতে আসিতেন এবং তাঁহাদের মধ্যে কেহ কেহ মাকে অধ্যাত্ম বিষয়ে অনেক প্রশ্ন করিতেন। মা উত্তর দিতেন। ঐ সকল প্রশ্ন এবং উত্তরের কিয়দংশ অধ্যাপক শ্রীযুক্ত বীরেশ্বর গাঙ্গুলী মহাশয় সঙ্কলন করিয়া আমাদিগকে পাঠাইয়া দিয়াছেন। উহা সর্ব্বসাধারণের অবগতির জন্য আমরা আনন্দ বার্ত্তার বর্ত্তমান সংখ্যায় প্রকাশ করিলাম। —সম্পাদক]

প্র—মা, ঠিক ভাবে কখন প্রশ্ন করা যায়?

উ—যখন জিজ্ঞাসা আসে।

প্র—জিজ্ঞাসা কিসের?

উ—আত্মতত্ত্ব সম্বন্ধে।

প্র—প্রশ্নের ভিতরেই কি উত্তর থাকে?

উ—হ্যাঁ, অনেক সময় থাকে।

প্র—আচ্ছা মা, এই যে তোমার সামনে বাতাসা প্রসাদ রাখা আছে এই প্রসাদ খেলে কি সেই প্রসাদ লাভ হয়?

উ—প্রসাদ তো একটাই। যে প্রসাদে প্রসন্নতা লাভ হয় সেইমাত্র প্রসাদ।

প্র—সে প্রসাদের অধিকার লাভ করতে এই প্রসাদ কি সাহায্য করে?

উ—হ্যাঁ, এই প্রসাদ পেতে পেতে আসল প্রসন্নতা এসে যাবে।

প্র—সেই প্রসাদ লাভের অবস্থাটি কেমন?

উ—সেই অবস্থা বোঝা যায় না। বুঝলে বোঝা বাড়ে কি না, তাই।

প্র—বুঝলে যদি বোঝা বাড়ে তবে লোকে পড়াশুনা করে কেন?

উ—আরে বুঝ্‌লা না। দুনিয়া দুই নিয়া কিনা। তাই দুইরে বুঝাইবার জন্য পড়া দরকার। এই শরীরটা এই রকম আবোল তাবোল বলে। তোমরা লেখাপড়া শেখাও নাই তো। ঐ যে তোমরা কি একটা শাস্ত্রের কথা বল, 'উর্দ্ধমূলম্ অধঃশাখম্।' মাথাটা মূল, বোঝবার স্থান। গাছের শিকড়ে যেমন জল দেওয়া হয় তেমনি মাথা বোঝবার জায়গা। ওখানেই সমস্ত ধরবার জিনিষ। তাই এই শরীরটা বলে, দেখ তুমি তো একটা জিনিষ বুঝলে। যেটা আগে বুঝেছিলে তা নয়। বিশেষ বিশেষভাবে ক্রমাগত বোঝা আছে। জাগতিক জ্ঞান ও আধ্যাত্মিক জ্ঞান আলাদা হলেও মূলে এক বলে মাথা দিয়ে দুটোই বুঝতে হয়। দ্বিতীয়টা বুঝলে আর একটা বোঝাই নিলে। যখন বোঝাবুঝির পারে যাবে তখন ঠিক বোঝা যাবে। ত্রিপুটী অর্থাৎ তিন পুটলী না গেলে আসল তত্ত্ব ধরা পড়ে না। তিনি নিত্য স্বয়ং প্রকাশ আছেন।

প্র—মা, "আবৃত্তিঃ সর্ব্বশাস্ত্রাণাং বোধাদপি গরীয়সী" বলা হয় কেন? অর্থাৎ বোঝার থেকে সর্ব্বশাস্ত্রের পুনঃ পুনঃ পাঠকে শ্রেষ্ঠ বলা হয়েছে কেন?

উ—এটা একটা স্থিতির কথা মাত্র। পড়াটা শুধু পড়ার জন্য নয়। বারে বারে পড়লে আসল তত্ত্ব বেরিয়ে পড়ে। বহু বার পড়লে ও চিন্তা করলে মূল তত্ত্বটি ধরা পড়ে। কিন্তু আসল বোধ যা, তার থেকে পড়া শ্রেষ্ঠ নয়। তাই কোন এক স্থিতিতে বল্‌ছি।

প্র—জ্ঞান, ভক্তি, কর্ম্ম এই তিনটির মধ্যে শ্রেষ্ঠ মার্গ কোন্‌টি ?

উ—সকলের এক পন্থা নয়। নিজ নিজ গুরু যে পথ বলে দেন। যদিও শেষে সেই এক পদই পাবে।

প্র—মন্ত্রশক্তি ব'লে কি কিছু আছে ?

উ—আছে। তার ক্রিয়া হবেই। উচ্চারণের ক্রিয়া নিশ্চিত।

প্র—মন্ত্রটির কি শুদ্ধ উচ্চারণ হওয়া দরকার ?

উ—কোন কোন স্থলে স্পষ্ট উচ্চারণ ঝঙ্কার আছে। তাহলে সেই দিক দিয়ে ফললাভ করবে। কেউ যদি ভক্তিভাব নিয়ে অশুদ্ধ উচ্চারণ করে তবুও ফললাভ হয়। ভক্তিভাবটা ফল প্রসব করে। সম্পুর্ণ ফলের জন্য দুইই দরকার—শুদ্ধ মন্ত্র উচ্চারণ আর ভাব ভক্তি। নীলমণি, সেই "জগঢ্‌ঢিপায়" গল্পটা কও না।

তখন নীলমণি সংক্ষেপে গল্পটি বলিল :—"এক বৈষ্ণব 'ভক্ত' "জগদ্ধিতায় শ্রীকৃষ্ণায় গোবিন্দায় নমঃ" না ব'লে "জগঢ্‌ঢিপায় শ্রীকৃষ্ণায় গোবিন্দায় নমঃ" বলতো এবং শ্রীকৃষ্ণপূজার সময় তার পুলক, শিহরণ, অশ্রু, কৃষ্ণ-দর্শন ইত্যাদি হতো। একদিন একজন সন্ন্যাসী অতিথি তার ভুল উচ্চারণ শুনে সংশোধন করে বলে গেলেন যে জগঢ্‌ঢিপায় হবে না, জগদ্ধিতায় হবে। তাঁর কথামত সেই ভক্ত জগদ্ধিতায় বলে প্রণাম করতে লাগলো, কিন্তু পূর্ব্বেকার সেই ভাব আর হোতো না। তখন তার মনে ভারি দুঃখ হোলো। কিছুদিন পরে আর এক বৈষ্ণব সাধু এলে সেই ভক্ত তাঁকে সব নিবেদন করলো। সাধু জিজ্ঞাসা করলেন, আচ্ছা জগঢ্‌ঢিপায় বল্‌তে তুমি কি বোঝ ? ভক্ত বললো, জগঢ্‌ঢিপায় মানে জগৎটাকে যেই কৃষ্ণ উইএর ঢিপির মত ঢেকে রেখেছেন। কৃষ্ণরূপ উইএর ঢিপির মধ্যে আমরা নিশ্চিন্ত মনে বাস করছি। ঐ বল্‌তে বল্‌তে কৃষ্ণের গাত্রস্পর্শ অনুভব ক'রে ভক্ত আনন্দাশ্রু বর্ষণ করতে লাগলো। তখন সাধু বললেন, দেখ, তুমি যে মন্ত্র উচ্চারণ করতে সেটাই ঠিক, সেটাই করবে। তারপর থেকে ভক্তের আবার সেই সাত্ত্বিক লক্ষণগুলি দেখা দিতে লাগলো।"

এই গল্প বলা হলে শ্রীশ্রীমা আবার বললেন, "কিন্তু যদি উচ্চারণ ও ভাব দুই ঠিক হয় তবে পূর্ণ অনুভূতি হবে। সেই ভক্তের একটা অসম্পূর্ণ ছিল বলে 'জগদ্ধিতায়' বলায় কৃষ্ণমূর্ত্তি দর্শন বন্ধ হয়ে গেল। ভাব ভক্তিতে যদি গলে যায় বা জ্বলে যায়, যাই বল না কেন, তবে সত্য নিশ্চয় প্রকাশ হবে। প্রেমের দিকে গলে যাওয়া। জ্ঞানের দিকে বিবেক আগুনে জ্বলে যাওয়া। উভয় দিকেই চরমে স্বরূপ প্রকাশ হবে। নিছুক ভাব সে রকম এলে সম্পূর্ণ গলে গেলে পূর্ণ প্রকাশ হবেই। মন্ত্র কিনা, তাই। মন্ত্র মানে মনকে যে ত্রাণ করে। অথবা এই শরীরের ছোট্ট মেয়েটির আবোল তাবোল ভাষায় মন্তর মানে 'মন তোর।'—যা জপ করলে মন তোর হয়ে যায়। বুঝলা কি না ?—এই ব'লে মা হাসতে হাসতে আটখানা হয়ে পড়লেন। ভক্তবৃন্দও আনন্দে হাসতে লাগলো। ( ২৯।৯।৫৪ রাত্রি )

প্র—মা, বিনা ধ্যানজপে, শুধু নাম-কীর্ত্তনে কি কাজ হয় ?



উ—ওখানে সব সম্ভব। নাম কর্‌তে কর্‌তে সব কিছু আসতে পারে।

প্র—কীর্ত্তনের সময় মন চঞ্চল হয় না। অথচ জপ কর্‌বার সময় নানা চিন্তা আসে কেন ?

উ—কীর্ত্তন সমবেতভাবে হয় কিনা। সুর তাল শব্দ সব একভাবের হয়।

এমন সময় এক ভক্ত শ্রীশ্রীমাকে হিন্দীতে বল্‌তে অনুরোধ করায় মা হিন্দীতে বল্‌তে লাগলেন।

সহজ কথা এই যে সুর তাল শব্দ সব মিলে নাম করে। মনের স্বভাব হ'ল রসালবস্তুকে ধরে থাকা। এই কারণে মন লাগে। কাহারও কাহারও জপেতেও মন লাগে। স্ব-স্ব সংস্কারানুসারে জপ অথবা কীর্ত্তনে মন লাগে।

প্র—কীর্ত্তনের দ্বারা কি জীবাত্মার উদ্ধার হ'তে পারে ?

উ—যদি ঠিক্ ঠিক্ কর্‌তে পার তবে নাম হ'তে সব কিছু হ'তে পারে। ভগবান্ স্বয়ং নামরূপে, অক্ষর ( অর্থাৎ যাঁহার ক্ষয় হয় না ) রূপে আছেন। নামের সঙ্গ করাই হ'ল ভগবানের সঙ্গ করা। তাঁহার স্বভাব হ'ল নিজকে প্রকাশ করা। এইজন্য নাম-কীর্ত্তন শেষ পর্য্যন্ত পৌঁছিবার অনুকূল নিশ্চয়ই হ'বে।

প্র—কেহ কেহ নাম কর্‌তে কর্‌তে শান্তি অনুভব করেন। তাঁহারা কি ঐ সময় শান্তভাবে থাকিতে পারেন ?

উ—হ্যাঁ, হ্যাঁ, নিশ্চয় থাকিতে পারে।

প্র—অর্জ্জুনের মত শ্রীভগবান্‌কে মিত্ররূপে প্রাপ্ত না হইয়াও কি নিষ্কাম কর্ম্মযোগ ধারা সম্ভব ?

উ—ভগবানের রাজত্বে সবই সম্ভব।

প্র—ভগবান্ কাহারও কাহারও উপর কেন কৃপা করেন:?-

উ—ভগবানের কৃপা সকলের উপর আছে। ভিন্ন ভিন্ন রূপে কৃপার প্রকাশ হয়। যে ভগবান্‌কে যে ভাবে চায়, তাহাকে তিনি সে ভাবেই কৃপা করেন। যে বিষয়ের আকাঙ্খা করে, তাহার বিষয়-ভোগরূপী কৃপা লাভ হয়। সকাম কৃপা—বিষয়-ভোগরূপী কৃপা এক রকম। আরেক রকমের কৃপার দ্বারা অমৃতের দিকে গতি হয়। সকলের উপর কৃপা আছে। যেমন মার পাঁচটি ছেলেপেলে, পাঁচটি ছেলেপেলে পাঁচ রকমের খাবার পায় ;—বার্লি, পোলাউ, মিষ্টি—যাহার যেমন প্রয়োজন এবং হজম হয়। সংসারেও ভিন্ন ভিন্ন রকমের কৃপা পাওয়া যায়। কাহারও অনুগ্রহরূপে, দয়ারূপে, কাহারও নিগ্রহরূপে, শাসনরূপে, কর্ম্মফল ক্ষয়রূপে, কৃপা লাভ হয়।

প্র—ভগবৎ আলোচনার সময় কান্না কেন আসে ?

উ—এ খুবই ভাল কথা। ভগবান্ হচ্ছেন আত্মা বা প্রাণ। বিরহ হ'তে কান্না আসে অথবা প্রেমাশ্রু আসে। সাধারণ দৃষ্টিতে কান্না আসা ভাগ্যের কথা, ভাল কথা। প্রকৃত বিরহ না হইলেও ভাল।

প্র—কর্ম্মফল ভোগ কি সংস্কারানুসারে ভুগিতে হয় ?

উ—হ্যাঁ। ঐ আগুন না লাগা পর্য্যন্ত ভুগিতে হয়।

প্র—ঐ আগুন লাগিবার উপায় কি ?

উ—তদ্-ভাবনা বা তৎ-চিন্তাই এক প্রকারের উপায়। আর এক প্রকারের উপায় হ'ল সৎসঙ্গ করা, যাত্রীদের সঙ্গ করা। (৩০।৯৫৪ রাত্রি)

# বাল-গোপাল

### শ্রীমতী রাণী মজুমদার

শারদীয়া পূজার উৎসবে এবার অপ্রত্যাশিতভাবে হঠাৎ রাঁচিতে গিয়েছিলাম শ্রীশ্রীমা আনন্দময়ীর আশ্রমে। কথা প্রসঙ্গে পুষ্পের কাছে শুন্‌তে পেলাম মায়ের কাশীর আশ্রমে বালগোপালের এক আশ্চর্য্য আবির্ভাবের কাহিনী। মুহূর্ত্তে আমার মন মহাকৌতূহলে ভরে উঠ্‌লো—খুঁটিয়ে খুঁটিয়ে জান্‌তে চাইলাম সমস্ত বিবরণ। শুনলাম নবপ্রতিষ্ঠিত বাল-গোপালের ফটো তুলে আনা হয়েছে। কিন্তু কি জানি কেন সেই কর্ম্মব্যস্ততার মাঝখানে ও সমস্ত ভীড় ঠেলে আমি দিদি গুরুপ্রিয়ার কাছে গিয়ে বালগোপালের ফটোটি দেখবার জন্য রীতিমত ব্যাকুল হয়ে উঠ্‌লাম। বিস্মরণের আঁধার স্তর ভেদ ক'রে স্মৃতিপটে স্পষ্ট হয়ে উঠ্‌ল অতীতের দীর্ঘ এক স্বপ্ন-কথা। চার বছর আগেকার সেই অবলুপ্ত কাহিনীর মাঝে লুপ্ত হয়ে আছে আমার অন্তরের গভীর মনোবেদনা। সেই অন্তরের অন্তরতমকে ক্ষণেক অনুভবের স্পর্শ-স্মৃতি যেন আবার নতুন করে আসায় মন ব্যাকুলতায় ভরে উঠ্‌লো। আজ সেই পুরাণো স্বপ্ন-কাহিনী মনের পটে ভেসে উঠ্‌লো স্পষ্ট হয়ে।

গঙ্গার অন্তর্দেশ ভেদ ক'রে উঠে এসেছে বহু প্রাচীন কালের ধাপে গড়া বিস্তৃত একটি সিঁড়ি। ঐ সিঁড়ির শেষ মাথায় বিশাল উন্মুক্ত এক ছাত আর ছাতের এক পাশে একটি মন্দির। ভোরের রোদ সবে মাত্র আকাশে সোনালী রং ধরিয়েছে—গঙ্গা-তীরের সিঁড়ির প্রান্তে বহু ভক্ত বহু বৈষ্ণবের সমাবেশ হয়েছে। মন্ত্র উচ্চারণের সাথে সাথে কেউ শিব পূজায়, কেউ তিলক ধারণে, কেউ বা মালা হাতে জপে নিরত। হরিনামের স্রোত বয়ে যাচ্ছে। ছাতের এক প্রান্তে আমি আসনে বসে আছি স্থির হয়ে—আমার মধ্যে যেন একটা ধ্যানস্থ আত্মমগ্নতার ভাব। হঠাৎ দেখি একি! নবদূর্বাদলশ্যাম আয়তলোচন স্বর্গীয় সুষমামণ্ডিত এক বালগোপাল ঘন কৃষ্ণমূর্ত্তি আমার কোলে দাঁড়িয়ে। মুখে মৃদু মৃদু হাসি—যেন আমার সঙ্গে তার কত কালের পরিচয়, একটা নিবিড় আন্তরিক প্রীতির সম্বন্ধ। আমি স্তব্ধ বিস্ময়ে নির্বাক্। শিশু হেসে হেসে দুলে দুলে আমায় জিজ্ঞেস করলে, "আমায় চিন্‌তে পার্‌লি?" মাথা নেড়ে বল্লাম, "না তো!" শিশু বল্লে মন্দির দেখিয়ে, "ঐ মন্দিরে যে থাকে আমি সেই।" প্রশ্ন করলাম 'প্রমাণ?' শিশু জিজ্ঞেস কর্‌লে, "প্রমাণ চাস্?" স্নিগ্ধ আকর্ণ বিস্তৃত হাস্যময় দৃষ্টি মেলে এদিক্ ওদিক্ একটু দেখে শিশু বল্লে—"ঐ তুলসীমঞ্চের নীচে খুঁড়ে দেখলে একটা মোহর পাবি, তা-হলেই ত প্রমাণ হবে।" আর বল্লে বারে বারে কত অনুনয় সুরে, "পূজা কর, আমায় পূজা কর না, আমায় পূজা কর।" ইতিমধ্যে একজন দুজন করে লোকের ভীড় আমার কাছাকাছি এসে জমতে লাগলো। অকস্মাৎ কৃষ্ণবর্ণ মূর্ত্তি অনিন্দ্য সুন্দর সদ্যোজাত নব শিশুতে রূপান্তরিত হয়ে আমার কোলে শুয়ে রইলো। কোথায় বা গেল এত কথা, এত হাসি, আর তার সেই চঞ্চল মূর্ত্তি! জনতার ভীড় ক্রমেই বেড়ে যাচ্ছে দেখ্‌লাম। মৃদু অথচ অস্ফুট গুঞ্জন ধ্বনি উঠতে লাগলো, "বালগোপালের

আবির্ভাব হয়েছে ! বালগোপাল এসেছেন !" আমি শিশুটিকে কোলে নিয়ে উঠে দাঁড়ালাম । মুখে আমার নামের ধ্বনি ফুটে উঠলো—

"হরে কৃষ্ণ হরে কৃষ্ণ কৃষ্ণ কৃষ্ণ হরে হরে।
হরে রাম হরে রাম রাম রাম হরে হরে॥"

আমার সঙ্গে জনতা ঐ নামের জয়ধ্বনি ক'রে উঠলো। দীর্ঘ সিড়ি বেয়ে শিশুটিকে কোলে নিয়ে দোতলায় উঠছি; আর আমার পেছনে হরিনামের স্রোত বয়ে যাচ্ছে ভক্তদের মুখে "হরে কৃষ্ণ হরে রাম……।" দোতলায় উঠলাম। আশেপাশে যত ঘর তাদের মধ্যে থেকে আবেদন আস্‌তে লাগলো—"আমাদের ঘরে বালগোপালকে একটু নিয়ে এসো, আমরা পূজা কর্‌বো।" আমি বল্‌তে লাগলাম, "সে হবে না। তোমাদের সঙ্গতি নেই যে তোমরা এঁর সেবা কর্‌বে। এই বাড়ীর যিনি মালিক তাঁকে ডাকো—গোপাল আমি তাঁর হাতে দিয়ে যাবো।" কে যেন বললো, "মালিককে খবর দেওয়া হয়েছে। সন্ধ্যা হয়ে গেলে তার আর আজ যাওয়া হবে না। এখনই আসচেন।" আমি শিশুটিকে নিয়ে বসেছি, বিরাট জনতা আমায় ঘিরে আছে—কেউ কেউ বাদাম, পেস্তা থালায় নিয়ে এসেছে। ভীড়ের মাঝে একজন বলে উঠলো, "আচ্ছা, এ যদি সত্যি বালগোপাল হবে তবে এর অস্বাভাবিকতা কিছুই নেই, বুঝবো কি ক'রে এ শিশু বালগোপাল।" কথাটি শুনে আমিও শিশুর দিকে তাকিয়েছি। দেখি শিশুটি মুখে এক টুকরো বাদাম নিয়ে ফোগ্‌লা মুখে চুস্‌ছে। আমি তখন জনতাকে বল্‌ছি, "এই দেখ! গোপাল বাদাম খাচ্ছে। এত্তটুকু সদ্যোজাত শিশু, যে এখনও তাকাতে শেখে নাই, সে এম্‌নি চুষে চুষে বাদাম খেতে পারে?" তাই দেখে সবাই চুপ। আবার আমি ব্যস্ত হয়ে পড়লাম বাড়ীর মালিকের জন্য কিন্তু এর পরেই আমার স্বপ্ন ভেঙ্গে-গেল। মনটা যেন রূঢ় বাস্তবের আঘাতে অত্যন্ত বিমর্ষ হয়ে গেল।

আমার এই স্বপ্নদর্শনের কাহিনী শ্রীশ্রীমা আনন্দময়ী এবং আরও দু' একজন জান্‌তেন।

দিদি গুরুপ্রিয়ার নিকট হ'তে আকুল আগ্রহভরে তৃষিত চাতকের মত ফটো নিয়ে দেখলাম। এই বড় সড় গোপাল, ঘন কৃষ্ণ কালো কষ্টিপাথরের মত রং, বড় বড় স্নিগ্ধ দু'টি চোখ, যেম্‌নিটি দেখেছিলাম সবই তো মিল্‌ছে, তবুও আমার সন্দেহ মন সংশয় যায় না—যেমন স্বপ্নেও প্রমাণ চেয়েছিলাম। গুরুপ্রিয়া দিদির কাছে বাল-গোপালের সমস্ত বিবরণ শুন্‌লাম। ঐ মূর্ত্তি নাকি বহুদিনের প্রতিষ্ঠিত। কাশীধামের কোনও এক প্রাচীন অবস্থাপন্ন পরিবারের গৃহদেবতারূপেই অধিষ্ঠিত ছিলেন। কালক্রমে সেই পরিবারের আর্থিক অবস্থা পড়ে যাওয়াতে নিত্যপূজা প্রায় অসম্ভব হ'য়ে উঠে এবং বিগ্রহটিকে কৃষ্ণবর্ণ বস্ত্রে আবৃত ক'রে গঙ্গায় বিসর্জ্জন দেওয়ার কথা হয়। লোক-পরম্পরায় তখন মায়ের কাছে অনুরোধ আসে বিগ্রহটিকে আশ্রমে রাখার জন্য। মা স্বয়ং অগ্রবর্ত্তী হ'য়ে গোকুলের বাল-গোপালকে রাজ-সমারোহে উল্লসিত জয়ধ্বনির মাঝে অভ্যর্থনা কর্‌লেন শ্রীশ্রীআনন্দময়ী আশ্রমে। দিদি গুরুপ্রিয়া আমায় মায়ের সাথে কাশী যাবার জন্য অনুরোধ কর্‌লেন, বাধা আমার কম ছিল না, কিন্তু এ-ও জানি যেতে আমার হবেই—দিদির মুখ দিয়ে কথাটা যখন বেরিয়েছে। মায়ের সাথে কাশীতে পৌঁছুলাম। সন্দেহ দোলায় মন আমার সংশয়ে দুল্‌ছে—কী দেখ্‌বো জানি না। শীঘ্র স্নান সেরে তৈরী হ'য়ে নিলাম গোপালের মন্দিরে যাবো। একা নয় মায়ের

পায়ে পায়ে মায়ের আঁচল ধ'রে—ভীত ত্রস্ত শিশু যেমন মায়ের মুখপানে চায়—শক্ত করে মাকে জড়িয়ে ধরে। মন আমার কিসের অজানিত আশঙ্কায় ভরে উঠেছে। বসে আছি মায়ের প্রতীক্ষায় তাঁর তুয়ারে, প্রতিটি সময় গুণ্‌ছি। হঠাৎ মা তাঁর ঘর থেকে বেড়িয়ে এলেন—"চলো" ব'লে এগিয়ে চল্লেন গোপালের ঘরের দিকে। মায়ের সাথে গোপালের ঘরে প্রবেশ ক'রে দেখি আমার স্বপ্নে দেখা সেই গঙ্গার ঘাট, সেই মন্দির, সেই ছাদ, সেই তুলসীমঞ্চ আর সেই গোপাল, যাঁকে আমি কোনদিন ভাবি নি, আহ্বান ক'রে জীবনের আসনে বসাবার চেষ্টা করিনি, আমি যাঁকে স্বপ্নে দেখেছিলাম, যিনি স্বতঃ প্রণোদিত হ'য়ে বাল-গোপালের রূপ ধরে এক বিশিষ্ট মূর্ত্তিতে আমার কোলে এসে বসেছিলেন। আমার চার বৎসরের স্বপ্ন-গোপাল আজ আমায় তাঁর দ্বারে পেঁ ৗছে দিয়েছে। আমি ভক্ত নই, বৈষ্ণব নই, বৈষ্ণবীয় আর্ত্তি আমার অজ্ঞাত। কোন দিন জ্ঞানে, অজ্ঞানে মন্দিরে মন্দিরে আমি তাঁকে অন্বেষণ করে বেড়াইনি, কেঁদে বলিনি—"জগন্নাথ স্বামী নয়ন-পথগামী ভবতু মে!" দৃঢ় বিশ্বাস ছিল, এই স্বপ্নে দেখা বিগ্রহ একদিন না একদিন আমার দৃষ্টিগোচর হবে-ই। এতক্ষণে আমার সব দ্বিধা-দ্বন্দ্ব দূর হ'য়ে গেল। মনে হলো, আমার সংশয়ের কিছু মাত্র নেই। সেই চোখ, সেই মুখ, সেই আকৃতি, সেই ভুবন-ভুলানো হাসি। মন প্রাণ ব্যাকুল হ'য়ে উঠলো কোলে নেবার জন্য—মা অনুমতি দিলেন। ঠাকুরকে কোলে নিয়ে বস্‌লাম। মা আমায় গোপালের দেহে হাত বুলিয়ে দিতে বল্লেন। তাঁকে আমি কি দিয়ে, কেমন ক'রে সন্তুষ্ট কর্‌বো জানি না। কোন অধিকারই যার নেই, কোন সম্বলই যার নেই—সেই দীনহীনার কাছে কিসের পূজা তিনি চেয়েছিলেন, সে কথা একমাত্র তিনিই জানেন। প্রভু, সত্যিই তুমি কৃপাসিন্ধু, বিচিত্র তোমার লীলা।

# ——मातृ-वाणी——

[ विभिन्न समयों में भिन्न-भिन्न लोगों के पत्रों के उत्तर में श्री श्री माँ ने जो उपदेश दिये हैं, उनका संक्षिप्त संग्रह ]

## यज्ञोपवीत-धारण की आवश्यकता

### ( ४४ )

यदि भगवान् के लिए भगवान् को पुकारना न हो, तो मनुष्य यज्ञोपवीत ही क्यों जो इच्छा हों उसे छोड़ दे सकता है एवं उसकी ऐसी ही इच्छा होती है। क्योंकि यदि भगवान् के लिए भगवान् को पुकारना न हो, भगवान् की चाह न हो, तो उसका भाव ऐसा होना स्वाभाविक ही है। उसका स्वरूप ही ऐसा है। और यदि ध्वंस करने को शक्ति ही रहे तो विघ्नों का अब तक ध्वंस क्यों नहीं कर रहा है? एक तृण उठाने की शक्ति किसी में नहीं है। उस इच्छामय की इच्छा ही पूरी होती है। क्षणिक कष्ट होने पर भी मङ्गलमय भगवान् मङ्गल करते हैं। साधारण जीव के लिए तो उसे समझना कठिन है।

यज्ञोपवीत, गायत्री का त्याग करना ब्राह्मण के लिए अकल्याणकारी है, अमङ्गल है। तुम स्वयं फिर मङ्गल का मार्ग कितना देख सकते हो? मङ्गलमय जो करते हैं वह सभी मङ्गल है। हरिकथा ही कथा है और सब व्यर्थ की व्यथा है।

### ( ४५ )

किसी ने अपने किसी आत्मीय का वियोग होने पर यज्ञोपवीत का परित्याग कर दिया था इस पर उसके विषय में श्री श्री माँ ने लिखा है—क्या उसने यज्ञोपवीत फेंक दिया है? ठीक है। उसके मन में जिससे शान्ति हो वही तो करेगा। संसार में स्वामी के मरने पर स्त्री संग नहीं जाती है, स्त्री के मरने पर स्वामी नहीं जाता। पिता के मरने पर सन्तति साथ नहीं जाती। आत्मीय परिवार का क्या कोई संग गया है, या कभी जाता है? यह तो उसने प्रत्यक्ष ही देखा है। अपने अपने कर्मों के अनुसार अपने अपने मार्ग पर जीव चलता है।

आज इस विपत्ति में क्या उसने आहार का त्याग किया है, या स्त्री, पुत्र, कन्या, आत्मीय स्वजनों का त्याग किया है? अपने पहनने के कपड़े त्यागे हैं, या नींद ही छोड़ी है, क्या जगत् के लोगों

के साथ वार्त्तालाप करना बन्द किया है ? हाँ, दुःख का समुद्र तो अवश्य उमड़ा है—यह ठीक है। तब क्या साथ गया केवल यज्ञोपवीत ही, जो पिता माता का स्नेह और प्रेम का दान है, जो अमूल्य चिरन्तन परम पद की प्राप्ति में सहायक है। आज ····के निमित्त यदि यज्ञोपवीत का ग्रहण करता तो वह ····की स्मृति ही हृदय पर जाग्रत् रखता। उसके निमित्त वह गृहीत हुआ था, अमृत की ओर जाने का प्रतीक। ग्रहण किया हुआ भी वह चला गया, यह भी सर्वसाधारण के लिए परिताप का विषय है। ····की स्मृति रूप में भी तो उसे रख सकता था। मालूम पड़ता है कि भगवान् को पुकारना नहीं है। जिसकी प्राप्ति होने पर सब कुछ प्राप्त होता है उसीके लिए उनको पुकारना, यज्ञोपवीत धारण करना।

## विविध

### ( ४६ )

हाँ, चारों ओर सामञ्जस्य की रक्षा करते हुए मौन रख सकने पर तो अच्छा है। इङ्गित, इशारा न कर जितने समय तक बन सके।

### ( ४७ )

माला से गाँठ देकर जप करना चाहिये।

### ( ४८ )

माँ, जीव का स्वभाव ऐसा ही है। जान सुन कर पाप करना बहुत ही हानिकारक है।

### ( ४९ )

एक समय एक विशेष बात हुई थी। +++नौकरी मिलनें पर योगिराज और भोगिराज एक संग होगा। भोगिराज तो पूर्ण मात्रा में दीख पड़ रहा है। योगिराज का अंकुर किस राज्य में रहा, अन्धकार गुहा के अन्दर की तरह ? उस अन्धकार गुहा में आलोक प्रज्वलित करने की चेष्टा कब आरम्भ होगी ? जो दिन जाता है वह तो फिर आता नहीं है। अमूल्य समय चला जा रहा है। दिन रहते दीनानाथ की ओर अग्रसर होना चाहिये। तीसरी अवस्था में आलस्य तथा अशक्ति के कारण हरिनाम का उच्चारण नहीं होता है। उस समय काल का कर्म क्या किया जा सकता है ?

### ( ५० )

महादेवजी का आकर अपने शरीर में मिल जाना, ज्योति का प्रकाश होना है—यह तो शुभ लक्षण है। चिन्मय मूर्ति का आभास दर्शन होना मङ्गल है।

### ( ५१ )

द्विदल भ्रूमध्य में काशीविश्वनाथ का प्रकट होना तो साधक को होता ही है। यह जो कमर से गले तक आकृति का प्रकाश । साधकों को तो बहुधा विविध रूप के आकार प्रकारों का प्रकाश होता ही रहता है। ये अमुक हैं ऐसा मानने के लिए जब दूसरा कोई प्रमाण नहीं है, केवल आकार देखकर ही वही हैं ऐसा जो मान लिया जा रहा है, इस भावना का त्याग करने की चेष्टा करनी चाहिये। क्योंकि साधकों की शक्ति की धारा तो कितने ही प्रकारों के क्रमों को पकड़ कर प्रकट होती है। जहाँ आश्रय लेने पर भगवद्भाव और भगवद्भाव के हो सहायक सब कुछ प्रकट होते हैं उस भगवद्‌भाव की ही एक शक्ति की धारा का सूत्र के रूप में विकास यह है। इसलिए तत् शक्ति के विकास रूप से सभी के अन्दर उनके इतने तरह के प्रकाश हैं ऐसा चिन्तन करना चाहिये। पूजा, जप, ध्यान आदि सभी जीवन्तरूप में प्रकट हों इसके लिए यथाशक्ति प्राणप्रण से चेष्टा करनी चाहिये।

### ( ५२ )

बाहर प्रेम न दिखाते हुए भी जो माँ हैं वही यथार्थ माँ हैं—हैं भी और रहेंगी भी। उन्हें हटा देने की इच्छा करने पर भी वह हटतीं नहीं। उन्हीं की सन्तान है न। सोचना चाहिये कि यह उन्हींकी व्यवस्था है, इसलिए माँ भलाई के लिए ही सब कुछ करती हैं। हाँ सत् आकाङ्क्षा का जागरण होना अच्छा है। माँ का अर्थ है जो सन्तान को नाप कर परिमित दे सकती हैं। सन्तान को माफ अर्थात् क्षमा कर सकती हैं, इसीलिए वे माँ कहलाती हैं।

### ( ५३ )

असली में बड़ा आदमी कौन है ? बड़ा आदमी वह है जो परम धन से धनी हो, वही बड़ा आदमी और धनी है। निर्धन, दरिद्र उसी को कहते हैं जिसके हृदय में भगवान् का स्मरण नहीं है। उन्हीं के ऊपर निर्भर रहना एकमात्र कर्तव्य है।

# श्री श्री माँ की अमरवाणी

( महामहोपाध्याय श्रीयुक्त गोपीनाथ कविराज, एम्० ए०, डी० लिट्, कृत व्याख्या सहित )

छः

( गताङ्क से आगे )

**प्रश्न**—हम कैसे इसे धारण करें ?

**माँ**—लाइन तो गुरु बतलाते हैं। कैसे धारण करना चाहिये इसकी लाइन गुरु बतलाते हैं। गुरु ही साधना की शिक्षा देते हैं; करते करते फल की प्राप्ति अपने आप सामने आती है। अधर (अग्राह्य) को ग्रहण करने की शक्ति गुरुकृपा से ही प्राप्त होती है। जहाँ पर क्या करें यह प्रश्न होता है, ऐसा कहते हो, वहाँ पर तो फिर परिपुष्टि प्राप्त हुई नहीं। इसलिए जब तक प्रकाश न हो, निरन्तर किये जाओ। व्यवधान नहीं पड़ना चाहिये। व्यवधान पड़ने से गाँठ पड़ जाती है। जैसे कहते हो तैलधारावत्।

तुम्हारा ऐसा प्रयत्न रहना चाहिये कि निरन्तर अखण्ड धारा से किये जाना। आहार-निद्रा तुम्हारे हाथ में नहीं हैं, न रहें। तुम्हारा लक्ष्य रहना चाहिये अखण्ड की ओर। देखो, आहार, निद्रा प्रत्येक को ही, जिस समय का जो है, अखण्डरूप से तुम चाहते हो न, ठीक वैसे ही इधर भी अखण्डभाव से ही प्रयत्न रहना चाहिये। जिस समय मन की गति के साथ उस अखण्ड का स्पर्श हो जायगा, यदि भाग्य में बदा होगा, तो उस क्षण को पा जाओगे। क्षण के भीतर सब क्षण रहते हैं। उस क्षण का स्पर्श होने पर तुम सब क्षणों को पा जाओगे। जैसे मान लो न सन्धि-क्षण-प्रातःकाल, मध्याह्न और सन्ध्या जाने आने की सन्धि में जो शक्ति है उसका प्रकाश हो जाता है। यही जो तुम लोग Electric Light इत्यादि कहते हो। अर्थात् युक्त स्थिति का क्षण, और क्या है ? जिस स्थिति में उस सत्ता का प्रकाश होता है। सभी क्षणों में वह है तो, पर तुम उसे पाते नहीं हो, उसी को पाना चाहिये। अगर तुम उस सन्धिक्षण को पा जाओ। किन्तु वह क्षण कब किस के लिए प्रकाश में आवेगा, कहा नहीं जा सकता। लगे रहना चाहिये। किस का कौन क्षण है, जिस लाइन को जो ग्रहण करता है उसके अनुसार और क्या ? जो व्यक्ति जिस क्षण में पैदा हुआ है, उसका सारा जीवन उसी रूप से नियन्त्रित रहता है न। उसी प्रकार तुम्हारे लिए वह क्षण चाहिये जिससे तुम इस धारा में पड़ सको। इस धारा का अर्थ है स्वभाव की धारा, महागति अर्थात् महायात्रा। उसके प्राप्त हुए बिना पूर्णता नहीं आ सकती। इसलिए गुरु किसी किसी को समय बतला देते हैं, जैसे प्रातः, सन्ध्या, दोपहर अथवा अर्धरात्रि। चार ही तो समय कहे जाते हैं। गुरु के निर्देश के अनुसार जिस जिसका जो कर्तव्य हो, उसका उसे पालन करना चाहिये। गुरु का उपदेश जिसके लिए जैसा

रहे। सबका एक मार्ग तो नहीं है। संयोग वश किस को किस दिशा से किस प्रकार पूर्ण करके आना पड़ेगा यह साधारण मनुष्य को ज्ञात नहीं है। इसलिए गुरु का आदेश ही पालनीय है।

यदि तुम्हारे भाव में और कर्म में उस क्षण का ठीक ठीक योग हो जाय तो उसका प्रकाश हुए बिना नहीं रहेगा। इसलिए गुरु की पद्धति पकड़े रहने की चेष्टा करनी चाहिये। उसके बाद दिखाई देगा कि हो रहा है। २४ घण्टों में कोई एक समय निश्चित कर उनके अर्पण करना चाहिये। निश्चय करना चाहिये कि यदि सुविधा हुई तो अमुक आसन से बैठूँगा और अमुक जप करूँगा। क्रमशः समय अथवा संख्या बढ़ाओ। हर रोज बढ़ाने की आवश्यकता नहीं है। नियम कर लो कि अमुक तिथि या बार को बढ़ाऊँगा अर्थात् इतना अधिक करूँगा। ऐसा करके अपने को वहाँ पर बाँधे रखने की चेष्टा करनी चाहिये। जहाँ पर भी रहना वहाँ ही उनका आश्रय लेकर लक्ष्य पकड़ कर पड़े रहना चाहिये। इस चेष्टा के फलस्वरूप यह जो धारा है इसमें यदि तुम में गम्भीरता प्राप्त हो, बहुत समय बिताकर वह प्रारम्भ हो जाय, तुम्हें परिवर्तित कर दे, तो तुम्हें दिखाई देगा कि वह तुम्हारी भोग की वृद्धि की दिशा घटा रही है, संचित को लेकर ही क्रिया हो रही है। ऐसी भी कदाचित् तुम्हारे मन में प्रतीति हो सकती है कि किस क्षण में शरीर चला जाय, मृत्यु किस क्षण में आ जाय।

जगत् में जैसे नित्य नूतन सृष्टि होती है, मन उसे नित्य नूतन रूप में ग्रहण करता है तो। इस प्रकार चलने के फलस्वरूप तुम्हें प्रतीत हो सकेगा कि बाह्य बातें कम होती जा रही हैं और तुम अन्तर्मुख होते जा रहे हो। जितना ही यह प्रयत्न बढ़ता जायगा उतनी ही तुम्हारी यह दिशा खुलती जायगी। इस प्रकार जितना बढ़ाओगे उतने ही दुर्भोग कम होंगे फिर बढ़ेंगे नहीं। कर्म से कर्मक्षय होता है यह भी तो कहा जाता है। हाँ, भाग्यानुसार थोड़े समय में भी होता है। देखो, शरीर को यदि खाना न दिया जाय, तो उसका खाद्यग्रहण बन्द नहीं होता। कहते हैं कि शरीर उस समय अपना माँस खाना शुरू कर देता है। इसलिए बाहरी भाव में जैसे पुष्ट रहते हो वैसे ही इस भाव को लेकर यदि आध्यात्मिक भाव ग्रहण करो तो तब जाकर तुम्हारी वह दिशा पुष्ट होगी। उसके अनन्तर कब किस क्षण में अग्नि प्रज्वलित हो उठेगी यह-कौन जाने। इसलिए उसी बात को उसी भाव को लेकर रहने की चेष्टा करनी चाहिये। उसके फलस्वरूप तुम्हारे ध्यान की पुष्टि होगी—सदा वही। क्योंकि मन तो उसी को चाहता है जिसे देने से वह पुष्ट होगा। एकमात्र परम वस्तु के सिवा और किसी से मन पुष्ट नहीं होता। तब तुम उस धारा में पड़ जाओगे।

तुम देखोगे कि जितना ही तुम्हारी भीतर की गति में रस का संचय हो रहा है, उतनी ही बाहर की गति में फिर रुचि नहीं हो रही है। उस समय मन इतना परिपुष्ट हो जायगा कि उसमें कब वह अभिन्नत्व प्रकट हो जाय। लय की बात जो तुम कहते हो, लक्ष्य अर्थ में यदि 'तत्' कहते हो तो लय की बात जो कहते हो वह ठीक है। जड़ समाधि

नहीं चाहिये, मन का जिससे लय न हो। मन क्या है, कौन है, इसका पता लगना चाहिये।

मन लीन होकर तदाकार,—यही कहते हो क्या? एक तो ऐसा है कि स्थान नहीं मिल रहा है अर्थात् मार्ग नहीं मिला रहा है इसलिए मन लीन हो गया और दूसरी ओर जो 'तत्' है वह स्वयंप्रकाश है, इसलिए मन के पृथक् अस्तित्व का प्रश्न ही नहीं उठता। वही स्वयंप्रकाश, उस समय मन का लय हुआ या नहीं इस प्रश्न के उठने का अवसर कहाँ है? तुमने जिस दृष्टिकोण से जिज्ञासा की तदनुसार यह कहा। एकांश को लेकर जो ध्यान आरम्भ की बात कही है एकांश के भीतर ही तो सर्वांश रहता है, उसका प्रकाश करने के लिए ही तो गुरुशक्तियुक्त आदेश का पालन करना पड़ता है। यह सब एक दिशा की बात की साधारण केवल एक झलकमात्र कही है।

और देखो, किसी समय दिखाई देता है कि ध्यान में बैठने पर होश नहीं रहता है। किसी किसी को एक प्रकार के नशे का सा आनन्द प्रतीत होता है, जिससे विवश हो जाता है, लम्बा समय उसी भाव में बीत जाता है। उठ कर कहता है क्या अपूर्व आनन्द है, मैं आनन्द में था। किन्तु यह तो ज्ञान नहीं है। अतएव ध्यान का भी एक स्थान है, जिसमें आनन्द की प्रतीति होती है, मानो आनन्द में डूबा था। कौन था? मन ही न। किन्तु यह किसी जगह स्थलविशेष में विघ्न डालता है। यदि बार बार उसी जगह जाकर भी यदि लौट लौट कर खड़ा रहे तो मूल का स्वाद पावेगा नहीं। वास्तविक ध्यान तब होगा जब कि सांसारिक रस का ज्ञान नहीं रहेगा। जिस समय वास्तविक ब्रह्मभाव या आत्मसाक्षात्कार की दिशा प्राप्त होगी, वहाँ कहाँ था, अथवा इतनी देर तो कुछ भी नहीं जान सका। अनजाने ही तो? यह भी नहीं रहेगा। सुख से जिस समय कहा जा सकता है कि क्या आनन्द था, यह रसास्वाद है, यह विघ्न है। सचेतन रहना चाहिये, जाग्रत् रहना चाहिये। जड़ या योगनिद्रा होने पर चलेगा नहीं।

ध्यान के बाद सांसारिक आनन्द फीका फीका लगेगा, अलूना और क्या। वैराग्य किसे कहते हैं? सांसारिक प्रत्येक वस्तु में मानो वैराग्य की आग जला दी हो, मानो Shock लग रहा हो। उस समय अन्तर बाहर जागरित हो उठता है। किन्तु वैराग्य से सांसारिक पदार्थों में वैराग्य या उपेक्षा नहीं होगी, ग्रहण नहीं होगा, क्योंकि शरीर लेना नहीं है। विरक्ति या क्रोध नहीं होगा। जब वैराग्य धड़धड़ करके जल उठेगा, तब क्रमशः क्या होगा? यह (जगत्) क्या है? यह प्रश्न विचार में आवेगा। जगत् का मिथ्यात्वबोध प्रत्यक्ष प्रज्वलित हो उठेगा। जगत् की प्रत्येक वस्तु मानो आग सी प्रतती होती है, छूई नहीं जाती। किसी समय यह अवस्था भी जागती है।

इस समय जो भोग भोगते हो वे अनित्य प्रतीत नहीं होते, उनमें सुख की प्रतीति होती है। जितना वैराग्य बढ़ेगा उतना ही भोग का रस मर जायगा, मृत्यु की मृत्यु ही हो जायगी, काल की वस्तु है न? सम्प्रति जो काल के अतीत की ओर जा रहे हो, वही तुम्हारे संसारी सुखबोध को जला रहा है। उसके फलस्वरूप जगत् क्या है, वह प्रश्न उठेगा। जब तक सुखबोध रहेगा तब तक तो

यह प्रकट होगा नहीं। कालातीत की ओर जाते हो इसलिए काल की वस्तु अपने को पकड़ा देगीं।

यदि नीचे उतर कर जैसा तैसा विपरीत आचरण कर सकते हो तो समझना चाहिये कि तुम में परिवर्तन नहीं हुआ। जब ध्यान होगा और वैराग्य पैदा होगा तब उधर हाहाकार लगेगा, क्षुधा को जगा देगा। फिर तुम देखोगे कि सांसारिक किसी वस्तु से भी तुम्हारी भूख निवृत्त नहीं हो रही है, तुम्हारी तृप्ति नहीं हो रही है।

क्या कहूँ बाबा, (इस) शरीर के निकट आकर कहते हैं, मेरी लड़कियाँ और लड़के इस प्रकार के हैं। आँखों के सामने मोटर में बैठकर चले गये, पर बाप माँ का क्या रोना है, एक बार आँख उठा कर देखा भी नहीं। इनके रोने का वह समय उसे छू भी नहीं गया। देखो बाबा, इस मार्ग में भी ठीक ऐसे ही विषयभोग छूते नहीं हैं ऐसा स्थान है। जिन जिनको अपना समझा था ये तो केवल रक्त और मांस के पिण्ड हैं, इनसे क्या करूँ? ऐसी प्रतीति होती है। जैसे कोई जान सुनकर अग्नि में हाथ नहीं डाल सकता हैं, साँप की गर्दन पर पैर नहीं रख सकता है, ठीक वैसे ही इधर केवल देख कर चले जाओगे। तब तुम्हारी उस ओर गति होगी। तदुपरान्त जब वैराग्य के ऊपर भी वैराग्य होगा तब वैराग्य अवैराग्य का प्रश्न ही नहीं रहेगा—जो है वही। देखो, ऐसा भी तो कहते हैं, कि किसी को करते करते ज्ञान होता है। करते करते क्या ज्ञान होता है? ज्ञान क्या क्रिया के अधीन है? आवरण का नाश होता है। आवरण का नाश होने पर जो प्रकाश है उसका प्रकाश होता है। कर्म का जो फल है, जिस ओर की क्रिया करता है उस दिशा का प्रकाश होता है। निरावरण प्रकाश ठहरा स्वयं जो नित्य है। किसकी कौन धारा है यह गुरु जानते हैं।

**प्रश्न**—कभी प्रतीत होता है विषयमात्र है और कभी ज्ञानमात्र है। एक ही वस्तु की दो समयों में दो प्रकार की प्रतीति कैसे होती है?

*माँ*—क्योंकि तुम समय के अधीन होकर कहते हो। स्व-मय तो फिर हो नहीं, वहीं पर मीमांसा है। परमार्थ दिशा का मन में होना अच्छा है। कारण कि व्यर्थ तो कुछ भी नहीं जाता। जिसका ग्रहण करो वह किसी न किसी समय काम देगा। असली बात है, जैसे जलतत्त्व, वायुतत्त्व, आकाशतत्त्व इत्यादि—ये सब क्या हैं? फलतः सृष्टि क्या है? तब क्रम क्रम से जब एक एक तत्त्व का प्रकाश ज्ञान में प्रस्फुटित होगा फूल फूलने के समान और क्या? पेड़ में फूल फल हैं, इसीलिए न वे प्रकट होते हैं। इस कारण जिस तत्त्व का प्रकाश होने पर सब तत्त्वों की मीमांसा होती है।

विषय जो कहते हैं, विषय माने जिसमें विष है, जो हानि पहुँचाता है, मृत्यु की ओर खींच ले जाता है। निर्विषय अमृत है, जहाँ विष की गन्ध नहीं है उसका प्रकाश।

*प्रश्नकर्ता*—उस वैराग्य का दाह भी तो कुछ रह गया।

*माँ*—दाह किस से होता है? कोई घाव होने पर ही तो? तभी तो प्रदाह होता है। यह घाव किसका? घाव रहे तभी तो दाह होगा? यह

भान है। घाव तब तक रहेगा जब तक कि वह प्रकाश न होगा। जिस स्थिति में ज्वाला रहने पर अच्छा होता है वह स्थिति तो अच्छी है, विकारग्रस्त होने पर ज्वाला का अनुभव नहीं होता है, देखते हो न सुख, शोक और ताप में डूबे पड़े हैं, यह तो चाहिये नहीं। इस प्रकार का, यही तो संसार जहाँ पर नित्य संशयरूप में है। कहो तो ज्वाला क्यों होती है ?

*प्रश्नकर्ता*—भगवान् भी खींचते हैं, विषय भी खींचते हैं, इसकी ज्वाला है।

*माँ*—मैं छोड़ नहीं सकता हूँ, छुड़ाने की साध है, यह जो बात है। यह साध जागे तो, साध के जागने पर किसी समय छुड़ा सकोगे। पाने पर भी ज्वाला ( विषय ), और न पाने पर भी ज्वाला। यह जो पाने पर ज्वाला है, यह चाहिये, विषय न पाने पर विषयप्राप्ति की इच्छा की जो ज्वाला है यह मृत्यु की दिशा है, दुःख की दिशा है।

*प्रश्नकर्ता*—पाने की ज्वाला की तो निवृत्ति नहीं होती है, जितना ही पाता है उतनी ही चाह होती है। ( विषयभोग के परिणाम में ज्वाला )।

*माँ*—यहाँ विषय का अभाव तो मूर्तिमान् है, अभाव की ज्वाला तो रहेगी ही। इसीलिए कहा जाता है अभाव की गति और स्वभाव की गति। अभाव की गति का स्वभाव ठहरा कभी पूरण की ओर। सदा अभाव को जागरूक रखना ही उसका स्वभाव है। स्वभाव की गति ठहरी स्वभाव में स्थित करना, स्वभाव के कर्म की पूर्णता की प्राप्ति करना। इसलिए यदि स्वभाव की गति द्वारा पूर्ण करने की चेष्टा करो तो स्वभाव की गति से स्वभाव में स्थित होने की ओर ले जायगा।

"*प्रश्नकर्ता*—और न पाने की ज्वाला ?—(भगवान् की अप्राप्ति की ज्वाला ) विषयभोग नहीं चाहिये, किन्तु आ जाता है। भोग किये जा रहा हूँ।

*माँ*—अरे, अप्राप्ति की ज्वाला तो अच्छी है। जो खाया है उसकी डकार तो आवेगी ही। साध करके गहना पहनते हो, उसका भार वहन तो करना ही पड़ेगा। परन्तु बात यह है कि यह भार हट जायगा, क्योंकि हटने की ही चीज है न।

*प्रश्नकर्ता*—ज्ञानी को क्षणिक अज्ञान होता है या नहीं ?

*माँ*—ज्ञानी कहोगे और क्षणिक अज्ञान कहोगे, ऐसी बात तो नहीं होती बाबा। किसी एक स्थिति में क्षणिक स्थिति है उसमें यह बात ला सकते हो। असल में ज्ञान जो है वहाँ यह बात नहीं है। तुम उसे जिस रूप में ही क्यों न देखो वह जो है वही है। ज्ञान जिसको कहोगे उसमें अज्ञान का प्रश्न कहाँ ? जिस जगह अज्ञान की बात है वहीं पर ज्ञान अज्ञान के सदृश दिखाई देता है। इसलिए यहाँ पर उतरने और चढ़ने की बात उठाते हो। मुक्त होने पर जैसे देह रहने न रहने का प्रश्न नहीं होता, उसी प्रकार उतरने चढ़ने का प्रश्न भी नहीं रहता। चढ़ने उतरने की भी स्थिति है वास्तव में है।

# व्याख्या

## ३—साधना कितने दिनों तक करनी चाहिए—

सिद्धि की प्राप्ति के लिए साधना आवश्यक है। यद्यपि देखने में आता है किन्हीं किन्हीं को साधना किये बिना भी अथवा भली भाँति साधना पथ पर अग्रसर हुए बिना भी फल-प्राप्ति हुई है, तथापि यह कहना ही पड़ेगा कि वह फल-प्राप्ति भी अकारण नहीं है। एवं अधिकांश स्थलों में वह कारण साधक के जन्मान्तर के साधन के रूप से ही गृहीत होता है। हम यहाँ पर अहैतुक कृपा या उससे उत्पन्न होने वाले फललाभ की चर्चा नहीं कर रहे हैं। क्योंकि वह भगवान् की स्वतन्त्रता पर निर्भर है इसलिए वह हमारी आलोचना के अन्तर्गत नहीं हैं। यहाँ पर जो कहा गया है उसका तात्पर्य यही है कि यदि सिद्धि प्राप्त करनी हो तो साधन पथ का अवलम्बन कर विधिपूर्वक दीर्घकाल तक आदर के साथ साधन कार्य का सम्पादन करना उचित है। साधन कभी भी व्यर्थ नहीं जाता है। एक जन्म में यदि फल न भी दे तो वह संस्कार के रूप से चित्त में रहता है एवं क्रम से पुष्ट होते होते दूसरे जन्मों में फल उत्पन्न करता है। एक ही जन्म में हो चाहे बहुत से जन्मों में हो जब तक साधन पूरा न होगा तब तक सिद्धि अथवा फल की आशा करना अत्यन्त निरर्थक है। किसी किसी को थोड़े ही काल में फलप्राप्ति हुई है यह बात सुनकर कोई लोग यह धारणा कर बैठते हैं कि बिना साधन के ही आकस्मिक रूप से इस प्रकार की फलप्राप्ति हुई है। उन सब जगहों पर सूक्ष्म दृष्टि से विचार करने पर समझ में आ सकेगा कि उस फलप्राप्ति के पीछे पूर्वजन्म की कठोर साधना का इतिहास विद्यमान है।

ऊपर लिखे गये विवरण से भली भाँति समझ में आ सकता है कि साधना करना नितान्त आवश्यक है। उसके बिना सिद्धिलाभ की कोई सम्भावना नहीं। अवश्य यह लौकिक दृष्टि की बात है। किन्तु प्रश्न होता है कि साधना कितने दिनों तक करनी चाहिये। इस प्रश्न के उत्तर में माँ ने कहा है—"जब तक प्रकाश न हो, निरन्तर किये जाओ। व्यवधान नहीं पड़ना चाहिये। व्यवधान पड़ने से गाँठ पड़ जाती है। जैसे कहते हो तैलधारावत्। तुम्हारा ऐसा प्रयत्न रहना चाहिये कि निरन्तर अखण्ड धारा से किये जाना।" माँ ने जो कहा है उसमें पूर्वोक्त प्रश्न का उत्तर सूक्ष्मरूप से निहित है। माँ ने किसी काल का निर्देश नहीं किया है। कारण कि काल की एक दृष्टि से बाहरी पदार्थ के रूप में गिनती होने पर भी वास्तव में वह केवल आभ्यन्तरिक भाव ही है। इसलिए जिस काम की सिद्धि निदिष्ट क्रम के अनुसार एक महीने में होती है वह यदि अत्यन्त तीव्र वेग के साथ किया जाय तो एक दिन में अथवा किसी का उससे भी कम समय में सम्पन्न हो सकता है। संवेग की तीव्रता के अनुसार काल का विस्तार जानना चाहिये। अतएव स्थूल दृष्टि से काल का निर्देश कथमपि सम्भव नहीं है। क्योंकि प्राणों का आवेग बढ़ने पर बाहरी काल का संकोच स्वभावतः ही हो जाता है। किन्तु वास्तविक पक्ष में काल एक ही है। परन्तु इस सूक्ष्म काल की एकमात्र योगी अथवा महाज्ञानी के सिवा दूसरा कोई धारणा नहीं कर सकता। इसलिए कितने दिनों तक साधना करनी चाहिये इस प्रश्न के उत्तर में माँ ने काल का कोई निर्देश न कर केवल यही कहा है कि जितने दिनों तक

प्रकाश न हो उतने दिनों तक अविच्छिन्न रूप से एकाग्रतापूर्वक साधना किये जाना चाहिये। किस कारण से फलप्राप्ति में विलम्ब होता है और किस कारण से शीघ्र फलप्राप्ति होती है यह जानना अज्ञानी साधक के लिए संभव नहीं है एवं जानने की कोई आवश्यकता भी नहीं है। जिस कर्म से जिस फल का विकास अवश्यंभावी है उस फल का जब तक उदय न हो तब तक श्रद्धा के साथ उस कर्म को पूरे मनोयोग से पकड़े रहना चाहिये। यही माँ के उपदेश का तात्पर्य है। वास्तव में फल अथवा सिद्धि की ओर ध्यान देने की कोई आवश्यकता नहीं है। क्रियमाण साधन कर्म गुरु के उपदेश के अनुसार यथार्थरूप से अनुष्ठित हो एकमात्र इसी ओर ध्यान देना आवश्यक है। इससे कर्म या साधना भी उत्तम होती है एवं फल की ओर दृष्टि न रहने के कारण फलप्राप्ति का समय भी निकट हो आता है।

पतञ्जलि ने कहा है—दीर्घकाल तक नैरन्तर्य और आदर के साथ साधना का अभ्यास करने पर साधक की भूमि दृढ़ होती है। नैरन्तर्य कहने से निरवच्छिन्न साधना की प्रशंसा की गई है, यह समझना चाहिये। साधना की धारा में विच्छेद अथवा व्यवधान पड़ने पर प्रकृति का पर्दा आकर साधन-धारा को आवृत और मलिन कर डालता है। सत्कार शब्द का यह तात्पर्य है कि साधकगण जो भी साधना क्यों न करें उसे यदि श्रद्धा के साथ नहीं करेंगे तो भूमि दृढ़ नहीं होगी। विश्वास ही सिद्धि का प्रधान लक्षण है। इसलिए योगियों ने उपाय मार्ग के आरम्भ में ही श्रद्धा को स्थान दिया है। गीता में भी कहा है—"श्रद्धावान् लभते ज्ञानम्।" मूल में श्रद्धा, विश्वास और सत्कार एक ही वस्तु है। तदनन्तर दीर्घकाल का स्थान है, यह भी भूमिसिद्धि के लिए आवश्यक है। अवश्य ही यह दीर्घकाल वेग के तारतम्य वश बाह्य दृष्टि से भिन्न भिन्न रूपों में भासित हो सकता है। बुद्धदेव जिस समय बोधिवृक्ष के नीचे तपस्या करने बैठे थे, उस समय "इहासने शुष्यतु मे शरीरम्" यह कहकर दृढ़ संकल्प से पूर्ण विश्वास के साथ उन्होंने आसन ग्रहण किया था। 'मन्त्र का साधन या शरीर का पतन' यही उनका उद्देश्य था। उन्होंने कहा था—मेरे त्वचा, अस्थि, स्नायु आदि सूख जायँ, शरीर के रुधिर, मांस आदि सूख जायँ, जो होने वाला है वह हो, किन्तु उद्यम अथवा पराक्रम तब तक न छोड़ूँगा जब तक उद्यमलभ्य वस्तु प्राप्त न हो। बौद्धों की दस पारमिताओं में से एक प्रधान पारमिता का नाम वीर्य है। पतञ्जलि के मत में भी उपायमार्ग में श्रद्धा के बाद ही वीर्य का स्थान है। इसीलिए बौद्धगण कहते हैं, "अत्तापि अत्तनो नाथ को हि नाथ परोसिया" अर्थात् आत्मा ही आत्मा का प्रभु है, दूसरा आत्मा का प्रभु नहीं हो सकता है। इस तरह मन में दृढ़ता कर आसन पर बैठना चाहिये। माँ कहती हैं—"कितनी भी सांसारिक विघ्न बाधाएँ क्यों न आवें मन अखण्ड की ओर रहे। ऐसा होने पर कभी न कभी अखण्ड का स्पर्श मन की गति से लग जायगा।" स्पर्श लगने पर एक ही क्षण में पूर्ण की प्राप्ति हो जाती है। उस समय एक क्षण और सब क्षणों में कोई भेद नहीं रहता। क्योंकि प्राप्ति काल के द्वारा परिच्छिन्न नहीं है।

वह महाक्षण किसको कब प्राप्त होगा यह कहा नहीं जा सकता। उस महाक्षण के आविर्भाव के साथ ही साथ पूर्णस्वरूप अखण्ड रूप से अपने को प्रकट करता है। तब प्रकाश खुल जाता है। अप्रकाश तनिक भी नहीं रहता। जब तक इस महाप्रकाश का आविर्भाव नहीं होता तब तक इसी की ओर लक्ष्य रखकर यथाशक्ति साधन करना ही चाहिये। क्षण का आविर्भाव होने पर काल का अत्यय कट जाता है।

## ४—एकांश को लेकर ध्यान आरम्भ—

प्रश्न उठता है कि एकांश ध्यान से सर्वांश ध्यान कैसे होगा ? इस शङ्का का समाधान यदि यथोचित रूप से हृदयंगम करना हो तो एकांश और सर्वांश के परस्पर सम्बन्ध का अनुसरण करना आवश्यक है। साधारणतः प्रतीत होता है कि जिस अंश का चित्त अवलम्बन के रूप में ग्रहण करता है उस अंश से अतिरिक्त कोई अंश अथवा सत्ता चित्त में प्रकट नहीं हो सकती है। किन्तु यह सत्य नहीं है लौकिक दृष्टान्तद्वारा यह हृदयंगम किया जा सकता है कि एक के साथ दूसरे का भेद सम्बन्ध है एवं जिस किसी एक के साथ सभी का भेद सम्बन्ध है। यद्यपि अंश और अंशी मूल में अभिन्न हैं इसलिए इस भेद के मूल में अभेद सम्बन्ध भी है तथापि भेद का ही प्राधान्य जानना चाहिये। ऐसी परिस्थिति में एक अंश का ध्यान कर सबको धारण करने की कोई सम्भावना नहीं है। किन्तु योगिगण कहते हैं —"जात्यनुच्छेदेन सर्वं सर्वात्मकम्"—अर्थात् चाहे जिस किसी भी जाति की वस्तु क्यों न हो उसका दूसरी जिस किसी जाति की वस्तु के साथ तादात्म्य सम्बन्ध है अर्थात् सबमें सब हैं। ऐसी स्थिति में जो प्रधान होता है वह बाह्य दृष्टि से स्पष्ट होता है शेष सब बाह्य दृष्टि के अगोचर में प्रच्छन्न रहते हैं। किन्तु जिसकी दृष्टि अन्तर्मुख है उसकी दृष्टि में प्रच्छन्न या गुप्त कुछ भी नहीं रह सकता। वह स्पष्टतया देखता है कि प्रत्येक वस्तु में समस्त विश्व भासमान है; हर एक कार्य के पीछे परम कारण निहित है। इसलिए माँ ने कहा है—गुरुशक्ति के प्रभाव से पूर्वोक्त आवरण के हट जाने पर सभी वस्तुओं में सब वस्तुओं की सत्ता दिखाई देती है। गुरुशक्ति के सिवा उस आवरण को काटने को दूसरा उपाय नहीं है। गुरुशक्ति के अनुग्रह की प्राप्ति के लिए निर्विचार चित्त से गुरु की आज्ञा का पालन किये जाना चाहिये। तदुपरान्त एकांश के ध्यान से सर्वांश का किस प्रकार आविर्भाव हो उठेगा यह प्रश्न फिर चित्त में उदित नहीं होता है।

## ५—वास्तविक ध्यान किसे कहते हैं—

ध्यान शब्द बहुत से अर्थों का वाचक है। बहुत से साधकों ने बहुत सी अवस्थाओं का ध्यान के रूप में प्रतिपादन किया है। अपनी दृष्टि के अनुसार उन्होंने ठीक ही किया है। किन्तु फिर भी कहना होगा कि ध्यान का एक वास्तविक और अवास्तविक भेद है। साधारण साधक-समाज में प्रचलित बहुत से ध्यान तदनुसार अवास्तविक ध्यान के अन्तर्गत हैं ऐसा प्रतीत होता है। एक आनन्द का आस्वाद तथा गम्भीर तन्मयता रहने पर ही ध्यान वास्तविक हो जाता है सो बात तो नहीं है। अनेक बार ध्यान से चित्त आनन्दरस में मग्न हो जाता है। अनेक बार मन आत्मविस्मृत विभ्रान्त हो पड़ता है। ये सब वास्तविक ध्यान के लक्षण नहीं हैं। इन सबको ध्यान के विघ्नरूप समझना चाहिये। यह आनन्द एक प्रकार के सांसारिक रस के ही अन्तर्गत है। इसका त्याग कर यदि ऊपर न उठा जा सके तो मूल का स्वाद नहीं मिलता है। इसके अतिरिक्त अज्ञानजनित कोई भी भाव वास्तविक ध्यान में नहीं रह सकता। उसमें एक सचेतन और जाग्रत् भाव सदा ही अक्षुण्ण रहता है। जड़त्व और निद्रा सचेतन भाव के विघ्नभूत हैं। सुषुप्ति में जैसे—'न किञ्चिदवेदिषम्' अर्थात् मैंने कुछ भी नहीं जाना, इस प्रकार का अनुसन्धान व्युत्थान काल में होता है, इस प्रकार का भाव सचेतन ध्यान में नहीं रहता है। क्योंकि अज्ञान या शून्यता जड़ का लक्षण है, चैतन्य का लक्षण नहीं है। वेदान्त के सुप्रसिद्ध दृष्टान्त सुषुप्ति अवस्था के परिचायक के रूप में दो धर्मों का अनुसन्धान मिलता है। एक है—'सुखमहमस्वाप्सम्'

अर्थात् मैं खूब आनन्द से सोया एवं दूसरा है 'न किञ्चिदवेदिषम्' अर्थात् मैंने कुछ भी नहीं जाना। एक रसास्वाद है और दूसरा है अज्ञान। वास्तविक ध्यान में इन दो में से एक भी नहीं रहता है। क्योंकि वह रसास्वाद एक प्रकार से भोग के अन्तर्गत है एवं कुछ न जानना अज्ञान का स्वरूप लक्षण है। यथार्थ ध्यान में आनन्द नहीं रहता हो सो बात नहीं है, किन्तु वह स्वरूप की दिशा का आनन्द है, भोगानन्द नहीं है, माँ की भाषा में 'मूल का स्वाद' है। इसलिए वास्तविक ध्यान के बाद सांसारिक सब प्रकार के आनन्द यहाँ तक कि सुषुप्ति अथवा ब्रह्मलोक का आनन्द भी अत्यन्त फीका प्रतीत होता है। इसीलिए सांसारिक आनन्द की ओर स्वभावतः ही चित्त विरक्त हो जाता है अर्थात् वैराग्य का उदय हो जाता है। वास्तविक ध्यान का यही एक परिचायक लक्षण है। जितनी इस ध्यान की गाढ़ता बढ़ती है उतना ही सम्पूर्ण विश्व के, यहाँ तक विश्व की मूलभूत प्रकृति अथवा गुणमयी सत्ता के प्रति स्वभावतः वैराग्य का उदय होता है। नित्य और अनित्य का विवेक अपने आप ही अभिव्यक्त हो उठता है।

## ६—मन की पुष्टि—

देह की पुष्टि के लिए जैसे आहार आवश्यक है वैसे ही मन की पुष्टि के लिए भी उसका उपयुक्त आहार चाहिये। मन एकमात्र परम वस्तु के सिवा अन्य किसी से भी पुष्ट नहीं होता है। जब तक वह परम वस्तु प्राप्त नहीं होगी तब तक उसकी चञ्चलता दूर नहीं हो सकती है। सांसारिक किसी रस से मन की जो तृप्ति होती है वह क्षणिक तृप्ति है। वह तृप्ति दीर्घकाल तक नहीं रहती है। कुछ समय बाद फिर चञ्चलता जाग उठती है। किन्तु परम वस्तु की प्राप्ति होने पर मन स्थिर हो जाता है, उत्थानरहित हो जाता है। निष्क्रिय परम शान्त रूप से परम सत्ता के साथ एकरस हो जाता है। परम वस्तु के रस की प्राप्ति होने पर स्वभाव की धारा में मन पड़ जाता है। तब वह फिर बाहर की ओर आकृष्ट नहीं होता है। स्वभाव की धारा में ही अन्तर्मुख हो रहता रहता है। मन के यथोचित पुष्टिलाभ करने पर जड़ समाधि आदि का सम्भव नहीं है। तब पुष्ट हुआ मन अपने को जानना चाहता है एवं उसके फलस्वरूप किसी शुभ मुहूर्त में वह अपने को ही परम वस्तु के रूप में पहचान जाता है।

## ७—क्षण का रहस्य—

क्षण का रहस्य अत्यन्त जटिल भी है और सरल से सरल भी है। हम लोगों की चित्तवृत्ति काल के अधीन होकर संस्कार वश निरन्तर झूले की नाईं झूल रही है। इसलिए वह स्थूल को छोड़ कर सूक्ष्म सत्ता को धारण नहीं कर सकती है। योगशास्त्र में क्षण की महिमा का विशेषरूप से वर्णन आया है। काल क्षणों की समष्टि है। वस्तुतः काल नाम का बुद्धि से अतिरिक्त पृथक् कोई पदार्थ नहीं है। काल की वास्तविक सत्ता योगी लोग नहीं मानते हैं। क्षण ही वास्तव में सत्य है। काल बुद्धि से कल्पित एक पदार्थमात्र है। क्षण के आनन्तर्य से ही काल का ज्ञान उत्पन्न होता है एवं मूल स्पन्दन के प्रभाव से एक ही क्षण आन्दोलित अवस्था में बहुत क्षणों के रूप में बुद्धि में अवभासित होता है, इसलिए विस्तारविशिष्ट काल की प्रतीति होती है। समग्र काल के पृष्ठभाग में एकमात्र क्षण विद्यमान है। उस एक ही क्षण में अनन्त विश्व के अनन्त परिणाम संघटित हो रहे हैं। क्षण में क्रम नहीं है। क्रम काल का धर्म है। इसीलिए क्षण का आश्रय करके जो महाज्ञान उदित होता है उसमें भी क्रम नहीं रहता है।

जब इस महाज्ञान का उदय होता है तब वह क्रमशः नहीं होता। क्रम का उल्लंघन कर सर्वविषयक सर्वाकार ज्ञान एक ही क्षण में प्रकट होता है। उसी का नाम सर्वज्ञत्व है। वह ज्ञान एक ही संग सामान्य ज्ञान और विशेष ज्ञान दोनों ही है। इसलिए उस ज्ञान का उदय होने पर फिर कुछ ज्ञातव्य शेष नहीं रहता है। ज्ञान अनन्त रूपों से प्रकाशित होता है, इसलिए ज्ञेय उस समय ज्ञान के अन्तर्भूत हो जाता है। योगी का विवेकज ज्ञान, जिसे प्रातिभ ज्ञान भी कहा जाता है, इस महाज्ञान का ही एक दिग्दर्शनमात्र है। स्तर के बाद स्तर यों क्रम का अवलम्बन कर पूर्ण ज्ञान का उदय नहीं होता है। अखण्ड ज्ञान का जब उदय होता है तब अकस्मात् एक क्षण में ही उदय हो जाता है, खण्डशः नहीं होता।

काल के मध्य में क्षण का पता सहसा नहीं लगता है। क्योंकि काल क्षण को ढक कर अपने ऐश्वर्य को प्रकट किये है। यद्यपि काल की सत्ता में प्रच्छन्नरूप से सर्वत्र क्षण निहित है तथापि सन्धि से अन्यत्र उसका आविष्कार नहीं किया जा सकता है। दिन में काल के अवयवों की सन्धियाँ स्थूलमान से तीन अथवा चार या आठ भागों में विभक्त होती हैं। त्रिसन्ध्या, चतुःसन्ध्या, अष्टकाल आदि इन विभागों के ऊपर कल्पित हैं। वैष्णवों की अष्टकाल का लीला का स्मरण भी इन आठ क्षणों को पकड़ने के लिए ही है। त्रि-संध्या या चतुः-संध्या का अनुष्ठान भी इसी सन्धि क्षण को हस्तगत करने के लिए है। चाहे जिस किसी प्रकार से भी हो एक बार उस महाक्षण की प्राप्ति होने पर फिर उसके खो जाने की सम्भावना नहीं है। कारण कि उस समय काल में सर्वत्र ही उस महाक्षण का साक्षात्कार हो जायगा। एक बार स्वरूप में आत्मदर्शन होने पर अथवा इष्टदर्शन होने पर जैसे जगत् की प्रत्येक वस्तु में आत्मदर्शन या इष्टदर्शन सहज होता है वैसे ही एक बार वह महाक्षण यदि मिल जाय तो फिर किसी काल में भी उसके अभाव का अनुभव नहीं होता। इसीलिए माँ ने कहा है—"क्षण में सब क्षण रहते हैं। उस क्षण का स्पर्श लगने पर तुम सब क्षणों को पा जाओगे।" महाक्षण एक ही है सही, किन्तु एक होने पर भी वह सब में एक ही समय प्रकाशित नहीं होता है। इसलिए प्रत्येक को ही प्रकट होने तक लगे रहना पड़ता है। और एक बात है। वह यह कि प्रत्येक मनुष्य ने एक विशेषता लेकर जन्म ग्रहण किया है। स्थूल दृष्टि से उस विशेषता को जन्मान्तर में कर्म संस्कार की विचित्रता द्वारा जानने की चेष्टा की जाती है। किन्तु वास्तव में कर्मवैचित्र्य भी मूल कारण नहीं है। मूल कारण जन्मकालीन क्षण का सम्बन्ध है। अर्थात् जन्म के समय जो क्षण प्रबल रहता है वही क्षण समग्र जीवन को नियमित करता है। साधारण जीव के लिए उसका अतिक्रमण करना सरल नहीं है। माँ ने कहा है—'जो जिस क्षण में पैदा हुआ है उसका सारा जीवन उसी रूप में चलता है न।' गर्भाधान के समय की स्थिति अथवा भूमिष्ठ होने के समय की स्थिति सम्पूर्ण जीवन की धारा का निर्देश करती है।

## ८—वास्तविक वैराग्य किसे कहते हैं—

वैराग्य कहने से साधारणतः अस्पृहा का बोध होता है। योगशास्त्र के अनुसार पर वैराग्य और अपर वैराग्य के भेद से वैराग्य दो प्रकार का है। भोग्य वस्तु अथवा काम्य पदार्थ के ऊपर अस्पृहा ही अपर वैराग्य है। इसी जगत् में हो चाहे लोक लोकान्तरों मे ही हो किसी स्थान पर भोग्य वस्तु के प्रति आसक्ति का उदय न हो तो समझना होगा कि वैराग्य का उदय हुआ। यह अनासक्ति वास्तव में जगत् के प्रति अथवा बाह्य विषयों के प्रति विरक्ति अथवा तुच्छत्वबुद्धि नहीं है। यहाँ तक कि द्वेष भी नहीं है। इस भोगाकांक्षा के पूर्ण होने के फलस्वरूप अथवा कारणान्तर

से पैदा हुई चित्त में एक उदासीनता होती है। शरीर और मन के उपादान इस तरह परिवर्तित हो जाते हैं कि उनमें फिर विषयसम्बन्ध का सहन नहीं होता। विषय का लेशमात्र स्पर्श यहाँ तक कि स्पर्श की सम्भावना भी चित्त को व्याकुल कर डालती है। भीतर आग जल उठने पर बाहर की शीतलता उसे तृप्ति प्रदान नहीं कर सकती है। जिसके हृदय में वास्तविक वैराग्यरूपी अग्नि धधकी हो उनके लिए सांसारिक तृप्ति होना असंभव है। वास्तविक वैराग्य के वर्णन के प्रसङ्ग में माँ ने इसीलिए कहा है—"वैराग्य से सांसारिक वस्तुओं में वैराग्य या उपेक्षा नहीं होगी, ग्रहण नहीं होगा, क्योंकि शरीर लेता नहीं है, विरक्ति अथवा क्रोध नहीं होगा।"

इस अपर वैराग्य के ऊपर पर वैराग्य का स्थान है। जिस प्रकृति के गुण से लोक लोकान्तर और सब भोग्य पदार्थ रचित हैं जब चित्त केवल भोग्य पदार्थों के ऊपर विरक्त न होकर और भी ऊपर के परिणामशील जगत् के मूल उपादानों के ऊपर वैराग्य को प्राप्त होता है तब उसकी इस गुणवितृष्णा को पर वैराग्य संज्ञा दी जाती है। पर वैराग्य होने पर लोक लोकान्तर के ऐश्वर्य तो दूर रहे, सम्प्रज्ञात समाधि और उससे उत्पन्न प्रज्ञा के यहाँ तक कि विवेक ज्ञान के ऊपर भी वैराग्य हो जाता है। गुण संश्लिष्टरूप से आत्मस्वरूप का दर्शन न होने तक पर वैराग्य का आविर्भाव नहीं होता है। पर वैराग्य के बाद संस्कारात्मक चित्त का निरोध अवश्यंभावी है। इसलिए उसके अव्यवहितोत्तर काल में ही चित्स्वरूप आत्मा की स्वरूपप्रतिष्ठा हो जाती है।

## ९—विषय किसे कहते हैं—

माँ कहती हैं—"जिसमें विष होता है अर्थात् जो हानि पहुँचाता है और मृत्यु की ओर खींचकर ले जाता है वही विषय है।" जिसमें विष का गन्ध नहीं उसका प्रकाश ही निर्विषय है, अर्थात् अमृत। वस्तुतः विषय कुछ भी नहीं है। एकमात्र अखण्ड ज्ञान ही सर्वत्र विराजमान है। किन्तु मनुष्य जब तक समय के अधीन रहता है तब तक उस ज्ञान को कुछ अंश में संस्कारवश विषय के रूप में ग्रहण करने को बाध्य होता है। किन्तु सब बन्धनों के कट जाने पर एकमात्र अखण्ड ज्ञान ही विराजमान होता है। उस समय फिर विषय का अस्तित्व नहीं रहता। ज्ञान को विषय के रूप में सजाने पर भी ज्ञान ज्ञान ही रहता है। उसका रूपान्तर सिद्ध नहीं होता। यही अमरत्व का निदर्शन है। चैतन्य शक्ति को यदि जगाया जा सके तो यही स्वाभाविक है।

## १०—गुरु और धारा—

माँ कहती हैं,—"किसकी कौन धारा है यह गुरु जानते हैं।" साधक की व्यक्तिगत प्रकृति अर्थात् उसके जन्मान्तर के संस्कार, रुचि, सामर्थ्य एवं अधिकार के अनुसार उसके साधनपथ अथवा अध्यात्मजीवन की धारा निरूपित होती है। साधक स्वयं भी अपनी वास्तविक धारा को नहीं पहचान सकता है। रोगी जैसे साधारणतः अपने रोग की विशेषता को हृदयंगम नहीं कर सकता एवं निदान के सम्बन्ध में चिकित्सक की विचारशक्ति के ऊपर निर्भर होने को बाध्य होता है वैसे ही ज्ञानहीन साधक भी अपने साधनपथ का निरपेक्षरूप से निर्णय करने में समर्थ नहीं होता है, इसलिए सदा गुरु के ऊपर ही निर्भर रहने को बाध्य होता है। एकमात्र गुरु ही सर्वज्ञ और सर्वदर्शी हैं, इसलिए उनकी सहायता के बिना अल्पज्ञ जीव अपने व्यक्तिगत जीवन की धारा का भी ठीक ठीक निश्चय करके उन्नति नहीं कर पाता। माँ और भी कहती हैं—"लाइन तो गुरु बतलाते हैं, लाइन का निर्देश गुरु करते हैं, गुरु ही साधना की शिक्षा देते हैं। करते करते फलप्राप्ति अपने आप सामने आती है।" साधक का कर्तव्य है बिना

विचारे गुरु के आदेश का पालन किये जाना। गुरु ने जिससे जो करने अथवा जो न करने के लिये निर्देश किया है उस निर्देश के अनुसार यथाशक्ति चलने की चेष्टा करना ही उसका कर्त्तव्य है। तैलधारा के समान अविच्छिन्न प्रवाह से अर्थात् अखण्ड भाव से साधक को गुरुप्रदत्त साधनसम्पत्ति का विकास करने के मार्ग पर आगे बढ़ना चाहिये। यदि अखण्ड को पाना हो तो दो विषयों में सावधान होना आवश्यक है। पहला है—लक्ष्य को एकमात्र अखण्ड की ओर लगाना। खण्ड सत्ता की ओर लक्ष्य होने पर हजारों साधनाओं से भी अखण्ड की उपलब्धि नहीं हो सकती है। समुद्र चाहे कितना ही विशाल क्यों न हो, छोटा घड़ा समुद्र से जल ले जाते समय अपने परिमाण के अनुसार ही जल ले जाता है। अतएव लक्ष्य जिससे अखण्ड की ओर बँधा रहे उसके लिए अपने आधार को तयार करना आवश्यक है। दूसरा है—अखण्ड को यदि पाना हो तो साधक की व्यक्तिगत चेष्टा भी अखण्ड भाव से ही होनी चाहिये। चेष्टा की धारा में कोई एक भी सूत्र यदि विच्छिन्न हो जाय तो लक्ष्य अखण्ड में बँधा रहने पर भी अखण्ड की अनुग्रह-प्राप्ति बहुधा कठिन हो जाती है। चेष्टा नियमित रूप से एवं अटूट निष्ठा के साथ अक्षुण्ण पद्धति का अवलम्बन करके करनी चाहिये। बीच में अन्तर पडने पर पीछे के साथ आगे का सम्बन्ध बहुधा टूट जाता है एवं बहुत दिनों का संचित साधन-संस्कार क्षणिक असावधानता वश बाह्य जगत् की विरोधी शक्ति के प्रभाव से दब जाता है। उसके लिए माँ ने उद्यमशील साधकों को सावधान कर दिया है। कहा है—"व्यवधान से गाँठ पड़ जाती है।" जिस तरह व्यवधान न पड़े अर्थात् पूर्वापर साधनाओं के बीच नैरन्तर्य नष्ट न हो उसके लिए चेष्टा करना उचित है। क्योंकि गाँठ पड़ जाने पर गाँठ सुलझाने में व्यर्थ बहुत समय नष्ट हो जाता है।

साधना करते करते कभी न कभी किसी मङ्गलमय महामुहूर्त में वह मङ्गलमय महाप्रकाशमय सत्ता स्वयं ही फलरूप में साधक के अन्दर अभिन्नरूप से प्रकाशित होती है। जिसका ग्रहण नहीं किया जा सकता, जो सब साधनों के अगोचर है वह स्वयं ही तब अपने को पकड़ा देती है, अपना ग्रहण करा देती है। इसी का नाम अधर का (अग्राह्य का) ग्रहण करना है। वस्तुतः वह स्वयंप्रकाश सत्ता का ही आत्मप्रकाशन है। एकमात्र गुरु में ही यह शक्ति है। इसीलिए कहा जाता है, गुरु ही धारा बतलाते हैं एवं गुरुशक्ति स्वभाव की गति में साधक को प्रेरित करती है। इसी का नाम है—"युक्त स्थिति के महाक्षण का स्पर्श।" एक बार उस स्पर्श की प्राप्ति होने पर फिर कुछ पाने को शेष नहीं रहता है। क्योंकि यद्यपि वह एक क्षण का व्यापार है फिर भी उस एक क्षण में ही अनन्त क्षण रहते हैं। किस के जीवन में कब उस क्षण का आविर्भाव होता है, यह कहा नहीं जा सकता। अपने निर्दिष्ट कर्मों को अधिकार और शक्ति के अनुसार यथासम्भव विशुद्धभाव से सम्पन्न कर सकने पर वह क्षण कभी न कभी अवश्य आवेगा ही। सब साधकों के कर्म की प्रकृति एक नहीं होती। जिसकी जो दिशा अपूर्ण रहती है कर्म द्वारा उसे उस दिशा की पूर्ति करनी पड़ती है। इसलिए साधकों में सब के कर्मों की व्यवस्था एक प्रकार की नहीं होती है। किस का किस दिशा में कर्म आवश्यक है, गुरु ही इसका निर्देश करते हैं।

## ११—करते करते ज्ञान होता है—

कुछ लोग समझते हैं, कर्म करते करते ज्ञान का उदय होता है। किन्तु माँ कहती हैं—"वास्तव में कर्म से ज्ञान नहीं होता।" ज्ञान साध्य वस्तु नहीं है, वह नित्य सिद्ध स्वयंप्रकाश वस्तु है। वह उत्पन्न नहीं होता एवं एक प्रकार से कहा जा सकता है कि वह आविर्भूत भी नहीं

होता है। इसलिए वस्तुतः वह अन्यनिरपेक्ष एवं स्वतन्त्र होने से स्वयंप्रकाश है। किन्तु स्वयंप्रकाश होने पर भी साधक के निकट उसका प्रकाश या आविर्भाव होता है। साधक का अन्तःकरण विविध प्रकार के आवरणों से आवृत रहा है, इसलिए यह नित्य सिद्ध प्रकाश भी उसके लिए तिरोहित रहा। क्रिया से साधक के चित्त का आवरण नष्ट होता है। इसलिए क्रिया की सार्थकता सर्वतो भावेन स्वीकारयोग्य है। पर क्रिया ज्ञान की कारण नहीं है यह भी सत्य है।

### १२—समय और स्व-मय—

साधक कालराज्य में समय के अधीन रहता है। इसलिए एक ही वस्तु समय के भेद से उसके निकट भिन्न भिन्न रूपों में प्रतीत होती है। कालराज्य में भेदज्ञान की प्रधानता रहती है। इस कारण उस समय सर्वत्र स्वमय भाव नहीं हो सकता है। किन्तु कालराज्य में भेदज्ञान के रहने पर भी साधनपथ पर अग्रसर होते रहने पर क्रमशः परमार्थ की ओर गति होती है, अतएव भेदज्ञान में भी क्रमशः एक प्रकार के उत्कर्ष का अनुभव होता है। इसलिए पहले जिन सब तत्त्वों का प्रकाश होता है उसके ऊपर के स्तर पर चढ़ने पर अधिकतर व्यापक तत्त्वों का प्रकाश होता है। उस समय प्रतीत होता है कि भेदज्ञान क्रमशः अभेदज्ञान की ओर अग्रसर हो रहा है। चरम अवस्था में जब अखण्ड महातत्त्व का प्रकाश होता है तब उस एक तत्त्व के साक्षात्कार द्वारा सब तत्त्वों की मीमांसा सुचारुरूप से सम्पन्न हो जाती है।

### १३—अभाव की गति और स्वभाव की गति—

जीवन की धारा का विचार करने पर इन दो गतियों के साथ हमारा परिचय होता, एक है अभाव की गति और दूसरी है स्वभाव की गति। साधारणतः सांसारिक जीव अभाव की गति का अवलम्बन करके ही चलते हैं। प्रतिनियत विभिन्न प्रकार के अभावों के ज्ञान को जगाना इसका स्वभाव है। केवल वही नहीं, अभाव का ज्ञान जगाने के साथ ही साथ उस अभाव के पूरण की चेष्टा भी होती है। केवल चेष्टामात्र ही होती है, किन्तु उससे विशेष कोई फल-लाभ नहीं होता। कारण कि अभावों की पूर्ति होना भी ठीक पूर्ति नहीं है। प्यास से सूखे हुए कण्ठ में सुशीतल जल से सेक करने पर सूखा हुआ कण्ठ आर्द्र होता है एवं प्यास भी निवृत्त हो जाती है, यह सत्य है। किन्तु यह प्यास की निवृत्ति स्थायी नहीं होती। फिर कुछ समय के अनन्तर ही पहले की तरह प्यास की पीड़ा से कण्ठ सूख जाता है। अभाव के जगत् में जीव है इसलिए अभाव की गति काम करती है। कोई भी अभाव पूर्ण होकर भी यथार्थ रूप से पूर्ण नहीं होता है, फिर अभाव का उदय हो जाता है। प्यास के तुल्य सभी प्रकार के अभाव एक ही तरह के समझने चाहिये। अभाव की धारा में रहने पर अभावरहित होने का कोई उपाय नहीं है। सारा जगत् इस अभाव की गति में स्थित है। इसलिए वह अभाव के ज्ञान से चिरशान्ति-लाभ का उपाय नहीं खोज पा रहा है। किन्तु माँ कहती हैं, 'हर एक में अभाव की गति के तुल्य दूसरी भी एक गति है, वही स्वभाव की गति है। वही महागति है। प्रत्येक जीव में स्वभाव की धारा विद्यमान है एवं कार्य कर रही है। किन्तु हम लोगों का चैतन्य अभाव के संस्पर्श से जड़ीभूत है, इसलिए स्वभाव की धारा का कोई अनुसन्धान नहीं करता है। फल्गु नदी की धारा जैसे भूमि के अन्दर बहती है वैसे ही स्वभाव की धारा भी अत्यन्त गुप्त तथा भीतर ही भीतर अपना काम करती है। गुरुकृपा से एवं अपने धैर्य और अध्यवसाय के फलस्वरूप यदि इस धारा में पड़ा जाय तो ऐसी स्थिति में अनन्त काल के लिए अभाव के उत्पीड़न से

मुक्तिप्राप्ति का मार्ग मिल जाता है। अभाव की धारा में जैसे अभाव या अपूर्णता का ज्ञान ही स्वाभाविक है, वैसे ही स्वभाव की धारा में पूर्णता की प्राप्ति होना स्वाभाविक है। स्वभाव में स्थिति प्रदान करना और स्वभाव के कर्म की पूर्णता सिद्ध करना ही स्वभाव की धारा की विशेषता है। एक बार उस धारा का स्पर्श प्राप्त होने पर मनुष्य निश्चिन्त हो जाता है। क्योंकि शीघ्र हो चाहे विलम्ब से हो यही धारा उसको स्वभाव में अथवा पूर्णता में पहुँचा देगी एवं उसकी सब प्रकार की अपूर्णताओं को दूर करेगी। प्रश्न हो सकता है कि जीव को स्वभाव की गति कब प्राप्त होती है? माँ ने उसके उत्तर में समझाया है—यद्यपि स्वभाव की गति प्रत्येक जीव में गुप्तरूप से सदा विद्यमान है तथापि वह तब तक अपने को प्रकट नहीं करती, जब तक जीव सांसारिक विषयों के प्रति अनासक्त नहीं होता। माँ कहती हैं—जब हृदय में वास्तविक वैराग्य का उदय होता है, जब इस जगत् की कोई भी वस्तु मन को शान्ति प्रदान नहीं कर सकती, जब चारों ओर निरन्तर एवं असह्य ज्वाला और ताप का अनुभव होता है तभी स्वभाव की गति अपने आप जाग उठती है। जब तक सांसारिक आनन्द फीका प्रतीत नहीं होता, सांसारिक ऐश्वर्य और शक्ति का मन से दूर हुए बिना जीव स्वभाव के आकर्षण का अनुभव नहीं कर सकता। स्वभाव की गति का अनुभव करना जो है, नित्य सिद्ध गुरुकी अनुग्रह शक्ति का संचार भी वही है। कारण कि स्वभाव की धारा में जीव को प्रेरित करना ही गुरुकी अनुग्रहशक्ति का प्रधान कार्य है।

# आरोप साधन

### महामहोपाध्याय श्रीगोपीनाथ कविराज, एम० ए०, डी० लिट्

## ( १ )

साधनाएँ बहुत प्रकार की हैं एवं साधक के अधिकार के अनुसार प्रत्येक साधना की सार्थकता है। साधक में जैसा योग्यता का तारतम्य रहता है तदनुसार वैसा ही साधना के फल में भी तारतम्य होता है। जो लोग साधना के इतिहास का अनुशीलन करते हैं वे तटस्थ दृष्टि से तारतम्य का अनुभव कर सकते हैं। किन्तु साधक स्वयं तटस्थ दृष्टि का अवलम्बन नहीं कर सकता, इसलिए उक्त तारतम्य का ग्रहण करना उसके लिए असम्भव है। अभिरुचि और सामर्थ्य के विकास के अनुसार जो साधक जिस मार्ग का अवलम्बन कर साधन-पथ का पथिक होता है उसको उस समय उस पथ का लक्ष्य ही साधना की चरम सिद्धि के रूप में प्रतीत होता है। अन्य मार्गों के साथ तुलना कर तारतम्य का विचार करने की सामर्थ्य उसमें नहीं रहती। यही साधारण नियम है और यह स्वाभाविक भी है। फिर भी विशेष परिस्थितियों में इस नियम का व्यभिचार भी न दिखाई देता हो सो बात नहीं है।

मैं प्रस्तुत निबन्ध में आरोप साधन के सम्बन्ध में कतिपय बातें कहना चाहता हूँ। मैं जो कहूँगा वह यद्यपि किसी विशिष्ट धारा का अवलम्बन करके ही कहूँगा तथापि उसमें जो गम्भीर तत्त्व निहित है वह अवस्था विशेष में अन्यान्य साधन पद्धति से भी आंशिक रूप में लक्षित हो सकता है। आरोप साधन योगियों के समाज में भी अत्यन्त गुप्त साधन माना जाता है। भाग्यवान् भक्तों के सिवा और कोई उसका रहस्य नहीं जानते हैं। प्रचलित अधिकांश साधन आत्मसाक्षात्कार के उद्देश्य से किये जाते हैं। आत्मसाक्षात्कार होते ही सिद्धि प्राप्त हुई यह समझ कर आगे के मार्ग में फिर कोई अग्रसर नहीं होता। यह आत्मसाक्षात्कार आरम्भिक आत्मसाक्षात्कार है, पूर्ण आत्मसाक्षात्कार नहीं है। प्रकृति से पृथक् आत्मा का दर्शन कराना ही प्रारम्भिक आत्मसाक्षात्कार का उद्देश्य है। यह प्रारम्भिक आत्मसाक्षात्कार जब तक नहीं होता तब तक आरोप साधन का श्रीगणेश ही नहीं होता। आरोप साधन से जो पूर्ण आत्मसाक्षात्कार प्राप्त होता है वह अद्वैत आत्मस्वरूप में अवस्थिति है। वह बहुत दूर का आदर्श है। किन्तु प्राथमिक आत्मसाक्षात्कार भी साधन-पथ में अत्यन्त उच्च अवस्था को सूचित करता है। अस्तु, आरोप साधन के वैशिष्ट्य का इससे कुछ कुछ अनुमान हो सकता है।

दीक्षा के समय गुरु शिष्य के दाहिने कान में इष्ट मन्त्र का प्रदान करते हैं, यह सब पर विदित है। वस्तुतः गुरु साधारण व्यक्ति के समान शिष्य को बाहर से कोई शब्द सुना देते हैं यह बात नहीं है। वे दीक्षा के समय अन्तःकरण में प्रविष्ट होकर अन्तर्यामी के रूप में शब्द ब्रह्ममय ज्ञान देते हैं। इसीलिए दीक्षा देने वाले गुरु का ज्ञानदाता के रूप से शास्त्रकारों ने उल्लेख किया है। वह ज्ञान परोक्ष ज्ञान है, क्योंकि वह शब्द से निकला है।

ज्ञान दो प्रकार का है। एक शब्दज (अर्थात् उपदेश देने वाले गुरु की उपदेश वाणी से शिष्य के हृदय में परोक्षरूप से उत्पन्न) ज्ञान है। उसे आगमोत्थ अथवा आगमजन्य ज्ञान कहते हैं। कुछ लोग उसे औपदेशिक ज्ञान भी कहते हैं। द्वितीय प्रकार का ज्ञान शब्द से उत्पन्न नहीं होता, अर्थात् गुरुवाक्य से उत्पन्न नहीं होता, किन्तु शिष्य के विवेक से अपने आप उत्पन्न होता है। उसे विवेकज ज्ञान कहते हैं—प्रातिभ ज्ञान भी उसका नामान्तर है। वह अनौपदेशिक ज्ञान है।

क्योंकि वह दूसरे के मुख से निकली हुई वाणी से उत्पन्न नहीं होता। वह प्रत्यक्ष ज्ञान है। सद्गुरु की विशेष कृपा का उदय हुए बिना वह दूसरे प्रकार का ज्ञान आविर्भूत नहीं होता है। वस्तुतः वह ज्ञान ही तारक ज्ञान है। उसका कुछ भी अविषय नहीं रहता है। उसमें एक ही क्षण में अतीत, अनागत और वर्तमान सब पदार्थों का सब प्रकार का ज्ञान विद्यमान रहता है। उस ज्ञान में क्रम नहीं रहता, देश अथवा काल के व्यवधान का प्रश्न नहीं रहता। सर्वज्ञान उसी का नामान्तर है। गुरु के मुख से विनिःसृत उपदेश वाणी से उस प्रकार का प्रत्यक्ष ज्ञान उत्पन्न नहीं होता। उक्त महाज्ञान के सञ्चार के समय सद्गुरु बाहर से किसी वाक्य का प्रयोग नहीं करते हैं, किन्तु मौनी रहते हैं और उसका ऐसा प्रभाव होता है कि उससे सम्पूर्ण संशयों का उच्छेद हो जाने के कारण सब कर्मबन्धन क्षीण हो जाते हैं एवं हृदय के मर्म में स्थित सब ग्रन्थियाँ कट जाती हैं। "गुरोस्तु मौनं व्याख्यानं शिष्यस्तु छिन्नसंशयः।"

परोक्षज्ञानप्राप्ति के अनन्तर साधक के चित्त में जब तक इष्ट-साक्षात्कार के लिए व्याकुलता उत्पन्न नहीं होती तब तक सद्गुरु की कृपा का उदय नहीं होता एवं उपरोक्त ज्ञान का आविर्भाव भी नहीं हो सकता है। कठोर तपस्या, कृच्छ्र साधन, अभाव की पीड़ा, कलङ्क, आधि और व्याधि तथा विविध प्रकार की परीक्षाओं का उल्लंघन यदि न किया जा सके तो प्रत्यक्ष ज्ञान के लिए उत्कट अभिलाषा पैदा नहीं होती है। गुरु की मङ्गलमय इच्छा से साधक को अवस्थाओं के बहुत प्रकार के उलट फेरों के मध्य में अग्रसर होना पड़ता है। कुछ लोगों ने इन सब अवस्थाओं की प्रारब्ध के फलभोग के रूप में व्याख्या की है। बहुत प्रकार के प्रलोभन तथा परीक्षाओं से साधक का चित्त यथार्थ सत्य के अन्वेषण के मार्ग में जागरूक रहता है। बहुत साधकों के विश्वास और धैर्य की परीक्षा इसी समय होती है। जिसके चित्त में जिस अंश में दुर्बलता होती है उसकी उसी अंश में साधारणतः परीक्षा होती है। पाश्चात्य भक्त mystic लोगों के वर्णन के अनुसार उक्त समय Dark night of the soul किं बहुना Dark night of the spirit भी कही जा सकती है। यह सचमुच गहरी अमावस्या की रात्रि के समान अन्धकारमय और आतङ्कप्रद है। प्रबल उत्कण्ठा, गुरु के आदेश के अनुसार यथाशक्ति साधन की चेष्टा, नैतिक जीवन के महान् आदर्श को अक्षुण्ण रखना एवं अत्यन्त प्रतिकूल अवस्था में भी धैर्य और सहनशीलता द्वारा अपने चित्त को संयत और स्थिर रखने की चेष्टा करना एवं सर्वोपरि अवश्यंभावी गुरुकृपा के ऊपर अटल श्रद्धा रखकर उसके लिए एकाग्र मन से प्रतीक्षा करना—ये ही उस समय के एकमात्र कर्तव्य हैं। उस अवस्था में अतर्कितरूप से सद्गुरु की महती कृपा प्रकट होती है एवं साधक के अन्धकारावृत हृदय में शान्ति और आनन्दमय चैतन्य की उज्ज्वल ज्योति का स्रोत फूट उठता है। अत्यन्त उत्तापमय ग्रीष्म ऋतु के अन्त में नव वर्षा का आरम्भ होने पर जैसे ताप से झुलसा हुआ जीवजगत् उत्फुल्ल हो जाता है ठीक वैसे ही दीर्घ काल के अवसाद और निराशा के अनन्तर गुरुकृपा का आविर्भाव होने पर साधक का चित्त भी सब प्रकार के संयम और चञ्चलताओं से मुक्त होकर एक शान्त और स्थिर आनन्द में स्थित होता है। इस अवस्था का नाम प्रत्यक्ष ज्ञान का उदय है, जिस ज्ञान में सन्देह अथवा विकल्प के लिए स्थान नहीं रहता है। सूर्य का उदय होने पर अन्धकार-राशि जैसे सूर्यकिरणों से छिन्न-भिन्न होकर दूर भाग जाती है वैसे ही अपरोक्ष ज्ञान का उदय होने पर चित्त में स्थित अनादि काल से संचित कूड़ा करकट का ढेर एक क्षण में विलीन हो जाता है। शब्द-ब्रह्म से शब्दातीत परब्रह्म का बोध इसी प्रकार से होता है।

वह परब्रह्मरूपी आत्मा अथवा साक्षी निर्मल चैतन्य स्वरूप है। वह मनुष्य के शरीर में और विश्व में सर्वत्र

असङ्गरूप से व्याप्त है। देश, काल और आकृति का बन्धन उसमें नहीं है। इसलिए सर्वत्र सदा और सब आकारों में वह समानरूप से विराजमान रहता है। किन्तु ऐसा ही अद्भुत रहस्य है कि वह सर्वत्र विद्यमान रहते हुए भी सद्गुरु की कृपा के बिना किसी के भी दृष्टिगोचर नहीं होता है। एक लोहे के टुकड़े को अँगीठी में डालकर बहुत देर बाद अँगीठी से निकालने के अनन्तर जो अग्निमय लोहपिण्ड दिखाई देता है, उस एक में ही जैसे अग्नि भी रहती है और लोहा भी रहता है, दोनों ही परस्पर मिले हुए विद्यमान रहते हैं वैसे ही एक ही आधार में देह और आत्मा दोनों ही वर्तमान रहते हैं, किन्तु अपृथक्रूप से अथवा मिश्रितरूप से, क्योंकि देह से आत्मा अथवा आत्मा से देह पृथक् करके गृहीत नहीं होता। एकमात्र गुरु द्वारा उपदिष्ट कर्मकौशल से उक्त आत्मरूप वस्तु देह से अथवा प्रकृति के अंश से पृथक् दिखाई देती है। यही विवेकज्ञान का उदय है, जो एक प्रकार से आत्मदर्शन के नाम से साधक-समाज में विदित है। सर्वदा, सब जगह, समभाव से जो विद्यमान रहता है यह उसी का साक्षात्कार है। इसी का नाम ज्ञानचक्षु का उन्मीलन है। उस समय दीक्षाकाल में प्राप्त परोक्ष ज्ञान साक्षात् अपरोक्ष ज्ञान में परिणत हो जाता है। आरोप साधक योगिगण उस साक्षिस्वरूप चिन्मय सत्ता को अपनी सरल भाषा में 'वर्तमान' कहते हैं। यह वर्तमान वास्तव में निराकार और साकार दोनों सत्ताओं की समन्वय भूमि है। गीता में उक्त उत्तम पुरुष में अथवा परमात्मा में जैसे क्षर और अक्षर दोनों सत्ताओं का समन्वय प्रदर्शित हुआ है वैसे ही इस नित्य वर्तमान में निराकार और साकार दोनों ही सत्ताएँ विराजमान हैं। इसीलिए आरोपसाधक कहते हैं :—

साक्षिभूत वर्तमान खड़ा है साक्षात् रूप में।
निराकार और साकार ये दोनों देखो उसमें॥

उस वर्तमान के आविर्भाव के साथ साथ ज्ञान का काम समाप्त हो जाता है, क्योंकि वह वर्तमान ही ज्ञेय अर्थात् ज्ञान का विषय है और उसको अभिव्यक्त करना ही ज्ञान का उद्देश्य है। कर्म जैसे ज्ञान का उदय होने से सार्थक होता है वैसे ही ज्ञान भी ज्ञेय के आविर्भूत होने पर सार्थक होता है। ज्ञेय ही इष्ट है, इसलिए कर्म और ज्ञान के प्रभाव से इष्ट का आविर्भाव होने पर साधक दोनों के अतीत एक नूतन उन्नत स्तर में प्रवेश करता है। जो साधक इसी जगह निवृत्त हो जाते हैं उनके लिए आगे की अवस्थाओं की प्राप्ति का सम्भव नहीं है। इस अवस्था में आत्मदर्शन होने पर भी वह पूर्ण आत्मदर्शन नहीं है, एवं इस अवस्था में स्थिति अखण्ड आत्मरूप में स्थिति नहीं है, यह कहने की आवश्यकता नहीं है।

## ( २ )

इस बार साधक के जीवन में प्रेम का कार्य आरम्भ होगा। श्री श्री गुरुदेव कहते थे, कर्म से ज्ञान होता है, ज्ञान से भक्ति होती है एवं भक्ति से प्रेम होता है। वास्तव में ज्ञान का काम समाप्त हुए बिना रससाधना का श्रीगणेश नहीं हो सकता है। इस साधना के लिए भाव का विकास आवश्यक है एवं भाव के विकास के लिए उससे पूर्व प्रत्यक्ष ज्ञान का उदय होना आवश्यक है। किन्तु केवल प्रत्यक्ष ज्ञान होने पर ही भाव का उदय नहीं हो सकता है, उसके लिए आनुषङ्गिक साधना आवश्यक है। यहाँ पर हम उस आनुषङ्गिक साधना का परिचय देने की यथाशक्ति चेष्टा करेंगे। हमने जिसे आरोप साधन कहा है, उसका पूर्वोक्त आत्मज्ञान की प्राप्ति के बाद अनुष्ठान हो सकता है एवं उक्त आरोप साधन से ही पूर्ण आत्मस्वरूप में स्थिति, आत्माराम् अवस्था की प्राप्ति, नित्य लीला का आस्वादन आदि मनुष्य का उत्कृष्ट से भी उत्कृष्ट पुरुषार्थ सिद्ध होता है।

सीढ़ी का सहारा लेकर छत पर चढ़ने के बाद उस सीढ़ी की जैसे फिर आवश्यकता नहीं रहती वैसे ही कर्म और ज्ञान का अवलम्बन कर ज्ञेय की प्राप्ति होने पर

फिर कर्म और ज्ञान की आवश्यकता नहीं रहती है। मैं पहले ही कह चुका हूँ कि ज्ञेय ही इष्ट हैं, वे सदा और सर्वत्र विद्यमान पुरुषोत्तम हैं। कृष्ण के उपासक के वे नित्य कृष्ण हैं तथा राम के उपासक के वे नित्य राम हैं। सभी उपासकों के अपने अपने इष्ट के रूप में वे ही एकमात्र उपास्य हैं।

दीक्षाकाल में जो शब्द मन्त्र दाता गुरु के मुख से शिष्य के कान में प्रविष्ट हुआ था सद्गुरु की कृपा से वही शब्द आज प्रत्यक्ष ज्ञान की अवस्था में ज्ञेयरूप में अथवा चिन्मय इष्ट के रूप में प्रकाशित हुआ है। वैखरी वाणी आज पश्यन्ती भूमिपर आरूढ़ हुई है। क्रिया, मन्त्र, जप आदि सार्थक हुए हैं, क्योंकि जो वस्तु इतने दिनों तक केवल कर्णगोचर थी आज वह नेत्रगोचर हुई है अर्थात् श्रवण से उत्पन्न ज्ञान साक्षात्कार में परिणत हुआ है। अब पृथक् रूप से क्रिया आदि की जरूरत नहीं है। क्योंकि आत्मभाव में निष्ठा होने पर साधक की सब चेष्टाएँ अर्चना में परिणत हो जाती हैं एवं सभी वाक्य मन्त्रजप हो जाते हैं।

यह वर्तमान रूप ही आरोप साधक लोगों की परिभाषा में 'श्याम बिन्दु' के नाम से परिचित है। जगत् के अनन्त रूप, भूत, भविष्यत् और वर्तमान काल, दूर और निकट समस्त देश सभी इस नित्य वर्तमान में अभिन्नरूप से स्थित हैं। इस रूप का उदय होने पर ही जगत् आलोक से युक्त होता है एवं इसके तिरोभाव से जगत् आच्छन्न हो जाता है।

उक्त रूप अत्यन्त गुप्त और गुह्य है। यद्यपि वह सदा सर्वत्र ही पूर्णरूप से विराजमान रहता है तथापि पर्दे से आवृत होने के कारण सब की दृष्टि में भासित नहीं होता। द्रष्टा की दृष्टि में भी आवरण रहता है और वस्तु के स्वरूप में भी स्वकल्पित आवरण है। जब तक अखण्ड सत्ता का भान नहीं होता तब तक आवरण का रहना स्वाभाविक है। आत्मसाक्षात्कार के बाद उस दृष्टिगोचर आत्मस्वरूप का नियम से भजन करना आवश्यक है। वह कर्म का अङ्गभूत उपासना स्वरूप भजन नहीं है, वह नित्य भजन है। उसमें दिशा, देश और काल का कोई नियंत्रण नहीं रहता है। उसमें अवस्था, वर्ण, परिमाण और लिङ्ग का कोई भेद नहीं है। वह चिन्मय, सर्वरूप और सर्वाकार है। साधकों ने उसकी निष्क्रिय भजन के रूप से व्याख्या की है। वे यद्यपि सर्वाकार हैं, फिर भी साधक स्वयं मनुष्यरूपी हैं, इसलिए अपने इष्ट की प्राप्ति होने पर ही उन्हें भजन की सुविधा होती है। इसलिए साधक के कल्याण की कामना से वे उनके ज्ञेय या इष्ट मनुष्य का आकार धारण कर आविर्भूत होते हैं। मनुष्याकार की विशेषता यह है कि साधक स्वयं मनुष्य है, इसलिए उक्त इष्ट आकार वास्तव में उनका अपना ही आकार है अथवा अपने साथ अभिन्नरूप से प्रतीत होता है। उस समय भक्त साधकों को अपने शरीर के लिए जो सेवा अथवा परिचर्या करनी पड़ती है वह उनके इष्ट की परिचर्या के रूप में परिणत हो जाती है। भक्त का रूप और उनके भजनीय का रूप पृथक् होने पर भी उस समय अपृथक् हो जाता है, दोनों ही उस समय समान हो जाते हैं। इष्ट उस समय भक्त के साथ रहकर भक्तिपूर्वक की गई भक्त-सेवा ग्रहण करते हैं। परब्रह्म उस समय मनुष्याकार या नररूप हो जाते हैं। भक्त मनुष्य है, इसीलिए भगवान् मनुष्य होते हैं, दोनों में कोई व्यवधान नहीं रहता।

यह नित्य वर्तमान का दर्शन निःसीम सौभाग्य की बात है, गुरु-कृपा की पराकाष्ठा इसी दर्शन में है। मैं पहले कह चुका हूँ कि नित्य वर्तमान में तीनों काल भासते हैं, लेकिन वास्तव में तीन काल कहाँ हैं? एकमात्र वर्तमान ही भूत और भविष्यत् पर आक्रमण कर अपने असाधारण प्रभाव से विराजमान रहता है। इसीलिए साधक चाहे जिस किसी भी अवस्था में उक्त स्थिति को प्राप्त करे, यह अवस्था उसके लिए फिर अवस्था नहीं रहती है, वह नित्य वर्तमान के रूप में प्रकाशित होती है। इसीलिए भजन के

प्रभाव से वह अवस्था या दशा विकार रहित होकर नित्य अथवा चिरस्थायी रूप धारण करती है। उस समय वह काल की दशा के रूप में नहीं गिनी जाती है। क्योंकि वह कालातीत है। उसे नित्य देह कहते हैं। जो शरीर जिस अवस्था में और जिस रूप में भजन करता है वही नित्य देह के रूप में प्रकट होता है।

( ३ )

आरोप साधन में अभ्यास अपेक्षित है। उक्त अभ्यास का क्रम है। यहाँ पर मैं स्थूल रूप से उस क्रम की एक संक्षिप्त तालिका देने की चेष्टा कर रहा हूँ।

(क) साक्षिभूत सन्मुखस्थित वर्तमान में निराकार और साकार दोनों सत्ताओं को देखने का अभ्यास करना आवश्यक है।

(ख) मन की उत्कण्ठा और प्राप्ति की उत्कट इच्छा जिससे क्रमशः अधिकतर तीव्र हो उसके लिए प्रयत्न करना उचित है। विषय और विषयी के सम्पर्क से जहाँ तक संभव हो दूर रहना उचित है, क्योंकि वह भजन में विघ्नरूप है। जिसको जितनी उत्कट आकांक्षा होगी प्राप्ति उसके लिए उतनी निकट जाननी चाहिये, अतएव आकांक्षा को हृदय में रख कर हृदय से आशा के कन तक का त्याग कर देना चाहिये अर्थात् आशा न रख कर केवल आकांक्षा बढ़ानी चाहिये।

(ग) एकान्तवास इस साधन के लिए अत्यन्त उपयोगी है। जितने अधिक समय तक सम्भव हो, निर्जन स्थान में रहने की कोशिश करनी चाहिये। लोगों के संसर्ग से यथासम्भव दूर रहना चाहिये, क्योंकि उससे शक्ति का क्षय होता है। एकान्त स्थान में रहते समय ऐसे रहना चाहिये जैसे कि कोई देख न पावे। शरीर को चाहे जिस प्रकार से हो क्यों न हो स्थिर रखने का अभ्यास करना उचित है। गाड़ा हुआ खम्भा जैसे निश्चलरूप से खड़ा रहता है वैसे ही देह को भी निश्चलरूप से स्थिर रखने की चेष्टा करनी चाहिये।

(घ) देह-स्थिति के साथ ही साथ मन को सदा यथाशक्ति भौंहों के बीच में धारण करने की चेष्टा करना उचित है। इसी के सहायक रूप से निमेष और उन्मेष विहीन अवस्था की प्राप्ति के लिए नेत्रों के पलक जैसे दीर्घ काल तक न गिरें उस ओर दृष्टि रखनी चाहिये। इसका नाम 'निमेषवर्जन' है। अभ्यास के समय तन्द्रा और निद्रा का आक्रमण किस प्रकार न हो इस सम्बन्ध में सावधान होने की आवश्यकता है। निमेषपात (पलक गिरना) और क्षणभर के लिए तन्द्रा का आना आदर्श प्राप्ति में विघ्नभूत हैं। निमेष या पलक गिरने की आशङ्का होने पर नेत्रों को ढीला रखना ठीक है। दीर्घकाल के अभ्यास से अपनी इच्छा के अनुसार 'निमेषवर्जन' अपने अधीन हो जाता है। यह एक ऊँची अवस्था है। इस तरह मन स्थिर हो जाता है, वायु स्थिर हो जाता है एवं आकांक्षा न होने पर भी सब सिद्धियाँ हस्तगत हो जाती हैं। आरोपसाधक कृत्रिम रूप से प्राणायाम या कुम्भक आदि का अभ्यास नहीं करते हैं। उनका प्राणवायु स्वाभाविक रीति से उपशम को प्राप्त होता है। उसके लिए उन्हें हठयोग आदि से होने वाले प्राणायाम क्रिया की आवश्यकता नहीं होती।

( ४ )

मन, वायु और दृष्टि स्थिर होने की बात पहले कही गई है। जब यह स्थिति प्राप्त हो जाय तभी आगे की साधनाओं का अनुष्ठान करना चाहिये, उससे पहले नहीं। उसका नाम 'लक्ष्यवेध' है। लक्ष्य किसे कहते हैं। साधक के हृदय में स्थित गुरुप्रदत्त इष्टरूप ही लक्ष्य है। उक्त अन्तःकरण में स्थित रूप को दोनों नेत्रों के बाहर खींच लाना चाहिये एवं सामने किसी स्थान में स्थापित करना चाहिये। जो हृदयाकाश में गुप्त रूप से रखा था उसे बाहर निकाल कर बाह्याकाश में प्रकट रूप से

स्थापित करना चाहिये। हृदयाकाश * और बाह्याकाश की जो सन्धि है, वही लक्ष्य स्थापन का उपयुक्त स्थान या केन्द्र है। इस सम्बन्ध में स्पष्टरूप से अधिक प्रकाश डालकर रहस्य व्यक्त करना मुझे उचित प्रतीत नहीं हुआ। सन्धि के उस पार स्थिर वायु है और सन्धि के इस पार चञ्चल वायु है। चञ्चल वायु की सीमा के बाहर स्थिर वायु की प्रान्त भूमि में लक्ष्य की स्थापना करनी चाहिये। साथ ही साथ पूर्वोक्त प्रणाली से भौंहों के बीच में स्थिर हुए मन को भी उस जगह बैठाना चाहिये। निमेष त्याग करने का अभ्यास पहले ही सिद्ध हो चुका है, इसलिए इस बार दृष्टि को निमेषत्यागपूर्वक पूर्वोक्त लक्ष्य स्थान पर लगाना चाहिये। इससे मन, नेत्र और लक्ष्य एकीभूत होकर प्रकाशित होंगे। इसका नाम लक्ष्यवेध † है। लक्ष्यवेध के समय मन में जैसे अन्य भाव न रहे एवं दृष्टि में कुछ न भासे इसके लिए सावधान रहने की जरूरत है।

लक्ष्यवेध के भली भाँति निष्पन्न हो जाने पर साधक के हृदय में स्थित रूप बाहर दृष्टि के सामने प्रकट हो जाता है। रूप के दृष्टिगोचर होते ही उसके प्रत्येक अङ्ग-प्रत्यङ्गों का दर्शन करना आवश्यक है। साधकसमाज में इसके लिए एक विशेष प्रक्रिया का विधान है। पहले उस बाह्याकाश में स्थित मूर्ति के पैर के तलवे से क्रमशः ऊपर के प्रत्येक अङ्ग पर साग्रह दृष्टि लगानी चाहिये। इस प्रकार मस्तक के ऊपर केशों के अग्र तक निरीक्षण करना चाहिये। इसका नाम अधः ऊर्ध्वक्रम है। इसके बाद ऊपर से नीचे की ओर अर्थात् केशों के अग्रभाग से लेकर पैर के तलवे तक क्रमशः प्रत्येक अङ्ग के ऊपर दृष्टि लगानी पड़ती है। इस प्रकार एक बार अनुलोम से और एक बार विलोम से बार बार अभ्यास करना आवश्यक है। नेत्रों की कौमल और सरलरूप से रक्षा करते हुए दृष्टि लगानी चाहिये। उद्देश्य यह कि बाहरी रूप के प्रत्येक अङ्ग जैसे दृष्टि के सामने निरन्तर भासते रहें। अभ्यास के समय क्रम का अवलम्बन कर एक अवयव के बाद दूसरे अवयव का निरीक्षण करना पड़ता, यह सात्य है। किन्तु भली भाँति अभ्यास हो जाने पर सभी अङ्ग एक साथ दृष्टिगोचर होते हैं, क्रमिक दर्शन की फिर आवश्यकता नहीं रहती है। यदि कभी किसी कारण से कोई अङ्ग दृष्टि के सामने न भासे तो उस अङ्ग पर पुनः दृष्टि डालनी चाहिये। जब तक सब अङ्गों का एक साथ भास न हो तब तक इसी तरह अभ्यास करते करते आगे बढ़ना चाहिये। इस रूपसन्धान कार्य में समय-असमय अथवा शुचि अशुचि का कोई विचार नहीं है। इसे सदा ही करना चाहिये—सोते, बैठते, चलते, रुकते, सदा इसे करना चाहिये। किसी समय भी छोड़ना नहीं चाहिये।

दीर्घकाल के अभ्यास से बाहरी रूप के सब अङ्ग एक ही समय दृष्टि में भासेंगे। तब अखण्ड मण्डलाकार से सारा शरीर प्रकाशित होगा एवं शरीर प्राणयुक्त अर्थात् सजीव रूप से प्रतिभासित हो उठेगा। उस अवस्था में साधक के नयनों के साथ साध्य रूप के नयनों का संमिलन होगा। इस चार नयनों के सम्मिलन को ही शुभ दृष्टि समझना चाहिये। उस समय से साधक और साध्य या इष्ट दोनों के लिए दोनों में अस्थिरता अथवा चञ्चलता पैदा होती है। इष्ट जब तक प्राणमय न हो तब तक इस प्रकार चञ्चलता नहीं होती है। वास्तव में उपास्य मूर्ति में

---

* यह योगियों के परिचित् लक्ष्यत्रय के अन्तर्गत बहिर्लक्ष्य का एक प्रकारमात्र है।

† मुण्डकोपनिषद् में दूसरे प्रकार से लक्ष्यवेध का विवरण दिखाई देता है। देह साधक का ब्रह्म ही लक्ष्य है, आत्मा ही शर है एवं प्रणव ही धनुष है। प्रणव से ही ब्रह्म में आत्मा को प्रविष्ट कराना पड़ता है। लक्ष्यवेध का दृष्टान्त सूतसंहिताकार ने इस प्रकार दर्शाया है—

“लक्ष्यं सर्वगतं चैव परोक्षं सर्वतो मुखम्।
वेद्धा सर्वगतश्चैव विद्धं लक्ष्यं न संशयः॥”

प्राणप्रतिष्ठा होने पर वह ऐसा ही होता है। प्राणप्रतिष्ठा यदि न हुई तो मूर्ति केवल मूर्ति ही है, वह चाहे मिट्टी की हो, चाहे पत्थर की हो, चाहे लकड़ी की हो अथवा चाहे ज्योतिर्मय हो उसमें कुछ आता जाता नहीं है। वाह्य रूप जब तक प्राणमय नहीं होता तब तक वह साधक की भावना के अनुसार अपना प्रभाव दिखाने में समर्थ नहीं होता है।

( ६ )

तदुपरान्त भाव का उदय होता है। साधक उस समय आनन्द में आत्मविस्मृत होकर अपने शरीर, मन और वचन को यहाँ तक कि अपने सर्वस्व अपने चौबीस तत्त्वों से बने शरीर को भी इष्ट के समर्पण करता है। एवं उस समय से उसकी शरण गहता है। उससे साधक उस सजीव इष्ट रूप को सदैव देखता है। वेद में प्रतिपादित है;—'सदा पश्यन्ति सूरयः।' यह कुछ अंशों में उसी के अनुरूप अवस्था है। जब तक रूप में प्राण प्रतिष्ठा के अनन्तर साधक के हृदय में भाव का जागरण नहीं होता है तब तक वह रूप भली भाँति चेतन रूप नहीं होता है एवं वह सदा दृष्टिगोचर भी नहीं होता है। कभी वह दृष्टिगोचर होता है फिर कभी दृष्टि से ओझल हो जाता है। सूर्य का जिस प्रकार एक बार उदय होता एवं एक बार अस्त होता है, तदुपरान्त कुछ समय अदृष्ट रहने के बाद पुनर्वार उदय होता, वह रूप भी उस समय उदय-अस्तमय द्वन्द्व अवस्था मे रहता है। शास्त्र में इस प्रकार का रूप शान्तोदित रूप कहा गया है। किन्तु साधक के हृदय में भाव के जाग उठने पर इस अवस्था में परिवर्तन हो जाता है। उस समय आविर्भूत हुआ रूप चिन्मय है इसलिए फिर वह तिरोहित नहीं होता। वास्तव में उस समय उस रूप का न उदय होता है और न अस्त ही होता है—शास्त्रीय परिभाषा में उसका नाम नित्योदित रूप है।

रात्रि में, दिन में, निद्रा में, जागरण में, शयन में, भोजन में, सब समयों में, आसन पर बैठ कर, यहाँ तक कि मार्ग में चलते चलते, साधक को सदा अपने नित्य संगी इष्ट के दर्शन प्राप्त होते हैं। उस समय साध्य के साथ साधक का विच्छेद सदा के लिए निवृत्त हो जाता है। संसार के सुख-दुःख और शोक-रोगों की यन्त्रणाएँ साधक को फिर कदापि स्पर्श नहीं करती हैं—आघात पहुँचाना तो दूर की बात है। क्योंकि उस समय साधक का मन सदा साध्य वस्तु में संलग्न रहता है, पहले की तरह बाहर ही बाहर घूम कर भटकता नहीं है। जगत् का कोई भी ऐश्वर्य-सुख अथवा मान सम्मान साधक को आकृष्ट नहीं कर सकते। उस अवस्था में एक अपूर्व आनन्द का आस्वादन सदा के लिए साधक को अपने में डुबाये रखता है। वास्तव में सारी सृष्टि में उस आनन्द की तुलना किसी से नहीं की जा सकती। शोक, मोह, जरा, मृत्यु और भूख-प्यास फिर साधक के ऊपर आक्रमण नहीं कर सकती। उस समय क्षोभ अथवा भय या सब तरह के विकार साधक के हृदय से हट जाते हैं—वास्तव में सभी वृत्तियाँ उसमें रहती हैं, परन्तु उसकी अधीन होकर दासरूप में। साधक के ऊपर उनका किसी प्रकार का प्रभुत्व नहीं रहता। साधक यदि चाहे तो उन्हें जगा कर उनके साथ क्रीड़ा कर सकता है।

उस समय भक्त इच्छामय और स्वतन्त्र है और नित्य भगवत्संग का संगी है एवं है उनके भाव में सराबोर। उस समय उसमें अतुल शक्ति का विकास होता है। यद्यपि वह प्रकट नहीं होती है तथापि साधक अपने को उस समय भगवान् के तुल्य सर्वज्ञ और सर्वशक्तिमान् समझता है। नियति की परतन्त्रता अथवा अन्य किसी खण्ड शक्ति की अधीनता उसमें फिर नहीं रहती। उस समय भक्त भगवान् के साथ समता से स्थित होता है।

( ७ )

किन्तु यद्यपि भक्त भगवान् की समता प्राप्त करता है तथापि भक्त विशुद्ध अभिमान से 'मैं दास हूँ' यों अपने को

दासत्व का अभिमान करता है 'मैं प्रभु हूँ' यों प्रभुत्व का अभिमान नहीं करता है। उस समय भक्त की आत्मा और भगवान् की आत्मा एकही अभिन्न आत्मस्वरूप से प्रकाशित होती है। फिर भी भक्त व्यवहारभूमि में आरोपित भेद अथवा आहार्यभेद मानकर दास-प्रभुभाव अक्षुण्ण रखता है। उस समय साधक एक अद्वितीय नित्यानन्दमय वस्तु है, इसीलिए अपने को सब रसों का आश्रय जान सकता है। उस अवस्था में विशुद्ध अद्वैत-भूमि में स्थिति होती है, इसलिए भक्त इच्छा होने पर अपना आस्वाद स्वयं ले सकता है। यदि इच्छा न हो तो जैसा हो वैसा ही रहता है। इच्छा की दिशा नित्य है और इच्छा न करने की दिशा भी नित्य है, उस समय दोनों की ही समानरूप से अवस्थिति रहती है।

यदि इच्छा का उदय हुआ तो इच्छा के साथ ही आत्मा की ह्लादिनी शक्ति प्रकट होती है। यह आत्मा की स्वरूपशक्ति है। जिसके द्वारा आत्मा अपने आनन्द का स्वयं आस्वाद लेता है। कृष्णभक्तों की परिभाषा में इसी का नाम राधा है एवं राम के उपासकों की दृष्टि में इसी का नाम सीता है। ह्लादिनी जब तक प्रकट नहीं होती तब तक इच्छा का उदय नहीं होता है। ह्लादिनी के प्रकट होने पर रमण के लिए साकार और निराकार दोनों सत्ताओं का योग होता है। साकार और निराकार के युक्त हुए बिना आत्माराम अवस्था प्राप्त नहीं होती है। ज्योति अथवा पुरुष निराकार है, आधार अथवा प्रकृति साकार है। ह्लादिनी शक्ति की क्रिया के बिना पुरुष और प्रकृति परस्पर मिलकर आत्माराम स्वरूप में स्थिति प्राप्त नहीं कर सकते हैं। ह्लादिनी का स्वभाव अत्यन्त शीतल है। उसका काम सब तरह से आनन्द से मूल का स्रोत बहाना है। इस बार ह्लादिनी शक्ति की सहायता से पुरुष-प्रकृति के योग से पूर्ण आत्मस्वरूप में स्थिति हुई। यही यथार्थ अद्वैत अवस्था है जिसका नामान्तर सच्चिदानन्द है। पहले प्रारम्भिक आत्मसाक्षात्कार के प्रसंग में जिस आत्मा का वर्णन किया गया है। वह प्रकृतिविमुक्त आत्मा अथवा रिक्त आत्मा है। इस समय जिस आत्मस्वरूप का वर्णन किया गया है, वह प्रकृतियुक्त आत्मा या पूर्ण आत्मा है।

पूर्ण आत्मा एक है। जिस समय इस मूल एक स्वरूप में स्थिति होती है उस समय अभेद अथवा अद्वैत स्थिति कही जाती है—वह लीलातीत स्वरूपस्थिति है। यह पूर्ण है—पूर्ण होने से ही अग्नि से चिनगारियों की तरह इससे स्वभावतः भेद का आविर्भाव होता है। यही उनका अपनी शक्ति का खेल है। इस भेदांश का आविर्भाव अभेद के ऊपर प्रतिष्ठित है। इसलिए एक प्रकार से इसे भेदाभेद कहा जाय तो कोई अत्युक्ति नहीं होगी यही नित्य लीला की धारा है।

एक धारा और है। उस धारा में अपने स्वातन्त्र्य के बल से अभेद और अद्वैत अपने को छिपाकर दूसरे रूप में प्रकट होते हैं। उस धारा में अभेद-भाव गुप्त अथवा विस्मृत रहता है, इसलिए वह संसार की धारा में गिनी जाती है। पूर्ण से कला का आविर्भाव होने से अहंज्ञान का उदय होता है। यही द्वैतधारा या संसार-धारा का प्रारम्भिक मूल स्रोत है। ह्लादिनी शक्ति षोडशी कलारूप अमृतकला है, किन्तु अहंज्ञान षोडशी कला से नहीं होता है, खण्डकला से होता है, क्योंकि कला जहाँ पूर्ण रहती है वहाँ प्रकाश भी पूर्ण होता है। प्रकाश पूर्ण होने के कारण वहाँ अहंज्ञान का उदय नहीं होता है अर्थात् अहंज्ञान पैदा नहीं होता है। जो है वह परिपूर्ण रहता है, अहंभाव अहंकार नहीं है। अहंकार के रहने पर उसके प्रतियोगी के रूप में इदंभाव की सत्ता रहती है। अहंकार से अज्ञान अथवा मोह आविर्भूत होकर पुरुष को मोह में डालता है और ज्योति को आवृत कर डालता है। उस समय वह मोहग्रस्त पुरुष कर्मों के वशवर्ती होकर निरन्तर चौरासी लाख योनियों में चक्कर काटता रहता है। उसके बाद सद्गुरु की कृपा से तत्त्वदर्शन होने पर साधनपथ में चलता रहता है और क्रमशः साधनसम्पन्न हो प्रत्यक्ष ज्ञान

के उदय के अनन्तर सिद्धि को प्राप्त होता है और अखण्ड सुख का अधिकारी होता है।

( ८ )

आनन्द के स्वरूप का विश्लेषण करने पर ज्ञात हो जाता है कि संक्षिप्तरूप से आनन्द का तीन श्रेणियों में विभाग किया जा सकाता है। पहला ब्रह्मानन्द, दूसरा भजनानन्द और तीसरा जीवानन्द। ब्रह्मानन्द अखण्ड आनन्दस्वरूप है, किन्तु उसमें कुछ आवादन नहीं है; क्योंकि अपने को अपने से कुछ विभक्त किये बिना अपना आस्वादन नहीं किया जा सकता। जीवानन्द में आस्वादन है, किन्तु वह परिमित और विनाशी है। इस आनन्द की क्रमिक वृद्धि होती है, परन्तु पराकाष्ठा नहीं। वस्तुतः यह आनन्द स्वरूप दृष्टिसे भोगानन्द होने के कारण दुःख के ही अन्तर्गत है। आरोप साधकगण कहते हैं कि जीवानन्द सर्वदा हेय है, उनके मत में ब्रह्मानन्द भी उपादेय नहीं है। वे भजनानन्द को श्रेष्ठरूप में गिनते हैं। ब्रह्म में लीन जीव का आनन्द आम की गुठली के साथ तुलना करने योग्य है, जो वास्तविक रसास्वाद है वह गुठली में नहीं है, छिलके में भी नहीं है, वह गुठली और छिलका—दोनों के मध्य में है। वही रसपदार्थ है। बुद्धिमान् साधक दोनों छोर के दोनों का त्याग कर बीच की रस वस्तु का ग्रहण करते हैं। वास्तव में गुठली में भी रस नहीं है, छिलके में भी रस नहीं है। भजनानन्द प्रेम है, वही आस्वादन की वस्तु है।

साधक पूर्वोक्त प्रणाली से पूर्णकलासम्पन्न होकर अपना आस्वादन करने के लिए अपने से अभिन्न अखण्ड स्वरूप में स्थित रह कर भी अपने से अपने को पृथक् कर लेता है। उस समय प्रभु दो से एक होकर एक स्वरूप में स्थित रहना चाहते हैं, क्योंकि वस्तुतः सत्ता तो एक ही है; किन्तु दास प्रभु के साथ एक होना नहीं चाहता है। वह जानता है कि यद्यपि दोनों की सत्ता एक ही सत्ता है, तथापि वह स्वयं भिन्न होकर प्रत्येक क्षण में उन्मेष तथा नूतन नूतन सुख जिनके दर्शन से टपकता है उन्हीं का साक्षात्कार करना चाहता है। वह स्वरूपतः सनातन जानकर भी प्रतिक्षण नवीन नवीन—नित्य नवीन—की आकांक्षा करता है। वह ब्रह्म में लीन होना नहीं चाहता है, वह प्रभु के बराबर होना भी नहीं चाहता है। वह जो चाहता है वह भगवान् शङ्कराचार्यजी की भाषा में यही है- 'सत्यपि भेदापगमे नाथ तवाहं न मामकीनस्त्वम्।' तब दासभाव दासीभाव में परिणत हो जाता है, वह देखता है एक पुरुष है, शेष सब प्रकृतियाँ—दासियाँ—हैं। जीव और अजीव सभी प्रकृति हैं।' सबके शरीर में केवल एक ही पुरुष विद्यमान है। देह ही प्रकृति है। अथवा वह देखता है एक अखण्ड अद्वैत माँ या महाशक्ति है, शेष सभी उनकी सन्तान हैं। शिव भी उनकी सन्तान हैं, जीव भी उनकी सन्तान है। असली बात यह है, वह देखता है कि एक ही अद्वैत आत्मा स्वयं विद्यमान है। वे एक होते हुए भी अनन्त रूपों और अनन्त भावों से अपने साथ स्वयं क्रीड़ा कर रहे हैं। इस एक में उनके सब भेदों का समन्वय हो जाता है। यही आरोपसाधना की चरम सिद्धि है।

"Of Thee alone must be the spoken word,
All else is but futility and pain."

# MATRI VANI

( *Replies to letters from different people at different times.* )

## The Importance of the Sacred Thread.

### 1.

If you are not seeking God, you might, at your own sweet will, throw anything whatsoever away — why only the Sacred Thread? The desire to obey impulses of this kind will most certainly arise in those who do not aspire after God for His own sake, who do not love Him; for, it is their attitude towards life, their natural bent. If you have the power to destroy, why have you not by this time done away with all the obstacles that are hampering you? Nobody of himself has the power to lift as much as a blade of grass. It is His Will, the Almighty's Will, that alone prevails. At times, it is true, man is made to suffer, yet thereby also He, the Fountain-of-Goodness does what is for the best; but to realize this is perplexing for the average person.

To be without a Sacred Tread, without the *Gayatri*, is inauspicious, nay harmful for a Brahman. To what extent are you able to judge which is the right path for you? All-beneficent is everything that He does, who is Goodness Itself. . . .

Of Him is all that need be said,
The rest but vanity, woe.

### 2.

Mataji sent the following message to someone who had discarded his Sacred Thread out of grief over the death of a beloved member of his family:

So you have cast away your Sacred Thread? Well, well! Of course you are bound to do what gives you peace of mind. In this world when a man dies his wife does not accompany him, neither does the husband go with his wife when she passes away, nor the son with his dying father. Has anyone ever been able to go with his nearest and dearest when they depart from this world? Surely, this is self-evident! Everyone has to live his life according to the results of his past actions.

Now that this misfortune has befallen you, have you given up eating, have you renounced your wife and children, your friends and relatives? Have you left off wearing clothes, or sleeping, or talking to people? It is true that you have been plunged into a sea of misery. But what possession of yours has gone with him who died? Only just your Sacred Thread? Your parents' gift of love and esteem, so precious as an aid on the way to the Eternal Goal of human life! If to-day you resume the Sacred Thread in honour of him who has left this world, it will keep his memory alive in your heart. You had accepted it for his sake, this symbol of all that is an aid towards immortality. To discard the Sacred Thread, once it has been assumed, is a matter of deep regret for the ordinary man. Surely you could keep it in remembrance of him who has passed away!

One should not pray to God for any person; all prayer has to be solely for That, which when it is found, All is found; the wearing of the Sacred Thread is also meant for this purpose.

## On Various Subjects.

### 1.

Yes, if you can observe silence and be in harmony with everyone all round, it will be excellent, Try to remain without the help of signs and gestures for as long as possible.

### 2.

A rosary that is to be used for *Japa* must be knotted according to the prescribed rule.

### 3.

Such, mother,* is the innate tendency of a man of the world. To sin knowingly is detrimental indeed.

### 4.

At one time you emphatically declared that if only you could secure suitable employment, you would, in a right royal manner, cultivate the spiritual side of life along with material comforts and pleasures. That you have kept your word as to worldly enjoyment is more than obvious; but in what dark cave, in what inaccessible abyss, have you hidden away the tender plant of spiritual aspiration? When will you start making an effort to bring light into that dark cave? Delay not! The day that is gone never returns. Invaluable time is slipping away. Devote your days to the endeavour to draw close to the Lord of the Humble. When extreme old age supervenes, you will be too sluggish, too feeble to concentrate on God's Name. How will you then make up for what you failed to do in good time?

### 5.

To see *Mahadeva* appear and dissolve Himself into your body, accompanied by a manifestation of light are undoubtedly good signs. Even the faint vision of a spiritual form (***chinmayi murti***) is very auspicious.

### 6.

The appearance of *Kashi Vishvanath* in the centre between the two eyebrows does happen to those who practise meditation. The seeing of figures from the waist up to the neck in a great variety of shapes and presenting themselves in many different guises, is quite common with *Sadhakas*. When you have no definite proof as to the identity of a particular apparition, you must not, at the mere sight of his form, take it for granted that it is he and no other. The fact is that the Sadhaka's spiritual Energy *(Shakti)* manifests itself in countless ways according to his special method of approach. If you take refuge in the form seen, which represents the outer manifestation — although in an obscure way — of that spiritual energy which is intimately connected with man's innate urge towards God ( *Bhagavad Bhava* ), it will lead you to God-centredness, it will help you to everything that favours a consecrated life. It must be borne in mind that He manifests Himself in everyone in this way through the development of His Divine Energy (*Tat Shakti*). Heart and soul have to be put into the attempt to convert religious practices such as *Puja, Japa*, meditation (*Dhyāna*) into living experiences, so that their inner significance may become revealed.

---

* Mataji addresses every married woman as 'mother'.

## 7.

Your mother may not show her affection outwardly, yet she is and always remains your real, genuine mother. Even though you may want to put God the Mother aside, She will not leave you. Are you not Her offspring ? Keep in mind that everything is under Her dispensation; She provides for each the right thing, at the right time, in the right way. Yes, certainly, it is to be welcomed if the desire for the Real awakens. A mother is she, who has the capacity to define and measure out to her child exactly what he needs. It is because she knows how to make allowance for her child, how to forgive, that she is called a mother.

## 8.

Who are the truly wealthy ? Those who are possessed of the Supreme Treasure — they only are really rich and live in abundance. Poor and destitute must be called the man in whose heart the remembrance of God abides not. To depend solely on Him is man's one and only duty.

# MATAJI'S AMARA VANI

( 5.* )

***Question :*** In the Shastras two kinds of teaching can be found concerning life after Self-realization: the one refers to living in the world as a householder, and the other to remaining in detachment in the nature of a spectator. Which of the two should be followed?

***Mataji :*** I see you are alluding to the story of *Chuḍala* and *Shikhidvaja.* Do you mean to imply that worldly life is possible after Self-realization?

***From the audience :*** No, in the case referred to here, a trace of ignorance still persisted. It was but a stage; at that time *Chudala* was not yet fully enlightened.

***Mataji :*** For a Self-realized Being neither the world with its pairs of opposites exists, nor does the body. If there is no world there can obviously be no body either!

***Question :*** But the body, surely, does exist?

***Mataji :*** Who says, the body exists? There is no question at all of name and form. To wonder whether a realized man sees anything outside of himself is also beside the point. Who is there to whom he can say: "Give, give!"† Yet this state of wanting is precisely the reason for one's belief in the reality of the body. Therefore since there is no world and no body, there can be no action either; this stands to reason. To make it quite clear: after Self-realization there is no body, no world and no action — not even the faintest possibility of these, — nor is there such an idea as "there is not." To use words is exactly the same as not to speak; to keep silent or not is identical — all is THAT alone. There simply can be no question of talking or not talking. Please try to understand this! What actually is it that appears to you to be worldly life after Self-realization? Yes, of course, what is expounded in the *Bhagavad Gita* is all true. Yet here the aforesaid holds good, for this body responds strictly to the line of thought and to the spirit in which a question is asked. Consequently what is the opinion of this body and what is not? If there is a line of approach, there must be a goal to which it leads, and beyond that is the unattainable. But where the distinction between the attainable and the unattainable does not arise is THAT ITSELF. What you hear depends on how you play the instrument. For this body the problem of difference of opinion in no wise exists.

---

* The Bengali original appeared in "Ananda Varta", Vol. II, No. 2.

† A play upon words: *'deo'* = give! and *'deho'* = body.

***Question*** : Does Mataji then give out sound* like a musical instrument? (Laughter).

***Mataji*** : According to your ear. Whether the sounds you hear Her utter make sense or not, is for you to judge. Here (with Mataji) the question of striking a chord or not does not arise. Whether your Mataji is good for nothing or useful, *you* will have to decide, because she is your mother and also your daughter. Whether she is worthless or of any service, father will be able to tell. (Laughter.)

***From the audience*** : If father knew, would there be any escape for Her?

***Mataji*** : This was said merely for the sake of argument. But it is not like this either and the word "not" is also incorrect. Now where will you proceed? Moreover, where is "where"?

* * * * *

6.

***Question*** : How can meditation on a particular part lead to meditation on the whole? One can be completely concentrated only on one point. It is said, when one is absorbed in meditation a gradual expansion of consciousness takes place and when the mind reaches what is beyond its containing capacity, it spontaneously dissolves (*Lava*). Then there is no more meditation, there is Divine Insight (*Jnāna*).

---

* A play upon words: 'Baje' means the sounding of a musical instrument as well as 'useless' or 'senseless'.

Some hold this theory. How the mind can become all-pervasive by this method I am unable to grasp.

**Mataji :** When meditation (*dhyana*) occurs spontaneously, then only is it real meditation. It must come about of its own accord, effortlessly. Furthermore, when you say the mind subsides (*lāya*)*, from where does it originate ?

**The Questioner :** From the Self (*Atma*). In the *Shrutis* it is said, it has emanated from the Self like a shadow.

**Mataji :** Where birth is, there must be dissolution (*nāsha*) ; is this what you mean ? But if it were so, the mind would emerge again ?

You say you cannot grasp the all-pervasiveness of the mind ; quite naturally so, because it is not a thing to be grasped : it is neither a thing, nor can it be grasped. You experience the pleasures and pains of the world ; again, when you enjoy temporary happiness or bliss while in meditation, this also is an experience, is it not ? Yet the former is of a slightly different nature from the latter.

When you say you come down from the heights of Divine ecstasy (*Samādhi*), then ascent and descent still remain, otherwise why do you use these expressions ? But there is also a state where ascending and descending are out of the question. If you maintain that the mind is absorbed in *Samādhi*, unless it issues from this state, how can anything of the experience be communicated, be it ever so little ? Therefore it is still of the mind, albeit of a purified mind. I am speaking from your standpoint. Experiences occur on the path. Between the two types of experience that have just been mentioned there is a difference, nevertheless they are both of the mind though on different levels — even what you call *Samādhi*.

However, there is also another state of being where one cannot speak of ascent and descent and consequently not of a body either. Should the question of the body or of action still arise, it means that this state has not been reached. When you say the mind dissolves (*laya*), into what does it dissolve ?

---

* *Laya* means the dissolution of something that however potentially still exists.

***The Questioner :*** Into the Self, of course.

***Mataji :*** Just as salt dissolves, so does the mind — is this your idea? From a particular angle of vision it may appear thus. In the case of a dissolution (*lāya*) of this kind a perfect Yogi can resuscitate the mind again and make it function once more.

***The Questioner :*** I was thinking of absolute destruction (*nāsha*).

***Mataji :*** Destruction (*nāsha*) or *dissolution* (*lāya*)? *Na Sha* means 'not He', (*na sva*) 'not the Self', this surely is what is termed destruction? Where destruction is destroyed there is THAT. Do you call the annihilation of the ego-mind (*manonāsha*), its dissolution into something else (*laya*)?

(*To be continued.*)

# YANTRAM—What it means ?

**By**

**Swami Pratyagatmananda.**



'YANTRAM', in ordinary use, means a mechanism or organ for doing work in an effective, systematised manner with a view to achieving a definite end. Such work, evidently, implies three things : the End, setting the principle or rule of action; the Means, setting the combination and co-ordination of the forces doing the work; and the Method, setting the necessary conditions and practical lines of such action. In scientific analysis, the first gives formula and equation; the second, diagram and design; the third, function according to plan, and in respect to given or assigned conditions. Basically speaking, these three are *Mantram*, *Yantram* and *Tantram* respectively. One may call them Rule, Ruler and Ruling; or Principles of Law, Code and Procedure; and so on. With respect to anything that is or becomes, they answer the three root questions: *Why* is it so? *What* makes it so? and *How* is it so? Obviously, the three are inter-related. In the word 'YANTRAM', one should seize upon the root *Yam* (pronounced as 'Iyam' and not as 'Jam'), note what that root means and implies, and correlate it with the root principle (Vījam) of Vayu, which is also Yam. Vāyu is cosmic Prāna or Elan Vital. It is the cosmic Fund of both potential and kinetic power as a whole, that is, without abstraction and limitation as material, vitalor mental. When this power as a whole operates as a system of Control ('Yam'), as a 'Ruler', with respect to a given end or objective, it is *Yantram*. It is essentially, therefore, a Power disposition and design, not a mere model representation, picture or graph.

It is superficial thinking to look upon the Mystic Yantram as symbolic or pictorial. It is dynamic *Shakti-lekha.* But in the understanding and appreciation thereof it is more suitable to begin with the sketch drawing, graph, and so on. But the initial approach should be such as to open up newer and fuller vistas of complete dynamic import and significance.

माँ—सारा समय हीं तो क्षण है। जैसे एक पेड़ में अनन्त पेड़, अनन्त पत्ते, अनन्त गतियाँ और अनन्त स्थितियाँ हैं वैसे ही एक क्षण में अनन्त क्षण, अनन्त क्षणों में एक क्षण है। देखो अब गति और स्थिति उस क्षण में ही हैं। ऐसी स्थिति में क्षण का प्रकाश यह बात कैसे उठी ? इस कारण उठी, जैसे तुम लोगों का जो भिन्न भिन्न भाव है, वह भेदज्ञान पर आधारित है न ? इसी लिए तुम्हारे निकट भेद है। यह जो तुम्हारे निकट भेद है अर्थात् तुम जो सृष्ट हुए हो उस समय में अर्थात् जिस क्षण में हुए उसी के अनुसार तुम्हारी प्रकृति, तुम्हारा चाहना, तुम्हारा पाना, तुम्हारी पुष्टि और जिज्ञासा—सब कुछ हैं। इसी लिए तुम्हारे जन्म का क्षण पृथक् है, तुम्हारी माँ का क्षण अलग है तथा तुम्हारे पिता का क्षण अलग है। अलग प्रकृति और स्वभाव है। तुम लोगों को अपनी अपनी लाइन के अनुसार ऐसा समय, ऐसा क्षण पाना होगा जिस योग से तुम युक्त रहे, उसका प्रकाश होने के लिए अर्थात् महायोग का प्रकाश होने के लिए। महायोग माने विश्व ब्रह्माण्ड तुम में है, तुम उसमें हो। फिर विश्व ब्रह्माण्ड कहने का भी कोई प्रश्न नहीं है। है नहीं, नहीं भी नहीं, है भी नहीं, उसके आगे जो कहो वही है। उसका, जिस रूप में हो, प्रकाश होना चाहिये। जिस क्षण को, जिस समय को पा लेने पर तुम अपने को जान सकोगे। तुम्हारा अपने को जानने का अर्थ है तुम्हारे पिता माता का जिस क्षण में प्रकाश हुआ, उसे भी तुम पा जाओगे। केवल माता पिता ही को नहीं, समग्र विश्व ब्रह्माण्ड को। जिस क्षण का सूत्र पकड़ कर यह होता है। अपने को जानना तो तुम्हारे शरीर को ही जानना नहीं है, जहाँ परम पिता, परम माता, परम बन्धु, परम गति, आत्मा या नित्य है, उसका परिपूर्ण प्रकाश होना उसका अर्थ है। जैसे जिस क्षण में जन्म होता है, उसे तुम जानते नहीं हो, फिर जो क्षण मिला, उसी को 'अच्छा मैं यही हूँ' यों मान लेते हो। जिस मुहूर्त में, जिस क्षण में तुमने 'वाह यही मैं हूँ' यों अपने को पाया, उसी मुहूर्त में तुम विश्व ब्रह्माण्ड पा गये। जैसे एक बीज पा लेने पर अनन्त वृक्षों की प्राप्ति हो गई। इसलिए उसी क्षण को प्राप्त करना चाहिये जिस क्षण की प्राप्ति होने पर शेष पाने का प्रश्न नहीं रहता है।

अभाव और स्वभाव एक स्थान में ही हैं—एकमात्र उसी में। अभाव स्वभाव क्या हैं ? वे ही हैं। क्योंकि एक बीज ही तो है, वही पेड़ है, वही बीज है, वही नाना प्रकार है, वही तो है। अभाव से अभाव की पूर्ति करते हो, इसलिए अभाव निवृत्त नहीं होता है एवं अभावज्ञान भी निवृत्त नहीं होता है। वह अभावज्ञान जब जाग्रत् होता है तभी विशुद्ध जिज्ञासा होती है। उस अभावज्ञान के माने हैं अपने ज्ञान के अभाव का अनुभव होना इसीलिए विशुद्ध जिज्ञासा होती है, यह जाने रहो। दो कहो, एक कहो, अनन्त कहो, जो जो कहो सब ठीक है।

# व्याख्या

## सात

### १—विकृतक्षण और महाक्षण—

क्षण के सम्बन्ध में पहले भी कुछ प्रकाश डाला गया है। वस्तुतः क्षण एक ही है, उसमें सब क्षण रहते हैं। जिसे महाक्षण कहा जाता है वह भी उसी में रहता है एवं जिसका कहीं कहीं पर माँ ने विकृतक्षण के नाम से उल्लेख किया है वह भी उसी में है। मूल में क्षण एक के सिवा दो नहीं हैं। इसी लिए योगभाष्यकार व्यासदेव ने कहा है "एक एव क्षणः, तस्मिन् एकस्मिन्नेव क्षणे सर्वं जगत् परिणामम् अनुभवति।" अर्थात् केवल एक ही क्षण है, दूसरा क्षण नहीं है। उस एक ही क्षण में सारा जगत् अनन्त प्रकार के परिणामों को प्राप्त होता है। जिस समय मनुष्य का जन्म होता है, अर्थात् माता के गर्भ में जिस समय मनुष्य के अस्तित्व का सञ्चार होता है अथवा देह की परिपुष्टि होने के अनन्तर माता के गर्भ से जिस समय वह भूमि पर आता है, वह क्षण मनुष्य-जीवन का मूल क्षण माना जाता है। वह अत्यन्त मूल्यवान् है, क्योंकि उसी का सम्पूर्ण जीवन पर नियन्त्रण रहता है। वास्तव में सम्पूर्ण जीवन में उसी एक क्षण की विभिन्न प्रकार की क्रियाएँ होती हैं। उस मूल क्षण में सम्पूर्ण जगत् का आपेक्षिक सम्बन्धमूलक अस्तित्व विद्यमान रहता है। उसमें जो शक्तियाँ गुप्तरूप से विद्यमान रहती हैं जीवनपथ पर चलते चलते क्रमशः उन्हीं की अभिव्यक्ति होती है। जैसे वीज में वृक्ष और फूल, फल आदि सब सामग्रियाँ अति सूक्ष्म रूप से विद्यमान रहती हैं वैसे ही उस एक क्षण में ही विस्तार को प्राप्त हुए समग्र जीवन की सारी विचित्रताएँ विद्यमान रहती हैं। जिसका हम लोग काल के नाम से निर्देश करते हैं वह योगी की दृष्टि में उसी क्षण का कल्पित विस्तारमात्र है। यदि वह क्षण भलीभाँति स्वायत्त किया जा सके तो उससे सम्बद्ध सारा जीवन और उसके अन्तर्गत कर्म और भोगवैचित्र्य सब कुछ स्वायत्त हो जाता है। यह पूर्ण सत्ता की ओर से अर्थात् प्राकृत गुणमय एवं अनित्य प्रकाश की ओर से कहना हुआ। दूसरे पक्ष में साधक की साधना के प्रताप से तथा उदय को प्राप्त हुए सौभाग्य के प्रभाव से जिस क्षण का आविर्भाव होता है वह महाक्षण है। वही उसे उसके पूर्णत्व की ओर साथी के रूप में प्रेरित करता है। उस क्षण का स्पर्श होने पर मनुष्य के सामने नित्यसत्य का प्रकाश हो जाता है एवं उसकी सब क्रियाएँ पूर्ण हो जाती हैं। उस समय मनुष्य के सामने उसके निज स्वरूप के अतिरिक्त कुछ भी नहीं भासता अर्थात् उस समय सब कुछ एक अद्वैत के रूप में प्रतिभासित होता है एवं साथ ही साथ जहां पर भेद का कुछ भान नहीं रहता वहां भी भेद का स्फुरण स्पष्ट ही प्रतीत होता है अर्थात् उस अवस्था में महासत्य—विकल्प हीन, अखण्ड, अबाधित सत्य—अपना प्रकाश करता है, इसलिए भेद और अभेद में किसी प्रकार का द्वन्द्व नहीं रह सकता। उस समय भेद में भी स्पष्टतः अभेद दिखाई देता है एवं अभेद में भी अनन्त विचित्रताएँ निखर उठती हैं। विरुद्ध धर्मों के प्रभाव से परस्पर की एक अधिकरण में स्थिति का सम्भव न होने पर भी अखण्ड प्रकाश की स्फूर्ति होने पर यह असम्भवता भी भली भाँति सम्भव हो जाती है। इसी लिए पार्थक्य

अथवा भेद जैसे सत्य है वैसे ही अभेद और साम्य भी सत्य है। वास्तविक महासत्य वही है जिसमें विरुद्ध धर्माक्रान्त दो खण्ड सत्ताएँ समन्वित होकर एक ही महासत्य रूप अपने को अपने से प्रकट करती हैं। विकृतक्षण और महाक्षण में यही भेद है।

## २—महाप्रकाश की महिमा—

योगी के निकट आवरण रहते हुए भी नहीं रहता अर्थात् सांसारिक जीव की दृष्टि जहाँ आवरण से कुण्ठित हो जाती है योगी की निर्मल दृष्टि को वहाँ आवरण नहीं दिखाई देता है। दूसरे पक्ष में लौकिक दृष्टि में जहां किसी प्रकार का आवरण अनुभूत नहीं होता योगी वहां पर भी आवरण खड़ा कर सकता है। यह जो आवरण में अनावृत भाव है एवं अनावृत खुले हुए स्वरूप में भी आवरण की सृष्टि है इन दोनों की जड़ में उस महाप्रकाश की महिमा है। पर्दा अथवा आवरण इन दो के सम्बन्ध में दो प्रकारों से समझना चाहिये अर्थात् आत्मा का ज्ञान या दृष्टिशक्ति एवं कर्म या क्रियाशक्ति इन दो दिशाओं से ही आवरण रहने अथवा न रहने की बात कही जाती है। आगम में स्पष्ट निर्देश किया गया है कि मूलतः ज्ञान और क्रिया में कोई अन्तर नहीं है। प्रधानता के अनुसार तथा वक्ता की विवक्षा के अनुसार केवल भेद की कल्पना की जाती हैं। किन्तु जो अखण्ड चैतन्य है उसमें ज्ञान और क्रिया—दोनों रहते हैं। केवल यही नहीं दोनों ही वहां पर अभिन्न हैं। इसलिए सूक्ष्म दृष्टि से देखने पर ज्ञान का आवरण पृथक् है और उस आवरण की निवृत्ति भी क्षेत्र के भेद से पृथक् पृथक् है। क्योंकि ज्ञान के आवरण की निवृत्ति होने पर भी खण्ड दृष्टि के सामने कर्म का आवरण अक्षुण्ण रह सकता है। कर्म का आवरण निवृत्त होने पर भी स्थूल दृष्टि में ज्ञान का आवरण रह सकता है। किन्तु महाक्षण से सम्पर्क स्थापित होने पर अर्थात् महाप्रकाश का उदय होने पर ज्ञान और कर्म का आपाततः प्रतीयमान विरोध हट जाता है, इसलिए आवरण निवृत्ति के मूल में भी एक ही साथ दोनों आवरण निवृत्त हो जाते हैं। इसलिए दोनों दृष्टियों से मां ने कहा है "जिस योग में पर्दे का व्यवधान उसके काम में बाधक नहीं हो सकता है यह देखना भी उसी प्रकार का है।" केवल यही नहीं, लौकिक दृष्टि से गति और स्थिति के परस्पर विरुद्ध होने पर भी वही हैं। किन्तु महाप्रकाश की ऐसी महिमा है कि गति में स्थिति अथवा मति ही स्थिति दिखलाई देती है। पक्षान्तर में स्थिति में गति अथवा स्थिति ही गति दिखलाई देती है। मां ने कहा है— "जो देख सकता है उसके निकट गति और स्थिति में भेद होने पर भी वे भिन्न नहीं हैं। वहां पर सब कुछ सम्भव है।" जो देख नहीं सकता है अर्थात् जिसकी सम्यक् दृष्टि खुली नहीं है, वह गति में गति ही देखता है एवं स्थिति में भी स्थिति ही देखता है। किन्तु गति में स्थिति यदि देखना हो अथवा गति को स्थिति के रूप में देखना हो तो महाप्रकाश का सम्पर्क आवश्यक है। क्योंकि विरुद्ध में अविरुद्ध का दर्शन महाप्रकाश के बिना नहीं हो सकता। वस्तुतः अविरुद्ध और अखण्ड-सत्ता के ऊपर ही विरुद्ध और खण्डसत्ता का खेल चलता है। लौकिक दृष्टि स्वभावतः ही खण्डसत्ता को देखती है। खण्डसत्ता अपूर्ण है। किन्तु अपूर्णता भी पूर्ण में ही नित्य विकसित होती है। इसीलिए पूर्ण दृष्टि का उदय होने पर सर्वव्यापक महासत्ता तो दिखलाई ही देती है, परन्तु उसके साथ ही साथ अपूर्ण खण्डसत्ता भी दिखाई देती है। वही अविरोधी सत्ता है। उसका अभाव कहीं भी नहीं है एवं हो भी नहीं सकता। इसलिए इस महासत्ता के दर्शन होने पर, सांसारिक सब तरह का विरोध-विरुद्ध रहकर भी अविरुद्ध के रूप में अभिव्यक्त होता है। अतएव जिसमें पूर्ण सत्ता के दर्शन की शक्ति पैदा हो गई

उसके निकट कोई भी विरोध विरोध नहीं है अर्थात् सब के लिए विरोध रूप से प्रतीति होने पर भी उसके लिए अविरुद्ध रूप में ही प्रतीति होती है। इसका एकमात्र कारण उस महाप्रकाश की महिमा ही है। गीता में भगवान् श्रीकृष्ण ने इस प्रकार के अविरुद्धदर्शी पुरुष का बुद्धिमान्, युक्तयोगी तथा कृत्स्नकर्मकृत् के रूप में वर्णन किया है—

कर्मण्यकर्म यः पश्येद् अकर्मणि च कर्म यः।
स बुद्धिमान् मनुष्येषु स युक्तः कृत्स्नकर्मकृत् ॥"

इसका भावार्थ यही है कि जो कर्म में अकर्म देख सकता है और अकर्म में कर्म देख सकता है वही बुद्धिमान् हैं, उसी को युक्तयोगी कहना उचित है। उसके लिए देखने और करने में कोई अन्तर नहीं रहता है अर्थात् इस तरह देख सकने पर ही सब कर्मों का अनुष्ठान हो जाता है। इस प्रकार की दृष्टि प्राप्त होने पर कुछ भी करने के लिए अवशिष्ट नहीं रह जाता है। वह नित्यसिद्ध महायोगी है। क्योंकि उस समय किसी के भी साथ उसका व्यवधान नहीं रहता है। महाक्षण का प्रकाश गृहीत होने से प्रकाश की महिमा में असम्भव भी सम्भव हो जाता है, अघटित भी घट जाता है। इसी लिए मां ने उस स्थिति का चमत्कारराज्य के नाम से निर्देश किया है। उन्होंने कहा है "महाक्षण में यह स्थिति और अस्थिति रहने पर भी नहीं है एवं है भी।" केवल यही नहीं, महाक्षण और विकृत-क्षण का जो भेद है वह भी उस समय नहीं रहता है। क्योंकि उस अखण्ड में खण्ड रूप से कुछ नहीं है, इसलिए खण्ड भी वहाँ उसके साथ अभिन्न रूप से अपने को प्रकट करता है।

## आठ

### १—क्षण और समय—

मां कहती हैं, "क्षण माने समय, किन्तु तुम्हारा यह समय नहीं। समय माने स्व-मय, जिसमें अपने सिवा और कुछ भी नहीं है।" मां के इस संक्षिप्त विवरण से क्षण का तत्त्व और भी अधिक परिस्फुट हुआ है। साधारणतः समय अथवा काल का कल्पित सूक्ष्मतम अंश क्षण कहा जाता है। योगियों के सम्प्रदाय में प्रसिद्ध है कि जिस समय एक परमाणु एक प्रदेश का त्याग कर अन्य देश का आश्रयण करता है समय के उस सूक्ष्मतम अवयव को व्यावहारिक भाषा में क्षण कहते हैं। वास्तव में यह परिभाषामात्र है। विचारशील दार्शनिकों में किन्हीं ने काल को अखण्ड दण्डायमान और नित्य मान कर क्षण को उसी का एक कल्पित अंश माना है। क्रिया का आश्रय लेकर ही इस अवयवविभाग की कल्पना का सम्भव हुआ है। क्योंकि निष्क्रिय सत्ता में विभाग नहीं रहता है। यह एक पक्ष का मत है। दूसरे पक्ष में क्षण ही मूल सत्ता के रूप में स्वीकार किया गया है, उससे आविर्भूत काल की बौद्ध सत्ता मानी गई है अर्थात् काल का अस्तित्व बुद्धितत्त्वपर्यन्त ही स्वीकृत है। जहां बुद्धि की क्रिया नहीं रहती है वहां बौद्ध पदार्थ काल का भी अस्तित्व नहीं रहता है। वह अवस्था वास्तविक सत्य है। जिसमें पूर्वापर भाग नहीं है, एकमात्र सत्ता ही विराजमान रहती है, वही क्षण है। दृष्टिकोण के भेद से क्षण और काल के सम्बन्ध में इस प्रकार की भिन्न भिन्न कल्पनाएँ उठी हैं। इनके सिवा और भी अनेक प्रकार की कल्पनाएँ हैं। इस जगह उनकी आलोचना करने की आवश्यकता नहीं है। मां कहती हैं, क्षण कहने से वही महासत्ता समझनी चाहिये जिसमें स्व से भिन्न दूसरी कोई सत्ता अनुभव में नहीं आती है अर्थात् जिसमें एक के सिवा दूसरी किसी सत्ता का अस्तित्व स्वीकार नहीं किया जाता है। वह महाप्रकाशमय सत्ता ही समग्र विश्व-प्रकृति के मूल में अपने स्वभाव से विराजमान रहती है। वस्तुतः वही सब पदार्थों का स्वरूप या स्वयंरूप अर्थात् निजरूप है। क्षण कहने से इसी स्वमय भाव को समझना चाहिये। वस्तुतः यह भाव या भावातीत है यह भी ठीक

ठीक कहा नहीं जा सकता है। वस्तुतः जहां विभाग नहीं है एवं पूर्वापर का विरोध नहीं है वही परम अद्वय स्वप्रकाश एवं स्वसंवेद्य स्थिति स्व है। महाक्षण का यही तात्पर्य है। पहले क्षण के सम्बन्ध में जो कहा गया है उसी की यह प्रकारान्तर से अभिव्यक्ति है।

## २—महायोग किसे कहते हैं—

यह जो क्षण की आलोचना की गई है उसी से महायोग का तत्त्व भी कुछ कुछ समझा जा सकता है। प्रत्येक मनुष्य अपनी अपनी धारा में चला जाता है। किन्तु जिस धारा में जो चले, उसको अपनी धारा के अनुसार ऐसा एक क्षण पाना होगा, जिससे यह उपलब्धि हो जाय कि वह सर्वत्र सब सत्ताओं के साथ समान रूप से युक्त है। इस उपलब्धि का नाम ही महासत्य का प्रकाश है जिसका दूसरा नाम महायोग का प्रकाश है। क्षण मूल में एक होने पर भी व्यक्तिगत धाराओं के भेद से भिन्न भिन्न साधकों के निकट भिन्न भिन्न रूप में प्रकट होता है। किन्तु यह प्रकाश यदि वास्तविक प्रकाश हो तो यह महाप्रकाश के रूप में प्रकट हो उठता है। खण्ड भाव से अखण्ड भाव का उन्मेष ही क्षण का प्रधान परिचय है। धारा भिन्न होने पर भी धारा के परिणाम का पूर्ण पर्यवसान इस महाप्रकाश का उदय है। यह महाप्रकाश ही वस्तुतः महायोग का प्रकाश है। योग नित्यसिद्ध है, वह साधना का फल नहीं है एवं किसी क्रिया का परिणाम भी नहीं है। यदि उसको व्यक्तिगत रूप से देखा जाय तो उसे अव्यक्त कहना पड़ेगा किन्तु अव्यक्त होने पर भी वह है, उसको बनाना नहीं पड़ता। क्षण का सम्पर्क प्राप्त होने पर ही वह अव्यक्त पर चिरव्यक्त महाप्रकाश साधक के निकट स्वप्रकाश रूप में प्रकट होता है। उस समय देखने में आता है कि यह महायोग समग्र विश्वब्रह्माण्ड के अणु परमाणु के साथ ही नहीं, स्थूल, सूक्ष्म और कारण सब अवस्थाओं के साथ एवं अतीत, अनागत और वर्तमान सब कालों के साथ अभिन्न रूप में नित्य सम्बद्ध है। केवल यही नहीं, इस महा प्रकाश में सत् और असत् का वैकल्पिक भेद भी अस्तंगत हो जाता है। इस स्थिति में विरोध रह कर भी अविरोध के साथ अभिन्न होकर प्रकाशित होता है। माँ ने इस अवस्था के वर्णन के प्रसङ्ग में एक स्थान पर कहा है, "यह है, नहीं है, नहीं भी नहीं है और है भी नहीं है" अर्थात् इसे सत् भी कह सकते हैं, असत् भी कह सकते हैं और यह सत् भी नहीं कहा जा सकता है और असत् भी नहीं कहा जा सकता है, सब कुछ एक ही समय में। मां के इस वर्णन से शून्यवादी बौद्धाचार्य नागार्जुन की प्रसिद्ध कारिका याद आती है "चतुष्कोटिविनिर्मुक्तं तत्त्वं माध्यमिका विदुः।" अर्थात् जो यथार्थ तत्त्व है उसका 'है' यों भी वर्णन नहीं किया जा सकता, 'नहीं है' ऐसा भी वर्णन नहीं किया जा सकता है एवं एक ही समय में है तथा नहीं यों दो प्रकार से भी वर्णन नहीं किया जा सकता है एवं इन दो प्रकारों के अतिरिक्त किसी अन्य प्रकार की कल्पना करके भी उसका निर्देश नहीं किया जा सकता। व्यवहारभूमि में यदि वर्णन करना हो तो किसी एक धारा का अवलम्बन करके ही वर्णन करना पड़ता है। किन्तु पारमार्थिक दृष्टि से देखने पर इन चारों प्रकारों में से किसी प्रकार से भी उसके स्वरूप का परिचय नहीं दिया जा सकता। नागार्जुन के तुल्य प्राचीन वेदान्ती भी इस प्रकार का वहुत सी बातें वहुत से स्थलों पर कह गये हैं। किन्तु वास्तविक सत्य यह है कि जहां पूर्ण अद्वय स्वरूप की चर्चा हो रही है वहां एक पक्ष से जैसे कुछ भी कहा नहीं जा सकता है कि यह सत्य है वैसे अन्य दृष्टि से देखने पर जो जिस भाव से कहना चाहता है वह उसी भाव से कह सकता है एवं वह कथन भी सत्य माना

जाता है। इसीलिए मां कहती हैं, उसे जो जो कहता है वह वही है। महायोग उसी का प्रकाशमात्र है।

हम पहले महाक्षण और विकृतक्षण की चर्चा कर चुके हैं। विकृतक्षण वही है जो हमारे खण्ड जीवन को नियन्त्रित करता है। यह बात भी पहले कही जा चुकी है। वह क्षण मूलाविद्यारूप गाढ़ अन्धकारमय अज्ञान का क्षण है। उस समय 'अहं भाव' प्रकाशित होता है सही, पर प्रकाश के साथ उसका कोई सम्बन्ध अपनी उपलब्धि में नहीं रहता है। इसी लिए इस क्षण से जीवन की जो धारा नियन्त्रित होती है उसमें चाहे कितना ही ज्ञान का विकास क्यों न हो, पर अपने स्वरूपज्ञान का उदय नहीं होता है। साधना से हो या कृपा से हो अथवा दोनों के सम्मिलित प्रभाव से ही हो जब महाक्षणप्राप्ति हो जाती है तब बिजली की क्षणिक प्रभा के तुल्य एक क्षण में अखण्ड रूप से क्रम के बिना साधक समग्र महासत्तारूपी अपने प्रकाश को अपने स्वरूप के रूप में पहचान सकता है। यह अवस्था स्वयं अपना 'आश्चर्यवत्' दर्शन करना है, जिसकी चर्चा गीता में आत्म-साक्षात्कार के प्रसङ्ग में की गय है। यही आत्म-दर्शन है। यह क्रमशः नहीं होता है, खण्ड खण्ड करके भी नहीं होता है एवं काल के मध्य में भी नहीं होता है। यह समग्र अक्रम साक्षात्कार स्वप्रकाशमय आत्मा का ही साक्षात्कार है। इस अवस्था में और कुछ भी दर्शनीय शेष नहीं रहता है। इसीलिए इस भाव से अपने को जानने पर अथवा देखने पर और दूसरा कुछ जानने या देखने को शेष नहीं रहता। एक ही अनन्त है और अनन्त ही एक है यह प्रत्यक्ष अनुभव में आ जाता है। इसीलिए कहा जाता है, अपनी प्राप्ति होने पर ही विश्व ब्रह्माण्ड प्राप्त हो जाता है।

## ३ —अभाव और स्वभाव—

जो अभाव है वही स्वभाव है। मूल में एक के सिवा दूसरा नहीं है। वैचित्र्य चाहे कितना ही क्यों न रहे, वह एक का ही विलास है, केवल विलास नहीं एक ही है, उसका प्रकाश ही यथार्थ प्रकाश है। जीव का अभाव मिटता नहीं, यह सत्य है। इसका एकमात्र कारण यही है कि जीव अभाव से ही अभाव-निवृत्ति की व्यर्थ चेष्टा करता है। किन्तु वह वास्तविक मार्ग नहीं है। स्वभाव में प्रतिष्ठित हुए बिना अभाव कदापि नहीं मिट सकता। वास्तव में यथार्थ अभावज्ञान का जागरण नहीं होता, इसीलिए अभाव से ही अभाव को मिटाने की कोशिश की जाती है। तीव्र अभाव पीड़ा की जाग उठने पर उसी से अपने आप स्वभाव का पता मिल जायगा। अभावज्ञान का उदित होना ही अभावज्ञाननिवृत्ति का एकमात्र हेतु है। वह जितने ही तीव्र वेग से होगा उतनी ही स्वभाव की प्राप्ति सन्निकट होगी। प्यास पीने के जल के अभाव को सूचित करती है यह सच है, किन्तु दूसरी ओर ध्यान न लगा कर केवल इस जल के अभाव की ओर ध्यान लगाने पर एवं उसके तीव्र होने पर इस तीव्र अभाव के ज्ञान से ही अपने आप पीने के जल को आविर्भूत होने के लिए बाध्य होना ही पड़ेगा। किसी के समीप याचना करने की आवश्यकता नहीं है। क्योंकि मूल में जो अभाव है, वही स्वभाव है। किन्तु बोध रहना चाहिये। इसीलिए मां कहती हैं, अभाव जो है स्वभाव भी वही है, मूल में विरोध तो कहीं भी नहीं है पर व्यवहारभूमि में पूरा विरोध रहता है। प्रकाश खुल जाने पर देखने में आता है कि विरोध में विरोध से परे महासाम्य विद्यमान है। मिलन में विरह एवं विरह में ही मिलन जिसने देखना सीखा है, वही यथार्थ में नेत्रवान् है। यानी यथार्थदर्शी है अर्थात् अद्वैतदृष्टि ही यथार्थ दृष्टि, वही

चरम सत्य है, अर्थात् सभी मूल में एक हैं। इसीलिए मां कहती हैं "दो कहो, एक हो, अनन्त कहो जो जो कुछ कहो सभी ठीक हैं।" अर्थात् सभी विकल्प हैं। इसीलिए जो कहा नहीं जा सकता, जो ध्यानातीत है उसे सब प्रकारों से कहना भी सम्भव है, उसका चिन्तन करना भी सम्भव है। वह ऐसी ही अद्भुत वस्तु है। उसे जानने की इच्छा ही यथार्थ जिज्ञासा है। यथार्थ अभावबोध के जागे बिना इस प्रकार की जिज्ञासा उदित नहीं हो सकती है।

ॐ

# धर्म-ज्ञान-वैराग्य-ऐश्वर्य्य-मयी

## श्री श्री आनन्दमयी माँ

*स्वामी स्वतन्त्रानन्द*

प्रारब्ध वश मुझे १९५४ में अल्मोड़ा जाना पड़ा। वहाँ मैं श्री श्री आनन्दमयी माँ के आश्रम में ठहरा। आश्रम का संचालन जिस ढङ्ग से होता है उसका स्वरूप देखने से ही मन अति प्राचीन औपनिषद कालीन उन आदर्शों की तरफ स्वयं आकर्षित हो जाता है जिनमें भारत की संस्कृति अध्यात्मवाद से ओत-प्रोत दिखाई देती है। अति पवित्र प्राचीन वर्णाश्रम धर्म के अनुसार छोटे छोटे बालक पढ़ते हैं जिनका पूर्ण प्रबन्ध माँ के परमप्रिय भक्त की तरफ से है। उस आश्रम में धार्मिक पवित्र आध्यात्मिक जीवन के साथ आधुनिक प्रारम्भिक शिक्षा दी जाती है। ब्रह्मचारियों की दिनचर्या तथा संचालकों की कर्तव्यपरायणता देख कर प्रत्येक मानव की धार्मिक भावना अवश्य जाग्रत होगी। ब्रह्मचारी तथा अध्यापकों की चर्या का उल्लेख मैं नहीं करता, क्योंकि उसका दर्शन करके ही पूर्ण ज्ञान हो सकता है किसी लेख को देख कर नहीं। ऐसे तमाम आदर्शों की जननी जगद्वन्द्या विश्वप्रिया श्री श्री आनन्दमयी माँ है। भाग्यवशात् उसी समय जब कि मैं अल्मोड़े में था, माँ के जन्मोत्सव की तैयारी थी। वह थी शिलांग (आसाम) में, परन्तु सहसा शिलांग का प्रोग्राम न रहने से अल्मोड़े में मुझे जन्मोत्सव देखने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। जन्मोत्सव को देखकर मेरे मन में नाना प्रकार की भावनाएँ जाग्रत होने लगीं। जन्मोत्सव अल्मोड़े में होगा यह सुनते ही देश के कोने कोने से भक्त-मण्डल आने लगा। जिसमें बम्बई, कलकत्ता, राँची, इलाहाबाद, लखनऊ, मुरादाबाद, बरेली, देहरादून, जालन्धर, दिल्ली, बनारस, सोलन, नैनीताल, पटना आदि कितने ही स्थानों से माँ के भक्तगण आने लगे और चार पाँच दिनों में ही आश्रम भर गया। इतना ही नहीं, इङ्गलैंड, डेनमार्क, फ्रांस, स्काटलैंड, चिली, जर्मनी, आस्ट्रेलिया और आस्ट्रिया के निवासी भक्तों ने भी उसमें भाग लिया। माँ का एक विशेषआकर्षण स्वभाव से ही अपनी तरफ खींचता है। आकर्षित होने वाले लोगों में वकील, बैरिस्टर, I. C. S., डाक्टर, इंजिनीयर, देश के प्रशासक, वैज्ञानिक, नेतृवर्ग, शास्त्रों के प्रकाण्ड विद्वान् महात्मा, संन्यासी, ब्रह्मचारी, धनी, भक्त, कर्मकाण्डी और उच्चकोटि के उपासक होते हैं। विशेषतः माँ की तरफ बुद्धिजीवी गणमान्य लोगों का आकर्षण देखा गया है। मैं सोचता हूँ कि आखिर माँ में इतना आकर्षण क्यों है? ध्यान देकर माँ को मैंने विशेष विभूति के रूप में देखा। ऐसी विभूति कभी कभी संसारी जीवों के कल्याण के लिए अवतीर्ण होती है। आस्तिक शास्त्रज्ञ पुरुष शास्त्रीय विवेचन करके माँ एक विशेषशक्ति है ऐसा स्वीकार करते हैं।

माँ का सत्संग करके मैंने देखा कि माँ धर्म ज्ञान, ऐश्वर्य तथा वैराग्य की प्रतिमा है।

माँ धर्म की साक्षात् प्रतिमा इसलिए है कि माँ के जीवन में जितने लोग आये हैं वे बड़े से बड़े नास्तिक होने पर भी माँ का थोड़े दिनों तक सत्संग करके उच्चकोटि के धार्मिक हो गये हैं। धर्म उस आचरण को कहते हैं जिसकी

निन्दा लोक और वेद में न हो। जो आचरण समाज और वेद में गर्हित हो, उसी को अधर्म कहते हैं। माँ के जन्मकाल से अब तक साथ रहने वाले वृद्धजन, जो माँ से उम्र में बड़े हैं, कहते हैं कि माँ का जीवन एक उच्चकोटि का धार्मिक पवित्र जीवन है। माँ के संपर्क में आने पर माँ के तेजोमय देह का दर्शन करते ही बाह्य वृत्तियाँ, जिनको विषय वासना कहना चाहिये, प्रायः लुप्त हो जाती । मैंने देखा है माँ के पास ऐसी आकर्षण शक्ति है जिससे आकृष्ट होकर उच्चकोटि के नागरिक स्त्री-पुरुष तरुण-तरुणी के रूप में आते हैं, परन्तु मजाल नहीं कि किसी की असत् प्रवृत्ति हो। माँ किसी को कुछ भी नहीं कहती परन्तु माँ के दरबार में, माँ की उपस्थिति में एक विशिष्ट अनुशासन रहता है जिससे साथ रहने वाले जन अपने को धार्मिक, पवित्र और कृतार्थ मानते हैं। यदि अन्दर कोई ऐसी चेतना कार्यसंचालन न करती तो भक्तसमुदाय या अन्य अपरिचित जन माँ के दर्शन से अकारण क्यों आकृष्ट होते ! माँ से बाह्य पदार्थ, जिनको हम धन, गृह, स्त्री-पुत्र, कीर्ति, नौकरी या अन्यान्य बहुत से नामों से पुकारते हैं जिनकी समाज में प्रतिष्ठा है, न मिलने पर भी माँ की सन्निधि में रहने की प्रेरणा बलात् होती है। इसका मुख्य कारण है माँ का पवित्र दिव्य धर्ममय जीवन। दिव्य जीवन ही सुख का हेतु है और सुख को प्राप्त करना प्रत्येक जीव को वांछित है। प्रवृत्तिमात्र में हेतु इष्टसाधनता ज्ञान है, माँ के प्रति भी मानवों की प्रवृत्ति देखते हैं, इष्टसाधनताज्ञान के बिना प्रवृत्ति नहीं बन सकती है, अतः किसी इष्ट पदार्थ का ज्ञान बलात् प्रवृत्त कराता है। कोई कहे कि माँ के पास जाने से किसी बाह्य पदार्थ की प्राप्ति होती है, यह भ्रम है, क्योंकि माँ जहाँ जाती है इतनी भीड़ होती है कि स्नान-भोजन का भी समय पर ठिकाना नहीं रहता है। जो लोग अपने घर में रहते हुए किञ्चित् भी असुविधा क्षुत्पिपासा सहन नहीं करते हैं, वे माँ के पास बरामदों में सोना, समय पर भोजन न मिलना, नहाने का ठिकाना न लगना आदि बाह्य दुःखों को सहर्ष सहन करके माँ के चरणों का त्याग नहीं करते हैं। अतः अवश्य अन्दर से कोई ऐसी अभौतिक प्रेरणा है जिससे मानवसमुदाय माँ की तरफ आकर्षित होता है। वह है माँ का साक्षात् धर्म का मूर्त रूप। माँ के एक पुराने भक्त से जिनको इस समय सहयोगी लोग योगेश ब्रह्मचारी कहते हैं, जिनका दूसरा नाम है योगेशदा जो ३० वर्ष से मां के साथी हैं, मैंने पूछा कि आप माँ के बहुत पुराने भक्त हैं माँ की कुछ विशेषताएँ मुझे बताएँ तो योगेशदा कहते हैं कि स्वामिन्! क्या बताऊँ ! आप सब जानते हैं। परन्तु मैं इतना कहूँगा कि मैं एक नौकरी करने वाला विषयी आदमी था, जो कभी भी इस तरफ आने वाला नहीं था। माँ की कृपा से थोड़े दिनों में मेरे हृदय का परिवर्तन हो गया।

योगेशदा ने कहा कि एक दिन अकस्मात् माँ ने आज्ञा की, "योगेश, तू नौकरी छोड़ और एक वर्ष तक बिना पैसे के और हजामत बनाए बिना भारत में विचरण कर और ठीक एक वर्ष बाद मुझसे मिलना इससे पहले मेरे पास नहीं आना।" माँ की आज्ञा होते ही मैंने ऐसा ही किया। एक वर्ष तक नौकरी से छुट्टी लेकर बिना पैसे के यात्रा करनी आरम्भ की। कश्मीर से कन्या कुमारी और अटक से कटक तक यात्रा करके मैं ठीक एक वर्ष में माँ के सामने उपस्थित हुआ और दाढ़ी मुड़ा कर पुनः सरविस आरम्भ कर दी। सज्जन पाठकगण ! आप समझें कि एक विषयवासना में पड़ा हुआ साधारण मनुष्य क्षण भर में इतना बड़ा त्याग करके अपने पूर्ण कर्तव्य का निर्वाह करता रहा और अन्त में सारे घरबार, सम्पत्ति को छोड़कर विरक्त होकर सदा के लिए माँ का अनुयायी तथा उच्चकोटि का साधक बना। इसका क्या कारण है ? विचार करके देखें तो माँ का रोमरोम धर्ममय है जिसके बल से पापी को भी

"धार्मिको भूयाः सत्वरं धार्मिको भवति" इस उक्ति के अनुसार यदि अपनी पूर्ण कृपा से माँ कह दे कि तू धार्मिक हो जा तो शीघ्र ही वह धार्मिक हो जाता है। पातंजल योगसूत्र के भाष्य में व्यासजी लिखते हैं कि उच्चकोटि की विभूति किसी पापी को कहे कि "धार्मिको भूया इति भवति धार्मिकः। स्वर्गं प्राप्नुहीति स्वर्गं प्राप्नोति। अमोघाऽस्य वाग्भवति।" ये सब बातें माँ में पूर्ण रूप से घटती हैं। यदि माँ का दिव्य शरीर धर्ममय न हो तो दूसरों को क्या धर्ममय कर सकता है? क्या खाँड़ स्वयं मधुर न हो तो दुग्धादि को कभी मधुर बना सकती है? अतः माँ स्वयं धर्ममय है, अतः अपने पूर्ण कृपाकटाक्ष से ही दूसरों को धार्मिक बना देती है।

माँ की सन्निधि में रहने से ज्ञात होगा कि माँ के साथ रहने वालों की चर्या कैसी है। दिन भर कोई न कोई कार्यक्रम चलता है जिसमें धार्मिक पवित्र आचार तथा अध्यात्मवाद की गम्भीर चर्चा होती है। चाहे वह कीर्तन हो, प्रवचन हो, चाहे माँ से प्रश्नोत्तर हो सभी में पवित्र धार्मिक उपासना, निष्काम कर्म और अखण्डाद्वितीय चिन्मात्र आत्मविषयक भावना ओत-प्रोत रहती है। इन सब बातों को देखकर तथा काशी में किये हुए तीन वर्ष तक अखण्ड चलने वाले गायत्री-यज्ञ को देखकर माँ का स्वरूप धर्ममय है, यह निर्विवाद सिद्ध है।

जो स्वयं अतीर्ण हो तो वह दूसरे को तार नहीं सकता। जैसे तुम्बी स्वयं यदि जल में न तरे तो अपने आश्रित किसी पदार्थ को तारने में समर्थ न होगी। इसी तरह स्वयं यदि धर्ममय न हो तो दूसरे को कभी भी धार्मिक नहीं बना सकता। हम देखते हैं कि बड़े बड़े नास्तिक पढ़े लिखे लोग मां के सामने आने पर कट्टर धार्मिक होते देखे गये हैं, जिनके सामने अपने को धार्मिक मानने वाले लोग निस्तेज हो जाते हैं। यदि माँ स्वयं धर्ममय न हो तो दूसरे को क्या धर्म मानने वाला बनायेगी? यदि जल स्वयं शीत स्पर्श वाला न हो तो दूसरों को क्या शैत्यार्पण कर सकता है? अतः माँ पूर्णतः लोक-वेद-सिद्ध-धर्ममयी है।

एवं माँ ज्ञानमयी है—

माँ का सहज बोलना भी गम्भीर अद्वैतवाद के ग्रन्थ पढ़ कर जो विशेष ज्ञान होता है इससे बढ़कर अनुभवपूर्ण अपना विशिष्टार्थ रखता है। माँ जब प्रश्न का उत्तर देती है तब कभी कभी उसमें आचार्य शङ्कर के अद्वैतवाद की पूर्ण झलक रहती है। जब १९५२ में माँ बम्बई पधारी थी, व्याख्यान-सभा में जाने पर हजारों की संख्या में उपस्थित मातृदर्शनार्थियों को देख कर मैंने पास बैठ कर माँ से प्रश्न किया, "माँ, यह सब क्या दीखता है?" माँ ने मुस्कुराते हुए अपनी अमर वाणी से कहा, "यह सब मेरा स्वरूप है जो नानारूप में भासता है। प्रतीयमान सारा जगत् मेरा स्फार है। यह मुझसे अतिरिक्त अपनी कोई पारमार्थिकी सत्ता नहीं रखता है। जो इसकी सत्ता है वह केवल प्रतीतिमात्र है।" सज्जनों! ये वाक्य मां के सहज ही निकले, न कि किसी ग्रन्थ को पढ़ कर। माँ बार बार कहती है कि इस शरीर ने कभी कुछ भी नहीं पढ़ा। माँ का सहज बोलना अद्वैतवाद की परम काष्ठा के सिद्धान्त का निर्णीत अर्थ होता है जैसा कि मैंने कई बार देखा है। एक दिन माँ से मैंने कहा "माँ, तू अपने हाथों से क्यों नहीं खाती?" इसपर माँ कहती है, जितने शरीरों में लगे हाथ दीखते हैं सभी मुझे इस शरीर से सम्बद्ध दीखते हैं।" पाठको! सोचिए कि माँ की सर्वात्मभावना, जो आजानसिद्ध है, कैसी है? बाल्यकाल से बिना पढ़े लिखे ऐसे शब्द माँ के श्रीमुख से निकलते हैं जिनको भगवान् गीता में कहते हैं—

"सर्वभूतस्थमात्मानं सर्वभूतानि चात्मनि।
ईक्षते योगयुक्तात्मा सर्वत्र समदर्शनः॥

योमां पश्यति सर्वत्र सर्वं च मयि पश्यति ।
तस्याहं न प्रणश्यामि स च मे न प्रणश्यति ॥"

अतः निर्विवाद है कि माँ का शरीर जब से आविर्भूत हुआ है, तभी से मैं नारायणरूप हूँ, मैं ब्रह्मरूप हूँ, ऐसी झंकार करता है । अतएव माँ तत्त्वज्ञानमयी है ।

एक भक्त ने हरिद्वार में पूछा, "माँ, भगवान् से या आत्मा से या ब्रह्म से कैसे मिला जाय ?" माँ कहती है "दूरत्वबुद्धि को दूर करो ।" ये सब बातें अद्वैत औपनिषद दर्शन जिसको शाङ्कर सिद्धान्त कहते हैं, उसके चरम निर्णयों से परिपूर्ण हैं । जो माँ के दिव्य शरीर में दिव्याद्वैतवाद की ज्ञानज्योति जगने का पूर्ण परिचायक हैं । उपनिषत् कहती है "दूरात् सुदूरे तदिहान्तिके च पश्यत्स्विहैव निहितं गुहायाम्" अतः माँ स्वभाव से ही ज्ञानमयी है यह सिद्ध होता है । यदि माँ से कोई प्रश्न करता है कि मां ! मनुष्य को क्या करना चाहिए तो माँ तुरन्त उत्तर देती है कि अपने आपको पहिचानना चाहिये । आपको छोड़ कर दूसरी कोई वस्तु देखने योग्य नहीं है । सब वस्तु तुममें भरी है । तुमको छोड़ कर कुछ नहीं है ।

सज्जनो ! यह माँ का दिव्य सन्देश माँ के पूर्ण अद्वैतज्ञानमय स्वरूप का ज्ञापक है । माँ के समीप बैठ जाने पर अधिकारियों को थोड़ी देर अवश्य सर्वात्मभाव की झलक प्राप्त होती है, ऐसी अनुभूति बहुत भक्तों को हुई है । अतः माँ का पूर्णज्ञान निर्विवाद है और माँ ज्ञानमयी है । विशेष रूप से माँ के ज्ञानमय उपदेशों को श्रवण करने के इच्छुक दीर्घ काल माँ का सत्संग करेंगे तो अवश्य माँ के दिव्य ज्ञान द्वारा अपना कल्यांण कर सकेंगे और माँ के ज्ञानमय स्वरूप को पहचानेंगे ।

जैसे माँ ज्ञानमयी है वैसे ही माँ का विग्रह वैराग्यपूर्ण है । आप देखेंगे कि माँ की एक एक बात वैराग्यपूर्ण है साथ ही माँ का आचार व्यवहार सारा का सारा वैराग्य की सुगन्ध को छोड़ कर संसार में आसक्त विषयलम्पट पुरुषों को सहज ही संसार आसक्ति, विषयाभिनिवेशादि सांसारिक दुःखों से हटा कर परमानन्द-परमप्रेमास्पद, सर्व द्रष्टा-प्रत्यगात्मा की तरफ आकर्षित कर देता है । यदि स्वयं वैराग्य न हो तो दूसरों को वैराग्य का आचरण कराना अशक्य ही नहीं असम्भव है । मैं देखता हूँ कि माँ का अन्तिम तात्पर्य जो माँ के पवित्र उपदेशों में भरा रहता है उसका पर्यवसान वैराग्य में ही होता है । कितनी ही घटनाएँ इस निर्णय को सिद्ध कर देती हैं कि माँ की तात्पर्यभूमि वैराग्य पर विश्रान्त है । माँ ने एक बार सुनाया, "जब यह शरीर पूर्वी बंगाल के किसी स्थान पर था तब बहुत से लोग इस शरीर को कुलवधू के रूप में देखते थे । और जिनके साथ इस शरीर का विवाहसंस्कार हुआ था, उस भोलेनाथ ने एक बार कहा कि देखो तुमको लोग साक्षात् श्रीकाली का रूप मानकर आते हैं और समझते हैं कि हमारी आधि-व्याधि पीड़ा बीमारी हटा देगी । अतः आज एक बीमार आया है उसको तुम्हें अच्छा करना होगा । यदि तुमने उसे अच्छा न किया तो मैं संन्यास लेकर चला जाऊँगा । यों मुझे भय दिखाया । मुझे बहुत खुशी हुई कि यही तो मैं चाहती हूं । मैंने जोर से ताली बजाई और कहा कि बड़ा आनन्द होगा ।" इन बातों से ज्ञात होता है कि माँ का तात्पर्य्य पूर्ण वैराग्य में है अन्यथा कौनसी कुलवधू होगी जो अपने पति को संन्यास लेने के लिए प्रोत्साहन देगी । संन्यासका लिङ्ग वैराग्य की पराकाष्ठा का सूचक है । यदि माँ का वैराग्य की तरफ तात्पर्य न होता तो किसी भी ढङ्ग से संन्यास के लिए अपने परम भक्तों को प्रेरित न करती । माँ के अनुग्रह से जिनको पूर्ण वैराग्य हुआ उनसे माँ ने कहा कि संन्यास लो । अब तुम संन्यास के अधिकारी हो गये हो । अब तुम्हारा अन्य कोई कर्तव्य शेष नहीं है । माँ के सम्पर्क

में आये हुए जिन्होंने संन्यास लिया उनके नाम मैं नीचे देता हूँ।

श्री १०८ स्वामी अखण्डानन्द गिरिजी महाराज, स्वा० मौनानन्दजी पर्वत, स्वा० तिब्वतानन्दजी महाराज, स्वा० नारायणानन्द तीर्थजी, स्वा० स्वरूपानन्दजी। ये लोग पूर्वाश्रम में क्रमशः दीदी के पिताजी, ज्योतिश्चन्द्र राय (भाई जी), भोलानाथजी और नेपालचन्द्र चक्रवर्ती नाम से प्रसिद्ध थे। स्वा० स्वरूपानन्दजी के पूर्वाश्रम का नाम ज्ञात नहीं है, अतः नहीं लिखा। दीदी को भी माँ ने नैष्ठिक ब्रह्मचर्य व्रत की दीक्षा दी है जिसकी उच्चकोटि केसंन्यास के साथ शास्त्रकारों ने तुलना की है। हाँ एक नाम का स्मरण नहीं रहा, स्वा० मुक्तानन्दगिरि, जो दीदी माँ कहलाती हैं, उन्हें भी माँने संन्यास दिलाया है। साथ ही इस जमाने में संन्यासी वर्ग से यदि कोई विशेष स्नेह करने वाली व्यक्ति है तो वह है श्री श्री आनन्दमयी माँ। इसके अतिरिक्त माँ ने असंख्य जिज्ञासुओं को विरक्त बनाकर उनका कल्याण किया है। जिनमें अनेक ब्रह्मचारी और ब्रह्मचारिणियाँ भी विद्यमान हैं। बहुत से नैष्ठिक ब्रह्मचारी हैं जो अपने और जगत् के कल्याण के लिए तत्पर हैं। ये कोई अशिक्षित भूखे लोग नहीं हैं, किन्तु उच्चकोटि की आधुनिक शिक्षा जिन्हें प्राप्त है ऐसे २० वीं शताब्दी के अनेक नवयुवक तथा नवयुवतियाँ हैं। जिनको देखकर प्राचीन ऋषिकुमारों की स्मृति अन्तःकरण में व्याप्त होती है।

इनके अलावा परम विरक्त पूज्य श्रद्धेय स्वामी परमानन्दजी महाराज, जो अन्यत्र संन्यास लेकर आजीवन माँ के चरणों में विद्यमान हैं। माँ ने भी इन्हें पूर्ण विरक्त समझ कर अपने चरणों में आश्रय दिया है। माँ ने उस वचनको सार्थक कर दिया है जिसे भगवान् ने गीता में कहा है।

"सर्वधर्मान् परित्यज्य मामेकं शरणं व्रज।
अहं त्वा, सर्वपापेभ्यो मोक्षयिष्यामि मा शुचः॥
कौन्तेय! प्रतिजानीहि न मे भक्तः प्रणश्यति।"

अतः इन सब बातों को देखने से मालूम पड़ता है कि माँ का तात्पर्य्य वैराग्य में है और माँ वैराग्यमयी है। माँ ने मुझसे एक बार कहा था, "बाह्य विषयों से, जिनमें द्रव्य, गेह, पुत्र, मित्र, कलत्रादि हैं, पूर्ण शान्ति नहीं मिल सकती। किन्तु वैराग्य से, इनके त्याग से, शान्ति का समुद्र उमड़ता है। योगसूत्र के भाष्य में भी व्यासजी लिखते हैं—

"ज्ञानवैराग्ये केनातिशय्येते ( योग. सू. ४-१० भाष्य )।

अर्थ :—ज्ञान और वैराग्य का अतिक्रमण दुनिया का कोई भी पदार्थ नहीं कर सकता है। अतः मैं माँ के जीवन का पूर्ण निष्कर्ष वैराग्य में देखता हूँ, अतएव माँ वैराग्यमयी है। माँ के वैराग्यरूप विग्रह के कुछ कणों को लेकर उपर्युक्त सभी संन्यासी तथा ब्रह्मचारी वैराग्य की मूर्ति बन गये हैं; अतः माँ स्वयं वैराग्यालय, वैराग्याकर सिद्ध होती है। माँ के समक्ष में नानारूप से जनता आती है। कोई विद्वान् है तो कोई मूर्ख है, कोई रूपवान् है तो कोई कुरूप है, कोई धनवान् है तो कोई दरिद्र है, कोई शासक है तो कोई शिष्य है और कोई स्त्री है तो कोई पुरुष आदि सभी एकत्र होते हैं। परन्तु किसी के आने और जाने में माँ हमेशा उदासीन रहती हैं। माँ को कोई कुछ खिला दे अथवा पिला दे तो खाती है पीती है। परन्तु माँ की स्वतन्त्र कोई चेष्टा नहीं होती है। इतना बड़ा औदासीन्य विना उच्च कोटि के जगद्धर्मिक मिथ्यात्व निश्चय के बिना अनुपपन्न है। अतः यह औदासीन्य माँ के ज्ञान रूप के साथ ही परं वैराग्य को सिद्ध करता है। इसी से माँ ज्ञानमयी, वैराग्यमयी है।

माँ ऐश्वर्यमयी भी है।

जैसे माँ का स्वरूप उपर्युक्त तीनों चीजों से पूर्ण है वैसे ही माँ उच्चकोटि के ऐश्वर्य से भरपूर है। माँ जहाँ ही पधारती है चाहे वह स्थान श्मशान के तरह भयंकर क्यों न हो, माँ के पधारते ही मंगलमय हो जाता है। जहाँ पर एक मनुष्य भी न दीखे, वहीं पर सहस्रों नर-नारियों का

ताँता बँध जाता है। वहीं पर उच्चकोटि के नागरिक स्त्री-पुरुष के रूप में आ जाते हैं। फिर वहीं पर नाना प्रकार के आध्यात्मिक भावों का प्रचार होता है। और किसी किसी स्थान पर सुन्दर आश्रम भी बन जाता है। जिस दिन माँ वहाँ से चली जाती है चाहे वह राजमहल हो, सुन्दर बगीचा हो, धर्मशाला हो, मन्दिर हो, कुछ दिनों के लिए श्मशान से भी अधिक औदासीन्य फैलाने वाला तथा जनशून्य दिखाई देता है। अतः माँ के तेजोमय विग्रह में कोई ऐसा निलीन ऐश्वर्य है जो अनायास जंगल में मंगल बरसाता है। यह तो एक लौकिक बात है, परन्तु माँ में बहुत से योगसम्बन्धी ऐश्वर्य हैं जो समाधि द्वारा प्राप्त होते हैं, दिव्य पारलौकिक भोग उनके सामने तुच्छ जान पड़ते हैं। जो विभूति समाधि ( योग ) द्वारा प्राप्त होती है वह मां को जन्मकाल से ही प्राप्त है। भाईजी की लिखी हुई "मातृदर्शन" नाम की पुस्तिका इन सब बातों की परिचायिका है। भाईजी लिखते हैं कि माँ के दिव्य शरीर से स्वभावतः ही अनेक योगविभूतियां प्रगट हो गई थीं। जिनका दर्शन अनेक भक्तों ने किया। दीदी माँ, भोलानाथजी तथा भाईजी को विशेष योगैश्वर्य देखने का विशेष अवसर मिला। भाईजी को माँ सर्वदा अष्टभुजा वाले रूप में दर्शन देती थी। इसके लिए "मातृदर्शन" देखना चाहिए। बहुत से लोग समझते हैं कि सांसारिक भोग का मिलना ऐश्वर्य है, परन्तु यह धारणा ठीक नहीं है। सांसारिक भोग अत्यन्त मलिन हैं, इनका तो जिस मनुष्य के साथ सम्बन्ध होता है वह परमार्थ से गिर जाता है। सांसारिक भोग ऐश्वर्य नहीं, बल्कि दुःख है, मलिन और अदिव्य है जिसके भोग से जिज्ञासु अधोगति और घोर अन्धकार में जाता है। सांसारिक ऐश्वर्यों से भय, काम, क्रोध, रागद्वेष, अभिमान, मत्सर आदि दुर्गुण अनायास आते हैं जिनसे मनुष्य इस लोक में तथा परलोक में निन्दित होता है। अतः ये ऐश्वर्य नहीं हैं, अपितु दुःख हैं। इन चीजों को उच्चकोटि के जन चाहते नहीं। ऐसे भोग तो माँ के चरणों में सदा रहते हैं जिनको ठुकराकर परमैश्वर्य में माँ मग्न रहती है। जो जन्म जन्म यत्न करके हजारों भूमण्डल के साम्राज्य को बेच करके भी अलभ्य हैं ऐसे ऐश्वर्यों से मां सदा घिरी रहती है और मां उससे परे ऐश्वर्याधिष्ठान बनी हुई अपने स्वरूप से कभी भी उतरती नहीं है, वही ऐश्वर्य ऐश्वर्य है। इस ऐश्वर्य्य की खान आनन्दमयी मां है, अतः मां ऐश्वर्यमयी है यह एक पूर्ण तथ्य है। इस तरह ज्ञान, वैराग्य, धर्म और ऐश्वर्य की प्रतिमा मां का स्वरूप जगत् के कल्याणार्थ विचरण करता हुआ संसारी जीवों को अपने दर्शन से अनायास पवित्र करता है।

इस समय मैं इतना ही कहकर अपना संक्षिप्त लेख समाप्त करता हूं।

# अजपा रहस्य

*महामहोपाध्याय श्रीगोपीनाथ कविराज एम्० ए०, डी० लिट्०*

साधक-सम्प्रदाय में अति प्राचीन काल से ही आध्यात्मिक साधनाओं में जप की महिमा की ख्याति चली आई है। वास्तव में सव प्रकार के आध्यात्मिक कर्मों में जप का स्थान वहुत ऊँचा है। यज्ञ विविध प्रकार के हैं एवं प्रत्येक यज्ञ का अलग अलग विशेष फल भी निर्दिष्ट है। किन्तु जपयज्ञ का माहात्म्य अन्यान्य यज्ञों की अपेक्षा वहुत अधिक चढ़ा बढ़ा है। श्रीमद्भगवद्गीता में यह स्पष्ट ही वतलाया गया है। जप के रहस्य एवं फलाफल का विवेचन इस लेख का विषय नहीं है। किन्तु मैं इस लेख में जपसाधना के चरम लक्ष्य अजपा-साधन के सम्वन्ध में प्राचीन महापुरुषों के पदचिह्नों का अनुसरण कर अपने अनुभव तथा बुद्धि के अनुसार यथाशक्ति संक्षेप में कुछ प्रकाश डालने की चेष्टा करूँगा। जप का यथार्थ रहस्य न जानने पर भी उसके सम्वन्ध में थोड़ा वहुत ज्ञान सभी साधकों को रहता है। किन्तु अजपा के सम्वन्ध में वहुत लोग प्रायः अनभिज्ञ रहते हैं। स्त्री और पुरुष, वालक और वृद्ध, भावुक और भक्तिहीन सभी अधिकारियों के लिए अजपासाधन उपयोगी है। भिन्न भिन्न युगों में विभिन्न सम्प्रदायों में यह साधना भिन्न भिन्न नामों से परिचित होती आई है। यह आध्यात्मिक साधना के क्रमिक इतिहास का विवेचन करने पर स्पष्ट ही ज्ञात हो सकता है।

एक दृष्टि से यदि देखा जाय तो यह अत्यन्त सरल साधना है, इसमें कोई सन्देह नहीं है। वास्तव में कोई भी साधना इस से सरल नहीं हो सकती है। मनुष्य के देह धारण करने के वाद से अर्थात् माता के गर्भ से भूमि पर आने के समय से लेकर प्रयाण करने के समय तक सारे जीवन में जो स्वाभाविक श्वास-प्रश्वास की क्रिया चलती है उसे मूल भित्ति मानकर अजपासाधना का अनुष्ठान होता है। उसके लिए न कोई विशेष उपकरण, न कोई कृत्रिम प्रक्रिया और न कोई विशेष अनुशासन ही आवश्यक है। श्वासोच्छ्वास क्रिया जैसे ज्ञात और अज्ञात रूप से सदा प्रवाहित होती रहती है श्वास-प्रश्वास के साथ सम्वद्ध अजपा क्रिया भी वैसे ही जाग्रत्, स्वप्न और सुषुप्ति सभी समयों में समानरूप से चलती रहती है। इस क्रिया का आरम्भ होने पर फिर यह चेष्टा अथवा मनोयोग की अपेक्षा न रखकर अपने आप ही निरन्तर जारी रहती है। इसलिए एक प्रकार से वह अत्यन्त सरल साधना है, यह समझना कठिन नहीं है। किन्तु सरल होने पर भी यह साधना अत्यन्त गुप्त है एवं इसका जानना टेढ़ी खीर है। इसका फल अन्य कृत्रिम साधनाओं का सा नहीं है। निष्क्रिय परम सत्ता के हृदय को आश्रय कर जो क्रिया विश्व में निरन्तर चल रही है, अजपा मनुष्य-शरीर में उसी की केवल छाया है। यह स्वभाव की साधना है। प्रकृति में व्यष्टिभूमि तथा समष्टिभूमि में समानरूप से इसका प्रभाव दृष्टिगोचर होता है। अजपाविज्ञान यदि भलीभाँति समझ में आ जाय

योगियों का कथन है कि जीव निरन्तर श्वास-प्रश्वास के वहाने इस हंसमन्त्र या अजपा-गायत्री का जप करता है। जीवमात्र ही जव इसे करता है, तब मनुष्य भी करता है यह कहना फजूल है। किन्तु अन्य जीवों से मनुष्य में भेद यह है कि मनुष्य अपने पौरुष द्वारा ऐसी सामर्थ्य अर्जित कर सकता है जिससे श्वास-प्रश्वास की इस स्वाभाविक गति में विपर्यय हो सकता है। अर्थात् मनुष्य साधना के वल पर 'हंसः' गति को 'सोऽहम्' गति में परिवर्तित कर सकता है। तव आत्मज्ञान का पथ खुल जाता है एवं इड़ा और पिङ्गला में संचार करनेवाले वायु की वक्र गति सुषुम्ना में सरल गति के रूप में वदल जाती है। सुषुम्ना व्रह्ममार्ग है। वायु इड़ा और पिङ्गला के मार्ग से हट कर जितना ही सुषुम्ना में प्रविष्ट होता है उतना ही विकल्प का शमन होता है। निर्विकल्प आत्मज्ञान का वन्द मार्ग धीरे धीरे खुलने लगता है। सुषुम्ना में प्रवेश किये विना वायु और मन की ऊर्ध्व गति नहीं हो सकती एवं ऊर्ध्व गति के विना विकार का त्याग कर चित्त साम्यभाव में नहीं पहुँच सकता। योगी लोग जिसे कुम्भक कहते हैं वह इस ऊर्ध्वगति से क्रमशः सिद्ध होता है। वस्तुतः कुम्भक में गति नहीं रहती है, यह वात नहीं है। किन्तु उससे वक्रगति की निवृत्ति के साथ अन्तर्मुखी सरल गति की सूचना होती है। इस सरल गति से अन्त में गतिहीन अवस्था का आभास प्राप्त हो जाता है। जिसे हम लोग सांसारिक भाषा में प्राण-अपान का व्यापार कहते हैं, उसी को योगी की भाषा में हंसमन्त्र का उच्चारण समझना चाहिये।

इस प्रकार विषम गति के कारण की गवेषणा करने पर ज्ञात हो सकता है कि प्रकृति के भीतर ही इस विषमता का वीज निहित है। प्राण अपान को और अपान प्राण को निरन्तर खींचता है, किन्तु दोनों की स्वाभाविक गति परस्पर विरुद्ध है। प्राण जिस ओर संचार करता है अपान उसकी विपरीत दिशा में संचरण करता है। यदि वे अन्यनिरपेक्ष होते तो ऐसी स्थिति में विरोध की कोई सम्भावना नहीं रहती। किन्तु यह वात नहीं है। अपान के न रहने से प्राण का काम नहीं चलता, इसीलिए प्राण विरुद्ध दिशा में वहने वाले अपान को चाहता है और उसको खींचता है। वैसे ही प्राण के अभाव में अपान का भी काम नहीं चलता है, इसीलिए अपान प्राण को खींचता है। इससे स्पष्टतः प्रतीत हो सकता है कि यथार्थ साम्यावस्था से च्युत होने से ही दोनों में विरुद्ध गति का उदय हुआ है। इसलिए अनजान में प्राण और अपान विरुद्ध संचारी होकर भी अविरुद्ध साम्यभाव में ही फिर प्रतिष्ठित होना चाहते हैं। जव तक वह साम्यावस्था प्राप्त न होगी तव तक शान्ति की सम्भावना नहीं है। वद्ध जीव इन दो आकर्षणों के मध्य में पड़कर कभी उठता है और कभी गिरता है। वांये और दाहिने मार्ग में संचार करता है, उससे छुटकारा नहीं पाता। योगी का लक्ष्य इन दोनों विरुद्ध गतियों में समन्वय स्थापित करना है। सव प्रकारों की अध्यात्म-साधनाओं का यही उद्देश्य है।

इस विषम गति की दो दिशाएँ हैं। एक देहगत है और दूसरी कालगत। नाक के नथनों से श्वास वाहर की ओर प्रवाहित होता है एवं वाहर से वह भीतर की ओर लौटता है। इस वाहर जाने की एक निश्चित सीमा है। साधारण अवस्था में नाक के नथनों से वाहर की ओर वारह अंगुल तक यह गति

देखी जाती है। किन्हीं आगन्तुक कारणों* से कभी एक ही व्यक्ति की श्वासगति में गति की कुछ कमी भी हो जाती है। वैसे ही प्रकृति-वैचित्र्य से भिन्न भिन्न व्यक्तियों के श्वास की गति में भी कुछ कुछ अन्तर रहता है। गति का विस्तार जितना अधिक हो, बहिर्मुखता और काल का प्रभाव भी उतना अधिक जानना चाहिये। संयत जीवन के अभ्यास से क्रमशः इस बहिर्गति का ह्रास होता है। यह देहगत विषम गति का विवरण।

कालगत विषमता दूसरे प्रकार की है। एक निर्दिष्ट समय की श्वाससंख्या द्वारा इस वैचित्र्य का पता लगता है। इस प्रसङ्ग में श्वास कहने से पूरक और रेचक दोनों लेने चाहिये। साधारण रूप से एक मिनट में संसारी स्वस्थ पुरुष के पन्द्रह श्वास-प्रश्वास होते हैं। किन्तु इस क्षेत्र में भी आगन्तुक कारणों से और प्रकृति-भेद से इनमें कुछ विलक्षणता दिखलाई देती है। वह नगण्य है। संयम और अभ्यास के प्रभाव से यह संख्या धीरे धीरे घट जाती है। यह श्वासगति में कालगत विषमता का विवरण है। यह कहना फजूल है कि श्वास की बाह्योन्मुखता और संख्या में परस्पर सम्बन्ध रहता है। साधारण रूप से बाह्य-गति यदि बारह अङ्गुल हो तो संख्या पन्द्रह मानी जाती है। योगाभ्यास अथवा विशिष्ट शक्ति के प्रभाव से बाह्य गति के घट जाने पर संख्या भी उसके अनुसार घट जाती है। अर्थात् श्वास का देश और काल के साथ सम्बन्ध समानरूप से एक ही साथ ह्रास को प्राप्त होता है। बाह्य गति के एक अङ्गुल कम होने पर संख्या सवा कम होती है तथा दो अङ्गुल कम होने पर संख्या ढाई कम होती है। अन्त में जब बाह्यगति के बारहों अङ्गुल शून्य में परिणत हो जाते हैं तब संख्या भी पन्द्रह से शून्य में परिणत हो जाती है। अर्थात् श्वास का दैशिक और कालिक सम्बन्ध एक ही समय विच्छिन्न हो जाता है एवं रेचक और पूरक रूप व्यापार शान्त हो जाते हैं। इसी का नाम कुम्भक है, जिससे पूरा समाधान का मार्ग खुलता है। यह समाधान ही स्थिति है। तभी पूर्वोक्त विक्षेप की निवृत्ति होती है, उससे पहले नहीं होती।

प्राणों की बाह्यगति या संख्या में न्यूनता आने के साथ ही साथ नाना प्रकार की अलौकिक शक्तियों का विकास होता है। पहले कामनात्याग होता है। प्राणों की चञ्चलता से ही वासना पैदा होती है। प्राणों में शान्ति आना आरम्भ होने पर चित्त में क्रमशः निष्कामता प्रकट होती है। निष्कामता की अभिव्यक्ति के बाद आनन्द की अभिव्यक्ति स्वाभाविक है। गीता में भगवान् ने कहा है—'अशान्तस्य कुतः सुखम्।' शान्ति के उदय के बिना वास्तविक सुख का आविर्भाव नहीं होता। इसके उपरान्त वाक्‌सिद्धि, दूरदृष्टि, आकाशगमन, छाया-नाश यहाँ तक कि निर्वाणप्राप्ति तक हस्तगत होती है। यही शास्त्र का सिद्धान्त है।

प्राणों की बाह्यगति की निवृत्ति साधना का उद्देश्य है। जिस प्रकार के चिन्तन और आचरण द्वारा इस बाह्यगति की वृद्धि होती है वह साधन-क्षेत्र में

---

* कहा गया है कि भोजन और बोलने में बहिर्गति बढ़ जाती है—छह से बारह अंगुल तक, चलने में वृद्धि होती है—बारह अंगुल से छब्बीस अंगुल तक तथा तेजी से दौड़ने में तीस से बयालीस अंगुल तक वृद्धि होती है। सबसे अधिक गति होती है स्त्री-संगम में—तिरपन से तिरसठ अंगुल तक।

वर्जनीय है। अन्ततः इन सब विषयों में संयम का अभ्यास अत्यावश्यक है।

( ४ )

अजपासाधना के रहस्य और प्रक्रिया के सम्बन्ध में महापुरुषों ने गुरुपरम्परा से प्राप्त पद्धति का अनुसरण कर भिन्न भिन्न दृष्टिकोणों से विभिन्न प्रकार के विवरण प्रकाशित किये हैं। साधक की योग्यता और अधिकार गत विशिष्टता का यदि विचार किया जाय तो इनमें से प्रत्येक की सार्थकता आसानी से समझ में आ सकती है।

योगियों के समाज में अजपा की कुण्डलिनी से उत्पन्न हुई प्राणधारिणी प्राणविद्या के रूप में ख्याति है। श्येन (वाज) जैसे ऊपर आकाश में उड़ने पर भी डोरी से बँधा होने पर नीचे पृथिवी की ओर आकृष्ट होता है वैसे ही प्राण और अपान की क्रिया के वशीभूत जीव ऊपर और नीचे की ओर गमनागमन करता है। कुछ आचार्य कहते हैं, तत्पदवाच्य परमात्मा हंसविद्या के प्रथम अवयव 'हं' कार द्वारा वर्णित हैं एवं त्वंपदवाच्य प्रत्यक्चैतन्य अथवा खेचरीबीज द्वितीय अवयव 'सः' कार द्वारा द्योतित होता है। प्राणी-मात्र के हृदय में जो अव्याकृत आकाश है, उसमें लिङ्गशरीर विद्यमान रहता है। उसके प्रतिलोमरूप से हंस की गति होती है। शास्त्र में लिखा है—'सःकारो ध्यायते जन्तुर्हंकारो जायते ध्रुवम् ।' 'सः' अथवा जीव अपने जीवत्व का त्याग कर 'सोऽहं' शब्द के लक्ष्य प्रत्यक् आत्मा से अभिन्न परमात्मा के सिवा और कुछ नहीं रहता है। जो साधक अपने आत्मा का ध्यान करता है उसके लिए हकारात्मक परमात्मभाव की प्राप्ति सुलभ होती है।

दूसरे मत में हंस कहने से प्रत्यक् आत्मा अथवा व्यष्टितुरीय समझना चाहिये एवं परमहंस शब्द परमात्मा अथवा समष्टितुरीय का बोधक है। व्यष्टितुरीय और समष्टितुरीय का परस्पर योग होने पर हंसयोग सम्पन्न होता है। यही अजपा का तत्त्व है।

तीसरे मत में साधक की बुद्धि और साधनशक्ति के न्यूनाधिक्य के अनुसार अजपातत्त्व के सम्बन्ध में विविध प्रकार के दृष्टिकोणों का अङ्गीकार है। मन्दबुद्धि, मध्यमबुद्धि और उत्तमबुद्धि साधक की दृष्टि में जो भेद है, उसकी अधोलिखित विवरण से स्पष्टतः प्रतीति हो जायगी। जिसकी ज्ञानशक्ति उज्ज्वल नहीं है, जो अतिसूक्ष्म तत्त्व का ग्रहण नहीं कर सकता, उसका नाम मन्दबुद्धि है। इस प्रकार का साधक हकार से पुरुष और सकार से प्रकृति को समझता है। इसलिए उसकी दृष्टि से हंसयोग कहने पर पुरुष और प्रकृति का योग प्रतीत होता है। किन्तु जिसकी बुद्धि उसकी अपेक्षा तीक्ष्ण है अर्थात् जो मध्यबुद्धि है, उसकी दृष्टि के अनुसार हकार से अपान का संचार और सकार से प्राण का संचार प्रतीत होता है। मुख्य प्राण जिस समय पराङ्मुख होकर लौटता है उस समय उसे प्राण न कह कर अपान कहा जाता है। इसलिए हंस-विद्या का रहस्य मध्यम साधक की दृष्टि में प्राण और अपान के संयोग के सिवा और कुछ नहीं है। किन्तु जो साधक उत्तमबुद्धिसम्पन्न है, उसकी दृष्टि और भी सूक्ष्म है। वह प्रकृति और पुरुष के सम्बन्ध अथवा प्राण और अपान के सम्बन्ध का त्याग कर आत्मस्वरूप की ओर लक्ष्य रखता है। वह साधक अजपामन्त्र के पूर्व भाग 'अहम्' को जीवात्मा का वाचक

और उत्तर भाग 'सः' को शक्ति का वाचक समझता है।

अधिकार भिन्न होने से अजपा-जप का विधान भी भिन्न है। निम्नश्रेणी के अधिकारी तालु, ओष्ठ आदि दैहिक उच्चारण-यन्त्र के द्वारा अजपा-जप का सम्पादन करते हैं। इन सब साधकों का चित्त पूर्णरूप से संस्कृत अथवा संशोधित नहीं रहता है। इसी लिए ये लोग देहगत क्रिया का अवलम्ब न किये बिना जप नहीं कर सकते। किन्तु जो लोग मध्यम श्रेणी के अधिकारी हैं उनका चित्त अधिक संस्कृत रहता है। इसलिए उन्हें अजपा-जप करने के लिए तालु आदि की किसी प्रकार की क्रिया आवश्यक नहीं है। उनका अधिकार ऊँचा है, इसलिए उनका विधान भी पृथक् है। उनके लिए दैहिक उच्चारण की आवश्यकता नहीं है। यदि हो भी तो वह अन्य प्रकार की होती है। उनको भावना करनी पड़ती है कि अजपामन्त्र का 'सः' अंश प्राण रूप में एवं 'हं' अंश अपान रूप में अपने शरीर में सदा अनुस्यूत रहता है। 'हम्' शब्द के साथ अपान वृत्ति का साम्यमूलक सम्बन्ध रहता है। इसी लिए हंकार अपान वृत्ति को सूचित करता है। वैसे ही सःकार प्राणवृत्ति की सूचना करता है। 'सः तथा हम्' मन्त्र के ये दो भाग प्राण और अपान वृत्ति के रूप में अपने शरीर में सदा ही क्रिया कर रहे हैं। इस प्रकार की निरन्तर क्रिया ही अजपा-जप है। प्राण और अपान रूप में विद्यमान यह मन्त्र जिसे साधक गुरुमुख से प्राप्त करता है 'अजपन्नपि' अर्थात् तालु आदि का व्यापार न करने पर भी उसमें प्राणापान रूप मन्त्र अनुस्यूत रहता है, इसलिए सर्वदा उसका जप चलता रहता है। इसी लिए इस हंस-मन्त्र को अजपा-विद्या कहते हैं। वाचिक जप की अपेक्षा यह अनुसन्धानरूप जप अधिक प्रबल एवं अधिक फलप्रद हैं। फिर इस जप के साथ आस्तिकता, गुरुभक्ति, श्रद्धा आदि सद्गुणों का भी सामवेश रहने पर बल की वृद्धि होती है। यह मध्यम अधिकारी की चर्चा है। किन्तु उत्तम अधिकारी के लिए अजपा का विधान अन्य प्रकार का है। यह कहना व्यर्थ है कि उच्च अधिकारी का चित्त श्रवण, मनन आदि के अभ्यास से अत्यन्त विशुद्ध रहता है। इस प्रकार के साधकों की धारणा होती है कि अजपा-मन्त्र का पूर्वार्द्ध 'अहम्' जीव का बोधक है, जो जाग्रत् आदि विभिन्न अवस्थाओं का साक्षी है। अपने को सुखी या दुःखी अनुभव किया जा सकता है, इसलिए ज्ञात होता है कि 'अहम्' पदार्थ जीव का वाचक है। किन्तु मन्त्र के उत्तरार्द्ध में जो 'सः' पद है वह उनके मत में शक्ति का वाचक है। यह शक्ति वास्तव में सम्पूर्ण विश्व के कारण परमेश्वर का नामान्तर है। इसलिए संसारी रूप में प्रतीयमान 'अहम्' ही वास्तविक रूप में 'सः' अथवा परमात्मा है। यही अजपा-जप का तात्पर्य है।

## ( ५ )

योगियों के समाज में अजपा-प्रक्रिया के सम्बन्ध में और भी बहुत से विधान दिखाई देते हैं। उनमें से किसी किसी का श्रुति आदि शास्त्रग्रन्थों में उल्लेख है। दृष्टान्त के रूप में दो एक का संक्षिप्त विवरण नीचे दिया गया है—

इस मत में सबसे पहले केवल कुम्भक के द्वारा ऐसी एक अवस्था प्राप्त करनी पड़ती है जिसमें रेचक और पूरक कुछ भी नहीं रहते। उस समय श्वास-

प्रश्वास का वेग शान्त रहता है। उस अवस्था में नाभिकन्द में प्राण और अपान की साम्यावस्था प्रतिष्ठित होती है। इधर सहस्रदल कमल से निरन्तर जो पीयूष धारा बहती हैं उस समय उसे पान करने का अवसर मिलता है। प्राण की चञ्चल अवस्था में उस अमृत के पान की सम्भावना नहीं रहती। जिस समय योगी प्राण और अपान की समता प्राप्त कर शान्ति से बैठता है और पूर्व-वर्णित अमृत उसे प्राप्त होता है उस समय उसका कर्तव्य है कि उस अमृत का स्वयं पान न कर उसके द्वारा नाभिस्थ ज्वलन्त महादेव का अभिषेक करे और साथ ही साथ 'हंसः' 'हंसः' कह कर हंस-मन्त्र की आवृत्ति करे। इसलिए देह में प्रत्यक्यज्ञ करने की आवश्यकता होती हैं। यही आध्यात्मिक सूर्यग्रहण है। देहतत्त्ववेत्ता योगी जिस समय देह में उत्तरायण और दक्षिणायन नामक दो अयनों और विषुवों के दर्शन करते हैं उस समय वे देह में स्थित होकर ही सकल और निष्कल बिन्दु के साक्षात्कार का लाभ करते हैं। प्राणवायु इड़ा से पिङ्गला में संचार करता है एवं पिङ्गला से इड़ा में लौटता है। ये दो उत्तरायण और दक्षिणायन के नाम से प्रसिद्ध हैं। प्राण का मूलाधार में प्रवेश एक विषुव तथा उसका मस्तक में प्रवेश दूसरा विषुव है। विषुव कहने से ठीक उसी अवस्था की प्रतीति होती है जिसमें दिन और रात्रि की समानता होती हैं। देह में भी इन दो बिन्दुओं में साम्य प्रकट होता है। इसी लिए इनको विषुव कहते हैं। योगी का कर्तव्य है मन्त्र के साथ (मन्त्रयुक्त) या केवल (अमन्त्र) प्राणायाम के द्वारा अर्थानुसन्धान करते हुए प्रणव और हंसमन्त्र का उच्चारण और प्रणव का अर्थभूत जो हंस है उसका सोऽहं के रूप में अनुसन्धान। यह ऐक्यानुसन्धान ही नमस्कार—योग का रहस्य है। अजपा का तात्पर्य इसी में निहित है। इसके अनन्तर मुद्राधारण अपने आप ही हो जाता है। इस मुद्रा को चिन्मुद्रा कहते हैं। प्रचलित भाषा में इसी का नाम शाम्भवी या खेचरी मुद्रा है। इस मुद्रा का तात्पर्य यही है कि अपने से भिन्न और कुछ भी नहीं है, इस बोध में स्थिति। आत्मा के अर्चन की प्रशस्त पद्धति है—सर्वदा 'सोऽहमस्मि' रूप से ध्यान में मगन रहना। इसका नाम प्रत्यक्ष योग है। उस समय प्राणवायु पिङ्गला मार्ग से कुण्डलिनी में पवेश करता है। यही आध्यात्मिक सूर्यग्रहण है।

क्रमशः

# राँची में सत्सङ्ग

### श्री वीरेश्वर गांगुली एम० ए०

